

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 1 नवम्बर 2023 | वर्ष – 65 | अंक –197 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23




करवा चौथ आज

■ अपनी ही पार्टी को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं मोदी?
■ सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ असम में विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू
पृष्ठ 6

■ इजराइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर किए हमले
■ हमास का उत्तरी ब्रिगेड कमांडर ढेर : आईडीएफ
पृष्ठ 7

राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल
पृष्ठ 8

### हैकिंग अलर्ट पर सियासी बवाल

# विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रही सरकार : राहुल

**नई दिल्ली**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर जासूसी कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं के फोन की टेपिंग हो रही है और उनके कार्यालय में भी इसी तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन वह डरने वाले नहीं है और सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे। श्री गांधी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष के नेताओं की जासूसी हो रही है और उनका कार्यालय भी इसकी जद में है। विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया है जिसमें लिखा है कि सरकार द्वारा आपके फोन को हैक करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा ये मैसेज मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है। सरकार अब विपक्ष के नेताओं की जासूसी ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

- राहुल बोले, सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे, वे इससे डरने वाले नहीं हैं
- विपक्ष के नेताओं को एप्पल का नोटिस आया



मेरे ऑफिस के लोगों के साथ ही विपक्ष के कई नेताओं को यह मैसेज आया है। हमारे पास इसकी पूरी लिस्ट है : राहुल गांधी

### मोदी सरकार में नंबर एक की हैसियत में है अडानी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में उद्योगपति अडानी नंबर एक की हैसियत में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही करते हैं जो अडानी कहते हैं। श्री गांधी ने कहा मोदी की आत्मा अडानी में है और उनकी ताकत अडानी के पास है। श्री मोदी वही करने को विवश होते है जो अडानी उनसे करवाना चाहते हैं। देश के सभी क्षेत्रों के उद्योगों पर अडानी का एकाधिकार है और वह आए दिन हर उद्योग पर कब्जा कर रहे है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही अडानी पर सवाल उठाए जाते हैं ईडी, सीबीडी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि अब अडानी बच नहीं सकते। पूरे देश की और पूरे विपक्ष की निगाह अडानी पर है और सरकार का प्रयास लोगों को भटकाने का है।

### इन नेताओं ने शेयर किए स्क्रीनशॉट्स

तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा
शिवसेना (उद्धव) प्रियंका चतुर्वेदी
कांग्रेस नेता शशि थरूर
कांग्रेस नेता पवन खेड़ा
कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल
कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑफिस वर्कर्स
एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी
आप सांसद राघव चड्ढा
सपा नेता अखिलेश यादव

### एपल ने भी दिया स्पष्टीकरण

एपल कंपनी ने कहा, 'ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अपूर्ण और अधूरे होते हैं। यह संभव है कि एपल के खतरे संबंधी कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता।'

# भाजपा की नहीं, हमारी गारंटी पर छग के लोगों का भरोसा है : भूपेश

### सनातन क्या है बृजमोहन अग्रवाल को पता नहीं है?




**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दो दिनों के बस्तर दौरे के लिए रवाना हुए।इस दौरान भाजपा के बयानों पर पलटवार किया।कांग्रेस सत्ता पाने के लिए घोषणाएं कर रही है भाजपा के इस बयान पर भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा की कोई गारंटी नहीं है। धान का दाम 21 सौ रुपए, 5 साल बोनस देने की बात कही थी पर नहीं दिए। हमारी गारंटी पर छत्तीसगढ़ के लोगों का भरोसा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे पर भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा, 15 लाख आया क्या ? काला धन आया क्या ? काले धन की सूची कहां है ? प्रधानमंत्री बस्तर आ रहे हैं तो नगरनार निजी हाथों में नहीं जाएगा उसका आदेश लेकर आ रहे हैं क्या ? पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पर भूपेश बघेल ने निशाना साधा।उन्होंने कहा, सनातन क्या है बृजमोहन अग्रवाल को पता नहीं है ? सनातन क्या है उनको नहीं मालूम क्या बात करेंगे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र के बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, उनके प्रति बहुत सहानुभूति है। मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। गजनी फिल्म में हीरो का स्मृति लोप होता है।गजनी का नहीं होता है। दिमागी इलाज ठीक करा लें। नागपुर नहीं तो राची चल दें। मुंबई से आकर फिल्मों की जानकारी रखते हैं ऐसी बात नहीं है हम छत्तीसगढ़ में भी रहकर फिल्मों के बारे में जानकारी रखते हैं। अमित जोगी के पाटन से चुनाव लड़ने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, पाटन से बहुत सारे लोगों ने नामांकन किया है अमित भी है या नहीं स्क्रूटनी के बाद पता चलेगा।

### सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा

## छत्तीसगढ़ में 500 रुपए से भी कम में मिलेगा सिलेंडर

छत्तीसगढ़ में फिर कांग्रेस की सरकार बनी तो गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपए से कम हो जाएगा। सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा, देश में सबसे सस्ता सिलेंडर छत्तीसगढ़ में मिलेगा। आज सिलेंडर की कीमत 974 रुपए है, 500 रुपए कांग्रेस की सरकार देगी तो सिलेंडर सिर्फ 474 रुपए में मिलेगा।

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच एक नवंबर को एलपीजी सिलेंडर के रेट भी अपडेट होंगे। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में हो रहे इन चुनावों से करीब दो महीने पहले 30 अगस्त को मोदी सरकार ने बड़ी राहत देते हुए घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटा दिए थे। दिल्ली में ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### कांग्रेस ने 17 घोषणाएं की, कम से कम एक गारंटी तो दे भाजपा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमने 17 घोषणाएं की हैं, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने गारंटी भी दी है। भाजपा को कम से कम एक गारंटी देनी चाहिए थी।राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जी ने गारंटी भी दी है। भाजपा को कम से कम एक गारंटी देनी चाहिए थी। प्रधानमंत्री को उड़ान योजना के तहत बस्तर को जोड़ने वाली उड़ानों को रद्द करने

## सार संक्षेप

### राज्यपाल ने राज्य स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि राज्य स्थापना के बाद छत्तीसगढ़ हर वर्ष विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सभी ने जो मिलकर सपने देखे हैं, उसे पूर्ण करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें एवं प्रदेश और देश की प्रगति में सहभागी बनें।

### राज्य स्थापना दिवस पर आज अवकाश, शासकीय भवनों में रहेगी रोशनी

**रायपुर।** राज्य शासन ने 'राज्य स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस अवसर पर 1 नवम्बर की रात्रि में सभी जिला मुख्यालयों एवं राजधानी रायपुर, नया रायपुर अटल नगर में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस सम्बंध में शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष राजस्व मंडल, बिलासपुर, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर तथा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश जारी किए गए हैं।

### राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को आज उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार पटेल की जयंती को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन देश भर में एकता दौड़ तथा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। श्रीमती मुर्मू और श्री धनखड़ ने मंगलवार को यहां पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मोदी को केजरीवाल से लगता है डर : आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डर लगता है इसलिए दो नवम्बर को उन्हें गिरफ़्तार करने की तैयारी है। सुश्री आतिशी ने कहा कि श्री केजरीवाल से ख़ौफ़ खाए बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा उन्हें गिरफ़्तार करने की तैयारी में है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी उनकी पार्टी को ख़त्म करना चाहते है, यही कारण कि एक के बाद एक झूठे आरोपों में पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ़्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का आज प्रदेश दौरा

### महासमुंद व जगदलपुर में करेंगे सभा को संबोधित



**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। 1 नवंबर, बुधवार को वे छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे महासमुंद और जगदलपुर जाएंगे। जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। हालांकि अभी उनका कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। लेकिन जल्द ही उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम आ सकता है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के लिए कुछ ही दिन बच गए हैं। वहीं पहले चरण के चुनाव के लिए गिनती के दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में पार्टियां प्रचार-प्रसार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही हैं। लगातार भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा प्रदेश में हो रहा है। बीते शनिवार को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर थे। इसके बाद सोमवार को भाजपा के प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी छत्तीसगढ़ आए थे। इसके अलावा कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने खैरागढ़ और बिलासपुर में सभा को संबोधित किया था। साथ ही कई बड़ी घोषणाएं भी की।

## भाजपा का घोषणा पत्र 2 नवम्बर को

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 नवंबर को भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल और भाजपा के दिग्गज नेता घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है। संभवतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी का घोषणा पत्र जारी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा का घोषणा पत्र किसानों और युवाओं पर केंद्रित हो सकता है।

अब जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे जारी कर सकते हैं। बता दें कि 2 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे कांकेर में चुनाव प्रचार करेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। संभवतः इसी बीच वे घोषणा पत्र भी जारी कर सकते हैं। इसके बाद पीएम मोदी 4 नवंबर को दुर्ग में भी चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं 14 नवंबर को वे फिर से छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। जहां वे राजधानी रायपुर में रोड शो भी करेंगे।



■ प्रधानमंत्री मोदी हो सकते हैं शामिल

### सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड पर हुई सुनवाई

## चुनावी बॉन्ड से हो रही घूसखोरी

**नई दिल्ली**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजनीतिक दलों को चंदा देने की चुनावी बॉन्ड व्यवस्था के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के पहले दिन याचिकाकर्ता पक्ष ने जिरह की। याचिकाकर्ताओं की तरफ से प्रशांत भूषण और कपिल सिब्बल समेत दूसरे वकीलों ने इस व्यवस्था को अपारदर्शी बताया और इससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई। बुधवार को इस पर सरकार जवाब देगी।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना दरअसल कॉर्पोरेट घरानों से रिश्वत लेने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी के नागरिकों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। शीर्ष अदालत के पिछले फैसलों का हवाला देते हुए भूषण ने कहा कि अगर नागरिकों को उम्मीदवारों के बारे में जानने का अधिकार है, तो उन्हें निश्चित रूप से यह भी जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दल को कौन फंड कर रहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की एक संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की जनहित याचिका पर दलील देते हुए भूषण ने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ने एक अपारदर्शी उपकरण पेश किया है। इस वजह से सरकार के अलावा किसी को पता नहीं चल पाता कि किसने किसको कितना योगदान दिया। राजनीतिक दल को यह भी नहीं पता होगा कि किसने दान दिया है। भूषण ने यह भी कहा कि बीजेपी को पिछले 5 साल में 5271.97 करोड़ रुपए मिले जो कि इलेक्टोरल बॉन्ड के ज़रिए इस दौरान दिए गए चंदे का 74.72 प्रतिशत है।

■ चुनावी बॉन्ड में पारदर्शिता नहीं होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा : प्रशांत भूषण

## मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन हुआ हिंसक

**बीड**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया है। यह राज्य के मराठवाड़ा इलाके के 8 जिलों में फैल गया है। इनके अलावा पुणे, अहमदनगर में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर 6 किमी जाम लग गया। इन शहरों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

बीड और माजलगांव के बाद मंगलवार को जालना के पंचायत बॉडी ऑफिस में आग लगा दी गई। इसके पहले उमरगा कस्बे के नजदीक तुरोरी गांव में भी सोमवार देर रात आगजनी हुई। तुरोरी में प्रदर्शनकारियों ने कर्नाटक डिपो की एक बस में आग लगा दी थी। राज्य सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

**उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगाया** – उधर, इस आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित बीड शहर के बाद उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। बीड में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं, जालना शहर में भी पिछले 12 घंटों में तीन लोगों ने सुसाइड करने की कोशिश की। यहां भी पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन जारी है। शिंदे सरकार विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाने पर विचार कर रही है।

- पुणे-मुंबई हाईवे जाम, धाराशिव में ट्रेन रोकी
- सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई

### चुनावी हलफनामे से हुआ बड़ा खुलासा

## सचिन व सारा अब नहीं है साथ

**जयपुर**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट अपनी पत्नी सारा अबदुल्ला से तलाक ले चुके हैं। उनके चुनावी हलफनामे से यह खुलासा हुआ है। सारा अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं। सचिन पायलट और सारा अबदुल्ला की शादी 2004 में हुई थी। 25 नवंबर को होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 अक्टूबर को शुरू हुई थी। मंगलवार को टोंक विधानसभा सीट से सचिन पायलट ने अपना नामांकन दाखिल किया तो उनके तलाकशुदा होने की बात सामने आई। चुनावी हलफनामे में जीवनसाथी के आगे तलाकशुदा लिखा है।

**बेटों को आश्रित बताया**–सचिन पायलट और सारा अब्दुल्ला के दो बेटे आरन पायलट और विहान पायलट हैं। हलफनामे में सचिन पायलट ने बेटों को आश्रित बताया है। 2018 में चुनावी हलफनामे में सचिन पायलट ने सारा अब्दुल्ला की संपत्ति की डिटेल भी दी थी लेकिन इस बार हलफनामे में उनकी संपत्ति का विवरण नहीं है। सारा अब्दुल्ला और सचिन पायलट अमेरिका में पढ़ाई के दौरान संपर्क में आए थे। सचिन पायलट अमेरिका की पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के व्हॉर्टन स्कूल से एमबीए करने गए थे। यहीं उनकी मुलाकात सारा से हुई थी।

■ सारा अब्दुल्ला से तलाक ले चुके हैं सचिन पायलट

### गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

## अब तक 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए, मृतकों में 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता


**तेल अवीव**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 7 अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद से इजरायली सेना के हमलों में 8,525 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मरने वालों में से 130 स्वास्थ्य कार्यकर्ता थे। बयान में यह भी कहा गया कि 15 अस्पताल नष्ट हो गए।

बयान में कहा गया है कि कम से कम 32 स्वास्थ्य देखभाल केंद्र भी नष्ट हो गए और काम नहीं कर रहे हैं। गाजा के अल-शिफा अस्पताल ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण, अस्पताल के जनरेटर बंद हो जाएंगे, जिससे एक बड़ी स्वास्थ्य आपदा होगी। शिफा अस्पताल के प्रवक्ता महदित अब्बास ने बताया कि 50,000 विस्थापित लोग शिफा अस्पताल में हैं। इजरायल का यह आरोप कि अस्पताल हमास लड़ाकों का ठिकाना है, पूरी तरह से झूठ और निराधार है। अब्बास ने आगे कहा, इजरायली सेना अस्पताल में छिपे लड़ाकों की एक भी तस्वीर जारी नहीं कर सकी। वे कल्पना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया में गए, उसका समर्थन करने के लिए, जो उन्होंने अपनी कल्पना में खींची थी।

### मणिपुर में पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इंफाल**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। संदिग्ध उग्रवादियों ने मंगलवार को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरेह में एसडीपीओ की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने पुलिस दल पर उस समय हमला किया जब वे मोरेह के ईस्टर्न शाइन स्कूल मैदान में एक हेलीपैड के प्रस्तावित निर्माण स्थल की समीक्षा कर रहे थे, जिसमें एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार घायल हो गए, जिन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मारे गए पुलिस अधिकारी के पेट में गोली लगी थी। सुरक्षा बलों ने इंफाल-ईस्ट और चुराचांदपुर में छापेमारी कर हथियार और विस्फोटक जब्त किए।

## चंद्रबाबू नायडू 52 दिन बाद जेल से रिहा हुए



**राजमुंदरी**, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। कथित कौशल विकास घोटाले में 52 दिन जेल में बिताने के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्राबाबू नायडू मंगलवार को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत के बाद राजमुंदरी केंद्रीय कारागार से बाहर आ गए। जेल से बाहर आने के बाद उनके परिवार के सदस्यों और तेलुगु देशम पार्टी के नेताओं और सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जेल के बाहर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने 40 साल लंबे राजनीतिक करियर में उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा, न तो मैंने कुछ गलत किया और न ही किसी को कुछ गलत करने दिया। नायडू ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तथा देश-विदेश के अन्य हिस्सों में तेलुगु लोगों को उनके समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह उनके समर्थन और मुख्यमंत्री के रूप में उनके किए गए विकास कार्यों को उजागर करने के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। टीडीपी प्रमुख ने राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### आतंकवाद — सेना के लिए फिर बनने लगी न उगली जाए, न निगली जाए की स्थिति

# एलओसी पर रहस्यमयी गोलीबारी से सेना परेशान

■ सीजफायर के 20 सालों में करीब 136 जवानों की मौत हुई

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। एलओसी पर जारी सीजफायर के बीच होने वाली रहस्यमयी गोलीबारी अर्थात स्नाइपर शाट की फिर से पाकिस्तान की ओर से शुरुआत होने से सेना परेशान हो उठी है। उसकी परेशानी इन घटनाओं में सीजफायर के 20 सालों में उसके 136 के करीब जवानों की हुई मौत है और उसकी हालत यह है कि वह इसके लिए किसी को दोषी ठहराने की स्थिति में इसलिए नहीं है क्योंकि अगर ऐसा करती है तो सीजफायर दांव पर लग जाता है।**

*पिछले हफ्ते दो सालों के अरसे के बाद कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में पाकिस्तानी स्नाइपरों द्वारा दागी गई गोली से सेना का एक जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह कोई पहला मौका नहीं है जबकि एलओसी पर रहस्यमयी गोलीबारी से कोई जवान जख्मी हुआ हो या किसी जवान की मौत हुई हो। पिछले 20 सालों से जारी सीजफायर की अवधि में यह 137वीं घटना है और 136 जवान शहीद हो चुके हैं। जबकि वर्ष 2020 में तो जून के बाद 7 जवानों को सेना एलओसी पर खो चुकी है।*

***गोलीबारी के पीछे पाक सेना के निशानेबाज*** *-दरअसल इन रहस्यमयी गोलीबारी की घटनाओं के पीछे पाक सेना के वे निशानेबाज हैं जो स्नाइपर राइफलों से भारतीय जवानों को निशाना बना रहे हैं। कई बार फ्लैग मीटिंगों में भारतीय पक्ष द्वारा इस पर आपत्ति जताई जा चुकी है लेकिन हर बार पाक सेना ऐसी किसी गोलीबारी की घटना से इंकार कर चुकी है। नतीजतन रहस्यमयी गोलीबारी, जिसके पीछे भारतीय पक्ष के मुताबिक पक्के तौर पर पाक सेना और उसके वे आतंकी पिट्ठू हैं जो सीमा के उस पार पाक सीमा चौकियों पर शरण लिए हुए हैं, से सेना परेशान हो उठी है। ऐसी दशा में सेना के पास ऐसी रहस्यमयी गोलीबारी की घटनाओं और घुसपैठ के बढ़ते दबाव से निपटने का एक ही रास्ता बचा है और वह यह है कि एलओसी पर जारी सीजफायर समाप्त हो जाए। एक सेनाधिकारी के बकौल: 'सीजफायर ने पाक सेना को अपनी पोजिशनें मजबूत करने और घुसपैठ को कारगार ढंग से अंजाम देने का मौका दिया है।' वर्ष 2003 में जब दोनों मुल्कों के बीच संघर्ष विराम समझौता हुआ तो कुछ अरसे तक एलओसी तथा इंटरनेशनल बार्डर पर शांति बनी रही थी पर यह ज्यादा देर तक इसलिए नहीं टिक पाई क्योंकि पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली रहस्यमयी गोलीबारी ने भारतीय जवानों की जानें लेनी आरंभ कर दी थी।*

# देश

उवाच

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंडिया अलायंस गठबंधन की आंतरिक स्थिति वर्तमान में अच्छी नहीं है और पांच राज्यों में चुनाव की पूर्व संध्या पर ऐसा नहीं होना चाहिए।

–उमर अब्दुल्ल, नेकां के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.0 | 20.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# देश में लोकतंत्र व एकता का आधार सरदार पटेल के विचार : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आधुनिक भारत को आकार देने में सरदार पटेल के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सशक्त संविधान तैयार करने में लौह पुरुष की सराहनीय भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि सरदार पटेल के विचार हमारे देश में लोकतंत्र व एकता का आधार हैं। बिरला ने कहा कि हमारे पास एक मजबूत और महत्वपूर्ण संविधान है, जो सरदार पटेल जैसे हमारे नेताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है। बिरला ने यह भी कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जिससे हमें पूरी निष्ठा से देश के कल्याण के लिए समर्पित होने की प्रेरणा मिलती है। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का उद्गम स्थल या लोकतंत्र की जननी कहलाने वाले भारत के पास एक महत्वपूर्ण विरासत है। बिरला ने इस बात का



■ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

उल्लेख भी किया कि सरदार पटेल जैसे नेताओं के अमूल्य योगदान से देश की लोकतांत्रिक विरासत समृद्ध हुई है। बिरला ने भारत की आजादी के समय विभिन्न रियासतों को एकजुट करते हुए उन्हें नवगठित राष्ट्र में शामिल करने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख भी किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के कारण ही सरदार पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार की उपाधि मिली।

### सरदार पटेल की दृढ़ प्रतिबद्धता का किया उल्लेख

ओम बिरला ने एकजुट और समावेशी भारत के प्रति सरदार पटेल की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की, जो हमारे देश के लोकतंत्र और एकता की आधारशिला है। बिरला ने आगे कहा कि सरदार पटेल का दृष्टिकोण, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत रहेगी। बिरला ने कार्यक्रम के आयोजन स्थल, संविधान सदन और विशेष रूप से विदेशी अधीनता से स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र की स्थापना तथा राष्ट्र–निर्माण की यात्रा के साक्षी रहे प्रतिष्ठित केंद्रीय कक्ष के महत्व के बारे में भी बात की। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय विधि और न्याय, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल और राज्य सभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।

संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी।

## प्रतिभागियों को दिलाई एकता की शपथ

लोकसभा अध्यक्ष ने युवा प्रतिभागियों से कहा कि यह गर्व की बात है कि सरदार पटेल ने हमारे देश और देशवासियों के प्रति अटूट समर्पण की भावना के साथ, इसी कक्ष में बैठकर एक मजबूत संविधान तैयार किया, जिससे प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए अधिकार, समानता और न्याय सुनिश्चित हुआ। बिरला ने प्रतिभागियों को एकता की शपथ दिलाई और उनसे अपने और देश के सुनहरे भविष्य के लिए दृढ़ संकल्प से प्रयास करने का आग्रह किया। यह कहते हुए कि नए भारत का निर्माण नई पीढ़ी द्वारा किया जाएगा। बिरला ने प्रतिभागियों से नई ऊर्जा से चुनौतियों का सामना करते हुए नई दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर उत्तराखंड विधान सभा की अध्यक्ष, ऋतु खंडूरी भूषण भी उपस्थित।

## जम्मू प्रशासन ने पटाखों की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

**जम्मू,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमा पार से गोलीबारी की हालिया घटनाओं के मद्देनजर जम्मू जिला प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पांच किलोमीटर के दायरे में पटाखों की बिक्री तथा उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है जो अगले आदेश तक जारी रहेगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आदेश के मुताबिक अक्सर देखा जाता है कि शादी के मौसम में बड़े पैमाने पर आतिशबाजी होती है जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब सुरक्षा बलों के बीच भ्रम और गलतफहमी पैदा होती है। एक अधिकारी ने कहा कि पटाखों को सीमा पार से होने वाली गोलीबारी के रूप में देखकर सुरक्षाकर्मियों और ग्रामीणों में दहशत फैल जाया करती है। उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर धारा 144 के तहत पटाखों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इसका उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि दीपवली का त्योहार करीब आ रहा है और शादियों का सीजन भी चल रहा है, ऐसे में प्रशासन ने सीमावर्ती इलाकों में पटाखों के इस्तेमाल तथा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। गत 17 और 26 अक्टूबर को पाकिस्तान रेंजर्स ने जम्मू के अरनिया और बिश्नाह सेक्टरों में अकारण गोलीबारी की थी।

# फोन हैक कर जासूसी की कोशिश कर रही सरकार : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सरकार को वरिष्ठ नेताओं के मोबाइल फोन हैक और जासूसी के आरोपों की जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि मुझे एप्पल कंपनी से मैसेज मिला कि आपका फोन हैक किया जा रहा है। यह बहुत अफसोस की बात है कि सत्ता के इशारे पर वरिष्ठ नेताओं के फोन राज्य की एजेन्सियां हैक कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे लोकतंत्र में आपकी आजादी और निजता क्यों छीनना चाहते हैं। यह जासूसी क्यों और वह भी इस हद तक कि बड़े नेताओं के फोन सर्विलांस पर लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में ऐसी किसी चीज के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार को जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है। यादव ने कहा फोन हैंकिंग के शिकार विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता हैं मगर सत्ता में बैठे लोगों को पता होना चाहिए कि जब जनता आपके खिलाफ हो तो यह जासूसी क्या कर लेगी।



मेरा भी फोन हैक किया गया, जांच कराए सरकार : यादव

भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

मेरा मानना है कि यह निगरानी, दूसरों के फोन हैक करना, इसके लिए विशेषज्ञों को नियुक्त करना और अन्य देशों से मदद लेना, यह उन लोगों द्वारा किया जा रहा है जिन्हें लोकतंत्र पसंद नहीं है।

## सत्ताधारी काम करें, कान न लगाएं

अखिलेश ने कहा कि जासूसी कराने वालों के अपने दल वाले इससे ज्यादा डरे हैं। बेहतर होता कि सत्ताधारी काम करें, कान न लगाएं। उन्होंने मीडिया से कहा कि हमारी तैयारी से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। यह भाजपा के वही लोग हैं, जो लोगों को मिलने से पहले उन्हें साबुन से नहलाते हैं। इस देश ने वो समय भी देखा है, अगर किसी ने छू लिया तो नहा करके आते थे। छुआ हुआ खाना नहीं खाते थे।

## सार संक्षेप

### सेना कमांडर ने लद्दाख के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को सर्दियों के लिए ऑपरेशनल तैयारियों और सीमा रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। सेना मई 2020 में चीन के साथ गतिरोध के बाद लद्दाख की बर्फीली ऊंचाइयों पर लगातार चौथी बार सर्दियों की तैयारी कर रही है।

### ओडिशा में छापेमारी के दौरान 71 अवैध हथियार जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल अभयारण्य के पास दूसरे चरण की छापेमारी के दौरान मंगलवार को वन और पुलिस कर्मियों ने 71 अवैध हथियार जब्त किए। इससे पहले अगस्त में पहले चरण की छापेमारी में 156 देशी बंदूकें जब्त की गईं और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही अभयारण्य से जब्त किए गए हथियारों की कुल संख्या 227 हो गई। गत अगस्त में सिमिलिपाल में शिकारियों द्वारा दो वन अधिकारियों की हत्या के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने बेखौफ घूम रहे और जंगली जानवरों को मारने वाले शिकारियों को पकड़ने के लिए जंगल में तीन प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने बम धमाकों के बारे में बयान देने को लेकर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रविवार सुबह यहां के येहोवा में एक प्रार्थना सभा कक्ष में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों को लेकर चंद्रशेखर की ओर से दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया। कोच्चि पुलिस की साइबर सेल ने सार्वजनिक आदेश का उल्लंघन करने के लिए धारा 120, धारा 153 व धारा 153 ए के तहत मामले दर्ज किए।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से तीन की मौत

**दमोह/भोपाल।** मप्र के दमोह जिला मुख्यालय में अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में आज विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक को जबलपुर रैफर किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना में दुख व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के अनुसार दमोह कोतवाली थाना अंतर्गत नया बाजार 5 बड़े पुल के पास अवैध रूप से संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में दोपहर अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना में अपूर्व खटीक, रिंकी और एक अन्य की मौत हो गई।

## बीएसइबी कार्यालय पर एसटीईटी अभ्यर्थियों का हंगामा

**पटना,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से हर साल अब तक एक बार माध्यमिक शिक्षा पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का आयोजन किया जाता है। इसमें राज्यभर के शिक्षक अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं। इसके पीछे का मकसद होता है कि वह राज्य सरकार के तरफ से सरकारी टीचर बनने को लेकर जो परीक्षा ली जा रही है उसमें शामिल होने के पात्र हो। इस परीक्षा में मूल रूप से बीएड, डीएलएड, एमएड डिग्री वाले शामिल होते हैं। ऐसे में इस बार जो परीक्षा आयोगित की गई उसमें बड़े पैमाने पर सर्वर गड़बड़ी की बातें निकल कर सामने आ रही है। जिसको लेकर टीचर स्टूडेंट लगातार बीएसइबी का चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में अब आज एक बार फिर इन अभ्यर्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति गेट के पास जमकर हंगामा किया है।



■ बोर्ड की गड़बड़ी से बदला विषय, अब नहीं हो रहा सुधार

दरअसल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तरफ से इस बार जो एसटीईटी परीक्षा ली की गई थी उसमें सर्वर समस्या के कारण कई स्टूडेंट के विषय बदल दिए गए। इसके बाद इन स्टूडेंट ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आकर सुधार को लेकर आवेदन भी दिया। उसके बाद उन्हें यह कहा गया कि आपलोग पहले परीक्षा में शामिल हो इस समस्या को बाद में दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद अब ये अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया।

शिवराज के बयान पर कमलनाथ का पलटवार

# जय-वीरू ने ही किया था गब्बर के अत्याचार का हिसाब

**भोपाल,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले राज्य में मंगलवार को शोले फेम जय-वीरू की जोड़ी के सुर्खियों में बने रहने के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए कहा कि जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, शिवराज जी, जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अत्याचार के अंत का समय आ गया है। बाक़ी आप समझदार हैं। इसके पहले शिवराज चौहान ने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि कांग्रेस की जय–वीरू की जोड़ी के बीच लूट के माल के बंटवारे का झगड़ा है। समझा जा रहा है कि उनका ये बयान कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के संदर्भ में था। गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के बीच आ रही अनबन की खबरों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा था, जबकि कमलनाथ इन खबरों को पूरी तरह से फेक बता चुके हैं।



मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है अब अत्याचार के अंत का समय आ गया है : कमलनाथ

### यह बोले थे शिवराज

शिवराज ने सवाल उठाते हुए कहा था कि यह जय और वीरू की जोड़ी है, जिसे दिल्ली बुलाया गया। अब वो कहते हैं कि भाजपा भ्रम फैला रही है तो दिल्ली क्यों बुला रही है! कांग्रेस के जय और वीरू झगड़ रहे हैं और ये लड़ रहे हैं लूट के माल के लिए। जय और वीरू तो लूटते ही थे, इनका झगड़ा है लूट के माल के लिए। पहले भी 2003 तक मिस्टर बंटाधार में पूरे प्रदेश को लूटा और बर्बाद कर दिया सवा साल में कमलनाथ जी ने भी लूट का अड्डा बना दिया था। अब आगे कौन लूटे और कितना लूटे और उसमें कितनी हिस्सेदारी हो झगड़ा इनका केवल इस बात का है। अब दिल्ली भी पता नहीं इन पर किस मुद्दों पर चर्चा कर रही है। क्या दिल्ली भी इसमें शामिल है। विधानसभा चुनाव के इस दौर में दोनों ही पार्टियों के नेताओं की ओर से चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साथ रहे हैं। वहीं, जवाब में कमलनाथ भी शिवराज सिंह पर बराबर हमला कर रहे हैं। जय-वीरू और गब्बर से पहले भी शिवराज और कमलनाथ दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते रहे हैं।

## केंद्रीय नेतृत्व के दौरों को लेकर हुई दिल्ली में बैठक : कांग्रेस

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सोमवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाए जाने की खबरों को लेकर कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव के मद्देनजर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रदेश में दौरों को लेकर दिल्ली में बैठक हुई थी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रदेश में दौरों को लेकर कल दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में तीनों नेताओं के दौरे और सभाओं को लेकर विचार मंथन हुआ।

## कॉलेज में घुसकर प्रोफेसर को मारी गोली

**पटना/सीतामढ़ी,**31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीतामढ़ी जिले के श्री राधा कृष्ण गोयनका कॉलेज में घुसकर अपराधियों ने प्रोफेसर को गोली मार दी है। जख्मी प्रोफेसर को इलाज के लिए सीतामढ़ी शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रोफेसर का नाम रवि पाठक है। बता दें कि वे कॉलेज में फिजिक्स डिपार्टमेंट के एसओडी पद पर हैं और वे अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान अपराधी कॉलेज के अंदर घुसे और प्रोफेसर को गोली मार दी। घटना के बाद कॉलेज परिसर में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर सदर डीएसपी रामकृष्ण पहुंचे और मामले की तफ्तीश में जुट गए। प्रोफेसर को गोली लगने के वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम है। बताया जा रहा है कि रवि पाठक कॉलेज परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठे थे इसी दौरान अपराधी पहुंचे और उनके ऊपर फायर कर दी।

# उपद्रवियों ने हमारे विधायक प्रत्याशी पर हमला किया : चंद्रशेखर राव

**मिर्यालागुडा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को मिर्यालागुडा में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस उम्मीदवार भास्कर राव को एक लाख वोटों से जिताएं। सभी महत्वपूर्ण बैठकों में भास्कर राव मेरे साथ रहते हैं। तेलंगाना में दस साल से कर्फ्यू नहीं लगा, कोई धार्मिक दंगा नहीं हुआ। राज्य शांतिपूर्वक प्रगति कर रहा है। राज्य के गठन के समय प्रति व्यक्ति आय में तेलंगाना का स्थान कहीं न कहीं था, आज हम शीर्ष पर हैं। एक-एक कर सब कुछ ठीक करते हुए, तेलंगाना केवल दस वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में 70 वर्षों से चले आ रहे तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पछाड़कर नंबर एक पर है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में तेलंगाना नंबर वन है। हर घर में पेयजल आपूर्ति करने वाले राज्यों में तेलंगाना नंबर एक पर है। जल्द ही सिंचाई के पानी का कष्ट भी पूरी तरह से दूर हो जाएगा। किसान वर्ग को समग्र विकास की राह पर ले जाने की यात्रा इसी तरह चलती रहे तो बेहतर होगा। दूसरे लोग आएँगे तो अनावश्यक परेशानी होगी। कांग्रेस के उपद्रवियों ने हमारे बीआरएस सांसद और विधायक प्रत्याशी पर चाकुओं से हमला किया। उसकी जान बचाई जा सकी है। हमने कभी अराजकता, बुराइयां, अत्याचार, षडयंत्र, झगड़े नहीं किये। परमेश्वर की शक्ति ने लोगों का भला किया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि पहले हर साल हैदराबाद में चाकूबाजी, सांप्रदायिक दंगे और कर्फ्यू होते थे। लेकिन पिछले दस साल से चींटी ने भी नहीं काटा। बीआरएस ने अल्पसंख्यकों के लिए कई सरकारी आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं।


**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर**

**नोटिस**

क्रमांक/211/ब–121/2022–23/1391 रायपुर, दिनांक 13 अक्टूबर, 2023

प्रति,

1. श्री यशवंत मेश्राम व.मोहन लाल
2. श्रीमती तुलसी बाई मेश्राम पति यशवंत
   निवासी मिलन चौक वार्ड नं. 09 ग्राम खट्टी प्रसाद तहसील अभनपुर जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पंडरी रायपुर की ओर से अविनाश कुमार अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपको कंपनी ने **5,95,000.00** रूपये का ऋण दिया था, और श्रीमती तुलसी बाई मेश्राम के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गयी है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण कंपनी ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया **6,78,848.00** अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी की जानकारी दी जाकर, कंपनी के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पंडरी रायपुर से **5,95,000.00** रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा खट्टी प.ह.नं. 07 तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित ख.नं. 796/1 का भाग रकबा 6458 वर्गफुट कंपनी के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक **20.11.2023 को ठीक 3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज **दिनांक 13 अक्टूबर, 2023** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर



ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, सतपाल चैम्बर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001.

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है" "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री हरिकुमार डागा (कर्ज़दार), श्रीमती ज्योति डागा (सह–कर्ज़दार) LBBSR00005356913 LBRDG00004882355 LBRDG00003643565 LBRDG00003643551 | खसरा नंबर 879/1,2 भाग, वार्ड नंबर 30, ग्राम नंदई पी.एच. क्रमांक 35/1, गंज चौक, तहसील एवं जिला–राजनंदगाँव, छत्तीसगढ़– 491441. क्षेत्रफल 320.16 वर्ग मीटर/3445 वर्ग फुट और निर्मित क्षेत्र 3060 वर्ग फुट **ज्ञात बाधाएं :– 1.** श्री हरि कुमार डागा ने डीआरटी, जबलपुर के समक्ष प्रतिभूतिकरण अपील दायर की, जिसका एसए नंबर 203/23 है, जो निर्णय हेतु लंबित है। हालाँकि, प्रकाशन की तारीख तक की कार्यवाही पर रोक लगाने का कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। 2. ''आईसीआईसीआई बैंक राजनंदगाँव शाखा उक्त परिसर में संचालित हो रही है'', क्योंकि गिरवी रखी गई संपत्ति का एक हिस्सा यानी ग्राउंड फ्लोर बैंक को पट्टे पर दिया गया है और वर्तमान पट्टा विलेख 27.05.2024 तक वैध है। बैंक नए परिसर के मालिक के साथ संशोधन विलेख निष्पादित करेगा और पट्टे की समाप्ति तिथि तक वर्तमान मासिक किराए का भुगतान करेगा और उसके बाद नए खरीदार के साथ नए सिरे से बातचीत की जाएगी और परिसर समिति की मंजूरी के बाद पट्टे को अगले 12 से 15 वर्षों के लिए बढ़ा दिया जाएगा। यदि नया खरीदार आईसीआईसीआई बैंक के साथ बने रहने में रुचि नहीं रखता है, तो बैंक को उक्त शाखा को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए न्यूनतम 12 महीने का समय चाहिए (नए परिसर की पहचान, कानूनी सत्यापन, पीसी अनुमोदन और तैयार बुनियादी ढांचे के लिए आवश्यक)। 3. उक्त गिरवी रखी गई संपत्ति एक अलग बीएलजी ऋण सुविधा के विरुद्ध एक क्रॉस संपार्श्विक है जिसका खाता नंबर 062405001433 है। | रु. 2,31, 21,250/- (अक्टूबर 23, 2023 तक) | रु. 3,00, 00,000/- / रु. 30,00,000/- | नवंबर 20, 2023 को दो. 01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवंबर 29, 2023 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | श्री महेशराम वर्मा (कर्ज़दार) चंद्रमणि वर्मा (सह–कर्ज़दार) LBBLI00004091057 LBRDG00004859248 LBBLI00005339960. | खसरा नंबर 81/23 खा, पी.एच. क्रमांक–28, ग्राम–मोतीपुर, महात्मा बुद्ध वार्ड, वार्ड क्रमांक 06, आरएनएम–राज–2 ब्लॉक, तहसील एवं जिला–राजनांदगांव, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 2728 वर्ग फुट या 253.531 वर्ग मीटर, निर्मित क्षेत्र 2940 वर्ग फुट। | रु. 59,14, 333/- (अक्टूबर 17, 2023 तक) | रु. 35,60, 000/- / रु. 3,56,000/- | नवंबर 21, 2023 को दो. 01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवंबर 29, 2023 को सु. 11:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, सतपाल चैम्बर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001** में **नवंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **नवंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, सतपाल चैम्बर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 28, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **राजनंदगाँव** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड,** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : नवंबर 01, 2023**
**स्थान : राजनंदगाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

## के गाड़ा-गाड़ा बधई अउ शुभकामना

# वादा है फिर निभाएंगे

- पहले की तरह किसानों का कर्ज माफ होगा
- KG से PG तक नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी
- गैस सिलेंडरों पर ₹500 प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे
- 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त
- 17.5 लाख गरीब परिवारों को मिलेगा खुद का आवास
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा ₹4,000 सालाना बोनस
- गरीब परिवारों को ₹10 लाख तक, APL परिवारों को ₹5 लाख तक इलाज की सहायता
- भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ₹7,000 की जगह अब ₹10,000 सालाना
- महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए ऋण होंगे माफ
- लघु वनोपजों की MSP पर देंगे अतिरिक्त ₹10/ प्रति किलो
- राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन
- 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों (रीपा) की करेंगे स्थापना
- सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा नि:शुल्क इलाज
- परिवहन व्यवसायियों के ₹726 करोड़ का बकाया कर्ज होगा माफ
- तिवरा की भी होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी
- जातिगत जनगणना करवाई जाएगी

पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे

भरोसा
बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

### 'पागलपन नेक्स्ट लेवल' को लेकर पहले झिझक रहे थे गुरु मान : निर्देशक आर्यमन केशू

**मुंबई।** निर्देशक आर्यमन केशु की फिल्म 'पागलपैन नेक्स्ट लेवल' को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को लेकर आर्यमन ने कहा कि फिटनेस सनसनी गुरु मान शुरू में फिल्म में खुद की भूमिका निभाने के लिए झिझक रहे थे। पागलपन नेक्स्ट लेवल गुरु पर एक बायोपिक है। यह यामाहा से लेम्बॉर्गिनी तक की उनकी यात्रा का वर्णन करती है कि कैसे उन्होंने फिटनेस सेगमेंट में सबसे बड़े यूट्यूबर में से एक बनने के लिए बाधाओं का सामना किया और कैसे वह अपने मिशन फिट इंडिया को जीवन में लाए। निर्देशक ने उल्लेख किया कि उन्हें गुरु को मनाने में कुछ समय लगा, लेकिन उसके बाद सब कुछ ठीक हो गया। आर्यमन ने कहा कि जब हमने फिल्म पर काम शुरू करने का फैसला किया, तो गुरु ने मुझसे पूछा कि अभिनेता कौन होगा।

# युवा भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर के काफी बढ़ रहे हैं मामले

## 2020 में 20 लाख से ज्यादा महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। डॉक्टरों ने मंगलवार को कहा कि 20-40 साल की युवा महिलाओं में स्तन कैंसर की घटनाएं काफी बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर है। 2020 में 20 लाख से ज्यादा महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला और 6 लाख से अधिक मरीजों की जान चली गई।

स्तन कैंसर जागरूकता पर हाल ही में एक वेबिनार के दौरान फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल की मेडिकल ऑन्कोलॉजी की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सफलता बाघमार ने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में पाए जाने वाले सबसे आम प्रकार के कैंसर के रूप में हेल्थ चार्ट में सबसे ऊपर है और हाल के दिनों में इसकी घटनाएं बढ़ी हैं। समय पर निदान और प्रभावी उपचार के लिए स्तन कैंसर के शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानना महत्वपूर्ण है। नई गांठें, स्तन की बनावट में बदलाव, त्वचा की अनियमितताएं, निपल से जुड़ी समस्याएं, निपल से खून आने जैसे बदलावों पर नजर रखें। डॉ. बाघमार ने कहा कि यह याद रखना



**6 लाख से अधिक मरीजों की चली गई जान**

महत्वपूर्ण है कि ये लक्षण गैर-कैंसरजन्य स्थितियों से भी जुड़े हो सकते हैं। इसलिए, जब संदेह हो, तो शीघ्र पता लगाने और मन की शांति के लिए पेशेवर मार्गदर्शन लें।

नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च की नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। 2020 में, भारत में दो लाख से अधिक महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान होने का अनुमान लगाया गया था और अनुमान के अनुसार 76,000 से अधिक मौतें हुईं।'

रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में यह संख्या बढ़कर 2.3 लाख से अधिक होने की संभावना है। गुरुग्राम के सीके बिड़ला अस्पताल में ऑन्कोलॉजी के प्रमुख सलाहकार और स्तन केंद्र के प्रमुख डॉ. रोहन खंडेलवाल ने बताया कि भारत में, स्तन कैंसर की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, विशेष रूप से 20 के दशक के अंत और 30 के दशक की शुरुआत में युवा भारतीय महिलाओं में। भारत में, स्तन कैंसर सर्वाइकल और ओरल कैविटी कैंसर को पीछे छोड़ते हुए सबसे आम कैंसर और कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण बन गया है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 2030 तक स्तन कैंसर का वैश्विक बोझ दोगुना होने की संभावना है। 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को शीघ्र पता लगाने के लिए नियमित स्तन जांच कराने की सलाह दी जाती है। बेहतर इलाज के लिए शीघ्र पता लगाना महत्वपूर्ण है। डॉक्टरों के अनुसार, स्तन कैंसर के 60 प्रतिशत मामलों का निदान आमतौर पर एडवांस स्टेज में किया जाता है, जिससे इलाज की दर कम हो जाती है।

# एसीसी ने की तेज और सटीक स्तन कैंसर निदान की शुरुआत

## मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सहित उन्नत नैदानिक तकनीकें शामिल

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) देश में सबसे तेज़ और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। एसीसी के हिस्टोपैथोलॉजी डॉ. विकास कश्यप ने घोषणा करते हुए कहा कि वर्षों से अपोलो कैंसर सेंटर स्तन कैंसर के शीघ्र निदान और स्तन कैंसर के उपचार के महत्वपूर्ण महत्व का साक्षी रहा है। तीव्र और सटीक जांच न केवल प्रभावी उपचार के लिए अच्छा मौका प्रदान करती है यह मरीज के मन को शांति भी देता है। यह कार्यक्रम हमें व्यक्तिगत देखभाल के हमारे दृष्टिकोण को जोड़ने के लिए समय पर निदान प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक उपकरणों के साथ हमारी विशेषज्ञता को संयोजित करने की अनुमति देता है। ऐसा करके, हम न केवल स्तन कैंसर का इलाज कर रहे हैं, हम अपने मरीजों को आशा, समर्थन और जीवन की बेहतर गुणवत्ता भी प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एसीसी उन्नत कैंसर उपचार के साथ सीमाओं से आगे जाकर विस्तार कर रहा है, इस प्रकार कैंसर देखभाल को रीडिफाइन किया गया है। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य स्तन कैंसर




का त्वरित और सटीक निदान प्रदान करना, बेहतर जीवन की दर के लिए सही उपचार को कम करने में शीघ्र पता लगाने के महत्व को मजबूत करना और रोगियों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। यह अभूतपूर्व पहल स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य में एक आशाजनक झलक को पेश करती है। अपोलो कैंसर सेंटर इस कार्यक्रम को प्रदान करने वाला भारत का प्रथम केंद्र होने पर गर्व महसूस करता है और भविष्य में अन्य अंगों के लिए मॉडल को दोहराने की क्षमता की कल्पना करता है। अक्टूबर में स्तन कैंसर जागरूकता माह के अनुरूप, अपोलो कैंसर सेंटर महिलाओं में स्तन कैंसर के समय पर निदान के लिए इस कार्यक्रम को समर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए चिंता का एक प्रमुख विषय है, और समय पर निदान प्रभावी इलाज की आधारशिला होता है। स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शुरुआती जांच सर्वोपरि होती है और अपोलो कैंसर सेंटर में हमने शुरुआती चरण में निदान किए गए स्तन कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। हमने 60 प्रतिशत तक स्तन संरक्षण दर हासिल की है, और हम वैश्विक साक्ष्य-आधारित दिशानिर्देशों के अनुसार थेरेपी को कम करने में सक्षम हैं, जिससे हमारे मरीजों को जीवन की बेहतर गुणवत्ता वाले परिणाम प्राप्त होते हैं।

डॉ. कश्यप ने कहा कि सबसे तेज और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम समय पर और सटीक निदान सुनिश्चित करने, परिणामों के लिए लंबे समय तक इंतजार करने के तनाव को कम करने के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम में स्तन स्वास्थ्य का तुरंत और सटीक आकलन करने के लिए मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सहित उन्नत नैदानिक तकनीकें शामिल हैं। यह स्तन कैंसर की जांच या निदान सेवाएं चाहने वाले व्यक्तियों के लिए खुला है, बशर्ते वे आवश्यक मानदंडों को पूरा करते हों। इसके प्राथमिक लाभों में यह शामिल हैं- तेजी से परिणाम, रोगी की चिंता कम करना और स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाना - ऐसी प्रगति जो उपचार के परिणामों में काफी सुधार करती है।

# भारत के छोटे शहरों की भावनाएं और अटूट संकल्प का प्रतीक है वेब सीरीज 'हजामत' : अंशुमान पुष्कर

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'ग्रहण', 'जामताड़ा' और हालिया रिलीज '12वीं फेल' में अपने काम के लिए जाने जाने वाले एक्टर अंशुमान पुष्कर ने कहा है कि उनका अपकमिंग प्रोजेक्ट 'हजामत' भारत के छोटे शहर की भावना और उसके अटूट संकल्प का प्रतीक है।

अंशुमान 'हजामत' के साथ मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज (एमएएमआई) 2023 फेस्टिवल में शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।



सीरीज के बारे में बात करते हुए, एक्टर ने कहा कि मैं एमएएमआई 2023 में 'हजामत' पेश करने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल में एक खास जगह रखता है, क्योंकि यह छोटे शहरों की भावना और उनके अटूट संकल्प का प्रतीक है। इसमें किरदार भरोसेमंद है। मुझे इतने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करने का एक रोमांचक अवसर मिला। कलाकारों में जमील खान, संविक्का और प्रतीक पचोरी भी शामिल हैं।

यह सीरीज परिवार, दोस्ती, प्यार और अटूट दृढ़ संकल्प के विषयों से जुड़ी है। एक्टर ने आगे कहा कि मेरा मानना है कि 'हजामत' दर्शकों को गहरे स्तर पर पसंद आएगी। मैं सीरीज की रिलीज से पहले प्रेस और दर्शकों के साथ शो को एक्सप्लोर करने की नवीन संभावना देने के लिए एमएएमआई का आभारी हूं। हजामत का निर्देशन अखिल सचदेवा ने किया है और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और रस्क स्टूडियो ने किया है।



■ नई दिल्ली में करवा चौथ त्योहार से पहले 'मेहंदी' लगाते कलाकार। करवा चौथ विवाहित महिलाओं द्वारा वैवाहिक आनंद सुनिश्चित करने और अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना के लिए मनाया जाता है। युवा लड़कियां भी करवा चौथ को पूरे उत्साह के साथ मनाती हैं। करवा चौथ का दिन मुख्य रूप से भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बसे पूरे उत्तर भारतीय समुदाय के बीच मनाया जाता है। यह त्योहार 1 नवम्बर को मनाया जाएगा।

छाया : इम्तियाज खान

# रैपर शुभनीत के इंदिरा गांधी से जुड़ी हुडी दिखाने पर बवाल

## कंगना रनौत बोलीं, 'शर्म आनी चाहिए'

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में रिलीज फिल्म 'तेजस' में मुख्य भूमिका निभाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने पंजाबी-कनाडाई रैपर शुभनीत सिंह पर जमकर निशाना साधा। दरअसल, शुभ एक बार फिर विवादों में हैं। रैपर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक हुडी दिखाते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि हुडी पर भारत की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की उनके बॉडीगार्ड्स सतवंत सिंह और बेअंत सिंह द्वारा हत्या की घटनाओं का ग्राफिक प्रिंट था।

एक इंटरनेट यूजर ने इवेंट का लो क्वालिटी वीडियो शेयर किया, जिसमें शुभ हुडी दिखाते नजर आ रहे है। यूजर ने कैप्शन में लिखा, 'खालिस्तानी सिंगर शुभ ने लंदन में पंजाब के नक्शे पर उनकी हत्या की तस्वीर और तारीख वाली हुडी पहनकर इंदिरा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया। इससे पहले, जब उन्होंने भारत का विकृत नक्शा पोस्ट किया था, तो कांग्रेस और वामपंथी इकोसिस्टम ने उनका भरपूर बचाव किया था।' वीडियो को रीट्वीट करते हुए, कंगना ने शुभ की आलोचना करते हुए लिखा, उन



लोगों द्वारा एक वृद्ध महिला की कायरतापूर्ण हत्या का जश्न मनाया जा रहा है, जिन्हें उसने अपना रक्षक बनाया था। जब आप पर सुरक्षा का भरोसा किया गया, लेकिन आपने उस भरोसे और विश्वास का फायदा उठाया और उसी हथियार से उन्हें मार दिया, जिससे उनकी हिफाजत करनी थी तो यह बहादुरी का नहीं, बल्कि कायरता से भरा शर्मनाक काम है। उन्होंने आगे लिखा, किसी को वृद्ध महिला पर इस तरह के कायरतापूर्ण हमले पर शर्म आनी चाहिए, जो निहत्थी और अनजान थी, एक महिला जो लोकतंत्र की चुनी हुई नेता थी। इसमें महिमामंडन करने के लिए कुछ भी नहीं है शुभम जी। शर्म आनी चाहिए।

# अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह की 'चांद जलने लगा' से टीवी पर वापसी

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। शो 'लापतागंज', 'चिड़िया घर', 'कृष्णा कन्हैया' जैसे लोकप्रिय सिटकॉम में काम करने वाली अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह रोमांटिक ड्रामा 'चांद जलने लगा' से टीवी में वापसी कर रही हैं। सत्यमवदा ने कहा कि मैं शगुन धरमसे की एक आशाजनक भूमिका निभाते हुए नजर आऊंगी। वह बेहद महत्वाकांक्षी, जीवंत और बॉस महिला हैं। नायक तारा (कनिका मान) मेरी कर्मचारी होंगी और मैं उनसे ज्यादा खुश नहीं हूं। नफरत के कारण मैं उसके ऑफिस लाइफ को दयनीय बना देती हूं। देवा (विशाल आदित्य सिंह) मेरा बिजनेस पार्टनर होगा और हमारे बीच की कहानी में जानने के लिए बहुत कुछ है। अभिनेत्री ने मॉडलिंग में एक सफल करियर और 'ग्लैडरैग्स मेगा मॉडल', 'मिस कल्चर वर्ल्ड' इंडिया, 'मिस उत्तर प्रदेश' और फिर बाद में 'मिस दिल्ली', 'मोस्ट फोटोजेनिक' जैसे सौंदर्य प्रतियोगिताओं को जीतने के बाद अपने करियर की शुरुआत की।



सत्यमवदा ने कहा कि वह टीवी पर वापसी का इंतजार कर रही हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझसे टीवी भूमिकाओं के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन मैं कभी भी अपनी उम्र से अधिक उम्र की भूमिकाएं नहीं निभाना चाहती थी। मैं सही मौके का इंतजार कर रही थी और आखिरकार मुझे यह मौका मिल गया। टीवी पर मेरा आखिरी शो 2019 में 'दिव्य-दृष्टि' था। उन्होंने कहा कि इस बीच मैं थिएटर कर रही थी और देश में विभिन्न स्थानों की खोज कर रही थी और अब मैं टीवी पर लौट रही हूं। मैं धन्य महसूस कर रही हूं, मैं साहिल अंसारी और प्रोडक्शन की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह अवसर दिलाने और मुझे इस भूमिका के लिए चुनने में मदद की। चांद जलने लगा का प्रसारण 23 अक्टूबर से शुरू हुआ था।

# हैलोवीन के लिए 'भूल भुलैया' लुक बनाने पर उर्फी जावेद को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अक्सर अपने अनोखे फैशन स्टेटमेंट और अपने विवादों के लिए खबरों में रहने वाली सोशल मीडिया सनसनी उर्फी जावेद ने एक बार फिर से हलचल मचा दी है। इस बार विवाद का कारण अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'भूल भुलैया' में अभिनेता राजपाल यादव के आइकॉनिक लुक को रीक्रिएट करना है। उर्फी जावेद ने दावा किया है कि 'छोटे पंडित' किरदार को दोबारा बनाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है।



उर्फी ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर धमकी का एक स्क्रीनशॉट ऑनलाइन साझा किया, जिसमें उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया। उर्फी जावेद ने कैप्शन में लिखा कि राजपाल यादव से किसी को कोई समस्या नहीं हुई लेकिन मैंने जब ये लुक रीक्रिएट किया तो सबको मुझसे समस्या है। मुझे बिना किसी कारण के बहुत सारी जान से मारने की धमकियां, बलात्कार की धमकियां मिली हैं। 'भूल भुलैया' फिल्म के 10 साल पूरे होने पर जब मैंने यह पोशाक पहनी तो ये सभी तथाकथित धर्म रक्षक अचानक जाग गए, कोई रंग किसी धर्म का नहीं है, कोई अगरबत्ती किसी धर्म का नहीं है, कोई फूल किसी धर्म का नहीं है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर एक महिला से मिली धमकी की एक क्लिप भी साझा की।

उर्फी जावेद ने हैलोवीन के लिए 'भूल भुलैया' से राजपाल यादव के 'छोटे पंडित' लुक को दोबारा बनाया। उन्होंने अपने चेहरे को लाल रंग से रंगा था और इस लुक को पाने के लिए उन्होंने लाल टॉप के साथ धोती पहनी थी।

# सेना के अस्पताल में 8 साल की बच्ची का दुर्लभ नॉन सर्जिकल ट्रांसप्लांट

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल में 8 साल की एक बच्ची का गैर-सर्जिकल ट्रांसकैथेटर प्रत्यारोपण किया गया। यह बच्ची जन्मजात हृदय की समस्या से पीड़ित थी। प्रत्यारोपण, कार्डियक (फुफ्फुसीय) वाल्व का दोष, कमर में एक छोटे से 'निक' के माध्यम से किया गया। लड़की की उम्र 8 वर्ष है और वजन मात्र 28 किलोग्राम है। देश में विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र में इस गैर-सर्जिकल वाल्व प्रत्यारोपण से गुजरने वाली सबसे छोटी और कम उम्र की बच्ची है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह उपलब्धि (रिसर्च एंड रेफरल) दिल्ली छावनी, नई दिल्ली में बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी टीम ने एएफएमएस (सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा) ने हासिल की है। इसके साथ ही अस्पताल ने अपनी उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ ली है। यह जटिल उन्नत प्रक्रिया लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, महानिदेशक, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), जो सशस्त्र



बलों के सबसे वरिष्ठ सेवारत बाल रोग विशेषज्ञ हैं, लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी, डीजीएमएस (सेना) और लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन, कमांडेंट, सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफेरल) के संरक्षण और सक्षम मार्गदर्शन में किया गया।

टीम ने पिछले एक वर्ष में अब तक पल्मोनरी वाल्व प्रत्यारोपण के 13 मामलों को सफलतापूर्वक संपन्न किया है, जो देश के दो सरकारी संस्थानों में सबसे ज्यादा है, जिन्होंने ऐसे मामले निपटाए हैं। 7 अक्टूबर 2022 को सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफेरल) की टीम द्वारा एएफएमएस में इस प्रक्रिया को शुरू किए जाने तक, कार्डियक (फुफ्फुसीय) वाल्व को ओपन हार्ट बाय-पास सर्जरी के माध्यम से बदला जाता था। यह न केवल बेहद दर्दनाक और बोझिल है बल्कि बीमारी तथा मृत्यु दर के साथ-साथ लंबे समय तक अस्पताल में रहने का भी गंभीर खतरा होता है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस नवीन गैर-सर्जिकल प्रक्रिया के साथ, रोगी को शरीर पर किसी भी निशान के बिना हस्तक्षेप के बाद 2-3 दिनों के भीतर छुट्टी दे दी जाती है। देश के सशस्त्र बलों और सरकारी क्षेत्र में इस अग्रणी अत्यधिक विशिष्ट गैर-सर्जिकल प्रक्रिया की शुरुआत एक बड़ा परिवर्तनकारी है। इसने वाल्व प्रतिस्थापन की आवश्यकता वाले कई बच्चों के लिए जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के साथ नए रास्ते खोल दिए हैं। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि यह बच्चों में उन्नत हृदय देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है और न केवल एएफएमएस के लिए बल्कि देश के अन्य सरकारी अस्पतालों के लिए एक नए युग की शुरुआत है, जो उन्हें एक नया और उच्च मंच प्रदान करता है।

# दीपोत्सव में दिखेगी राम के जन्म से लेकर अभिषेक तक की भव्यता

**दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य**

**अयोध्या,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अयोध्या में तेज गति से चल रहे मंदिर निर्माण के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी।

भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी। विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी।

**नगर भ्रमण करने वाली झांकियां**

नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगे, जो अपनी कला के जरिए रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे। अयोध्या से 11 ट्रकों की



झांकियां निकलेगी जिसमें पुत्रेष्ठि यज्ञ एवं सबको सुरक्षा, भयमुक्त समाज, गुरूकुल शिक्षा एवं बच्चों का अधिकार, बेसिक शिक्षा, राम सीता विवाह एवं बेटियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्था, अहिल्या उद्धार एवं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन, 1090 एवं 1076 की सुविधा, पंचवटी/वन एवं पर्यावरण, रामेश्वरम सेतु एवं उप्र में पुलों का निर्माण, पुष्पक विमान एवं विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी, बेहतर वायु कनेक्टिविटी, केवट प्रसंग एवं समाज कल्याण, राम दरबार एवं बेहतर कानून व्यवस्था, शबरी-राम मिलाप एवं महिला कल्याण, लंका दहन एवं अपराधियों एवं भूमाफियाओं के विरूद्व अभियान की झांकियां होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अयोध्या में कराये जाने वाले दीपोत्सव-2023 की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव के मामले में गिनीज विश्व रिकार्ड बनाया जाना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अथवा चूक नहीं होनी चाहिए। इस दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्ज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए 25 हजार वालंटियर लगाए जाएंगे।

# रेमो डिसूजा की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगी नोरा फतेही

**मुंबई,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री-डांसर नोरा फतेही कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा की आगामी फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस आगामी उद्यम के बारे में लगभग कोई विवरण उपलब्ध नहीं है, लेकिन 'हिप-हॉप इंडिया' सहयोगी द्वारा उन्हें विवरण दिए जाने के बाद डांसिंग सनसनी ने तुरंत इस विचार पर विचार किया। फिल्म के डेवलपर्स में से एक ने कहा कि बी हैप्पी के बाद अगले कदम के लिए कई चर्चाएं हुईं और रेमो के पास एक विचार था जिसे नोरा ने तुरंत स्वीकार कर



लिया। हमें उम्मीद है कि इसका समापन होगा क्योंकि यह निश्चित रूप से एक रोमांचक परियोजना होगी, जो 'बी हैप्पी' से बहुत अलग होगी। रेमो की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर' में उनका गाना 'गर्मी' लोगों के लिए पसंदीदा गाना बन गया।

रायपुर, बुधवार 1 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्षी नेताओं की फोन टैपिंग

महुआ मोइत्रा समेत कई बड़े नेताओं के फोन सरकार द्वारा टैप करने का विवाद एक बार फिर खड़ा हो गया है। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह बात सामने लाई है। दरअसल प्रसिद्ध फोन निर्माता कम्पनी 'एप्पल' का इस्तेमाल करने वाले कई ऐसे विपक्षी नेताओं को कम्पनी की ओर से ईमेल मिला है कि जिसमें चेतावनी दी गई है कि उनके फोन राज्य समर्थित हमलावर (स्टेट स्पॉंसर्ड अटैकर्स) द्वारा टैप हो रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने इसकी पुष्टि भी की है। राहुल ने इस बारे में कहा है कि 'उन्हें इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और सरकार चाहे तो बेशक उनका फोन लेकर जा सकती है', परन्तु यह न केवल निजता का हनन है बल्कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने की भी कोशिश है जिसका विरोध किया जाना चाहिये।

मंगलवार को कई विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें अपने आईफोन पर एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया है कि 'राज्य प्रायोजित हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।' हालांकि इसकी प्रतिक्रिया में एप्पल ने कहा है कि वह खतरे से आगाह कर रही है परन्तु इसके लिये किसी भी राज्य-प्रायोजित हमलावर विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहरा रही है। अलबत्ता उसका कहना है कि 'ऐसे हैकर्स वित्तीय रूप से बहुत अच्छे से पोषित और परिष्कृत हैं'। कम्पनी के अनुसार 'ऐसे हमलों का पता लगाना कुछ गुप्त संकेतों पर निर्भर करता है जो ज्यादातर आधे-अधूरे होते हैं। बयान में यह भी साफ किया गया है कि संभव है कि कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता न चल पाए।' कंपनी ने यह भी कहा है कि 'वह इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ है कि किस कारण से उसे एलर्ट जारी करना पड़ा है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावर भविष्य में और सावधान होकर काम करेंगे।'

इस जानकारी के सार्वजनिक होने से हड़कम्प मच गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनका डिवाइस हैक हो रहा है या उसकी निगरानी हो रही है। ऐसे ही, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी को भी सोमवार की रात एप्पल से एक ई-मेल मिला। उसमें भी सावधान किया गया है कि 'उनके फोन की 'राज्य-प्रायोजित निगरानी' की जा रही है और उनका फ़ोन और सभी सिस्टम हैक हो रहे हैं।' वैसे कम्पनी द्वारा इस हैकिंग से निपटना मुश्किल बताया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि ने भी ऐसी ही चेतावनी मिलने की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किये हैं जिसके बाद शक की गुंजाईश नहीं रह जाती है कि यह काम केन्द्र सरकार की ओर से ही हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से कोई बयान न आना भी उसे शक के घेरे में डालता है। आखिरकार भारत के प्रतिपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग में और किस देश की सरकार की रुचि हो सकती है?

राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ बोलने के कारण ही उनके फोन को टैप किया जा रहा है। उनकी बात में इसलिये दम दिखता है क्योंकि जितने लोगों को भी निर्माता कम्पनी द्वारा फोन टैपिंग की चेतावनी वाले ईमेल मिले हैं वे न केवल विपक्ष के हैं वरन बेहद मुखर भी हैं और अदानी के विरूद्ध आवाज भी उठाते रहे हैं। उनके द्वारा मोदी सरकार की आलोचना के अंतर्गत अदानी प्रमुख विषय होते ही हैं। अपने फोन की टैपिंग के एलर्ट का संदेश देने वाले ईमेल की प्रति दिखाते हुए राहुल ने यह भी कहा कि देश में मोदी के भी ऊपर अदानी हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर से इस बात की घोषणा कर दी कि चाहे जो हो जाये, वे अदानी-मोदी के कथित घोटालों को उठाते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले भी भारत सरकार पर यह आरोप लग चुका है कि उसने इज़रायल से पैगासस नामक जासूसी उपकरण खरीदा है जिसके जरिये देश के अनेक लोगों के फोन टैप कराये जा रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के नाम सामने आये थे उनमें सिर्फ विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि नितिन गडकरी जैसे कुछ उनके अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी भी थे। उनमें कुछ पत्रकार और यहां तक कि भूतपूर्व न्यायाधीश के नाम भी सामने आये थे। हालांकि उस समय भी सरकार ने इस बात से इंकार किया था कि वह किसी के फोन टैप करा रही है लेकिन उसका खुलासा जिस प्रामाणिक ढंग से हुआ था, उससे शक की कोई गुंजाईश नहीं रह जाती थी। सम्भवतया मामला उठने के बाद उतने ही गुपचुप तरीके से उसका इस्तेमाल रोक भी दिया गया होगा। हालांकि कोई इस बात को दावे के साथ नहीं कह सकता कि वह जासूसी रोक दी गई होगी।

जो भी हो, यह एक गम्भीर मसला है और सरकार को चाहिये कि इस बात की गहराई से और पारदर्शितापूर्वक जांच कर इसकी रिपोर्ट जनता के सामने लाए। हालांकि इसकी मोदी सरकार से इसकी उम्मीद करना बेकार है। सम्भव है कि सरकार इस पर मौन धारण कर ले और आतंक फैलाने हेतु यह भ्रम बनाकर रखे कि विपक्षियों के फोन टैप हो रहे हैं।

# अपनी ही पार्टी को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं मोदी ?

पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी मंचों से लम्बी अनुपस्थिति सवाल पैदा कर रही है कि क्या उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को उसके हाल पर छोड़ दिया है। ऐसा इसलिये महसूस होता है क्योंकि जैसी अराजकता व भ्रम चुनावी राज्यों में दिख रहा है वह मोदी के चुनाव संचालन को अपने हाथों में रखे रहने से सम्भव नहीं था। यदि ऐसा है तो इससे पार्टी की मुश्किलों में इज़ाफ़ा होगा तथा उसे चुनौती देती कांग्रेस और मजबूत होगी। दशक भर यानी जब से भारत के राजनैतिक परिदृश्य में मोदी एक फिनोमिना बनकर उभरे और छाये हैं, तब से शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा होगा जिसमें उनकी उपस्थिति व दबदबा न रहा हो। अगले महीने की विभिन्न तारीखों में होने जा रहे चुनावों का ऐलान होने के पहले तो मोदी कई राज्यों में सभाएं लेते नज़र आये थे, पर अचानक उनकी अनुपस्थिति बहुत साफ महसूस हो रही है। कम से कम पिछले हफ्ते-दस दिनों में उनके द्वारा कोई बड़ी चुनावी रैली या सभा न करने से यह सवाल उठना स्वाभाविक है।

क्या मोदी स्वयं को हटा चुके हैं या भाजपा को संचालित व निर्देशित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा उन्हें किनारे होने के निर्देश मिले हैं? या उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसी सोची-समझी रणनीति के अंतर्गत पीएम को चुनावी परिदृश्य से स्थायी-अस्थायी तौर पर परे किया जा रहा है? कई प्रश्न हैं जो चुनाव को नज़दीक से देखने-समझने वाले जानना चाहते हैं। अगर ऐसा है तो आने वाले दिनों के लिये यह बड़ा संकेत है। उन्हें ताबड़तोड़ रैलियां, सभाएं, रोड शो करते हुए देखने का आदी हो चुका यह देश अगर इतने दिनों का भी अंतराल देखे तो उसके लिये यह सोचना बहुत स्वाभाविक है कि क्या मोदी की पकड़ अपनी पार्टी और देश पर से छूट रही है। हालांकि इसका सही जवाब तभी मिल सकेगा जब उन्हें फिर से चुनावी दृश्यावली का हिस्सा बनते हुए लोग देखेंगे।

सम्भव है कि मोदी चुनावों के ऐन वक्त पर धुंवाधार प्रचार में जुटेंगे। हालांकि कोई मान नहीं सकता कि जो व्यक्ति चुनाव हो या न हो, हर वक्त एक्शन मोड में दिखता हो और सारे साल जिसकी भाषा और कृत्य ऐसे होते हों मानो वह चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहा हो; तो ऐसे मोदी जी कैसे इतने बड़े अवसर व मंच से खुद को विलग कर सकते हैं? अगर यह कोई सोची-समझी योजना है तो देखना होगा कि उस स्थिति में वे कितने प्रभावी होते हैं और भाजपा को उसका कितना लाभ मिलता है। पहले कई चुनावों में देखा गया है कि आचार संहिता लागू होने या चुनाव प्रचार बंद होने के कुछ मिनट पहले तक मोदी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते रहे हैं। हो सकता है कि इसी तर्ज पर वे अंतिम समय में नमूदार हो बड़े मजमे कर सबको चौंका दें।



डॉ. दीपक पाचपोर

तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है।

मोदी की अनुपस्थिति का एक कारण यह माना जा रहा है कि स्वयं उनकी पार्टी के भीतर धारणा बन चुकी है कि कांग्रेस के आक्रामक चुनाव प्रचार, उसके वादे व गारंटियों तथा उसके जवाबी हमलों के चलते भाजपा को न तो कुछ सूझ रहा है और न ही उसके पास कोई काट है। उनके मुंह से कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार, वंशवाद, उन्हें मिलता 140 करोड़ लोगों का आशीर्वाद, डबल इंजिन सरकारें, विश्व गुरु आदि की बातें सुनते हुए लोग ऊब चुके हैं। इसके विपरीत, विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के बढ़ते जन समर्थन एवं नैतिक बल के सामने भाजपा पस्त दिखाई दे रही है। जहां एक ओर मोदी अपने चिर-परिचित तरीकों से व कड़े सुरक्षा घेरे में प्रायोजित कार्यक्रमों में अवतरित होते हैं वहीं कांग्रेसी नेता राहुल गांधी एक साधारण व्यक्ति की तरह लोगों एवं जन समुदायों से मिल रहे हैं। इससे जमीनी स्तर पर तैयार हो रहे विमर्श का शासकीय या अशासकीय जवाब भाजपा के पास नहीं है। सम्भवत: अब मोदी का जनता के सामने जाना कठिन हो गया हो इसलिये उन्होंने प्रचार अभियानों से दूरी बना ली हो।

जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनका अगर बारी-बारी से परीक्षण किया जाये तो कुछ कारण साफ हैं जिनके चलते मोदी ने इस समय चुनावी प्रचार से छुट्टी ले ली हो। शायद इन राज्यों में पार्टी के भीतर इस कदर अराजकता व भ्रम है कि मोदी के सामने तीनों ही सवाल हैं कि आखिर वे किस राज्य में जाएं, क्यों जायें और वहां क्या कहेंगे। मिजोरम की बात करें तो वहां के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने कह दिया है वे नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। इसका कारण यह है कि मणिपुर के मामले में जैसी चुप्पी मोदी ने साध ली थी और वहां अराजकता होने दी, उसका गहरा असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां भाजपा के खिलाफ लोगों में रोष है क्योंकि राज्य में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग रहते हैं। कहने को इस राज्य में सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट और भाजपा का गठबन्धन है पर वहां एमएनएफ के पास 26 विधायकों के साथ पूर्ण बहुमत है। 40 सीटों की विधानसभा में भाजपा का केवल एक ही सदस्य है। वैसे भी दोनों का गठबन्धन नाममात्र का है और जोरामथंगा पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें भाजपा के सहयोग की ज़रूरत नहीं है। तेलंगाना की बात करें तो वहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति के भाजपा के साथ अच्छे सम्बन्ध थे लेकिन मुकाबला भी इन दोनों के बीच ही था। राहुल गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राज्य में बिताए करीब दो हफ्ते तथा कांग्रेस की चुनावी रैलियों ने भाजपा को मुकाबले से बाहर कर दिया है। वहां अब खुद बीआरएस संकट में है और अपनी सरकार बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। हैदराबाद कौंसिल के मेयर पद के लिये यहां के मुख्यमंत्री सी चंद्रशेखर राव द्वारा भाजपा प्रणीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन से मदद मांगने की बात को सार्वजनिक कर मोदी ने दोनों के रिश्तों में जो खटास भर दी है उसका फायदा भी कांग्रेस को मिलना लाजिमी है।

हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग कारणों से कांग्रेस सीधे-सीधे भाजपा पर हावी दिखाई दे रही है। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को लम्बे समय तक हाशिये में रखने और मुकाबले में ऐसे नेताओं को खड़ा करने से मामले को उलझा दिया गया है जो उनके सम्भावित प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं। ऐसे ही, मप्र में उनके भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपेक्षा के शिकार हुए हैं। उनके तमाम समर्थकों के टिकट काट दिये गये हैं जिससे उनके खेमे में नाराजगी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को की गई कर्ज माफी, बोनस, न्याय योजनाएं आदि की सफलता भाजपा पर भारी पड़ रही हैं और उनकी कोई काट मोदी व राज्य ईकाई के पास नहीं है।

तीनों राज्यों में बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं को उतारा गया है जो इन सभी राज्यों में तकलीफदेह साबित हो रहा है। हार या जीत दोनों ही परिस्थितियों में आंतरिक संघर्ष देखने को मिलेंगे, यह भी तय है। इतना ही नहीं, तीनों ही राज्यों में स्थानीय चेहरों व सबसे बड़े नेताओं की उपेक्षा कर मोदी को जो प्रमुख चेहरा बनाया गया है, वह भाजपा के खिलाफ जा सकता है। यह भी एक कारण है जो मोदी को इन राज्यों में जाने से शायद रोक रहा है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ असम में विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू

■ आशीष विश्वास

असम में कांग्रेस की तुलना में अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा-विरोधी एकजुटता हासिल करने के लिए अधिक प्रतिबद्धता दिखाते हुए, 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए कांग्रेस की रणनीति को नजरअंदाज कर दिया है।

हालांकि, दुर्जेय लेकिन अत्यधिक विभाजनकारी मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त मोर्चे के लिए स्वयं के स्वार्थ का 'बलिदान' देते हुए एक साथ आने वाली 14 पार्टियों के बीच एक व्यापक समझौते के बावजूद, सीट-बंटवारे पर प्रारंभिक चर्चाओं ने संकेत दिया है कि आगे की राह आसान नहीं होगी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल अगले महीने फिर से मिलने पर सहमत हुए हैं।

अधिकांश राज्यों की तरह, इन वार्ताओं का संचालन सुचारू नहीं था। असम कांग्रेस के नेताओं को सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए 40 संभावित उम्मीदवारों की एक अस्थायी पहली सूची की एकतरफा घोषणा करने के लिए अन्य विपक्षी दलों के गुस्से का सामना करना पड़ा। यह कांग्रेस की ओर से विपक्ष के लिए एक अचूक संकेत था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विरोध करने वाली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, वह सीट समायोजन के लिए अपनी शर्तें निर्धारित करने की हकदार है। अगर विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बनी तो वह अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

भारत के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह, सीट समायोजन को अंतिम रूप देने पर कांग्रेस और अन्य दलों के बीच असहमति के कारण असम में भी प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी सीट साझा व्यवस्था के बारे में प्रारंभिक बातचीत में देरी से शुरू हुई। जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जैसी कुछ पार्टियों को लगा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों (पूर्वोत्तर में मिजोरम सहित) में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद ही ऐसी बातचीत अधिक सार्थक ढंग से हो सकेगी। भाजपा कर्नाटक में हार गई थी और हाल के दिनों में अधिकांश उप-चुनावों में उसका प्रदर्शन खराब रहा। लेकिन कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और अधिकांश क्षेत्रीय दलों के विपरीत, वह अपनी पकड़ बना रही है।

कांग्रेस के अनुसार इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के साथ, भारत की सबसे पुरानी पार्टी के लिए टीएमसी, आम आदमी पार्टी (आप) और विभिन्न असमिया क्षेत्रीय दलों सहित छोटे समूहों से सीट बंटवारे की मांगों को और अधिक मजबूती से संभालना आसान हो जायेगा।

फिर भी, रायसर दल, असम जातीय परिषद, सीपीआई (एम) और अन्य सहित 13 विपक्षी दलों ने पहले दौर की बातचीत के लिए राज्य कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। गुवाहाटी स्थित मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आप और टीएमसी दोनों ने संकेत दिया कि वे कम से कम 5 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सीपीआई (एम) बारपेटा से चुनाव लड़ना चाहती थी, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां वह मजबूत है।

कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा और अन्य नेताओं ने इस समय ऐसे मामलों पर कोई ठोस चर्चा नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी दलों को एक विश्वसनीय वैकल्पिक भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा खड़ा करने के लिए अपने समर्थन की मात्रा और पिछले प्रदर्शन के रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों पर जोर देने के लिए सहमत होना चाहिए।

इस बीच, रिपन बोरा (टीएमसी) को विपक्ष मंच के लिए एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने का काम दिया गया। राज्यसभा सदस्य अजीत भुइयां और पूर्व कांग्रेस नेता रकीबुल हुसैन को भाजपा की विभिन्न विफलताओं और कथित तौर पर जनविरोधी नीतियों को सूचीबद्ध करते हुए एक आरोप पत्र का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा गया।

भाजपा ने अपने तरीके से जवाब दिया, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा ने अपने पहले के दावे को जोरदार ढंग से दोहराया कि सत्तारूढ़ पार्टी एक या दो को छोड़कर सभी सीटें जीतकर लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा से बहुत पहले ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भरोसा है कि संयुक्त विपक्ष न केवल असफल होगा, बल्कि अपने मतभेदों और झगड़ों के कारण एकजुट भी नहीं रह पायेगा।

विपक्षी सूत्रों ने संकेत दिया कि भाजपा को असम गण परिषद जैसे सहयोगियों के साथ अपनी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो कथित तौर पर भाजपा की आक्रामक कार्यप्रणाली के कारण राजनीतिक हाशिये पर चले जाने के खतरे का सामना कर रही है। दोनों पार्टियों के लिए, राजनीतिक समर्थन का मुख्य क्षेत्र असमिया भाषी समुदाय है। हालांकि, अपनी बड़ी राजनीतिक पहुंच, शक्ति और व्यापक अपील के साथ, भाजपा मूलरूप से क्षेत्रीय पार्टी, एजीपी से बहुत आगे है। मतदाता एजीपी की तुलना में भाजपा के फायदे से पूरी तरह वाकिफ हैं।

भाजपा के आलोचकों का कहना है कि उसके आत्मविश्वास का मुख्य कारण हाल ही में आधिकारिक परिसीमन उपायों के माध्यम से असम में विभिन्न विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का आधिकारिक पुनर्गठन था। शर्मा सहित पार्टी नेताओं ने खुले तौर पर घोषणा की कि जैसी स्थिति अभी है, मूल असमिया (असमिया भाषी लोग) को विधानसभा की 126 सीटों में से लगभग 110 सीटों पर चुना जाना चाहिए। केंद्र और राज्य ने यह सुनिश्चित किया था कि असमिया कभी भी असम के भीतर शक्तिहीन अल्पसंख्यक नहीं बनेंगे।

एआईयूडीएफ आदि विपक्षी दलों ने नई परिसीमन प्रक्रिया का तीखा विरोध किया था यह आरोप लगाते हुए कि वे कई स्थानीय समुदायों (विशेषकर मुसलमानों) और अन्य समूहों के प्रति भारी पक्षपाती थे। हालांकि, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट में की गई उनकी अपीलों से बहुत कुछ हासिल नहीं हुआ। अधिकांश नये परिसीमन आदेशों को उनकी आपत्तियों के बावजूद बरकरार रखा गया।

## पावन प्रसंग

# पर्व त्यौहारों का प्रयोजन

व्यक्तिगत दृष्टिकोण का परिष्कार करने के लिए जिस प्रकार पूजा उपासना तथा पारिवारिक रीति-नीति को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए संस्कार प्रक्रिया है, ठीक उसी प्रकार समाज को समुन्नत और सुविकसित बनाने के लिए सामूहिकता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, नागरिकता, परमार्थपरायणता, देशभक्ति, लोक मंगल जैसी सत्प्रवृत्तियां विकसित करनी पड़ती है। उन्हें सुस्थिर रखना होता है। वह भी बार-बार स्मरण दिलाते रहने वाला प्रसंग है। इसी प्रयोजन के लिए देवसंस्कृति में पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं। वर्ष में प्राय: 40 पर्व पहले से हैं। युगधर्म के अनुसार उनमें दस का निर्वाह बन पड़े तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं- बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, रामनवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादशमी ,दीपावली- इन दस का विशेष महत्व है। अत: पर्वो को सोत्साहपूर्ण मनाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती हैं और सत्यप्रवृत्ति पनपती रहती है, जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यत: होती है।

मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करता देखकर उसके मन में भी वैसा ही काम करने की इच्छा स्वत: उत्पन्न होती है। यही मूल कारण था कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वोत्सवों का प्रचलन किया गया। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहां समाज को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं। जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्र, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा मिलती है। इस प्रकार के उत्सव संसार के सभी देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन-साधारण अपने उन पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सदगुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पूर्वजों के चरित्रों और महान कार्यों को बड़े गौरव के साथ याद करती हैं। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए। ज्ञान अकेला अपूर्ण है। कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को, सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो हमारी शक्ति किसी को दबाने या झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# अकर्मण्यता की निराशा से जन्मा पलायनबाद

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि अकर्मण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं ऊर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकें। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़ें, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निस्संदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय आविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है कि सफलता का नशा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## पकिस्तान में वैन-कार की टक्कर से चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब में यात्री वैन और कार के बीच टक्कर से कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और कयी अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रांत के डेरा गाजी खान जिले के झोक यार खान इलाके में सिंधु राजमार्ग पर उस समय हुई , तेज रफ्तार यात्री वैन एक कार से टकरा गई। घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों में से एक ने नजदीकी अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

# इजराइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर किए हमले

**उत्तरी गाजा पर ध्यान केंद्रित कर रहा इजराइल**


**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि इजरायली सेना ने रात भर हमास के सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक ब्रीफिंग में कहा, इजरायल का कहना है कि वह



उत्तरी गाजा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन पट्टी के सभी हिस्सों पर हमला जारी रखे हैं। सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में युद्धविराम के आह्वान को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह युद्ध का समय है। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजरायल गाजा पर बमबारी कर रहा है। जिसमें 1,400 लोग मारे गए और कम से कम 239 लोगों को बंधकों के रूप में अपहरण कर लिया गया। गाजा में हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की जवाबी बमबारी के बाद से 8,500 से अधिक लोग मारे गए हैं।

■ इजरायल की जवाबी बमबारी के बाद से 8,500 से अधिक लोग मारे गए

## इजराइल ने लाल सागर के शहर इलियट के पास ड्रोन को रोका



**यरूशलम।** इजरायली सेना और मीडिया के अनुसार, इजरायल ने मंगलवार को यमन से इलियट शहर की ओर लॉन्च किए गए एक ड्रोन को लाल सागर के ऊपर रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने इजरायली सेना और मीडिया के हवाले से बताया कि इलियट में हवाई हमले के सायरन सुने गए, जिसमें विमान घुसपैठ की चेतावनी दी गई और लोगों को भागने के लिए कहा गया।

## हमास का उत्तरी ब्रिगेड कमांडर ढेर : आईडीएफ

**गाजा।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की कार्रवाई में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के उत्तरी ब्रिगेड का कमांडर नसीम अबू अजीना मारा गया। आईडीएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा, कल, आईडीएफ और आईएसए (इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी की) खुफिया जानकारी के आधार पर, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास के उत्तरी ब्रिगेड के बीट लाहिया बटालियन के कमांडर, नसीम अबू अजीना को मार गिराया, जिन्होंने इरेज और (द मोशव ऑफ़) मोशव नेटिव हासारा में सात अक्टूबर को किबुत्ज़ में नरसंहार का निर्देशन किया था। इजरायली सेना ने कहा कि अतीत में, अबू अजीना ने हमास की हवाई क्षमताओं की कमान संभाली थी और ड्रोन और पैराग्लाइडर के विकास में भाग लिया था। इजरायली अखबार हारेत्ज़ की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उपाध्यक्ष सालेह अल-अरौरी के घर को भी नष्ट कर दिया। समाचार पत्र के अनुसार, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी से इजरायल में प्रवेश करने के संदेह में एक व्यक्ति को मार डाला। आईडीएफ ने कहा कि उसके लड़ाकू बलों ने पिछले 24 घंटों में लगभग 300 लक्ष्यों पर हमला किया है, जिसमें एंटी-टैंक मिसाइल पोस्ट, रॉकेट लॉन्च पोस्ट और भूमिगत सुरंगों के अंदर हमास के परिसर शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## सुडोकू 6363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 1 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष - दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। दूसरों के साथ सामंजस्य बनाए रखें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंग।

वृषभ - आप का आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

कर्क - आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रियपात्र से मुलाकात होगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

सिंह - आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

तुला - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे।

वृश्चिक - सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको रह सकती है।

धनु - आज मन खुश रहेगा, लेकिन शरीर में आलस्य बना रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है। गृहस्थजीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं।

मकर - परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा। फिर भी आप मेहनती बने रहेंगे। परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

कुंभ - आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

मीन - आज आपकी चिंता में कमी आएगी। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी। कुटुंबजनों के साथ व्यवहार अच्छा बनेगा। आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नेपाल में 25 प्रतिशत से अधिक परिवार कर्ज में

**काठमांडू,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है कि देश में कुल 60.6 लाख परिवारों में से 25.59 प्रतिशत परिवार कम से कम एक बैंक, वित्तीय संस्थान और सहकारी के ऋण के बोझ तले दबे हैं। एनएसओ के आंकड़ों में बताया गया है कि इस तरह के ऋण लेने वाले प्रांत-वार परिवारों की सबसे अधिक संख्या मधेश में 28.88 प्रतिशत और सुदुरपश्चिम में सबसे कम 21.96 प्रतिशत देखी गई है। देश भर में कुल परिवारों में से एक सदस्य ने 40.12 लाख से अधिक या 61.89 प्रतिशत ने कम से कम ऋण लिया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि देश में कुल 70.5 लाख घरों में से लगभग 60 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं। आंकड़ों के अनुसार नेपाल में कुल 70.5 लाख घरों में से एकल मंजिला मकान 59.82 प्रतिशत हैं, इसके बाद दो मंजिला इमारतें हैं जो 28.78 प्रतिशत हैं। इस बीच, तीन मंजिला मकान 9.17 प्रतिशत, चार-मंजिला मकानों पर 1.3 प्रतिशत , पांच से सात मंजिला मकानों पर 0.64 प्रतिशत, आठ से नौ मंजिली इमारतों पर 0.01 प्रतिशत और 10 या उससे अधिक मंजिल वाली इमारतों पर 0.003 प्रतिशत हैं। मधेश प्रांत में सबसे अधिक 84.42 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं।

ईरानी सेना प्रमुख का दावा

## गाजा के नीचे 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सुरंगें

**तेल अवीव,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने मंगलवार को दावा किया कि गाजा पट्टी के उत्तरी सेक्शन के नीचे 400 किलोमीटर (248 मील) से अधिक लंबी सुरंगें हैं। ईरानी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, तेहरान में नागरिक सुरक्षा पर एक सम्मेलन के दौरान मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी ने कहा, इनमें से कुछ से वाहन और बाइकें गुजर सकती हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि कुछ सुरंगों का प्रवेश द्वार इजरायल के अंदर भी है। इज़रायल ने आधिकारिक तौर पर 2021 में तैयार किए गए गाजा बैरियर के भूमिगत सेंसर को सीमा के नीचे खुदाई का पता लगाने की क्षमता वाला बताया है। हालांकि, जमीन के ऊपर बाड़ की खामियां 7 अक्टूबर को उजागर हुई थीं। साल 2014 में गाजा के साथ इजरायल के युद्ध के दौरान, सशस्त्र समूहों ने कई छोटे पैमाने पर हमले करने के लिए सीमा पार सुरंगें बनाईं। टाइम्स ऑफ इज़रायल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी सेना प्रमुख ने कहा




■ कुछ सुरंगों से वाहन और बाइकें भी गुजर सकती हैं

कि इजरायली सेना ने गाजा में पूरे पैमाने पर जमीनी आक्रमण शुरू करने के लिए इंतजार किया है क्योंकि वह जानती है कि इस तरह का ऑपरेशन एक और हार का प्रतीक होगा।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के नीचे असंख्य सुरंगों को मिस्र से माल की तस्करी और इजरायल में हमले शुरू करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग के रूप में जाना जाता है।

## वर्ग पहेली 6363



**बायें से दायें:**

१.जो किसी चीज का दुख-सुख उठा चुका हो, कृत भोग
३. घुड़सवार
५. नया और कोमल पत्ता, विस्तार
६. बेचैनी, छटपटाहट
७. संज्ञा शब्द के बदले प्रयुक्त हो वाला शबब्द
९. भौंरा, मिलिंद
१०. पसे क तकलीफ
१२. जहां जना या जिसे समझना आसान हो, आसान
१३. बालि-सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१४. जलवायु (उर्दू)
१६. दया, कृपा (उर्दू)
१८. रुकना, अटकना, हठ करना
२०. सम्राट अशोक का राज्य
२१. हथीं से धीरे-धीरे ठोंकना या आघात करना, थपकी देना
२३. सरस, रसीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. भोगना, सहना, बीतना, पूरा होना
२. खाने की वस्तु
३. मौका, समय
४. रुकावट डालना, मना करना, गत,चाल बंद करना
५. पतित, गलत रास्ते पर चलने वला
८. जिसकी बड़ी महिमा हो, राज्यपाल आदि के सम्मान में प्रयुक्त शब्द
१०. विचत्र, आनोखा, अद्‌भुत
११. जलपान
१२. मरम्मत, दोष या खराबी दूर करने की क्रिया
१३. लकड़ी, शीशे आदि का पल्ला बंद किया जाता है
१४. हमला,
१५. बलराम
१७. रोमांचक
१८. बेहद
१९. स्वामी. पति
२२. गर्व, अभिमान (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6362



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**विपक्षी नेताओं की जासूसी ...**

कर रही है। आज ही एप्पल का नोटिफिकेशन आया है कि आप सरकार के निशाने पर हैं। सरकार हमारी जासूसी करा रही है। हमारे फोन टेप कराए जा रहे हैं लेकिन सरकार को समझ लेना चाहिए की इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जितना टेपिंग करना चाहिए, जितना फोन रिकॉर्ड करना चाहिए करे, हम पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और इससे हम पीछे हटने वाले भी नहीं हैं।'

**मुद्दों से ध्यान भटकने का काम कर रही सरकार**-श्री गांधी ने कहा मेरे कार्यालय में भी कई लोगों को इस तरह का संदेश मिला है। केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा को भी यह संदेश मिला है। इस तरह के काम करके भाजपा सरकार मुद्दों से ध्यान भटकने का काम कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार उनके तथा विपक्ष के अन्य नेताओं के फोन की टेपिंग करवा रही है। इस संदर्भ में उन्होंने सबूत के तौर पर फोन निर्माता कंपनी से ई-मेल पर मिली चेतावनी की प्रति भी संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिखाई। उनका कहना था सरकार के इशारे पर हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।

**कुछ की आलोचना करना आदत हो गई : अश्विनी**

केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस देश में हमारे कुछ आलोचक हैं जिनकी आलोचना करने की आदत हो गई है। ये लोग देश की उन्नति को पचा नहीं सकते। एप्पल ने 150 देशों में ये सूचना जारी की है। एप्पल के पास कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने अनुमान के आधार पर ये सूचना भेजी है।

**छत्तीसगढ़ में 500 रुपए से भीं...**

अब 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 903 रुपए में मिलने लगा है। राजनीतिक गलियारों से लेकर चौक-चौराहों तक लोग इसे मोदी सरकार का चुनावी मास्टर स्ट्रोक बता ही रहे थे कि एक अक्टूबर को कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 209 रुपए तक बढ़ा दिए गए। दिल्ली में 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 209 रुपए महंगा हो गया। वहीं, कोलकाता में 203.50 रुपए दाम बढ़े तो मुंबई के उपभोक्ताओं को 202 रुपए का झटका लगा। चेन्नई में भी 203 रुपए प्रति सिलेंडर रेट में बढ़ोतरी की गई।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 17 लोगों की मौत

**अबुजा,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के पूर्वी राज्य टराबा में शनिवार को एक यात्री नाव पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टराबा में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अभियान प्रमुख बशीर गर्ग ने कहा कि इस घटना में अब तक 17 लोगों का शव बरामद किया गया है जबकि 12 लोगों को बचाया गया है। श्री गर्ग ने संवाददाताओं से कहा कि एक स्थानीय बाजार से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 104 यात्रियों को लेकर जा रही नौका टराबा के स्थानीय सरकारी क्षेत्र करीम लामिडो की ओर जाते समय डूब गई।

अधिकारी ने घटना के लिए नाव के ओवरलोड होने को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आगे की जांच चल रही है। टराबा राज्य के गवर्नर अगबू केफस ने एक बयान में इस घटना को बहुत दुखद करार दिया और स्थानीय बचावकर्मियों से खोज एवं बचाव अभियान तेज करने का आग्रह किया। पश्चिम अफ्रीकी देश में नाव दुर्घटनाएं प्राय: ओवरलोडिंग, खराब मौसम और दोषपूर्ण संचालन के कारण होती है। पिछले महीने, नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने पूरे देश में बार-बार हो रही घातक नाव दुर्घटनाओं की गहन और व्यापक जांच का आदेश दिया था।

## आज का इतिहास

1755 - पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी।
1903- पनामा की जनता का संघर्ष सफल हुआ और यह देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो गया।
1950 - भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
1956 - कर्नाटक राज्य की स्थापना।
1956 - भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
1956 - राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना।
1956 - केरल राज्य की स्थापना।
1956 - आंध्र प्रदेश राज्य की स्थापना।
1956 - हैदराबाद राज्य प्रशासनिक रूप से समाप्त हो गया।
1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1966 - हरियाणा राज्य की स्थापना।
1966 - चण ?डीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश की स्थापना।
1973 - मैसूर का नाम बदलकर कर्नाटक किया गया।
1984 - भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में सिख विरोधी दंगे भड़क गए।
2000 - छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ।
2003 - इराकी छापामारों द्वारा बगदाद के समीप अमेरिकी हेलीकाप्टर पर किये गए हमले में 15 सैनिकों की मृत्यु।
2004 - बेनेट किंग वेस्ट इंडीज क्रिकेट बोर्ड के पहले विदेशी कोच बने।

**कूटनीति** *रेल लिंक परियोजना में भारत सरकार ने दी 392.52 करोड़ की सहायता*

## मोदी व शेख हसीना तीन परियोजनाओं का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना बुधवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संयुक्त रूप से तीन भारत सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। तीन परियोजनाएं अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 है। अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक परियोजना को भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया गया है। बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन के साथ रेल लिंक की लंबाई 12.24 किमी है।**

■ बांग्लादेश में 6.78 किमी और त्रिपुरा में 5.46 किमी दोहरी गेज रेल लाइन

खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन परियोजना को भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 388.92 मिलियन डॉलर की कुल परियोजना लागत के साथ कार्यान्वित किया गया है। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड-गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इससे



बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह मोंगला ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। 1.6 बिलियन डॉलर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण के तहत मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में स्थित 1320 मेगावाट सुपर थर्मल पावर प्लांट (एमएसटीपीपी) है।

यह परियोजना बांग्लादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट -1 का सितंबर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और यूनिट 2 का उद्घाटन बुधवार को किया जाएगा। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट के परिचालन से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।

## दुनिया को जानें

### चीन के शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री धरती पर सुरक्षित पहुंचे

**बीजिंग,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। शेनझोउ-16 का दल पांच महीने के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को पूरा करने के बाद मंगलवार को सुरक्षित पृथ्वी पर पहुंचा। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हैचाओ को लेकर शेनझोउ-16 उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 8:11 बजे पहुंचा। इस दल में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री शामिल थे। सीएमएसए ने कहा कि शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से स्वस्थ हैं और शेनझोउ-16 का मानवयुक्त मिशन सफल हुआ और साथ ही चीन में वर्तमान में उपलब्ध सभी अंतरिक्ष यात्री, अंतरिक्ष यान पायलट, स्पेसफ्लाइट इंजीनियर और पेलोड विशेषज्ञ ने अपने उड़ान और व्यावहारिक परीक्षण को पूरा कर लिया है। सीएमएसए ने कहा कि इस अभियान ने चालक दल के अंतरिक्ष यान कार्यक्रम और अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोग करने के बाद विकास और निर्माण में एक अच्छी नींव तैयार की है। अंतरिक्ष में चीन के पहले अंतरिक्ष यान इंजीनियर झू ने कहा कि उन्होंने विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# खेल जगत

## विराट 'जिम फ्रीक' तो केएल राहुल का 'शांत' व्यक्तित्व, मयंक अग्रवाल ने साझा की पुरानी यादें



नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। मयंक अग्रवाल ने मैदान के अंदर और बाहर भारतीय टीम के साथ अपने कुछ क्रिकेट अनुभव साझा किए। उन्होंने विराट कोहली को जिम फ्रीक और केएल राहुल को सबसे शांत व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी बताया। आकाश चोपड़ा द्वारा होस्ट किए गए जियो सिनेमा के शो के रैपिड-फायर सेगमेंट में मयंक अग्रवाल ने पिच से परे टीम के व्यक्तित्वों, मज़ेदार आदतों और टीम के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की। टीम में जिम फ्रीक के बारे में पूछे जाने पर मयंक ने खुद का नाम लिया, लेकिन विराट कोहली से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं जिम फ्रीक हूं। शायद विराट कोहली से ज्यादा तो नहीं लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं उनमें से एक हूं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक को सबसे सोशल मीडिया एडिक्ट खिलाड़ी और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में सबसे शांत और संयमित व्यक्तित्व के रूप में टैग किया।

# पाक के रफ्तार के सौदागर अफरीदी, वसीम और हैरिस की त्रिमूर्ति ने बांग्लादेश को किया 204 पर ढेर

- महमूदउल्लाह ने बांग्लादेश के लिए जड़ा अर्धशतक

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी (3/23), मोहम्मद वसीम (3/31) व हैरिस रउफ (2/36) त्रिमूर्ति ने गेंद से कहर बरपा महमूदउल्लाह के अर्द्धशतक और लिटन दास (45) और कप्तान शाकिब अल हसन (43) की उपयोगी पारियों के बावजूद बांग्लादेश को कोलकाता के ईडन गार्डन पर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में मात्र 45.1 ओवर में मैदान पर मंगलवार के 204 पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश के आखिरी तीनों विकेट मोहम्मद वसीम ने चार रन के भीतर निकाले। बांग्लादेश ने टॉस जीत कर शुरू के तीन विकेट मात्र 23 रन पर गंवा दिए थे। बांए हाथ के शाहीन अफरीदी ने पहले स्पैल में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (0) को एलबीडब्ल्यू आउट करने के बाद नजमल हसन शांतो (5) को फॉरवर्ड स्कवॉयर लेग पर ओसामा मीर के हाथों कैच करा उसका स्कोर दो विकेट छह रन कर दिया। अफरीदी ने दूसरे स्पैल में जमकर खेल महमूदउल्लाह (56 रन ,70 रन, एक छक्का, छह चौके) को नीची रहती गेंद पर पारी के 31 वें ओवर में बोल्ड कर बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 130 कर उसके बड़े स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। महमूदउल्लाह ने आउट होने से पहले लिटन दास (45, 65 गेंद, छह चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। लिटन दास पाकिस्तान के स्पिनर इफ्तिखार अहमद की गेंद को पीछे जाकर खेलने के फेर में मिड विकेट पर आगा सलमान को कैच थमा बैठे।कप्तान शाकिब अल हसन ने हैरिस रउफ की गेंद पर आगा सलमान को कैच थमाने से पहले मेहदी हसन मिराज के साथ सातवें विकेट के लिए 45 रन की बांग्लादेश की पारी की दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी की। रउफ ने इससे पहले मुश्फिकुर रहीम (5) को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। वहीं लेग स्पिनर ओसामा मीर ने तोहीद हृदय (7) को इफ्तिखार अहमद के हाथों पहली स्लिप में लपकवा कर अकेली कामयाबी हासिल की। वहीं मोहम्मद वसीम ने अपने सातवें ओवर में पहले मेहदी हसन मिराज(25 रन, 30 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को और अपने अगले फिर तस्कीन अहमद (6) और मुस्तफिजुर रहमान (1) को बोल्ड कर मात्र चार के भीतर उसके आखिरी तीन विकेट चटका कर बांग्लादेश की पारी बिखेर दी।



## शाहीन अफरीदी वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

कोलकाता। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी मंगलवार को ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 2023 लीग मैच के दौरान पहला विकेट लेते ही सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 51 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के 52 वनडे मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह सकलैन मुश्ताक के रिकॉर्ड को पछाड़कर 100 वनडे विकेट लेने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी गेंदबाज भी बन गए, जिन्होंने 53 मैचों में विकेट लिए थे।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 0 | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |

## दानिश कनेरिया ने पीसीबी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने मौजूदा विश्व कप 2023 में क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाकिस्तानी खिलाड़ियों के मनोबल को कम करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की है। भारत में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में लचर प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को अपनी कप्तानी कौशल और अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। बाबर आजम की कथित व्हाट्सएप चैट सामने आई, जिसके बाद इंजमाम-उल-हक ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। दानिश कनेरिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीसीबी की आलोचना करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, जहां एक तरफ अफगानिस्तान क्रिकेट पर अधिक और राजनीति पर कम ध्यान दे रहा है, वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट पर कम और राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है। बाबर आजम की निजी चैट लीक हो गई हैं और इंजमाम उल हक ने खिलाड़ी प्रबंधन कंपनी में उनकी कथित भागीदारी के बाद मुख्य चयनकर्ता के रूप में पद छोड़ दिया है। पाकिस्तान की टीम बुरे दौर से गुजर रही है। यह पीसीबी के साथ-साथ टीम में भी कुछ बड़े बदलावों का समय है। इस सारी उथल-पुथल के बीच, बाबर की सफेद गेंद की कप्तानी को लेकर भी संदेह बढ़ रहा है, जो मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी टीम के प्रदर्शन के बाद दांव पर है। पाकिस्तान इस समय टूर्नामेंट में सातवें स्थान पर है।


**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने वाके मौजा मठपुरैना प.ह. नं. - 00061, रा.नि.- रायपुर-14 बोरियाखुर्द तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक - 443/234 रकबा 0.0093 है. कृषि भूमि, जो कि विक्रेता ललित राम देवांगन पिता स्व. रामेश्वर देवांगन निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि को कय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, और अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी निम्न किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, निकाय, वित्तीयसंस्थाएं इत्यादी किसी भी प्रकार का स्वामित्व संबंधि आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं समयावधि व्यतीत होने के उपरांत मेरा पक्षकार विकय विलेख का निष्पादन व पंजीयन के लिए अग्रसर होगा। पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा ।

सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक-31/10/2023

भवदीय
खिलेश्वर साहू ( अधिवक्ता )
निवास / कार्यालय बिझवारिन चौक, शीतला मंदिर के पास, केनाल रोड, लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) 492015
मो. नं. - 9098535294


# विश्व कप में न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा है भारी

**पुणे** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते है है और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली।

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है।





न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है।

आंकड़ों के अनुसार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 71 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 मुकाबलों में जीते है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 41 मैच अपने नाम किए हैं। पांच मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने पिछले 10 मैच में 59.65 की औसत से 477 रन बनाए हैं। डेरिल मिचेल के बल्ले से पिछले सात मैच में 326 रन बनाये है। एडेन मार्करम ने पिछले 10 मैच में 62.44 की औसत से 562 रन बनाए हैं। मिचेल सैंटनर ने पिछले छह मैच में 14 विकेट झटके हैं। मैट हेनरी के नाम पिछले सात मैच में 13 विकेट है। मार्को जानसन ने पिछले 10 मैच में 20 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों पर नजर रहेगी।

# मैंने इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था : विराट

**नई दिल्ली,** 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के वनडे रिकॉर्ड की बराबरी करने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा है कि इन 12 वर्षों में इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मौजूदा वनडे विश्व कप में कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने छह मैचों में 354 रन बनाए हैं। जिसमें पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एक शतक (48वां शतक) भी शामिल है। हालांकि, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने अपने वनडे विश्व कप करियर में यह अनचाहा रिकॉर्ड जोड़ दिया है।

## सुडोकू 6363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 9 |


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MEHBOOB KHAN S/O SAHADAT KHAN resident of GOKUL NAGAR SB PROVISION STORE MATHPURENA RAIPUR RAIPUR (C.G.) - 492001 have changed my old name MEHBOOB KHAN S/O SAHADAT KHAN so in future I should be recognized by my new name that is MAHBOOB KHAN S/O SAHADAT KHAN in all Government and other documents.

**MAHBOOB KHAN**
GOKUL NAGAR SB PROVISION STORE MATHPURENA RAIPUR RAIPUR (C.G.) - 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, INDRANATH S/O BISHWANATH resident of H.NO.1966, 1 ST FLOOR, STREET NO. 16, HANUMAN MANDIR KE PASS, ADARSH NAGAR, MOWA, RAIPUR (C.G.) have changed my old name INDRANATH S/O BISHWANATH so in future I should be recognized by my new name that is INDRANATH JHA S/O BISHWANTH in all Government and other documents.

**INDRANATH JHA**
H.NO.1966, 1 ST FLOOR, STREET NO. 16, HANUMAN MANDIR KE PASS, ADARSH NAGAR, MOWA, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRADIP KUMAR AGRAWAL S/O REKHRAJ AGRAWAL resident of HIGH SCHOOL ROAD GANDHI CHOWK TILDA NEWRA, NEORA TILDA RAIPUR (C.G.) 493114 have changed my old name PRADIP KUMAR AGRAWAL S/O REKHRAJ AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is PRADEEP KUMAR AGRAWAL S/O REKHRAJ AGRAWAL in all Government and other documents.

**PRADEEP KUMAR AGRAWAL**
HIGH SCHOOL ROAD GANDHI CHOWK TILDA NEWRA, NEORA TILDA RAIPUR (C.G.) 493114

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRATUSH YADAV S/O YADU RAMAN YADAV resident of H NO. 401, WARD NO. 45 JEEVAN VIHAR COLONY BEHIND PATAL BHAIRAVI MANDIR RAJNANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name PRATUSH YADAV S/O YADU RAMAN YADAV so in future I should be recognized by my new name that is PRATYUSH YADAV S/O YADU RAMAN YADAV in all Government and other documents.

**PRATYUSH YADAV**
H NO. 401, WARD NO. 45 JEEVAN VIHAR COLONY BEHIND PATAL BHAIRAVI MANDIR RAJNANDGAON (C.G.) 491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, APURVA S RANA D/O S RANA ( STEPHENS RANA ) resident of QUARTER NO.-2/B , STREET NO.-4, PANCHSHEEL A SECTOR, NEAR SHIV MANDIR, BORSI, POTIA, DURG, (C.G), PIN-491001 have changed my old name APURVA S RANA D/O S RANA (STEPHENS RANA ) so in future I should be recognized by my new name that is APURVA PAL W/O GAURAV PAL in all Government and other documents.

**APURVA PAL**
QUARTER NO.-2/B , STREET NO.-4, PANCHSHEEL A SECTOR, NEAR SHIV MANDIR, BORSI, POTIA, DURG, (C.G), PIN- 491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VISHNU KHANDELWAL S/O GULAB CHAND KHANDELWAL resident of HOUSE NO.-193, ARYA NAGAR,DURG,(C.G)-491001 have changed my old name VISHNU KHANDELWAL S/O GULAB CHAND KHANDELWAL so in future I should be recognized by my new name that is VISHNU KUMAR KHANDELWAL S/O GULAB CHAND KHANDELWAL in all Government and other documents.

**VISHNU KUMAR KHANDELWAL**
HOUSE NO.-193, ARYA NAGAR,DURG,(C.G)-491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRATEEK PREMCHAND GOLCHHA S/O PREM CHAND GOLCHHA resident of FLAT NO B 10 WALLFORT ENCLAVE NEAR RAMKRISHNA CARE HOSPITAL RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name PRATEEK PREMCHAND GOLCHHA S/O PREM CHAND GOLCHHA so in future I should be recognized by my new name that is PRATEEK GOLCHHA S/O PREM CHAND GOLCHHA in all Government and other documents.

**PRATEEK GOLCHHA**
FLAT NO B 10 WALLFORT ENCLAVE NEAR RAMKRISHNA CARE HOSPITAL RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VISHAL KUMAR GIRI S/O VINOD GIRI resident of KH 18 VRINDA NAGAR CAMP 1 BHILAI (C.G.) 490023 have changed my old name VISHAL KUMAR GIRI S/O VINOD GIRI so in future I should be recognized by my new name that is VISHAL GIRI S/O VINOD GIRI in all Government and other documents.

**VISHAL GIRI**
KH 18 VRINDA NAGAR CAMP 1 BHILAI (C.G.) 490023

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना प्रकाशन**

रा.प्र.क्रं./202308110200132/अ-6/2022-23
रायपुर, दिनांक 31.10.2023
प्रति,

01. श्री अब्दुल मुनिमखान वल्द अब्दुल रहीम खान वकील निवासी छोटापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) 02. श्री मानिक लाल वल्द बाबूलाल गुप्ता निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिका श्रीमती एडमिना ए चौबे पति आसरीत चौबे निवासी राजातालाब, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा ग्राम रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-19, भूखंड क्रमांक - 12 / 4, खसरा नंबर - 149/3 ख, 168 / 1 रकबा 1875 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री अब्दुल मुनिमखान पिता अब्दुल रहीम खान वकील निवासी छोटापारा, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21/05/1970 के माध्यम से क्रय किया है। अत: आवेदिका द्वारा विक्रेता का नाम विलोपित कर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु अत: उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आप नियत सुनवाई दिनांक 28/11/2023 को अनिवार्य रूप से स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 31/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202310115600065/
अ-6/2022-2023
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 20.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ यादव वगैरह पिता स्व. झुमुकलाल पता संतोषी नगर खमतराई तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता झुमुकलाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 54/1 रकबा 0.1620 हे. भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी झुमुकलाल पिता स्व. धनउ की मृत्यु दिनांक 15/05/2004 को तथा आवेदक की माता चंदा बाई यादव पति झुमुकलाल की भी मृत्यु दिनांक 19/08/2023 को हो चुकी है। जिनके विधिक वारिसान ( 1 ) रामनाथ यादव ( पुत्र ) ( 2 ) रघुनाथ यादव ( पुत्र ) ( 3 ) अमरनाथ यादव ( पुत्र ) ( 4 ) विश्वनाथ यादव ( पुत्र ) ( 5 ) संजना यादव ( पुत्री ) पिसरान स्व. झुमुकलाल है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है का उल्लेख किया जाकर मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानी का नाम भूमिस्वामी हक में किये जाने हेतु आवेदिका का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07/11/2023 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 07/11 / 2023 को इस न्यायालय में पेश करे। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक:202310111800014
विषय-अ-6 सन-2022-2023
पंडरभट्टा प.ह.नं. 00001 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-सुखदेव वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, प्रेमीन वर्मा, तुकाराम वर्मा, विजय वर्मा, हेमकुमारी वर्मा, सुनैमा वर्मा, कमलेश वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, संजू वर्मा, अनावेदक पक्षकार-डेरहा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक भुनेश्वर वर्मा पिता स्व. डेरहा राम वर्मा निवासी ग्राम पंडरभट्ठा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है, कि ग्राम पंडरभट्ठा प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. व तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 367/5 रकबा 0.4940 हे. भूमि डेहरा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूस्वामी डेहरा पिता झाडुराम कि मृत्यु दिनांक 09/08/2005 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से मृत भूस्वामी का नाम विलोपीत कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 22/11/2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार धरसींवा

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ब-121/वर्ष 2022-2023
ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86
रा.नि.मं. धरसींवा
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 27.10.2023

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है आवेदक जाहिद खान पिता वाहिद खान निवासी गाजी नगर, बिरगांव पोस्ट ऑफिस बिरगांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में आवेदक अपने पुत्र फारूक खान के शैक्षणिक कार्य हेतु ( ई.डब्ल्यू.एस. ) आरक्षण प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु इस न्यायालय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं, 12वीं, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पूर्व में जारी ई.डब्ल्यू. एस. की प्रति संलग्न एवं किराया नामा प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त अवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14.11.2023 तक स्वत: अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 05 तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./202310111000495/
अ-6 अ/2023
ग्राम सोंडरा प.ह.नं. 25
रा.नि.मं. धरसींवा-1
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 17.10.2023

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक अजय प्रकाश गुप्ता पिता स्व. आर. पी. गुप्ता निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत उल्लेख किया है कि ग्राम सोंडरा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. धरसींवा 1 तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 505 /1.506 रकबा 0.332, 0.845 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। जिसका व्यपवर्तन कराया गया है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 505/1 रकबा 0.2320 हे. दर्ज है आवेदित भूमि खसरा नं. 505/1506 रकबा क्रमशः 0.2320 हे. 0.8450 हे, कृषि भूमि के रूप में वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है तथा परिवर्तित भूमि बी-1 में दर्ज नहीं किया गया है । अत: खसरा नंबर 505 / 1.506 रकबा क्रमशः 0.3320 हे. 0.8450 हे. कुल रकबा 1.1770 हे. अर्थात 126760 वर्गफुट को परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है ।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 01/11/2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा ।

मुहर — नायब तहसीलदार धरसींवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-पत्र**

क्रमांक/202308114500026/
वाचक/ना.तह./2022-2023
रायपुर, दिनांक 26.10.2023
प्रति,

महरू पिता राजाराम साहू निवासी गुढ़ियारी रायपुर मु. आम दिलीप कुमार पिता कमलर देवांगन निवासी गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

विषय:- राजस्व मामला कमांक / 20230811 4500026 / 1-0 / वर्ष 2022 2023 आवेदकगण गोपी यादव 2 कुमारी यादव 3. रेखा बाई यादव 4. किरण यादव 5. करन यादव भूषण यादव सभी पिता श्री रेस राम निवासी पार्वती नगर मुर्रा भट्ठी गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. विरुद्ध महरू पिता राजाराम साहू निवासी गुढ़ियारी द्वारा मु. आम दिलीप कुमार पिता कमलर देवांगन निवासी गुडियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49. तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है आवेदकगण गोपी यादव 2 कुमारी यादव 3. रेखा बाई यादव 4. किरण यादव 5. करन यादव . भुषण यादव सभी पिता श्री रेस राम निवासी पार्वती नगर मुर्रा भट्ठी गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदकगण के पिता श्री रेसराम पिता स्व. परदेशी राम यादव ने विक्रेता महरू पिता राजाराम साहू निवासी गुढ़ियारी द्वारा मु. आम दिलीप कुमार पिता कमलर देवांगन निवासी गुढ़ियारी के माध्यम से विक्रेता के आधिपत्य एवं स्वामित्व द्वारा ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 205 का भाग, रकबा 630 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 28/01/2004 के माध्यम से कय कर स्वामित्व एवं अधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भूमि में आवेदकगण के पिता रेसराम की मृत्यु दिनांक 17/05/2021 को एंव आवेदकगण की माता श्रीमति दसरी बाई की मृत्यु 16/07/2012 को चुकी है। आवेदकगण के पिता ने उक्त भूमि कम करने के पश्चात अपने पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही नही करवायी थी जिसके कारण भू-अभिलेख में उक्त खसरा विक्रेता के नाम दर्ज चला आ रहा है। आवेदकगण के पिता/ माता की मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान आवेदकगण है। आवेदकगण के पिता / माता की मृत्यु उपरांत उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदकगण द्वारा निवेदन किया गया है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 07/11/2023 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा। आज दिनांक 20/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202310115600068
विषय-ब-121 सन-2022-2023
खमतराई प.ह.नं. 00038 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-नागेश कुमार रामटेके पिता स्व. कमल दास रामटेके निवासी क्वाटर नंबर 18/बी सड़क नंबर 05 सेक्टर 04 भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ), अनावेदक पक्षकार-छत्तीसगढ़ शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश कुमार रामटेके पिता स्व. कमल दास रामटेके निवासी क्वाटर नंबर 18/बी सड़क नंबर 05 सेक्टर 04 भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) द्वारा इस न्यायालय में ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 207/40 एवं शामिल खसरा नंबर 280/4 रकबा 1220 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त धारित भूमि का आवेदक के पक्ष में नामांतरण पश्चात् ऋण पुस्तिका प्रदाय नहीं किया गया है। अत: उक्त धारित भूमि का नया ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 27/11/2023 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27/11/2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त धरसींवा 04 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00029 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440720500 006

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00029 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी रामसिंग रामाधार रामचन्द्र रामा लखन पिता/पति पिस बोधी पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 224/6/क 0.4210, 497/4 0.0875, 525/2 0.0240, 24/3 0.2350, 24/5 0.5950, 370/6 0.3040 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामसिंग रामाधार रामचन्द्र रामा लखन पिता/पति पिस बोधी पता सा. देह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा

# नामांकन कक्ष और अन्य निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण

**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बसना, सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा एवं महासमुंद और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक निलेश राउतकर और दोनों विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार तथा जफर मलिक ने सोमवार 30 अक्टूबर को संयुक्त रूप से पिटियाझर स्थित मंडी परिसर में निर्मित स्ट्रॉन्ग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के चारो नामांकन कक्ष सहित अन्य निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने सरायपाली, बसना, खल्लारी व महासमुंद विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त टीम की जानकारी सहित अन्य आधारभूत जानकारियां दी। पश्चात सभी प्रेक्षकों ने द्वारा मंडी परिसर में



बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम में प्रेक्षकों द्वारा मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालय, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, विधानसभा वार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने कहा कि मतदान दलों को सामग्री वितरण के दौरान सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सामग्रियों का वितरण किया जाए। वाहनों की व्यवस्था के लिए पहले से सेक्टर वाईज प्लानिंग कर लेवें। शौचालय सहित प्रांगण में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहे। परिसर में लगाए गए सभी सीसी टीवी कैमरा का परीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां 15 नवम्बर तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लेवें। इस दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।

**सभी व्यवस्थाएं समय के पूर्व करने के दिए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू सहित पुलिस एवं सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षकों ने व्यय लेखा टीम को निष्पक्ष एवं सजगता पूर्वक कार्य करने दिए निर्देश



**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जिले की विधानसभा क्षेत्र सरायपाली व बसना के व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा, महासमुंद व खल्लारी के व्यय प्रेक्षक नीलेश राउतकर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में व्यय लेखा टीम की बैठक ली।

बैठक में श्री शर्मा व श्री राउतकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होने निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकार्डिंग आदि करने कहा ताकि लेखा टीम को गणना करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी का रजिस्टर व शैडो रजिस्टर बेमेल न हो साथ ही उन्होने शैडो रजिस्टर को सही तरीके से अद्यतन करने के निर्देश दिए।

बैठक में लाइजनिंग अधिकारी सनत कुमार साहू, अब्दुल वहीद खान, लेखा अधिकारी श्रीमती मधुरिमा बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दशहरा में मुस्कान स्टार नाइट आयोजित

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर भटगांव से लगे ग्राम सिंघिचुआ में भव्य दशहरा उत्सव व मुस्कान स्टार नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी सिंघीचुआ के लोगों द्वारा रावण दहन दशहरा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें शाम पर 5 बजे शोभा यात्रा के साथ भगवान श्री राम की सेना रावण वध के लिए निकले और शाम 6 बजे रावण का वध किया। बतादे पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पहाड़ के नीचे पठार में दशहरा मैदान बनाया गया था। रावण वध के पश्चात पूजा आरती कर भगवान श्री राम की सेना माता सीता को लेकर अयोध्या लौटे। मुस्कान स्टार नाइट का कार्यक्रम रात 8 बजे प्रारंभ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर तुलेश्वर वैष्णव के साथ भटगांव की विशिष्ट अतिथि व समिति के सदस्य एवं पत्रकारगण शामिल थे। वही दशहरा उत्सव समिति के द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे सभी पत्रकारों का सम्मान किया गया।



ग्राम सिंघीचुआ के युवा वर्ग ने इस वर्ष बड़ा कार्यक्रम किया जिसमे मुस्कान स्टार नाइट के कलाकार बी ए फर्स्ट ईयर फिल्म के स्टार मुस्कान साहू के साथ छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अन्य साथी कलाकारों व रायपुर के टीम द्वारा बेहतरीन डांस ग्रुप, गीत संगीत छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुत किया। वही भटगांव थाना के जवान सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए थे वहीं देर रात तक चलने वाले कार्यक्रम में सोन मछरी, महुआ झरे, मोर ब ले दे ना राजा लाली लुगरा जैसे गानों से दर्शक काफी खुश नजर आए। नगर भटगांव की संख्या सिंगीचुआ दसरहरा कार्यक्रम में सर्वाधिक रहे और मुस्कान स्टार नाईट का लुफ्त उठाए।

# नशे की लत खत्म करने और युवाओं में जागरूकता लाने गरियाबंद पुलिस ने बनाया लघु फ़िल्म

**गरियाबंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। युवाओं में बढ़ते नशा के लत को खत्म करने और युवाओं को विकास की नई दिशा में ले जाने के साथ समाज को नशा मुक्त करने गरियाबंद जिला पुलिस द्वारा लघु फ़िल्म का निर्माण किया गया। फिल्म में धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणाम को बताते हुए समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जानकारी के मुताबिक पूरे फिल्म की शुटिंग नगर के हाई स्कूल, स्वामी आत्मानन्द स्कूल, कोचवाय पुल के साथ सीटी कोतवाली परिसर में की गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल ने बताया कि नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए जिला पुलिस लगातार प्रयास रत है। स्कुल कालेज में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बाद सोशल मीडिया और लधु फिल्म के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि नशा मुक्त समाज होगा तो अपराध मुक्त समाज भी बनेगा। अपराध की जड़ भी नशा है।



**शार्ट फिल्म के माध्यम से युवाओं दे रहे नशे से दूर रहने का संदेश**

**ये है फिल्म का संदेश:** नशे के ऊपर बनाए गए लघु फ़िल्म में माध्यमिक स्कूल के कुछ बच्चो में सिगरेट पीने का लत रहता है, उनके द्वारा स्कूल के सीधे बच्चो का मजाक उड़ाया जाता है, वही स्कूल के बिगड़ैल लड़के आगे कालेज पहुँचते पहुँचते शराब के आदि हो जाते है और नशे की हालत मोटरसाइकिल से दुर्घटना कर बैठते है। जिन्हें पुलिस थाना ले जाते है। वहां थाना प्रभारी वही स्कूल के सीधे लड़के रहता है उसे देखकर बिगडैल लड़के अफसोस करते है। तब तक उनका समय निकल चुका होता है और वे सिर्फ हाथ मलते दिखते है। इस लघु फ़िल्म का छत्तीसगढ़ी फ़िल्म के मशहुर डायरेक्टर हेमंत तिवारी कलाकार हिमांशु यादव, अमन तिवारी, जुनैरा खान, कनक राजपूत, कुशल तिवारी, वसीम खान को रखा गया है वही इस फ़िल्म निर्माण में सहयोगी के रूप में भीम निषाद, योगेश तिवारी, यश साहू, मनीष ठाकुर सूरज यादव, चूमन ठाकुर शामिल है।

ज्ञात हो कि शराब तम्बाकू या तम्बाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां परिलक्षित हो रही है। जो सभी के लिए चिंता का विषय है। इस फ़िल्म के माध्यम से पुलिस विभाग द्वारा जन चेतना विकसित करने हेतु जन सहयोग से नशापान के दुष्परिणामों युवाओं और आमजन लोगो तक पहुचाना इसका उद्देश्य है। फ़िल्म में शराब तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों को दिखाना व दुष्प्रभावों की जानकारी समुदाय में देना है।

# उपायुक्त सार्वा ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ली बड़ी बैठक

**धमतरी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपायुक्त पी सी सार्वा ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बड़ी बैठक ली। उन्होंने त्योहारी सीजन को देखते हुए शत प्रतिशत कचरा कलेक्शन करने के निर्देश दिए है। दीपावली का त्योहार आते ही सभी के घरों में साफ सफाई शुरू हो जाती है वही बहुत सारे पुराने सामान भी इस दौरान निकलते हैं, जिसको देखते हुए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पूर्ण रूप से करने के निर्देश उपायुक्त ने बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को और भी तत्परता से करें। इसको लेकर निगम ने भी सभी से सहयोग की अपील की है और कहा है कि कचरे को बाहर न फेके, कचरा और गंदगी न फैलाएं और न ही नाली में डालें। कचरे को अलग-अलग सुखा कचरा पृथक से तथा गीला कचरा पृथक से रखें। सूखा कचरा नीला



**त्योहारी सीजन को देखते हुए शत-प्रतिशत कचरा कलेक्शन के दिए निर्देश**

डस्टबिन में तथा गीला कचरा हरे डस्टबिन में रखकर ही प्रदान करें। बैठक में स्वच्छता दीदी जो कि डोर टू डोर कलेक्शन करती है तथा स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर जो सार्वजनिक एवं अन्य स्थानों से कचरा उठाने का काम करते हैं तथा सफाई का कार्य करते हैं इन्हें समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश उपायुक्त ने दिए हैं। उन्होंने सभी शहरवासियो से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, कहीं भी कचरा पसारने तथा फैलाने से हमें बचाना चाहिए, अन्यथा गंदगी बीमारी को न्यौता देगा। उल्लेखनीय है कि आयुक्त विनय कुमार पोयाम के निर्देश पर लगातार स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक करते हुए परिवर्तन लाने का काम किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि लोग सफाई वाहन को ही कचरा प्रदान कर रहे हैं। सफाई विभाग की बैठक में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मोहम्मद शेर खान, शशांक मिश्रा, सुपरवाइजर धनेश सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर तथा स्वच्छता दीदी सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

# जनता कांग्रेस से अशवंत तुषार और पंकज साहू ने भरा निर्दलीय नामांकन





**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नामांकन दाखिले के अंतिम दिन कलेक्टोरेट के बाहर गहमागहमी का माहौल था जिसके कारण यातायात व्यवस्था नगर में चरमराई हुई थी। दादाबाड़ा से जोगी कांग्रेस के प्रत्याशियों सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से किस्मतलाल नंद व महासमुंद विधानसभा से अशवंत तुषार साहू ने रैली के शक्ल में नामांकन दाखिल करने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे थे वहीं निर्दलीय प्रत्याशी पंकज साहू ने भी अपने समर्थकों के साथ रैली में पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। वे लगातार क्षेत्र में दौरा कर स्वस्थ व निष्पक्ष मतदान के लिए जनजागरण अभियान चला रहे हैं।

# किसानों के धान खरीदी को देवें प्राथमिकता, न हो तकलीफ, रखे विशेष ध्यान : कलेक्टर चंदन कुमार

**बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में 1 नवंबर से जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीमांत, छोटे किसानों के धान खरीदी को प्राथमिकता दें। धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की तकलीफन हो इसका विशेष ध्यान रखें। जिले के 1 लाख 59 हजार 855 पंजीकृत किसान आज से अपना धान बेचेंगें। इस वर्ष पहली बार बायोमेट्रिक प्रणाली एवं 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से लगभग 7 लाख 47 हजार 892 मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित की गई है। इसके लिए लगभग 37 हजार 394 बारदानें की व्यवस्था की गई है। जिसमें 50 प्रतिशत नये एवं 50 प्रतिशत पुरान बारदाना शामिल है। इस खरीफ्वर्ष जिले में चार नए उपार्जन केंद्र टिपावन, खैरी, खर्री एवं मड़कडा बनाए गए हैं उनमें समुचित व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस तरह जिले में उपार्जन केन्द्र की संख्या 162 से बढ़कर 166 हो गई है।



**धान उपार्जन हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न**

कलेक्टर श्री कुमार ने नए-पुराने बारदाने की उपलब्धता, मिलर्स का पंजीकरण, गिरदावरी का सत्यापन, संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था, सहित धान उर्पाजन केन्द्र में साफ-सफाई, कांटा-बाट का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र, बेमौसम बारिश से बचाव के लिए कैप कव्हर और पानी के निकासी की व्यवस्था, मानव संसाधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में संबंधित नोडल अधिकारियों का नाम एवं नंबर, धान का क्रय दर और आवश्यक जानकारी संबंधी बैनर चस्पा कराने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में समिति प्रबंधक, ऑपरेटर, नोडल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित थे। इस दौरान खाद्य अधिकारी विमल दुबे, उप पंजीयक सहकारिता सुरेन्द्र कुमार गोड़, उप संचालक कृषि दिलीप नायक, बैंक नोडल अधिकारी श्री शर्मा, जिला विपणन अधिकारी श्रीमति निधि शंशाक दुबे, नान संजय तिवारी सहित खाद्य विभाग, कृषि विभाग, नान, मार्कफेड और सहकारी बैंक के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2023-24 हेतु धान समर्थन मूल्य धान ग्रेड ए पतला 2203 रूपये प्रति क्विंटल, धान कामन मोटा एवं धान सरना 2183 रूपये प्रति क्विंटल, मक्का 2090 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/12 वर्ष 2022-2023
वाद भूमि ग्राम दामाखेडा प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम दामाखेड़ा प.ह.नं. 11 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शकुन्तला बैद बेवा श्री रमनलाल बैद जाति जैन निवासी दामाखेड़ा रा.नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के नाम शामिल खाता में ग्राम दामाखेड़ा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पटवारी अभिलेख में खसरा नंबर क्रमशः 1631/4 रकबा 0.2830 हे. की भूमि श्रीमती शकुन्तला बैद बेवा श्री रमनलाल बैद समित कुमार बैद शालू गोलछा दिप्ती सिंघवी पिता रमनलाल जाति जैन दर्ज है को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 (1) के तहत सूचनार्थ एवं धारा 59 (2) के तहत पुर्न निर्धारण व्यावसायिक प्रयोजन हेतु आवेदन पत्र मय बी-1 खसरा, नक्शा, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 03.11.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 18.10.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम चंदियापथरा प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक उत्तम पिता अमरनाथ जाति निवासी ग्राम चंदियापथरा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी दादा लुदूराम पिता जगत का मृत्यु दिनांक 20.12.2019 को ग्राम चंदियापथरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 06.11.2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दंडाधिकारी सिमगा

**न्यायालयः- न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

प्रोसेस क्रमांक 473
सरंक्षक/प्रतिपाल्य प्रकरण क्रमांक 16/2023
पेशी तारीख 07.11.2023
श्रीमती दयामति टण्डन वगैरह (वादिनीगण)
बनाम आम जनता (प्रतिवादीगण)
प्रति,
आम जनता जिनका संबंध इस प्रकरण से हो

वादिनी श्रीमती दयामति टण्डन (नाबालिग की दादी) पति श्री मोहन टण्डन उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम सोनाडीह तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने इस न्यायालय के समक्ष एक वाद पत्र अंतर्गत धारा 7 (1) (क) संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिकारी वास्ते नाबालिग वादिनी क्रमांक 02 नाबा. निशा टण्डन पिता स्व. श्री भारत टण्डन उम्र 11 वर्ष निवासी ग्राम सोनाडीह तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के पिता स्व. श्री भारत टण्डन की मृत्यु दिनांक 03.11.2019 एवं माता स्व. आशा टण्डन की दिनांक 07.08.2018 को निधन हो जाने से उपरोक्त नाबालिग के शरीर व संपत्ति का संरक्षक नियुक्त किये जाने की घोषणा बाबत प्रस्तुत किया गया है। अतः आम जनता जिनका इस प्रकरण से संबंध हो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 07.11.2023 को दिन 11 बजे वाद के उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है कि आप इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और आप उक्त दिवस में सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में शक्ति में है पेश करें जिस पर आपके प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेजों का लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। अतः आम जनता का जिसका इस प्रकरण में संबंध हो को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त वर्णित की गयी पेशी दिनांक 07.11.2023 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होते तो वाद की सुनवाई और उसका निराकरण आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः-यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 07.11.2023 को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारण से कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 13.10.2023 को को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर लगाकर जारी किया गया।

सील
(श्रीमती सुमन एक्का)
न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय
बलौदाबाजार छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. 202310211900009
ब / 121 वर्ष 2023-2024
ग्राम का नाम मेण्डरा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक होरीलाल निषाद पिता श्री गोवर्धन निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम मेण्डरा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम मेण्डरा प0ह0नं0 45 रा0नि0मं0 निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 412 / 2 रकबा 0.0530 हे0 भूमि के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान - किताब) गुम होने के कारण द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में तथा दिनांक 06/11/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 06/11/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/10/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
निपनिया

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

क्रमांक/ /प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 17/10/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण कोसागोंदी प.ह.नं. 01 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमेंदी राम आ. चैतूराम जाति केंवट निवासी कोसागोंदी तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता छितकी बाई पति स्व. चैतूराम की मृत्यु दिनांक 22/12/2013 को ग्राम कोसागोंदी में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10/11/2023 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महासमुंद छग स्थित भूमि खसरा नंबर 1030/9 रकबा 0.030 हे. भूमि जिस पर एक पक्का मकान बना है को भूमिस्वामी चंदन साहू पिता रामूलाल साहू ने मेरे पक्षकार श्रीमती चंद्रप्रभा देवांगन पिता बीरसिंग देवांगन के पास 5,05,000 रुपए में विक्रय करने का पक्का सौदा कर दिनांक 03/10/2022 तक 5,00,000 रुपए बयाने के रूप में प्राप्त कर लिया है तथा 5,000 रुपए रजिस्ट्री के समय अदा किया जाना शेष है। उपरोक्त संपत्ति को दिनांक 15/12/2022 को चंदन साहू को श्रीमती चन्द्रप्रभा देवांगन के पक्ष में शेष प्रतिफल लेकर विक्रय कर पंजीयन कराना था, किंतु चंदन साहू के द्वारा टाल-मटोल कर उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन नही कराया गया। श्रीमती चन्द्रप्रभा देवांगन द्वारा ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महासमुंद छग स्थित भूमि खसरा नंबर 1030/9 रकबा 0.030 हे. भूमि का पंजीयन उसके पक्ष में नही कराने पर सौदापूर्ति हेतु व्यवहार वाद श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महासमुंद के न्यायालय में संस्थित किया गया है। जिसका व्यवहार वाद क्रमांक ए-31/2023 है, जो कि वर्तमान में लंबित है। चंदन साहू छल-कपटपूर्वक उक्त भू-खंड को अंतरित करने का प्रयास कर रहा है तथा विभिन्न बैंकों में उक्त भू-खंड को बंधक/गिरवी रख रकम लेने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः इस सूचना के जरिए अवगत कराया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भू-खंड को कोई भी व्यक्ति या संस्था क्रय बंधक गिरवी न करे। इस सूचना के प्रकाशन के उपरांत कोई भी व्यक्ति या संस्था द्वारा भू-खंड को क्रय किया जाता है तो उसके समस्त परिणामों के लिए क्रेता दायित्वाधीन होगा।

जितेन्द्र इदीकर
अधिवक्ता
वार्ड नं. 26 क्लबपारा महासमुंद
जिला महासमुंद छग

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं उत्सव ध्रुव पिता श्री किरण कुमार ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) मेरे पिताजी पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे पिताजी के सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब अपने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

**उत्सव ध्रुव (Utsav Dhruw)**
**वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती रेखा ध्रुव पति श्री किरण कुमार ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) मेरे पति पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे पति के सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब अपने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

**श्रीमती रेखा ध्रुव**
**(Smt Rekha Dhruw)**
**वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एन मार्क ध्रुव पिता श्री किरण कुमार ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) मेरे पिताजी पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे पिताजी के सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब अपने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

**एन मार्क ध्रुव (N Mark Dhruw)**
**वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किरण कुमार ध्रुव पिता श्री कंवल सिंह ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत था। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब मैने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

**किरण ध्रुव (Kiran Dhruw)**
**वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

# किसान, मजदूर, भूमिहीन, लघुवनोपज संग्राहक परिवारों और व्यापारियों का कांग्रेस ने जीता भरोसा: मो. अकबर

**कवर्धा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के कांग्रेस प्रत्याशी अकबर भाई लगातार विधानसभा के विभिन्न वनांचल, मैदानी क्षेत्र में जनसंपर्क कर जनता के बीच पहुंच रहे है। कांग्रेस प्रत्याशी अकबर भाई ने जुनवानी जंगल, दुल्लापुर, कोठार, रबेली, लोहझरी, बैहरसरी, कवर्धा में जनसंपर्क किया और क्षेत्र के मतदाताओं को 07 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में पंजा छाप को वोट देने अपील भी कर रहे है।



कवर्धा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी अकबर भाई ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षों में राज्य के सभी किसान, मजदूर, भूमिहीन, लघुवनोपज संग्राहक परिवारों और व्यापारियों का भरोसा जीता है। उन्होंने जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस की सरकार राज्य फिर से बनाने के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा है। जनसपंर्क अभियान के दौरान जुनवानी जंगल, दुल्लापुर, कोठार, रबेली, लोहझरी, बैहरसरी,के किसानों, मजदूरों और युवाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में किसान, मजदूर, भूमिहीन, लघुवनोपज संग्राहक परिवारों और व्यपारियों का कांग्रेस ने भरोसा जीता। उन्होंने पूरे पांच साल हमारा ख्याल रखा है। उनके योजनाओ से हम सब आर्थिक रूप से मजूबत हो रहे है। किसानों ने कहा मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का भरोसा बरकरार है। भुपेश है तो भरोसा है का नारा भी लगाया। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता एवं प्रत्याशी श्री अकबर भाई ने कहा कि इस बार फिर से कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफी का वायदा किया है। इसके आलवा, 200 युनिट फ्री बिजली, महिला समूहों का ऋण माफ, तिवरा की समर्थन मूल्य पर खरीदी सहित महिलाओं, किसानों के लिए 08 बड़ी घोषणाओं से प्रदेश की जनता खुश है। उन्होंने कहा को जैसे कांग्रेस की सरकार बनते ही भुपेश सरकार ने किसानों का कर्ज माफ कर वादा निभाया था। इस बार फिर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही पूरे राज्य के किसानों का ऋण माफ का वादा निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मूख्यमंत्री श् भुपेश बघेल ने अपने कार्यो से राज्य किसानों, भूमिहीन श्रमिको, गोपाको, और अभी वर्गो का भरोसा जीता है।

कांग्रेस प्रत्याशी अकबर भाई ने कहा कि इस बार फिर से छत्तीसगढ़ में भरोसे की सरकार बनेगी।

काग्रेस प्रत्याशी अकबर भाई अपने विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण, महिलाओं, किसानों व युवाओं से मुलाकात कर रहे हैं। वही, उनसे मुलाकात के लिए क्षेत्र में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। अकबर भाई भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए वह सीधा-सीधा संपर्क कर रहे हैं।जनता भी अपना समर्थन अकबर भाई को दे रही है।

# भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा और धर्मजीत सिंह ने कुई-कुकदुर मंडल में किया जनसंपर्क

**कवर्धा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा लगातार विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर जनता के बीच उनकी समस्याओं से अवगत हो रही हैं. आज उन्होंने तखतपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मजीत सिंह के साथ पंडरिया विधानसभा के कुई-कुकदुर मंडल के वनांचल क्षेत्रों में ग्राम मुममुना, मुनगाडीह, सिंगपुर, कडमा, कामठी, भाठपुर, जोगीपारा, डालामौहा, भैसाडबरा, भेड़ागढ़, नवापारा, पोलमी, पुटपुटा, लखनपुर, कुकदूर और कुई में जनसंपर्क किया जहाँ क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया



इस दौरान भावना बोहरा ने 7 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की और कहा की वनांचल क्षेत्रों का सतत विकास उनकी प्राथमिकता है जिसे वे जनता के आशीर्वाद से जरुर पूरा करेंगी.

इस दौरान तखतपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मजीत सिंह ने कहा की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस तरह से प्रदेश को बदहाल किया है. विकास कार्य के नाम पर केवल भ्रष्टाचार को अंजाम दिया. कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को देखें तो गोठान घोटाला, गोबर घोटाला, पीएससी घोटाला, शराब घोटाला जैसे कई घोटाले कर जनता के पैसों का बंदरबांट किया. आज पूरा छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कुशासन से जनता त्रस्त है और आगामी चुनाव में जनता इसका जरुर जवाब देगी. भावना बोहरा द्वारा लगातार जनसेवा के जो कार्य किये जा रहें हैं उससे आप सभी अवगत हैं, उन्होंने अपने क्षेत्र में जो कार्य किये हैं उन्हें पूरे विधानसभा में संचालित करने के लिए आप सभी 7 नवम्बर को होने वाले पंडरिया विधानसभा चुनाव में उन्हें प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए अपना आशीर्वाद जरुर प्रदान करें.

इस दौरान भावना बोहरा ने जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सभी की हमारे वनांचल क्षेत्र में कई ऐसे धार्मिक व पर्यटन स्थल हैं जो कांग्रेस सरकार के कुशासन के कारण अपना अस्तित्व खो रहें हैं हम आने वाले पांच वर्षों में इन सभी स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में उनका विकास करेंगे. सड़क, बिजली,पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ हम कुई-कुकदूर मंडल को विकास के नए पथ पर अग्रसर करते हुए यहाँ रोजगार के नए अवसर लेकर आयंगे. हमने वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए जो भी रुपरेखा तय की है वह जल्द ही आप सभी के समक्ष हम प्रस्तुत करेंगे और मुझे विश्वास है की उसे पूरा करने में हम आप सभी के सहयोग से जरुर सफल होंगे. पंडरिया विधानसभा में हम जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना करेंगे जहाँ आपकी हर समस्याओं, तकलीफों का त्वरित निराकरण होगा.

उन्होंने आगे कहा कि पंडरिया के समुचित विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं. अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में उन्होंने जो सेवा कार्य एवं सुविधाओं जैसे एम्बुलेंस, हेल्थ पैथ लैब, बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा व अन्य जनहित के कार्यों का लाभ पूरे पंडरिया विधानसभा विधानसभा की जनता को दिलाना ही उनका लक्ष्य है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा में 7 जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जाएगी जहाँ जनता की मूलभूत समस्याओं, दुविधाओं एवं शासकीय कार्यों में आ रही बाधाओं सहित शासकीय योजनाओं का लाभ लेने संबंधी सभी कार्यों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी. इस दौरान ग्रामवासियों ने उन्हें एम्बुलेंस वाली दीदी कहकर स्वागत किया तथा आगामी विधानसभा चुनाव में विजय का आशीर्वाद दिया.

# चुनाव को देखते हुए एक्शन मोड में पुलिस

## 1402 लोगों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**बिलासपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों और आरोपियों पर ताबड़तोड़ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है. बीते 10 महीने में 19544 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई और इस महीने आचार संहिता के दौरान 1402 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है.

बिलासपुर पुलिस

इस चुनावी वर्ष में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जनवरी महीने से अब तक 275 लोगों पर 109 सीआरपीसी, ,3276 लोगों के ऊपर 151 सीआरपीसी, 15,664 लोगों पर धारा 107/16 के तहत कार्रवाई की गई हैं. 323 बदमाशों पर पर 110 सीआरपीसी की कार्रवाई की गई है.

इस महीने आचार संहिता लगने के दौरान बिलासपुर पुलिस द्वारा लगभग तीन हफ्ते में 1402 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर 1474 लोगों को बाऊंड ओवर किया गया. दो बदमाश पर एनएसए और एक जिला बदर हुए हैं. इस पूरे वर्ष में अब तक कुल 19,544 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयां की गई हैं. सकड़ों लोग जेल भेजें गए हैं. 2022 में पूरे वर्ष में कुल 3803 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और 2021 में 1,858 लोगों पर कार्रवाईयां हुई थी.

# विवाद के बाद क्लीनिक में महिला कर्मचारी की हत्या

**जांजगीर चांपा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के शिवरीनारायणके चंद्र क्लिनिक में विवाद के बाद एक महिला कर्मचारी की लाश मिली है, इस मामले में पुलिस ने क्लिनिक संचालक डॉ जितेंद्र चंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।



■ गले पर मिले चोट के निशान, आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ की टेंपल सिटी के नाम से पहचानी जाने वाली शिवरीनारायण में डॉक्टर जितेंद्र चंद्र के क्लीनिक में एक महिला का शव संदिग्ध स्थिति में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जाँच में जुट गई है।

एसडीओपी यदुमणि सिदार ने बताया की बीएएमएस डॉक्टर जितेंद्र चंद्र का महिला कर्मी के साथ विवाद हुआ था और इसके बाद मौके पर शव मिला है। उसके गले पर चोट के निशान पाए गए हैं। 302 आईपीसी के अंतर्गत संचालक डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि क्लीनिक का संचालन किस तरीके से किया जा रहा था इस बारे में पृथक से जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को कहा जाएगा। जिस तरह से महिला कर्मचारी का शव यहां पर मिला है उससे मामला स्पष्ट हो गया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में कई और चीज स्पष्ट हो सकती हैं।

# अंतागढ़-रायपुर पैसेंजर ट्रेन में आई तकनीकी खराबी

**बालोद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतागढ़ से रायपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में तकनीकी खराबी के चलते भैंसबोड़ के पास रुक गई. सुबह 6:30 से बालोद जिला के भैंसबोड़ स्टेशन के पास गाड़ी रुकने से ट्रेन में सवार यात्री परेशान होते रहे. रोजमर्रा या ड्यूटी आने जाने वाले यात्रियों को इससे सबसे ज्यादा परेशानी हुई है. फिलहाल ट्रेन में आई तकनीकी खराबी को सुधारने में विभाग के टैक्नीशियन जुटे हुए हैं. वहीं कई यात्री प्राइवेट गाड़ियां बुलाकर अपनी मंजिल की ओर हुए रवाना हो गए हैं. तो कई अब भी मझधार में फंसे हुए हैं.



■ रास्ते में रुकी गाड़ी, यात्री परेशान, अर्जेन्ट काम होने से पैदल निकले कई लोग

इनमें से कई यात्रियों को अपने काम से दुर्ग, भिलाई, रायपुर जाना था, वे सब परेशान हैं. इसमें से कई यात्री अर्जेन्ट काम होने के चलते अपना सामान लेकर बस स्टैंड तक पैदल निकल गए. कुसुमकसा से भिलाई जा रही नेहा साहू हाईटेक हॉस्पिटल नेहरु नगर में जॉब करती हैं, उन्होंने बताया कि मैं कुसुमकसा से ट्रेन में बैठी हूं. 12 बजे मेरी शिफ्ट है. ट्रेन का सफर सस्ता है इसलिए ट्रेन से आना जाना करते हैं. लेकिन ट्रेन 6:30 से खराब हो गई है. जिससे काफी परेशानी हो रही है.

यात्री नीलिमा स्याम ने बताया कि वह लॉ की छात्रा हैं. अपने निजी काम से मंडला जा रही थी. उसकी दुर्ग से बस है, लेकिन ट्रेन भैंसबोड़ गांव के पास खराब होने से उनकी बस छूट गई है. काफी परेशानी हो रही है.

# कलेक्टर ने ली धान उपार्जन स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक

■ धान खरीद हेतु सतर्क रहकर दायित्वों का पालन करें और आचार संहिता का पालन किया जाए कलेक्टर

■ आज से होगी धान की खरीदी

**बेमेतरा** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में कल 1 नवम्बर (बुधवार) से जिले के 129 धान उपार्जन केंद्र किसानों से गुलज़ार होंगे। किसानों को उनकी मेहनत का लाभ मिलने की शुरुआत होगी, यानी धान की खरीदी शुरू हो जाएगी। इसी को लेकर कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपार्जन स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मानसिक व शारीरिक रूप से धान खरीदी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने कहा । किसानों को कोई परेशानी, असुविधा ना हो इसका ख्याल रखने कहा। उपार्जन केंद्रों में छाया-पानी की व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से सुगम धान खरीदी के लिए सतर्क रहकर सौपे गये दायित्वों का पालन करने की बात कही। ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश दिए।बैठक में उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डड़सेना, ज़िला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी सहित उपार्जन नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



धान एवं मक्का का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान की खरीदी विगत खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में संचालित और नवीन बनाए गए खरीदी केन्द्रों में की जाएगी। इस प्रकार जिले की 102 सहकारी समितियों के सभी 129 खरीदी केंद्रों में धान किया जाएगा।

जिले में खरीफ सीजन 2023-24 में जिले में अब तक 158529 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया हैं। पिछले साल 1 लाख 53 हज़ार किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था। जिनका रकबा 1 लाख 83 हज़ार 242 हेक्टेयर था। जो बड़ कर इस साल 1 लाख 85 हज़ार 928 हेक्टेयर हो गया है। जो किसान अभी तक पंजीयन नहीं कराए है वह आज 31 अक्टूबर तक करा सकते है। इस साल धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 802842 मैट्रिक टन है। पिछले साल अनुमानित लक्ष्य 679187 मैट्रिक टन था।

भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 2023-24 के लिए औसत अच्छे किस्म के कॉमन धान के लिए 2183 रूपए और ए-ग्रेड धान के लिए 2203 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तय किया गया है। मक्के के लिए 2090 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य होगा।

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी आगामी 01 नवम्बर से 31 जनवरी 2024 तक और मक्का की खरीदी आगामी 01 नवम्बर से 28 फ़रवरी 2024 तक की जाएगी । राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी दिशा-निर्देशानुसार धान खरीफ वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 20 चिंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। इसी प्रकार मक्का खरीदी की अधिकतम सीमा 10 चिंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। इस बार धान ख़रीदी कार्य में पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक आधारित खाद्यान्न उपार्जन प्रक्रिया से किया जायेगा। धान और मक्का खरीदी की समस्त राशि का भुगतान किसानों के खाते में डिजिटल मोड से किया जाएगा।

# पहले चरण के लिए 2-3 नवंबर को डाक मत पत्र से कर सकेंगे मतदान

**कांकेर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा निर्वाचन-2023 में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए अधिकारी, कर्मचारी, दिव्यांग व संगवारी मतदान दलों द्वारा निर्धारित प्रारूप-12 में विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर मतदान किये गये हैं। ऐसे मतदाता जो डाक मतपत्र से मतदान के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने के बाद भी आज पर्यन्त तक मतदान नहीं कर पाये हैं तथा कांकेर जिले के ऐसे मतदाता जो जिले से बाहर पदस्थ हैं, जो विधिवत रूप से डाक मतपत्र हेतु आवेदन कर चुके हैं।




साथ ही ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो मतदान करने से छूट गये हैं, वे 2 नवम्बर को सुविधा केन्द्र संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन, तृतीय तल, कक्ष क्रमांक-15, प्रशिक्षण हॉल कांकेर में उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। इसी प्रकार पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, सैनिक जिन्होंने विधिवत रूप से प्रारूप-12 में आवेदन कर चुके हैं, वह 3 नवम्बर को पुलिस लाईन सिंगारभाट सुविधा केन्द्र में मतदान कर सकते हैं।

# खपरी दरबार में हुई मारपीट, बलवा कांड में कांति के परिवार को मिली जमानत

**खैरागढ़,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम खपरी दरबार में 18 जून 2015 को गांव के ही इद्रोहित पिता दुलारू राम ने छुईखदान थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा था। जिसमे आरोपी कांति पति मगल नेताम उम्र 45 वर्ष मगल नेताम पिता सखा राम उम्र 50 वर्ष लक्की पिता मंगल नेताम उम्र 24 वर्ष हेमंत पिता मगल नेताम उम्र 20 वर्ष सखा राम पिता भगोली नेताम उम्र 70 वर्ष जगौतीन बाई पति सखा राम उम्र 65 वर्ष सभी निवासी खपरी दरबार के रहने वाले है। इद्रोहित व कांति के परिवार में मारपीट बलवा जैसे घटना घटित हुई थी।जिसमे छुईखदान पुलिस ने आरोपी कांति के परिवार वालों की ऊपर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 147,149,294,506 बी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गाय था। जो विचाराधीन था। आरोपी पक्ष ने बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर किया था जहां से आरोपी पक्ष कांति सहित परिवार को जमानत की अर्जी मिल गई है।

# निर्दलीय प्रत्याशी संजारी बालोद विस से नामांकन भरने के बाद कर रही घर-घर जनसंपर्क

■ मीना साहू के मैदान में उतरने से अब बालोद में त्रिकोणीय मुकाबला

**बालोद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के तहत बालोद क्षेत्र का चुनाव भी अब मीना साहू के मैदान में उतरने पर और ज्यादा दिलचस्प हो गया है। भारी भीड़ के साथ नामांकन रैली निकालने के बाद अब आशंकाओं के बादल भी छठ गए हैं। मीना साहू का चुनाव लड़ना तय हो गया है। इसके साथ ही यह भी निश्चित हो गया है कि बालोद विधानसभा में अब त्रिकोणीय मुकाबला होगा। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहा है चुनावी समीकरण बन और बिगड़ रहे हैं। हमेशा से सुर्खियों में रहने वाला बालोद विधानसभा क्षेत्र का चुनाव इस बार भी सुर्खियों में रहने वाला है। साथ ही बहुत दिलचस्प भी होने वाला है। इसका कारण यह है की दोनों राजनीतिक दलों के अलावा मीना साहू ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आवेदन भर कर हुंकार भर दिया है। नामांकन रैली में भीड़ का अनुपात देखा जाए तो मीना साहू की नामांकन रैली में भी काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। इसीलिए अभी से अनुमान लगाया जा रहा है कि बालोद में त्रिकोणीय मुकाबला तय है।



मीना साहू द्वारा निकाली गई नामांकन रैली को लोग हुंकार रैली के रूप में देख रहे हैं। जिस तरह कांग्रेस से पिछले 10 सालों से टिकट मांगने पर भी टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर और नामांकन डालकर मीना साहू ने एक तरह से हुंकार ही भरी है। उन्हें सभी समाजों के समर्थन का दावा भी किया जा रहा है। इस रैली में बताया जा रहा है कि लोग स्वतंत्र रूप से शामिल हुए थे। विभिन्न सूचना माध्यमों से मीना साहू ने सिर्फलोगों से नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की थी और लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। अब देखना यह है कि मीना साहू की हुंकार रैली आगे क्या.क्या गुल खिलाती है। वैसे तो कांग्रेस में टिकट की घोषणा होने के बाद से ही यह कयास लगाया जा रहा था कि मीना साहू निर्दलीय चुनाव लड़ सकती है। हालांकि संगठन द्वारा उन्हें मनाने का प्रयास भी किया गया लेकिन उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला ले लिया था। नामांकन के दौर तक भी कांग्रेस उम्मीद लगाए बैठी थी कि शायद मीना साहू नामांकन न भरे। लेकिन 30 अक्टूबर को नामांकन रैली निकालकर उन्होंने सबको बता दिया कि वह चुनाव मैदान में हैं।

जिस तरह से बालोद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी संगीता सिन्हा व भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव को टक्कर देती हुई निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मीना साहू ने नामांकन भरा है इससे माना जा रहा है कि निश्चित रूप से मीना कहीं न कहीं दोनों राजनीतिक दलों का समीकरण बिगाड़ सकती है। राजनीतिक सूत्र तो बताते हैं कि मीना साहू से दोनों ही राजनीतिक दलों के नाराज कार्यकर्ता संपर्क में हैं। यदि नाराज कार्यकर्ता मीना का साथ देते हैं तो निश्चित रूप से मीना का पलड़ा भारी ही रहेगा। हालांकि चुनाव में अभी 17 दिन बाकी है और 17 दिनों में कई खेल खेले जा सकते हैं। वर्तमान स्थिति देखा जाए तो नामांकन की तारीख की समाप्ति के बाद अभी दोनों ही राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा चुनाव प्रचार प्रचार में आगे हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों को अभी चुनाव चिन्ह भी आवंटन नहीं हुआ है। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद ही चुनावी प्रचार प्रसार जोर पकड़ेगा। जबकि भाजपा और कांग्रेस में प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। वर्तमान में भाजपा और कांग्रेस दोनों चुनाव प्रचार प्रचार में एक दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में है। दोनों के जगह जगह वॉल राइटिंग हो चुके हैं। बैनर पोस्टर भी तेजी के साथ लगाए जा रहे हैं।

देशबन्धु पाठकों के लिए

माह अक्टूबर 2023 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 नवम्बर 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 01.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.33 | 92 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 107 | 195 |

डिलीवरी 548 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### चुनावी साये में धान खरीदी की शुरुआत

छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव के साये में बुधवार से प्रदेश भर में धान खरीदी शुरू हो रही है। प्रदेश में 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में राज्य के चुनाव निर्धारित हुए हैं। बस्तर व उससे जुड़े कुछ क्षेत्रों के साथ गिनी-चुनी 20 सीटों पर पहले और शेष सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा। इसके लिये प्रचार एवं नामांकन आदि की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में पूरे छग में पूर्व घोषणा के अनुसार धान खरीदी का जो कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, उसके अंतर्गत 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जायेगा। उम्मीद है कि 26 लाख किसान अपना धान बेचेंगे जिसके लिये राज्य सरकार ने पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलाकर प्रति क्विंटल 2650 रुपये की घोषणा की है जो कि देश भर में सर्वाधिक है।

वैसे तो धान खरीदी कोई पहली बार नहीं हो रही है परन्तु इस मौके पर देश के ज्यादातर राज्य एवं कांग्रेस इस कार्य का भरपूर उल्लेख कर रही है। किसानों के लिये चिंता एवं उनकी तरक्की को छग की मौजूदा सरकार ने पहले दिन से ही अपनी वरीयता का विषय बना रखा है। किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत उन्हें दी जाने वाली नकद राशि, कर्ज माफी एवं कृषि व ग्राम आधारित योजनाओं के चलते लोगों का झुकाव खेती की ओर बढ़ा है। जब इस सरकार ने कामकाज सम्भाला था, पंजीकृत किसानों की संख्या करीब 17 लाख थी जो आज बढ़कर तकरीबन 26 लाख हो गई है।

यह धान खरीदी इसलिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि छत्तीसगढ़ का जीवन इसी पर निर्भर है। राज्य की मुख्य फसल धान को होने का कारण यह है कि किसानों की पहली पसंद यही है। सभी फसलों के मुकाबले वे इसी को वरीयता देते हैं। दूसरे, यह मानसून की बारिश पर निर्भर फसल है जिसमें अपेक्षाकृत कम मेहनत लगती है। प्रदेश में अच्छी बरसात और अच्छी धूप पड़ती है। इस बार भी कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाये तो पूरे राज्य में सामान्य से भी अधिक उत्पादन होने की आशा है। इसके चलते उन्हें अच्छी आय होने की पूरी उम्मीद है। फिर, राज्य के किसानों की अच्छी आय का सीधा सम्बन्ध प्रदेश की समृद्धि से है। किसानों की जेब में पैसे होने का मतलब है बाजार में अच्छी खरीदी का होना। यह राजकोष को भी भरता है। पिछले पांच वर्षों में न केवल पंजीकृत किसानों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है वरन उत्पादन में भी वृद्धि हुई है जिससे सरकार द्वारा दान खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ता चला गया है। मौजूदा सरकार का यह अंतिम धान खरीदी कार्यक्रम है जिसकी पूरे राज्य में तैयारियां कर ली गई हैं। आशा है कि इस वर्ष भी अपना धान को बेचकर किसान समृद्ध होंगे।

**उल्टा पुल्टा**

गुरु जी- बस इरादे बुलंद होने चाहिये, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
लड़का- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं!
गुरु जी- कैसे...?
लड़का- हैंडपंप से...!!!

# बस्तर क्षेत्र में सटोरियों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

## 2 सटोरियों को 38,63,200 रुपए नगद के साथ किया गिरफ्तार

- लैपटाप एवं मोबाईल फोन से आनलाईन जुआ खिलाते पाये गये आरोपी
- 1 लैपटाप, 10 मोबाईल, 15 नग सट्टा पर्ची व एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक जप्त



**जगदलपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा जुआ खेलाते पाये गये दो सटोरियों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कोतवाली को मिली सूचना पर, थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु अलग अलग टीम गठित किया गया। उक्त टीमों के द्वारा शहर के ईतवारी बाजार में दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। जिनके द्वारा मोबाईल और लेपटाप के माध्यम से ऑनलाइन जुआ सट्टा खेलाते पाया गया। जिनसे पुछताछ करने पर अपना अपना नाम दंतेश्वर राव उर्फ दंती राव निवासी ईतवारी बाजार जगदलपुर और रितेश कुमार त्रिवेदी निवासी मदर टेरेसा वार्ड जगदलपुर का रहने वाले बताये। जिनके मौके पर ही आरोपियों के कब्जे से 1 लेपटॉप, 10 नग मोबाईल, नगदी रकम 38,63,200/- रूपये व सट्टा पर्ची 15 नग, एटीएम कार्ड व पासबुक को बरामद कर, जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 6 (क), 7 (1) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# सीमांत, छोटे किसानों के धान खरीदी को देवें प्राथमिकता : कलेक्टर



**धान उपार्जन हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**जगदलपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 1 नवंबर से जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों की सोमवार की शाम समीक्षा बैठक में कहा कि सीमांत, छोटे किसानों के धान खरीदी को प्राथमिकता दें। उन्होंने इस खरीफ वर्ष चार नए उपार्जन केंद्र उलनार, कोसली, घाटपदमुर और सिवनी (हिरलाभाटा) बनाए गए हैं उनमें समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय ने नए-पुराने बारदाने की उपलब्धता, मिलर्स का पंजीकरण, गिरदावरी का सत्यापन, संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था, सहित धान उर्पाजन केन्द्र में साफ-सफाई, कांटा-बाट का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र, बेमौसम बारिश से बचाव के लिए कैप कव्हर और पानी के निकासी की व्यवस्था, मानव संसाधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में संबंधित नोडल अधिकारियों का नाम एवं नंबर, धान का क्रय दर और आवश्यक जानकारी संबंधी बैनर चस्पा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य विभाग, कृषि विभाग, नान, मार्कफेड और सहकारी बैंक के अशिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ



**दंतेवाड़ा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एकता दिवस (लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती) के अवसर पर 31 अक्टूबर को आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को सत्य निष्ठा से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश की सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। इस क्रम में अधिकारी-कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव किए जा सके देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ



**दंतेवाड़ा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदान करने के लिए आज संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जगदलपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत तीनों विधानसभा क्षेत्र में माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षकों सुब्रत गुप्ता, आरएच ठाकरे और सुदेश कुमार मोखटा की उपस्थिति में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के प्रेरणासभा में दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान स्थल की मतदान प्रक्रिया की सभी गतिविधियों को आब्जर्व करने का भूमिका को माइक्रो ऑब्जर्वर एक मौका के रूप में देखें, संलग्न अधिकारी रूटीन कार्य से हटकर चुनाव में सहभागिता निभाते हुए निर्वाचन करवाने का अवसर मिला है उसे जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन समय सभी माइक्रो ऑब्जर्वर समय पर केंद्र पहुँचे, माइक्रो ऑब्जर्वर को दी गई जिम्मेदारी के तहत इस प्रशिक्षण में सूक्ष्म जानकारियों को समझे तथा मतदान दिवस में अपनी कार्य को शिद्दत से निर्वहन करें। मंगलवार को इस प्रशिक्षण में बैंक, एनएमडीसी, केंद्रीय विद्यालय, एलआईसी, डाक विभाग के सम्बन्धित 95 माइक्रो ऑब्जर्वर अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ईव्हीएम और वीवीपेट मशीन की बारीकियों की जानकारी और उनके द्वारा भरे जाने वाले फार्म की भी जानकारी दिया गया ताकि पूरी प्रक्रिया से सभी वाकिफ रहें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, प्रशिक्षण प्रभारी संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सामान्य प्रेक्षक ने देखा मतदान दलों का प्रशिक्षण

- मास्टर ट्रेनर्स ने 470 कर्मियों को दी ट्रेनिंग
- स्ट्रांग रूम और नियंत्रण कक्ष का भी अवलोकन



**दंतेवाड़ा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले में मतदान दलों का द्वितीय चरण प्रशिक्षण आरंभ किया गया है। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला दंतेवाड़ा में आयोजित मतदान दलों के द्वितीय चरण प्रशिक्षण का अवलोकन करने पहुंचे सामान्य प्रेक्षक अनुराग पटेल ने मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों सहित जोनल अधिकारियों को गहन प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देशित किया। उन्होने मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने सहित ईव्हीएम का उपयोग तथा वीवीपेट मशीन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बल दिया। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों के करीब 470 अधिकारी कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया मॉक पोल सहित ईव्हीएम का उपयोग करने, सीलिंग प्रक्रिया और वीवीपेट का उपयोग इत्यादि के बारे में पावर पॉइंट प्रस्तुति के जरिये प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षणरत अधिकारी-कर्मचारियों के शंकाओं का समाधान किया। इसके पूर्व नवनियुक्त प्रेक्षक अनुराग पटेल ने जिला कार्यालय में स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, व्यय प्रेक्षक शाखा, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण शाखा, वाहन अनुमति कक्ष, वेयर हाउस, स्थित वीवीपैट एवं ईव्हीएम कक्षों का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महारानी अस्पताल के लैब तकनीकीशियन मंडल सेवानिवृत्त



**जगदलपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के सनसिटी निवासी गौरी प्रसाद मंडल आज शासकीय सेवा कार्य से रिटायर्ड हुए जिसके बाद लैब तकनीकीशियन को फुल माला पहनाकर स्टाफ ने भाव भीनी बिदाई दी। लैब प्रभारी डा राकेश रात्रे ने कहा कि वह दिल लगाकर मरीजों की सेवा करते आ रहें थे उनके सेवानिवृत्त होने पर हमें उनकी कमी खलेगी। सहकर्मी एस एस मुखर्जी ने कहा कि वह दिन दुखियों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। विपिन तिवारी ने कहा कि मंडल जी को दादा कहकर सभी संबोधित करते थे, सभी कर्मचारियों से अपना पन था। श्री मंडल के सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ द्वारा उनके दीर्घायु रहने तथा उज्जवल भविष्य की कामना है। श्री मंडल ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# जल जीवन मिशन में भुगतान लंबित, आत्मदाह की चेतावनी

- परेशान ठेकेदार ने 4 नवंबर को आत्मघाती कदम उठाने की दी सूचना
- पीएचई के ईई के साथ कलेक्टर-एसपी को सौंपा पत्र

**दंतेवाड़ा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन में कार्य पूर्ण होने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर परेशान ठेकेदार ने 4 नवंबर को कलेक्टोरेट के बाहर आत्मदाह की चेतावनी है। इस आशय का पत्र उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को सौंपते हुए इसकी प्रतिलिपि कलेक्टर और एसपी दंतेवाड़ा को भी भेजी है।

ठेकेदार ओम प्रकाश सिंह श्रीनारायणा कन्स्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े हैं। इन्होंने पत्र में बताया है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 40 केएल तीन टंकी निर्माण, शत प्रतिशत एफएसटी निर्माण एवं पाईप लाईन का कार्य पूर्ण करने के बाद भी उनका लगभग 70 से 80 लाख का भुगतान लंबित है। पिछले चार-पांच महीने से विभाग का चक्कर काटने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। 72 वर्षीय रिटायर इंजीनियर श्री सिंह ने बताया कि अन्य संभागों का डिमांड खोलकर भुगतान किया गया। पुन: डिमांड खोला जा रहा है, लेकिन दंतेवाड़ा का भुगतान डिमांड नहीं खोला जा रहा है।

बताया जा रहा है कि दंतेवाड़ा का कार्य कम है। उनके द्वारा तीन कार्य का 80 प्रतिशत से अधिक करने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। कार्य स्थल पर भुगतान नहीं होने के कारण कार्य पूरा भी नहीं हो रहा है। इस वजह से वे मानसिक रूप से परेशान हैं। 4 नवंबर को दोपहर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बेटा चुनाव लड़ रहा, सादगी के साथ मां बेच रही सब्जी

- चर्चा के केन्द्र में भाजपा उम्मीदवार की मां की जीवन शैली
- छिंदनार बाजार में पिछले 20 वर्षो से बेचती है सब्जी



**दंतेवाड़ा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सादगी के साथ जन सेवा भाजपा का आदर्श और संकल्प तथा मानवीय पहलू का सूत्र वाक्य है। भाजपा कैडर बेस पार्टी है। यहां का हर कार्यकर्ता अपने आचरण से ऐसा आदर्श प्रस्तुत करता है कि वह औरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाता है। किसी भी बड़े मुकाम में या पद में पहुंचने के बावजूद अगर परिवार के लोग अपनी सादगी पूर्ण जीवन शैली से लोगों का ध्यान खींचे तो चर्चा अवश्य होती है।

इन दिनों चुनावी माहौल है। दंतेवाड़ा से भाजपा ने जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी को अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री अटामी लंबे समय से भाजपा के साथ ही उनके अनुशांगिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। श्री अटामी की मां पाकली जो 65 वर्ष की है, आज भी बाजार में सब्जी बेचती है। छिंदनार बाजार में उन्हें सब्जी बेचते देख लोगों को सुखद आश्चर्य हुआ। आस पास के लोग बताते हैं कि पाकली पिछले 20 वर्षो से इसी तरह बाजार में सब्जी बेचती है। बेटे चैतराम के भाजपा जिला अध्यक्ष बनने और अभी विधानसभा में प्रत्याशी बनने के बावजूद उनकी जीवन शैली में कोई बदलाव नहीं आया है। श्री अटामी पिछले 28 वर्षो से भाजपा के बतौर कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होने बूथ स्तर से लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष तक का सफर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता एवं पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा के दम पर तय किया है। इस दौरान वे जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य रहते हुए पार्टी में मंडल स्तर पर विभिन्न दायित्व तथा जिला महामंत्री भी बने।

भारतीय जनता पार्टी की विशेषता है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे नेताओ के घर परिवार के सदस्य आज >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस ने दिखाई ताकत

## हजारों कार्यकर्ताओं के साथ विशाल शोभायात्रा निकाल दोनों प्रत्याशियों, अमितेश शुक्ल व जनकराम ध्रुव ने भरा नामांकन





- भाजपा के लोग जाति धर्म के नाम बरगलायेंगे, सतर्क रहे : अमितेश शुक्ल
- बिन्द्रानवाढ़ से 15 साल का वनवास खत्म करना है : जनकराम ध्रुव

**गरियाबंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए नामांकन पत्र जमा करने के आखिरी दिन सोमवार को जिले से कांग्रेस पार्टी के दोनो प्रत्याशियों अमितेश शुक्ल और जनकराम ध्रुव ने अपना नामांकन जमा किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ साथ दोनो ही प्रत्याशियो ने जिला मुख्यालय में जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक बाजे गाजे के साथ विशाल रैली निकाली। जहां अमितेश शुक्ल ने राजिम और जनकराम ध्रुव ने बिन्द्रानवागढ़ के लिए नामांकन भरा।

नामांकन के पहले दोनो ही प्रत्याशियो ने गांधी मैदान में आमसभा भी की। जिसमें हाल में भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए पूर्व केन्द्रीय मंत्री नंदकुमार साय भी शामिल हुए। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू सहित जिले के दोनो विधानसभा से हजारो की संख्या में कांग्रेसी मौजुद रहे। इसके पहले गरियाबंद पहुॅचने पर राजिम प्रत्याशी अमितेश शुक्ल और बिन्द्रानवागढ़ प्रत्याशी जनकराम ध्रुव का शहर के तिरंगा चौक में गाजे बाजे, फटाखो और पुष्पमाला के साथ कांग्रेसियो ने गर्मजोशी से स्वागत भी किया। जिसके बाद दोनो आमसभा के लिए बढ़ गए।

**भूपेश सरकार ने किसानो के हित में ऐतिहासिक काम किया - अमितेष शुक्ल**

इस दौरान गांधी मैदान मे आयोजित विशाल आमसभा में प्रथम पंचायत मंत्री तथा राजिम प्रत्याशी अमितेश शुक्ल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा कि भूपेश सरकार ने किसानो की चिंता की उनके हित में ऐतिहासिक काम किया। अब भूमिहीन किसानो को सात हजार से बढ़ाकर 10 हजार रूपए देने, प्रति एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी और किसानो फिर से कर्जा माफ घोषणा की है। वही भाजपा की केन्द्र सरकार ने किसान के विकास में अडंगा डालने का काम किया है। उन्होने कहा कि चुनाव में भाजपा के लोग तरह तरह से धर्म और जाति के नाम पर बरगलाने की कोशिश करेंगे। अडानी अंबानी का पैंसा भी लगेगा। लेकिन हमे सतर्क और सावधान रहना है। लोगो ने भूपेश बघेल पर भरोसा जताया है उसे बरकरार रखना है।

सभा में बिंद्रानवागढ़ प्रत्याशी जनक राम ध्रुव ने कहा कि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से अब 15 साल का वनवास 15 साल सुखा खत्म करना है। उन्होने कहा कि पिछले 15 सालो से प्रदेश में भय भ्रष्टाचार का आंतक था। इसे मिटा कर भूपेश बघेल ने पांच साल में किसान, मजदूर, महिला, युवा हर वर्ग के लिए विभिन्न कार्य योजना बनाकर छत्तीसगढ़ को देश के सर्वोच्च शिखर में ले गए। आज छत्तीसगढ़ माडल चला रहे है। हमें भाजपा के 15 साल के भ्रष्ट कार्यकाल और भूपेश बघेल के पांच साल के विकास कार्यो को लेकर जनता के बीच जाना है। अब बिन्द्रानवागढ़ की तस्वीर बदलनी है। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू ने किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति स्मृति ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, शबीर मुर्तुजा खान, नरेंद्र देवांगन, रामकुमार वर्मा, सन्नी मेमन, युगल पांडेय, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, उपाध्यक्ष योगेश साहू, मधुबाला रात्रे, राजेश साहू प्रेम सोनवानी, हाफिज खान, समद खान, मक्कू दीक्षित, हरमेश चावड़ा, अमित मिरी, रामकुमार गोस्वामी, विकास तिवारी, योगेश बघेल, नादिर कुरैशी, छगन यादव, रूपेश साहू, रामकुमार गोस्वामी, चंन्द्रभूषण चौहान, जुनैत खान, पुनाराम यादव, राजेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी की निकली नामांकन रैली



- स्पष्ट बहुमत की बनेगी छत्तीसगढ़ में सरकार : शिवरतन शर्मा
- लगभग 5000 मोटर साईकिल से पहुचे कार्यकर्ता भाटापारा से बलौदाबाजार

**भाटापारा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन का आज आखरी दिन था। नामांकन के अंतिम दिन भाटापारा से बलौदाबाजार भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा के साथ लगभग 5000 मोटर साइकिल से भाजपा चारो मंडल से एक साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में क्षेत्रवासि नामांकन पत्र दाखिल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान बलौदाबाजार में केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली मुख्य रूप से मौजूद थे। भाटापारा विधानसभा सीट से भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि हम पूर्ण बहुमत से सरकार बना रहे हैं। च्च्कांग्रेस ने पांच साल तक जनता को धोखा दिया है ज्ज् छत्तीसगढ़ घोटालों का गढ़ बन चुका है। आम जनता के बीच सच्चाई उजागर हुई है। इस बार प्रदेश में कांग्रेस सरकार के परिवर्तन की तैयारी है।

# रश्मि के समर्थन में प्रचार करने गांव-गांव में घूम रही राशि



**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग महासमुंद विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर को जीत दिलाने के लिए श्रीमती चंद्राकर और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार करने के लिए विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में घूम रही है। रविवार को श्रीमती महिलांग ने झलप, टूरीडीह, गोंगल, तुरेंगा, छिलपावन समेत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में प्रचार किया। उन्होंने मतदाताओं से छग में पुन: कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि छग में 15 साल में जो भाजपा के डॉ रमन सिंह नहीं कर पाए वो कांग्रेस सरकार बनने के बाद 5 साल में भूपेश बघेल ने कर दिखाया।

# कांग्रेस की जनघोषणाओं से अंचलवासियों में हर्ष व्याप्त : द्वारिकाधीश

**बागबाहरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, कवर्धा, भानुप्रतापपुर एवं कोंडागांव में आयोजित चुनावी आम सभा में प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहको को 4 हज़ार रूपये बोनस राशि सालाना देने, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने, भूमिहीन खेतिहर मजदूरो को सालाना 10 हज़ार देने समेत गांवों में फ़ूड प्रोसेसिंग प्लांट खोले जाने एवं जाति जनगणना कराने की ऐलान कर बड़ी सौगातें देने पर अंचलवासियो में हर्ष व्याप्त है। जिसका पुरजोर स्वागत खल्लारी क्षेत्र के युवा कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव एवं कार्यकर्ताओ ने किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर किसानो का कर्जा माफ़ कर उन्हें बड़ी राहत दी जाएगी। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही गरीबो के साथ और मोदी सरकार अमीरो के साथ मिलकर काम कर रही हैं। जो देश को खोखला बनाने में लगे हुए हैं। प्रदेशवासियों के हित के लिए कांग्रेस पार्टी जनकल्याणकारी योजनाए लगातार लागू कर रही है। जिससे प्रदेश के लोगो को अच्छा ख़ासा लाभ मिलेगा।



खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय युवा कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम खट्टी, सेनभांठा, अमनपुरी, भालूकोना, परसूली, परकोम, बनियातोरा, पंडरीपानी, कारागुला, राटापाली, बहेराभांठा, झलमला, झिटकी, मुड़पार, नर्रा, कोकड़ी, बिंद्रावन, पतेरापाली, सराईपाली आदि गाँवों में सघन जनसम्पर्क कर ग्रामीण मतदाता भाई-बहनो को कांग्रेस पार्टी के पंजा छाप में वोट देकर फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने की अपील की है। ताकि हमारे पार्टी के बड़ी-बड़ी घोषणाओं का भरपूर लाभ लोगो को मिल सकें। कांग्रेस का हाथ और प्रदेश का साथ हमेशा बना रहे। हमर कका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाँच साल में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास किया है। उनके कार्यकाल से सभी वर्गो के लोग खुश हैं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो सबका हित चाहती है। श्री यादव के साथ चुनावी जनसम्पर्क अभियान में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि निषाद, संतोष पटेल, मनोहर ठाकुर, गणेश शर्मा,.रामेश्वर चक्रधारी, उत्तम राणा, खोमेश साहू, तीरथ राम पटेल, राजेश त्रिपाठी, उत्तर कुमार ध्रुव, उमेश जैन, पुनऊ राम ध्रुव, भारत लाल ठाकुर, केजूराम चक्रधारी, नवनीत नाग आदि कार्यकर्ता मौजूद थें।

# गायत्री शक्ति पीठ द्वारा कन्या कौशल शिविर आयोजित



**कटगी/बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। गायत्री शक्तिपीठ कसडोल के द्वारा 27 से 29 अक्टूबर 2023 को तीन दिवसीय आवासीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए प्रान्तिय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की केंद्रीय टोली कसडोल पहुंची। जिसमें टोली नायक डॉ. कुंती साहू दीदी, सुश्री शांता साहू दीदी, सुश्री मीना ध्रुव दीदी एवं श्रीमती प्रतिभा देवांगन दीदी शामिल रही। कार्यक्रम में 200 कन्याओं एवं 50 से अधिक गायत्री परिवार के कार्यकर्ता भाई-बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कन्याओं को व्यक्तित्व निर्माण, जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने की कला, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके, कर्मफल के सिद्धांत, साइबर क्राइम से बचने के उपाय एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

## 1 नवंबर को खड़गे व सीएम की आमसभा महासमुंद में

**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा छग प्रभारी कुमारी शैलजा की आमसभा स्थानीय हाई स्कूल मैदान में 1 नवंबर को दोपहर 1 बजे रखी गई है। इसकी तैयारी कांग्रेस ने शुरू कर दी है। नामांकर के सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एनाउंसमेंट कर दी जा रही थी। रविवार को मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कार्यक्रम की तैयारियां देखी।

## पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी

**बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी (सलाह) जारी किया गया है। जांच के दौरान स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 एवं छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी एस. डी. विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बास, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने नहीं बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैम्प, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वत: बन्द हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन नहीं गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 केजी क्षमता का डीपीएस अग्नि शामक यन्त्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए।

# जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 64 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन पत्र

**कसडोल 23, बलौदाबाजार 15, भाटापारा क्षेत्र के लिए 26 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन**

**बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 64 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर.आर. दुबे ने बताया कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के लिए कुल 23, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के लिए कुल 15, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के लिए कुल 26 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आज 30 अक्टूबर 2023 दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई थी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 को की जा रही है। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवम्बर 2023 तक है। तथा 2 नवम्बर 2023 को प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा। मतदान 17 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 को पूर्ण कर लिया जाएगा।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी संदीप साहू, भारतीय जनता पार्टी धनीराम धीवर, बहुजन समाज पार्टी डॉ. देवदत्त बरतामसी, आम आदमी पार्टी से लेखराम साहू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे मनहरण दास गुरूगोसांई, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी डॉ देवेश वर्मा, समाजवादी पार्टी पुरूषोत्तम सोनी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी धनेश कुमार कोसले, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी छबीलाल पैकरा, हमर राज पार्टी सुश्री परमेश्वरी पैकरा, गण सुरक्षा पार्टी गोप कुमार पटेल, आजाद जनता पार्टी जगजीवन राम सतनामी, निर्दलीय मनोज कुमार आडिल, शिवशंकर अग्रवाल, रामनारायण निषाद, प्रीतलाल कुर्रे, लीलाधर निषाद, गोरेलाल साहू, कृष्ण कुमार यदु, संदीप साहू, धनीराम केंवट, शैलेन्द्र एवं अमरीका साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी शैलेष नितिन त्रिवेदी, भारतीय जनता पार्टी टंकराम वर्मा, भारतीय जनता पाटी कुशल राम वर्मा, बहुजन समाज पार्टी राजकुमार पात्रे, आम आदमी पार्टी संतोष यदु, शिवसेना इंद्रजीत साहू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे योगेश साहू, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दशरथ जायसवाल, गण सुरक्षा पार्टी दुर्गेश्वरी देवी धृतलहरे, निर्दलीय गंगाराम सेन, गौकरण निषाद, नीलम संजय भारद्वाज, राजा दुलरवा, डेमन लाल वर्मा, नरोत्तम दास बंजारे ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी इंद्रकुमार साव, भारतीय जनता पार्टी शिवरतन शर्मा, खेमदास टंण्डन बहुजन समाज पार्टी, जितेन्द्र बंजारे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे, मनोहर साहू समाजवादी पार्टी, शिवसेना सुरेन्द्र कुमार यदु, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी चंद्रकांत यदु, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दयाशंकर निषाद, रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया गोपाल प्रसाद साहू, भारतीय बहुजन कांग्रेस शत्रुहन प्रसाद साहू, असंख्य समाज पार्टी गोपाल नट, निर्दलीय कृष्ण कुमार बंजारे, व्यास नारायण वर्मा, रेशम लाल जोगी, खेमराज साहू, संतोष ध्रुव, सेवकराम साहू, राधेलाल मिर्झा, देवप्रसाद कोसले, राजेन्द्र कुमार जांगड़े, प्रकाश दिवाकर, सुनिता देहरी, पंचराम, प्रवीण कुमार साहू, नरेश कुमार कोसले, राकेश कुमार ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जल जीवन मिशन में भुगतान...

तीन बजे वे कलेक्टोरेट बाउंड्री के बाहर आत्मदाह करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। उन्होंने इसकी जानकारी लिखित प्रतिलिपि में कलेक्टर-एसपी के साथ ही मिशन संचालक जल जीवन मिशन रायपुर, मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर और अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर को भेजी है। श्री सिंह ने यह भी बताया कि भुगतान नहीं मिलने के कारण वे मजदूरों को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं।

### बेटा चुनाव लड़ रहा...

भी सादगी से अपना जीवन व्यापन कर रहे हैं और उनके परिवार के सदस्यों के जीवनशैली पर कोई बदलाव नहीं है। श्री अटामी की तुलना भले ही इन सर्वोच्च पद के व्यक्तियों से करना उचित नहीं हो, लेकिन जो सादगी और सरलता श्री अटामी की मां की जीवन शैली में दिख रही है, वह अपने आप में नमन करने योग्य है।

# गुड़ गर्म, शक्कर शांत, मिलों में पिराई सत्र चालू

**भाटापारा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ठहरी हुई है शक्कर लेकिन गुड़ के तेवर तीखे हैं। यह तेवर दिसंबर अंत तक देखा जाता रहेगा। इस धारणा के बीच सप्लाई जोरों पर है, तो अग्रिम सौदे भी साथ-साथ किए जा रहे हैं।

प्रदेश के फीडर मार्केट राजधानी रायपुर पर गुड़ और शक्कर की आपूर्ति के लिए चौतरफा दबाव बना हुआ है। दीप पर्व के साथ शीत ऋतु के लिए गुड़ और शक्कर में जैसी स्थितियां बनी हुई है, उसमें हैरानी गुड़ की कीमत को लेकर व्यक्त की जा रही है क्योंकि यह शक्कर से किलो पीछे 5 से 8 रुपए आगे चल रहा है।



**शक्कर से आगे गुड़**

दीप पर्व और शीत ऋतु। बड़ी वजह बने हुए हैं, गुड़ में मांग के लिए। ऐसे में गुड़ में खरीदी 50 रुपए किलो में हो रही है जबकि शक्कर 42 से 45 रुपए किलो पर स्थिर है। कीमत ज्यादा होने के बावजूद गुड़ में खरीदारी की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत ज्यादा है। इसमें बढ़त की संभावना व्यक्त की जा रही है।

**फीडर मार्केट पर दबाव**

गुड़ और शक्कर के लिए रायपुर की पहचान प्रदेश में फीडर मार्केट के रूप में होती है। सीजन की जैसी मांग निकली हुई है, उससे इस पर आपूर्ति के लिए दबाव बढ़ा हुआ है। राहत की बात यह है कि शॉर्टेज जैसी स्थिति नहीं है क्योंकि शक्कर का मासिक कोटा बढ़ा हुआ है, तो गुड़ की आपूर्ति महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से नियमित बनी हुई है।

**थोक में ऐसा है बाजार**

शक्कर में होलसेल मार्केट में 4000 रुपए चिंटल पर सौदे हो रहे हैं। सीजन है इसलिए मांग के दबाव के बीच गुड़ में थोक भाव 4200 से 4300 रूपए चिंटल बोले जा रहे हैं। तेजी की धारणा, बेहद मामूली है क्योंकि मांग के अनुरूप आपूर्ति हो रही है।

# अवैध गांजा, आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**भाटापारा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 29.10.2023 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला माल धक्का लाईन भाटापारा के पास एक व्यक्ति एक बैंगनी रंग के बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखा है तथा गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर मुखबीर के बताएं अनुसार माल धक्का लाईन भाटापारा पहुंचकर सिद्ध बाबा रेल्वे गेट तरफ से हाथ में बैंगनी रंग का बैग रखे पैदल आ रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर हमराह स्टाफ द्वारा पकडकर पुछताछ किया जो अपना नाम *दिनेश बंसल पिता छोटेलाल बंसल उम्र 19 साल निवासी पथरिया वार्ड नं. 06 थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का रहने वाला बताया हाथ में रखे बैंगनी रंग के बैग को चेक करने पर बैग के अअंदर मादक पदार्थ गांजा जैसा 02 पैकेट मिला जिसमें भूरे रंग के प्लास्टिक टेप से बंधा हुआ मिला मौके पर तलाशी लिया गया जिसमे कुल 4.600 किलो ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) कीमती 45000/रू को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (क्ब) नारकोटिक एक्ट का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में गया। *उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में सउनि सुरेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो, आरक्षक विजय शंकर ठाकुर, सत्यम यादव, उमेश वर्मा, सीताराम ध्रुव का विशेष योगदान रहा थाना भाटापारा शहर में अवैध जुआ-सटटा, शराब, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम का सघन जनसंपर्क

**कोण्डागांव**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के आदिम जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 83 के कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम का अपने विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क जारी है। मंगलवार को वे अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने उनके बीच पहुंचे और पिछली दो बार की तरह इस बार भी आशीर्वाद प्रदान कर विजयी बनाने की अपील की।

मंगलवार की सुबह मोहन मरकाम ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत अनंतपुर ग्राम पंचायत से की। इसके बाद उन्होंने गुमाड़ी, एरला, गागड़ा, सिवनी, बेलोंडी, तोरेंगा, तोरंडी, राक्सबेड़ा, जोंधरा, धराली, सोडमा समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा ग्राम पंचायतों में जा कर चुनावी चौपाल लगाई और गांव के बुजुर्गो, महिलाओं, युवाओं और किसान भाइयों से संवाद किया तथा कांग्रेस सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों के समक्ष रखा और इस चुनाव में प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

ग्राम पंचायत एरला में मोहन मरकाम ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुआ कहा कि दो तरीके के फूल होते हैं एक अप्रैल फूल और दूसरा भाजपा का कमल फूल। भाजपा 15 साल से लोगों को झूठ बोलती आ रही है उनकी सरकार ने कर्ज़ माफ करने का वायदा किया था लेकिन 15 साल सत्ता के काबिज़ रहने के बावजूद किसानों का कर्ज़ माफ नहीं किया। प्रदेश के किसानों को अप्रैल फूल बनाते रहे और हम किसानों का कर्ज़ माफ कर रहे हैं तो ये भाजपा के लोग कहते हैं कि रेवड़ी बांट रहे हैं। हमारी सरकार ने जो भी वायदे किये उन वायदों को पूरा करके दिखाया। किसानों के कर्ज़ माफी साथ ही



किसानों से किये वायदे के अनुसार 2500रु/- प्रति किवंटल की दर से धान की खरीदी भी की है जो अब बढ़कर इस साल 2800रु/- प्रति चिंटल की दर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की जायेगी। उन्होंने कहा की प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर फिर से किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा।

ग्राम पंचायत बैलोंडी में मोहन मरकाम ने कहा कि हमारी सरकार ने क्षेत्र के सभी समाज के लिये सामुदायिक भवन का निर्माण कराया। हमारे आदिवासी भाइयों के लिए कोंडागांव में आदिवासी भवन बनवाया है। अगर आप लोग हमें फिर से अवसर प्रदान करेंगे तो विकास की यह धारा निरंतर बहती रहेगी।

ग्राम पंचायत तोरेंगा पहुंचने पर गांव के युवाओं ने बाईक रैली निकाल कर अपने प्रिय नेता का स्वागत किया। इसके पश्चात मोहन मरकार ने ग्राम के मंदिर में पूजा-अर्चना कर जनसंपर्क शुरू किया। गांव के लोगों द्वारा गांव की समस्याएं बताए जाने पर मोहन मरकाम ने गांववासियों को आश्वस्त किया मैं आप लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दूंगा। हमारी सरकार बनते ही हम अपने सभी वायदों को पूरा करना प्रारंभ कर देंगे।

ग्राम पंचायत तोरण्डी में उन्होंने कहा की च्भाजपा ने चूल्हे में खाना बनाने वाली प्रदेश की माताओं और बहनों को मुफ्त में सिलेण्डर बांटे थे ताकि उनका स्वास्थ्य खराब न हो लेकिन महिलाओं की इतनी चिंता करने वाली भाजपा ने सिलेण्डर का दाम बढ़ाकर 1200 रूपये कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही हम प्रति गैस सिलेण्डर पर 500 रूपये की सब्सिडी देंगे।

ग्राम पंचायत तोरंडी और ग्राम पंचायत राकशबेड़ा में क्रमश: 12 और 22 भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोहन मरकाम के समक्ष कांग्रेस में प्रवेश किया। वहीं ग्राम पंचायत तोरंगा में 8 भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। मोहन मरकाम ने सभी को तिलक लगाकर और कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया और कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

ग्राम पंचायत सोडमा में मोहन मरकाम ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुआ कहा की उनके 15 साल के कार्यकाल में 15 हजार किसान भाइयों ने फांसी लगा कर आत्महत्या की और जब से कांग्रेस सरकार आई है तब से किसानों को बहुत राहत मिला है। तेंदुपत्ता का दाम हमारी सरकार आने से 4000रु प्रति मानक बोरा है और सरकार बनने के बाद प्रतिवर्ष 4000रु बोनस भी दिया जायेगा। प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में केजी (च्त्र) से पीजी (क्क्त्र) तक की सारी शिक्षा नि:शुल्क दी जाएगी।

# सेजेस बड़ेराजपुर में मानव श्रृंखला बनाकर बताया वोट का महत्व



**कोण्डागांव**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के बडेराजपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु मंगलवार 31अक्टूबर को अपने स्कूल में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला और मानव आकृति बनाकर आमजन को मतदान का संदेश दिया। सर्प्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा सभी विद्यार्थियों को मतदान के बारे तथा मतदान के महत्व के बारे में बताया गया तथा उसके बाद विद्यार्थियों ने डू वोट मानव (वोट करें) श्रृंखला बनाई और आमजन से मतदान का आह्वान किया। इस मानव श्रृंखला के माध्यम से विद्यार्थियों ने सभी वयस्क नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है तथा मतदाता सूची में जिनका नाम जुड़ा है उन्हें अपना अमूल्य वोट देने हेतु जागरूक किया। वहीं विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों और अन्य परिवारजनों को 7 नवंबर और 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालयीन प्राचार्य सीएल मरकाम तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर व जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता-अखंडता बनाए रखने की शपथ



**कोण्डागांव**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने एवं अपने देशवासियों के इसका संदेश फैलाने प्रयत्न करने एवं देश की एकता की भावना को सुदृढ़ करने के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल से प्रेरणा लेते हुए अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, शंकर लाल सिन्हा, अनिकेत साहू, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, सीमा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान, जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहायक ग्रेड-1 तुलसी दास नागेश को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**कोण्डागांव**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला जनसम्पर्क कार्यालय कोण्डागांव में कार्यरत सहायक ग्रेड-01 तुलसीदास नागेश को सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को जिला कार्यालय स्थित जनसम्पर्क कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें सहायक संचालक अर्जुन पांडे द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं उनके स्वस्थ तथा सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि जनसंपर्क विभाग में दी गई उनकी सेवाएं अमूल्य हैं। वे लंबे समय से यहां कार्यरत रहे हैं तथा शासन के योजनाओं के प्रसार-प्रसार के लिए आयोजित फोटो प्रदर्शनी तथा भेंट-मुलाकात सहित विभिन्न आयोजनों में समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सहकर्मियों ने भी श्री नागेश को जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से अपनी सेवाएं देते हुए विभाग में उनके योगदान की प्रशंसा की एवं उनके सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। श्री नागेश ने भाव विभोर होकर कहा कि जनसंपर्क विभाग में सबके साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में कार्य करने का अवसर मिला। शासकीय सेवा में विभिन्न अधिकारियों के साथ कार्य करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने अपने शासकीय सेवाओं के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सहायक सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल, सोशल मीडिया जिला समन्वयक राकेश दर्रो, सहायक ग्रेड-02 सहदेव मौर्य, सहायक ग्रेड-03 घनश्याम नेताम उपस्थित रहे।



**सेवानिवृत्ति के साथ दिया गया पेंशन प्राधिकार पत्र**

# भाजपा में शामिल हुई पार्षद रेणु राव



**दंतेवाड़ा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव की बेला में भाजपा प्रवेश का सिलसिला शुरू हुआ है। दंतेवाड़ा की पार्षद श्रीमती रेणु राव ने छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

**पिथौरा**, 31 अक्टूबर। ईराष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज रेल डाक सेवा आर पी संभाग एवम पी, एस, डी रायपुर द्वारा एकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमे निदेशक डाक सेवायें छ:ग्ऱपरिमंडल उपस्थित रहे। संभाग द्वारा देश की आंतरिक सुरक्षा बनाये रखने का संकल्प लिया गया। इसके पूर्व एक्ता रैली का भी आयोजन डाक कर्मियों द्वारा किया गया।




# निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर बारीकी से रखी जाएगी नजर

## माइक्रो आब्जर्वर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान कराने हेतु निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने के लिए माईक्रो ऑब्जर्वर्स को जिला कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष में सोमवार को प्रशिक्षण दिया गया।



इस अवसर पर केशकाल विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक एसडी मांढरे ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में माईक्रो ऑब्जर्वर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो और निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित निर्वाचन का उद्देश्य पूरा हो, इसके लिए माईक्रो ऑब्जर्वर को मतदान केन्द्र के प्रत्येक गतिविधि पर बारीक नजर रखना आवश्यक है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर तत्परतापूर्वक हस्तक्षेप भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के माध्यम से मतदान केन्द्र में प्रत्येक घटना की विश्वसनीय जानकारी माईक्रो आब्जर्वर्स के माध्यम से ही प्राप्त होगी। इस दौरान कोण्डागांव विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक बालाजी दिगम्बर मंजुरे ने कहा कि मतदान केन्द्र में उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं के साथ ही मतदान के दिन की पूरी प्रक्रिया पर माईक्रो आब्जर्वर्स द्वारा नजर रखी जाएगी। मतदान के दिन मॉक पोल, एजेंटों की उपस्थिति से लेकर मतदान की समाप्ति तक हर गतिविधि पर नजर रखना और उसका प्रतिवेदन तैयार करना माईक्रो ऑब्जर्वर्स का दायित्व है।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने कहा कि माईक्रो ऑब्जर्वर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है तथा उनके दायित्वों से अवगत कराने के लिए आज यहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चुनाव से पूर्व उन्हें एक बार पुन: प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही निर्वाचन आयोग की वेबसाईट पर भी माईक्रो ऑब्जर्वर्स के लिए मार्गदर्शिका उपलब्ध है, जिसका अध्ययन कर वे स्वयं को दायित्वों के लिए तैयार करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित माईक्रो ऑब्जर्वर्स उपस्थित थे।

# दंतेवाड़ा में त्रिकोणी मुकाबला

**दंतेवाड़ा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव में अब प्रचार जोर पकड़ने लगा है। कांग्रेस-भाजपा सहित आम आदमी पार्टी की प्रचार गाड़ियां सड़कों पर सरपट दौड़ रही हैं। प्रत्याशी नुक्कड़ सभाओं के साथ गांव और शहर में जन संपर्क में लगे हुए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिजित अंशुल तथा भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर व सह प्रभारी नितिन नवीन कार्यकर्ताओं के बीच दंतेवाड़ा पहुंचे और उनका मार्गदर्शन किया।




दंतेवाड़ा में जीत-हार की चर्चा के बीच उम्मीदवारों की छबि, पिछले पांच साल के कामकाज, स्थानीय समस्याओं के समाधान की पहल, सहित कई मुद्दों पर मंथन जारी है। अब तक कि स्थिति में कांग्रेस-भाजपा की सीधे मुकाबले को आम आदमी पार्टी ने रोचक बना दिया है। इस बार कांग्रेस से शहीद महेन्द्र कर्मा के सुपुत्र छविन्द्र कर्मा, भाजपा से जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, आम आदमी पार्टी से बल्लू भवानी और सीपीआई से भीमसेन मंडावी चुनावी मैदान में हैं। अपने चुनाव चिन्ह के बगैर मैदान में डटी सीपीआई के वोट किस तरफ जायेंगे, यह भी बड़ा सवाल है। फिल्ड में प्रचार और सक्रियता की लिहाज से बात करें तो कमोबेश भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर हैं। इनके वोट बैंक में आम आदमी पार्टी बड़ी शालीनता के साथ अपनी पहुंच दर्ज करा रही है। किरन्दुल-बचेली के औद्योगिक इलाके में सीपीआई के जो प्रतिबद्ध मतदाता हैं, उनके सामने बड़ी दुविधा की स्थिति है। उनके वोट किस तरफ होंगे, इस आधार पर भी कांग्रेस-भाजपा की जीत हार तय होगी। शहरी इलाके जैसे बारसूर, गीदम, दंतेवाड़ा और बचेली-किरन्दुल में भाजपा का एक फिक्स वोट बैंक है, जो बदलता नहीं। भाजपा को हमेशा की तरह इन पर ही ज्यादा भरोसा है। वहीं कांग्रेस ग्रामीण क्षेत्रों में अपने परम्परागत मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के भरोसे जीत का सपना देख रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही शहरी और ग्रामीण इलाकों में चुनावी की तैयारी के हिसाब से एक-दूसरे को जितनी ताकत से पटखनी देंगे परिणाम उनके पक्ष में होगा। गांवों पर कांग्रेस को बेहद भरोसा है, जबकि शहर में भाजपा का विश्वास का स्तर ओवर कॉन्फिडेंश के लेबल में है। बारसूर में अमूलकर नाग कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचायेंगे तो आम आदमी पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा से ज्यादा कांग्रेस को डेमेज करेगी। इसके बावजूद कांग्रेस के रणनीतिकार इन तथ्यों से अवगत होकर अपनी जीत की राह आसान बना रहे हैं। कांग्रेस के लिए एक प्लस यह भी है कि भूपेश सरकार ने अपनी योजनाओं के जरिये लोगों का दिल जीता है। दंतेवाड़ा में भी शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल बना है। ग्रामीण इलाकों में अधो संरचना विकसित हुई है। इसका फायदा कांग्रेस को निश्चित रूप से मिलेगा। बहरहाल अब से 7 दिनों बाद मतदान है। इन 7 दिनों में प्रचार, प्रबंधन और रणनीति किस तरह से मतदाताओं को रिझा पायेगी यह देखना होगा। इसके बाद ही परिणाम का सही-सही आंकलन किया जा सकेगा। 7 उम्मीदवारों वाले इस दंतेवाड़ा विधानसभा में मांई दंतेश्वरी के आशीर्वाद से चुनावीं माहौल बेहद शालीन और सौहार्द्रपूर्ण है। स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के संकल्प के साथ जुटे प्रशासन और पुलिस तथा सुरक्षा एजेन्सियों के लिए यह बड़ी राहत वाली बात है।

- हफ्ते भर बाद मतदान, मतदाताओं के बीच पहुंच रहे उम्मीदवार
- कांग्रेस को गांव तो भाजपा को शहरों पर भरोसा
- सीपीआई, आम आदमी पार्टी की होगी निर्णायक भूमिका

# कलेक्टर ने लिया दंतेश्वरी कारीडोर निर्माण का जायजा

## गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश



**दंतेवाड़ा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में चल रहा कार्यों का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्यों को तेज गति से सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी मंदिर के परिसर में रिवर फ्रंट, कॉरिडोर सहित अन्य कार्य निर्माणाधीन हैं। निर्माण कार्यों के निष्पादन के साथ ही मन्दिर को भव्य स्वरूप दिया जायेगा। कलेक्टर ने इसके साथ ही पूरे मन्दिर परिसर में भ्रमण कर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता भी जांची। कलेक्टर श्री नंदनवार ने कार्यों का अवलोकन करते हुए सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश देते हुए जल्द ही कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता आरके ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान के लिए रहेगी चाक-चौबंद सुरक्षा, कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा व्यवस्था की चर्चा

**कोण्डागांव**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। इस दौरान नक्सल दृष्टि और राजनैतिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों के साथ ही सामान्य क्षेत्रों में भी सुरक्षा दल तैनात रहेंगे। निर्वाचन के दौरान शांति एवं सुरक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के भूतल स्थित सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में कलेक्टर ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रुम में कड़ी चौकसी रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात करने को कहा। इसके साथ ही यहां सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही मोबाईल नेटवर्क विहीन मतदान केन्द्रों में निर्वाचन के दौरान संपर्क बनाए रखने के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की, जिससे मतदान का कार्य सुचारु रुप से जारी रहे। उन्होंने मतदान दलों की रवानगी और वापसी के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मतदान दलों के पहुंचने के पूर्व ही सुरक्षा जवानों को तैनात रहने को कहा।

कलेक्टर ने उड़न दस्ता दल और स्थैतिक निगरानी दलों को सतर्कतापूर्वक कार्य करने तथा मतदाताओं को प्रलोभित करने हेतु सामग्री, शराब या रकम आदि परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनैतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभित करने की किसी भी अवैधानिक कार्य की शिकायत प्राप्त होने पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सूचना तंत्र का उपयोग करने को भी कहा।

कलेक्टर ने इस दौरान शस्त्र निषेधाज्ञा का कड़ाई से पालन करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करते हुए पाए जाने पर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने, बिना अनुमति के राजनैतिक प्रचार-प्रसार का कार्य करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, कोण्डागांव विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, केशकाल विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी शंकर लाल सिन्हा सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने पहुंचे ओम माथुर

## प्रदेश संगठन महामंत्री साय भी पहुंचे दंतेवाड़ा



**दंतेवाड़ा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के दिग्गज नेता ओम माथुर,नितिन नबीन एवं पवन साय आज अपने विशेष विमान से निर्धारित कार्यक्रमानुसार दंतेवाड़ा पहुंचे। इन दिग्गजों ने भाजपा जिला कार्यालय पहुँच पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए ओम माथुर ने कहा कि देखिए मैं पहले भी दौरे में आ चुका हूं। पूरे चुनाव को दो हिस्से में बांटा गया है, पॉलिटिकल और टेक्निकल । पूरे चुनाव में हमारे बूथ स्तर की तैयारी किस प्रकार है। एक कोर टीम की बैठक करने के लिए आया हुआ हूं। संपूर्ण जानकारी बूथ स्तर की हमारी शक्ति केंद्र की टीम सक्रिय है कि नहीं, हमारी जिला की टीम सक्रिय है कि नहीं है यही जानकारी के लिए आया हुं। भारतीय जनता पार्टी हमारे कार्यकर्ताओं के ही मेहनत के आधार पर चुनाव लड़ती है। साल भर से जो मैं माहौल सुन रहा हूं कार्यकर्ताओं के मन में पूरी जोश है, आने वाला चुनाव हम भारी बहुमत से जीतेंगे।

संपादकीय

## चुनावी साये में धान खरीदी की शुरुआत

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव के साये में बुधवार से प्रदेश भर में धान खरीदी शुरु हो रही है। प्रदेश में 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में राज्य के चुनाव निर्धारित हुए हैं। बस्तर व उससे जुड़े कुछ क्षेत्रों के साथ गिनी-चुनी 2 सीटों पर पहले और शेष सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा। इसके लिये प्रचार एवं नामांकन आदि की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में पूरे छ्ग में पूर्व घोषणा के अनुसार धान खरीदी का जो कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, उसके अंतर्गत 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जायेगा। उम्मीद है कि 26 लाख किसान अपना धान बेचेंगे जिसके लिये राज्य सरकार ने पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलाकर प्रति क्विंटल 265 रुपये की घोषणा की है जो कि देश भर में सर्वाधिक है।*

*वैसे तो धान खरीदी कोई पहली बार नहीं हो रही है परन्तु इस मौके पर देश के ज्यादातर राज्य एवं कांग्रेस इस कार्य का भरपूर उल्लेख कर रही है। किसानों के लिये चिंता एवं उनकी तरक्की को छ्ग की मौजूदा सरकार ने पहले दिन से ही अपनी वरीयता का विषय बना रखा है। किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत उन्हें दी जाने वाली नकद राशि, कर्ज माफी एवं कृषि व ग्राम आधारित योजनाओं के चलते लोगों का झुकाव खेती की ओर बढ़ा है। जब इस सरकार ने कामकाज सम्भाला था, पंजीकृत किसानों की संख्या करीब 17 लाख थी जो आज बढ़कर तकरीबन 26 लाख हो गई है।*

*यह धान खरीदी इसलिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि छत्तीसगढ़ का जीवन इसी पर निर्भर है। राज्य की मुख्य फसल धान को होने का कारण यह है कि किसानों की पहली पसंद यही है। सभी फसलों के मुकाबले वे इसी को वरीयता देते हैं। दूसरे, यह मानसून की बारिश पर निर्भर फसल है जिसमें अपेक्षाकृत कम मेहनत लगती है। प्रदेश में अच्छी बरसात और अच्छी धूप पड़ती है। इस बार भी कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाये तो पूरे राज्य में सामान्य से भी अधिक उत्पादन होने की आशा है। इसके चलते उन्हें अच्छी आय होने की पूरी उम्मीद है। फिर, राज्य के किसानों की अच्छी आय का सीधा सम्बन्ध प्रदेश की समृद्धि से है। किसानों की जेब में पैसे होने का मतलब है बाजार में अच्छी खरीदी का होना। यह राजकोष को भी भरता है। पिछले पांच वर्षों में न केवल पंजीकृत किसानों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है वरन उत्पादन में भी वृद्धि हुई है जिससे सरकार द्वारा दान खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ता चला गया है। मौजूदा सरकार का यह अंतिम धान खरीदी कार्यक्रम है जिसकी पूरे राज्य में तैयारियां कर ली गई हैं। आशा है कि इस वर्ष भी अपना धान को बेचकर किसान समृद्ध होंगे।*

उल्टा पुल्टा

चिंटू अपने दोस्त को ज्ञान बांट रहा था कि अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो... आंखें बंद करो, गहरी सांस लो, और जोर से कहो- ये विषय बहुत मजेदार है इसलिए अगले साल फिर से पढ़ेंगे।

# धान की मिलिंग से मिलरों का इंकार

## साढ़े चार हज़ार करोड़ का भुगतान बक़ाया

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जहां एक तरफ चुनावी माहौल सबसे ज़्यादा चर्चा धान खरीदी की है, वही दूसरी तरफ विपक्ष उस पर सियासी बयानबाज़ी और आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चल रहा है। इन सब के बीच अब प्रदेश मिलरों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में है।



दरअसल जिस धान खरीदी का दंभ कांग्रेस सरकार भर रही है, उसके पीछे की एक अलग कहानी सूबे के राइस मिलर्स बताते है। मिलरों का कहना है कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद से आज तक उनका भुगतान रुका हुआ है। ये राशि कुल मिलकर तक़रीबन साढ़े चार हज़ार करोड़ की होती है।

मिलरों का कहना है कि साल 2019-20 से लेकर 2022-23 तक का भुगतान नहीं हुआ है, इसके बाद अब प्रदेश के सभी राइस मिलर्स मिलिंग नहीं करने का मन बना रहे हैं। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है, सुबे के जांजगीर चांपा जिले के तमाम राइस मिलरों ने एकजुट होकर सरकारी धान की कस्टम मिलिंग नहीं करने का फैसला लिया है।

उन्होंने एक स्वर में यह कहा है कि जब तक हमारा पूरा भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक सरकार की ओर से खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग नहीं होगी। वही प्रदेश के अन्य जिलों में भी मिलिंग को लेकर लगातार बैठकों के दौर जारी है। जिससे ये कयास लगाए जा रहे है कि इस बार राइस मिलर्स भुगतान लिए बगैर मिलिंग नहीं करने का पूरा मन बना चुके है।

**बात करने को तैयार नहीं अफ़सर**

सूबे के एक राइस मिल संचालक ने बताया कि सरकार द्वारा राइस मिलर्स को भुगतान नहीं किए जाने से आज मिलर मिलिंग की स्थिति में ही नहीं है। सरकार से हमें साढ़े 4 हज़ार करोड रुपए लेना है। इसके आलावा प्रदेश में अब तक कई जिलों में मिलरों का रजिस्ट्रेशन तक नहीं हो पाया है। ऐसे में जब तमाम राइस मिल के लोग अफसरों से मिलकर इस मुद्दे पर बात करना चाहते है तो कलेक्टर से लेकर सचिव तक टालमटोल कर रहे है। मिलर ने बताया कि कलेक्टर कहते है भुगतान के लिए सचिव और मार्कफेड में बात करिए।

**डर से पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफ़ा**

छत्तीसगढ़ स्टेट राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने हाल ही में इस्तीफ़ा दिया है। इस इस्तीफे के पीछे की कहानी बताते हुए एक मिलर ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि सभी ने श्रष्ठ और इनकम टैक्स के डर से अपना इस्तीफ़ा दिया है। जिसके बाद अब मिलरों के इस एसोसिएशन में नेतृत्व की कमी भी है। नेतृत्व नहीं होने की वज़ह से ही राइस मिल के मालिकों ने जिला स्तर पर फैसले लेकर अपना विरोध दर्ज़ करने की शुरुआत की है।

# भूपेश बघेल से गजनी की तूलना करना छग की जनता का अपमान : प्रमोद तिवारी

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस मीडिया पर्यवेक्षक एवं राज्यसभा में उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गजनी कहा। गजनी एक विलेन था। उसकी तुलना छत्तीसगढ़ की जनता के दो तिहाई बहुमत से बनी सरकार के मुखिया से करना छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान है।



राजीव भवन में आज पत्रकार वार्ता में प्रमोद तिवारी ने कहा कि देवेन्द्र फडणवीस चोरी की सरकार में उप मुख्यमंत्री है। मुख्यमंत्री से उप मुख्यमंत्री बनने के बाद वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। इसलिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। फड़णवीस को कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार से सीखना चाहिये कि जनता से किया गया वायदा कैसे निभाया जाता है। कांग्रेस ने 2018 में छत्तीसगढ़ की जनता से जो वायदे किए थे उनमें से 95 प्रतिशत से अधिक पूरे हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के किसानों, युवाओं एवं आदिवासियों के नायक हैं। वे राज्य के ओबीसी समाज के अभिमान हैं। उन्हें गजनी बोलकर देवेन्द्र फडणवीस ने राज्य के सर्वहारा वर्ग का अपमान किया है। हम किसी भी जन प्रतिनिधि को गजनी की उपाधि देने के खिलाफ हैं। यदि फड़णवीस वायदों को भूलने का आधार बनाते हैं तो उन्हें गजनी की तुलना मोदी जी से करनी चाहिये, जो जनता से किये हर वादे को भूल चुके हैं। मोदी जी ने वादा किया था 15-15 लाख रुपये खाते में आएगा, अच्छे दिन आएंगे, 100 दिन में महंगाई कम होगी, 30 रु. 35 रु. में डीजल-पेट्रोल मिलेगा, हवाई चप्पल पहनने वाले गरीबों को हवाई यात्रा कराई जाएगी, 2022 में किसानों की आय दोगुनी होगी। इनमें से एक भी वादा मोदी जी पूरा नहीं कर पाए।

# प्रधानमंत्री का 5 को राजधानी में रोड शो!



**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीएमओ ने मुख्य सचिव कार्यालय को सुचित किया है कि पीएम नरेन्द्र मोदी दो और चार नंवबर को कांकेर रायपुर दुर्ग के प्रवास पर रहेंगे। इसके समुचित वीवीआईपी सुरक्षा के प्रबंध किए जाए। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी दो तारीख गुरूवार को कांकेर में चुनावी सभा लेगें उसके बाद को राजधानी दुर्ग से भी सभा होगी इस दौरान पीएम मोदी राजधानी में रोड शो भी करेंगे अब तक मिली जानकारी के अनुसार रोड से एयरपोर्ट से शुरू होकर तेलीबांधा सांइस कालेज तक हो सकता है। इसके अलावा धरसीवा से राजधानी शहर से आंरग तक के विकल्प विचार किया जा रहा है समय और दूरी का फैसला एक दो दिन में हो जायेगा। पीएम मोदी बीते 10 वर्षों में पहली बार राजधानी में रोड शो करने जा रहे है।

# रायपुर दक्षिण सीट पर भरे गए सर्वाधिक नामांकन

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूबे की राजधानी रायपुर में विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत अंतिम दिन सातों विधानसभा में 49 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए।

धरसींवा विधानसभा क्रमांक-47 में 17, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्रमांक-48 में 25, रायपुर पश्चिम विधानसभा-49 में 28, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक-50 में 19, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 में 32, आरंग विधानसभा क्रमांक-52 में 16, अभनपुर विधानसभा क्रमांक-53 में 19 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार अब तक कुल 250 नामांकन दाखिल कर दिए गए हैं। साथ ही 166 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। सोमवार को कुल 32 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इनमे धरसींवा विधानसभा क्रमांक-47 के लिए 2, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्रमांक-48 के लिए 4, रायपुर पश्चिम विधानसभा-49 के लिए 3, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक-50 के लिए 3, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 के लिए 8, आरंग विधानसभा क्रमांक-52 के लिए 3 और अभनपुर विधानसभा क्रमांक-53 के 9 नाम निर्देशन पत्र शामिल हैं।



### अरुण साव के साथ लड़ाई के वायरल वीडियो पर बृजमोहन का पलटवार

# हमारे पास कांग्रेस का ओरिजिनल वीडियो है, पार्टी का कोई नेता बचेगा नहीं : बृजमोहन

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ लड़ाई के कथित वायरल वीडियो पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बड़ा बयान सामने आया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस का कोई नेता नहीं बचेगा। सबका वीडियो हमारे पास है। इन्होंने तो फर्जी बनाया है, हमारे पास कांग्रेस का ओरिजिनल वीडियो है।



बता दें कि एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ, जिसमें बृजमोहन अग्रवाल और अरुण साव के साथ झगड़े का दावा किया जा रहा था। लेकिन अब इस वीडियो को हटा दिया गया है। इस वायरल वीडियो को भाजपा ने कांग्रेस की साजिश करार दिया है। वहीं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस पर अपना रिएक्शन देते हुए कहा कि हमारे पास कांग्रेस का ओरिजिनल वीडियो है। कांग्रेस का कोई भी नेता बचेगा नहीं। इस वायरल वीडियो को अब तक हज़ारों लोग देख चुके है, और अपनी प्रतिक्रिया भी दे चुके हैं।

# भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज

## सामरी सीट से है कांग्रेस विधायक

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामरी सीट से कांग्रेस विधायक चिंतामणि महाराज ने आज भाजपा का दामन थाम लिया बीजेपी प्रदेश संगठन प्रभारी ओम माथुर एवं संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में आज चिंतामणि महाराज भाजपा में शामिल हो गए।




विधायक चिंतामणी महाराज ने आज अंबिकापुर के माता राजमोहिनी भवन में आयोजित भाजपा के परिवर्तन रैली कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने बीजेपी का दुपट्टा ओढ़ाकर कॉंग्रेस विधायक चिंतामणी महाराज का स्वागत किया तथा उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि संत गहरा गुरूजी को साक्षी मानकर मैं कहता हूँ कि पार्टी में उनके सम्मान में कोई कमी नहीं होगी, उनके आने से राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं।

मैंने उनसे वादा किया था कि दिल्ली से मैं खुद उन्हें भाजपा में ज्वाइन कराने सरगुजा आऊंगा। उधर बीते दिनों से ही चिंतामणि महाराज के बीजेपी में शामिल होने कि खबरें आ रही थी। प्रदेश के पूर्व मंत्री व रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल से उनकी मुलाकात के बाद बीजेपी में शमिल होने की खबरे थी। बताया जा रहा था महराज की शर्त थी की उन्हे बीजेपी अंबिकापुर से अपना उम्मीदवार बनाएं। हालाकि तमाम राजनीतिक उठा पटक के बाद चिंतामणि महाराज आज बीजेपी में शामिल हो गए।

# भाजपा ने चुनाव के लिए लॉन्च किया चुनावी एंथम और रैप सांग

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा का चुनावी एंथम साहित्य, मनोरंजन से भरपूर है, जिसमे उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और कला के जरिये बीजेपी इस चुनाव में बीजेपी सरकार को चुनने की अपील की है, वहीं युवाओं के इंटरेस्ट को देखते हुए एक रैप सांग 'अउ नई साहिबो बदल के रहिबो' टाइटल के साथ एक रैप सांग भी बीजेपी ने लॉन्च किया है। जिसमे उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर घोटाले और भ्रष्टाचार का आ रोप लगाया है। आज बीजेपी के एंथम की लॉन्चिंग कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सह प्रभारी नितिन नबीन, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के अलावा कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

छत्तीगसढ़ में अगले महीने प्रस्तावित चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष रह गए है, जिसके चलते सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जोर शोर से जुटी हुई हैं, पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजियों का दौर भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को बीजेपी ने अपना चुनावी एंथम लॉन्च किया है। यह रैप सॉन्ग युवाओं को साधने के लिए भी बनाया गया है। बीजेपी ने इसे छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी 3 भाषाओं में बनाया है।

# 7 से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है।

आयोग द्वारा आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है।

इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# निगरानी दलों ने अब तक 39.53 करोड़ की नगदी और वस्तुएं की जब्त

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 30 अक्टूबर तक की स्थिति में 39 करोड़ 53 लाख रुपए से अधिक की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें दस करोड़ 43 लाख रुपए की नगद राशि भी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 30 अक्टूबर तक 33 हजार 534 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपए कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 10 करोड़ 15 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

**एक करोड़ से अधिक मूल्य के शराब की जब्ती**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

# द्वितीय चरण के लिए 1066 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 1066 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण में नामांकन के अंतिम दिन 30 अक्टूबर तक कुल 1219 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था।

विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में विधानसभा क्षेत्र रायपुर नगर दक्षिण में 36, रायपुर नगर पश्चिम में 31, दुर्ग शहर में 27, बिल्हा, रायपुर ग्रामीण में 25-25, बेलतरा में 24, रायगढ़, भाटापारा में 23-23, कोरबा, कसडोल में 22-22, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा में 21-21, भटगांव, लोरमी, महासमुंद में 20-20, धरसींवा, पाटन, वैशाली नगर में 19-19, बेमेतरा, कोटा में 18, सीतापुर, सक्ती, जैजैपुर, रायपुर नगर उत्तर, नवागढ़ में 17-17, अकलतरा, खल्लारी, कुरूद, संजारी-बालोद में 16-16, प्रतापपुर, अम्बिकापुर, कटघोरा, मुंगेली, तखतपुर, आरंग, धमतरी, गुण्डरदेही, दुर्ग ग्रामीण, साजा में 15-15, प्रेमनगर, सामरी में 14-14, भिलाई नगर, मस्तुरी, बलौदाबाजार, अभनपुर में 13-13, लुण्ड्रा, राजिम में 12-12, मनेन्द्रगढ़, जशपुर, कुनकुरी, पामगढ़, अहिवारा, रामानुजगंज में 11-11, रामपुर, मरवाही, बिलाईगढ़, सारंगढ़, बसना में 10-10, लैलुंगा, पाली-तानाखार, चन्द्रपुर, भरतपुर, सोनहत में 9-9, बैकुण्ठपुर, पत्थलगांव, खरसिया, सरायपाली में 8-8, धरमजयगढ़, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा में 7-7, डौंडीलोहरा में 5 नामांकन विधिमान्य पाए गए है।

**■ अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक कर सकेंगे नाम वापसी**

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग तथा सरगुजा संभाग के कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को हुई। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए 17 नवंबर को कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता और 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।

# जांच के दौरान 33,50,300 नगदी जब्त

**रायपुर**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु) विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रेंज जिला रायपुर आर.एल डांगी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाईंट लगाने के साथ ही पैदल पेट्रोलिंग कर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहन चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इसी तारतम्य में थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत कुम्हारी टोल नाका के पास चंदन डीह एसएसटी चेकिंग पॉइंट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दोपहिया चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी।



इसी दौरान इनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक सी जी 07 सीजी 8800 को टीम के सदस्यो द्वारा रोकवाकर बैग को चेक किया गया। बैग को चेक करने पर उसमें नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम लालचंद खत्री पिता स्व्ण् बिजल दास खत्री उम्र 56 साल पता कवर नगर पॉलीटेक्निक कॉलेज के सामने दुर्ग का होना बताया।

टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा लालचंद खत्री के पास रखें नगदी रकम 33,50,300ध् रूपये को धारा 102 जा फौ के तहत थाना आमानाका में जप्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

# एनआईटी में राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर की शौर्य-खेल समिति ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस 2023 के अवसर पर 31 अक्टूबर 2023 को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भारत की एकता के प्रति अपने समर्पण को दोहराते हुए राष्ट्रीय अखंडता के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली। जब प्रतिभागियों ने गर्व और दृढ़ संकल्प के साथ दौड़ लगाई तो माहौल उद्देश्य और एकता की भावना से भर गया। एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव की अध्यक्षता में सभी उपस्थित लोगों ने एकता की शपथ ली। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें एनआईटी रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे, रजिस्ट्रार डॉ. पी. वाई. ढेकने, संस्थान के सभी डीन, संकाय सदस्य और छात्र शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन शौर्य के संकाय प्रभारी डॉ. एच.के. नारंग के मार्गदर्शन में किया गया।

संस्थान ने 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2023 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह की एक श्रृंखला के रूप में एक ज्ञानवर्धक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया। सत्र का विषय था च्भ्रष्टाचार को

### पब्लिक एवं मीडिया रिलेशन सेल

ना कहें, राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध हों।ज्ज सत्र का आयोजन एनआईटी रायपुर की चीफ विजिलेंस ऑफिसर डॉ. स्वस्ति स्थापक के मार्गदर्शन में किया गया। सत्र के अतिथि वक्ता श्री एस. कर, जीएम-विजिलेंस और एसीवीओ (भिलाई स्टील प्लांट) थे, जो केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। श्री कर ने विशेष रूप से व्यावसायिक गतिविधियों की तुलना में शैक्षणिक संस्थानों के संदर्भ में सतर्कता की परिभाषा और महत्व को बताते हुए एक व्यावहारिक भाषण दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार से निपटने की जरूरत पर भी जोर दिया। सतर्कता जागरूकता पर एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई, जिसमें सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। माननीय अध्यक्ष और माननीय निदेशक ने भी सतर्कता जागरूकता पर अपने सकारात्मक विचार साझा किए और राष्ट्र के बेहतर भविष्य को आकार देने में इसकी भूमिका के बारे में बताया। सत्र का समापन डॉ. स्वस्ति स्थापक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करने के साथ हुआ।

एनआईटी रायपुर में 'रन फॉर यूनिटी' और सतर्कता जागरूकता सत्र न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि हमारे समाज में एकता, अखंडता और पारदर्शिता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के समर्पण का प्रतीक है।

# सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तेजी से हो रहा निराकरण

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप (सिटिजन विजिल एप) पर प्राप्त हो रही शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सी विजिल के माध्यम से अब तक राज्य में प्राप्त कुल 1888 शिकायतों में से 1868 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है और शेष शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। सीविजिल के माध्यम से दुर्ग जिले में अधिकतम 407 शिकायतें और दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में न्यूनतम 4 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी- विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी-विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं। विधानसभा निर्वाचन - 2023 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है।पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी।

**दुर्ग जिले में सबसे अधिक शिकायतें, दंतेवाड़ा जिले में सबसे कम**

सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक गैर कानूनी प्रचार-प्रसार क्रियाकलापों का पता लगते ही मिनटों के अंदर तथा रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। सीविजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई ( उड़न दस्ते / स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।


# बलदेव फर्नीचर में संपूर्ण फर्नीचर की श्रृंखला



**रायपुर,** 31 अक्टूबर। गुरुनानक चौक स्थित बलदेव फर्नीचर 44 वर्षो से आपके घर,ऑफिस के फर्नीचर की शोभा बड़ा रहा है। जिनका प्रमुख काम सेल्स उपरांत सर्विस हैं। लखविंदर सिंह ने बताया की हम हर वर्ष ग्राहकों के अनुरूप नए नए फर्नीचर उपलब्ध कराते हैं।हमारे यहां सम्पूर्ण बैड सेट,डायनिंग टेबल,सोफा सेट,अलमारी,आउटडोर सेट,मंदिर सेट,आकर्षण झूले,ऑफिस टेबल,सेंटर टेबल,रेकलाइनर ब्रांड में गोदरेज के सेफ,नीलकमल के मॉड्यूलर फर्नीचर,ईजी की रिवॉल्विंग चेयर,इटालिका के फर्नीचर नए मॉडल डिजाइन उपलब्ध हैं। इस दिवाली में विशेष डिस्काउंट भी दिए जा रहे है ।

# छग स्थापना दिवस पर भाजपा करेगी अटल संकल्प सभा का आयोजन

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में भाजपा ने भारत में 3 नए राज्य की स्थापना 1 नवंबर सन 2000 को की थी जिसमे मध्यप्रदेश से पृथक होकर नया छत्तीसगढ़ राज्य बना उत्तर प्रदेश से पृथक होकर उत्तराखंड और बिहार से पृथक होकर झारखंड की स्थापना की गई थी भाजपा का उद्देश्य इन सभी बड़े राज्यों को पृथक कर राज्य के पिछड़े इलाको को विकास और समृद्धि की मुख्य धारा में जोड़ना था छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न दृष्टा स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई ने राज्य स्थापना पूर्व छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था की आप हमारी पार्टी को लोकसभा हेतु समर्थन और विजय प्रत्याशी दें और हम आपकी बेहतरी के लिए पृथक राज्य का निर्माण करेंगे और उन्होंने अपना वादा 1 नवंबर सन 2000 में पूरा किया कल हम सभी छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाएंगे इसी अवसर पर भाजपा कल राज्य की सभी 90 विधानसभा में च्च अटल संकल्प सभा च्च का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेगी रायपुर शहर जिला की चारो विधानसभाओं में कल अटल संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमे वर्तमान भाजपा प्रत्याशियों की विशेष उपस्थिति रहेगी।



जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने मीडिया को सूचना देते हुए बताया कि वह हमारी पार्टी और उसके कद्दावर दिवंगत नेता भाजपा के पितृ पुरुष अटल जी की दूरदृष्टि का ही प्रतिफल है जो छत्तीसगढ़ सहित 3 राज्य बड़े राज्यों से पृथक किए गए ताकि उन सभी पिछड़े और सीमांत क्षेत्रों विकास पूर्णत: पोषित हो सके आज छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य , शिक्षा , सुगम सड़क मार्ग जैसी सभी व्यवस्थाओं का सुगमता से स्थापित होना स्व. अटल जी की दूरदृष्टि और दृण संकल्प का ही परिणाम है ।

# मुख्य सचिव से भेंटकर दीपावली के पूर्व शासकीय सेवकों को डीए देने की रखी मांग

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवम् संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव से भेंटकर प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 4 प्रतिशत डीए देने की मांग की है। पत्र में दीपावली त्यौहार का जिक्र किया गया है और कहा है कि आगामी महापर्व से पहले कर्मचारियों-अधिकारियों के साथ पेंशनर्स को 4 फीसदी महंगाई भत्ता भुगतान किया जाए।छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दीपावली राष्ट्रीय त्योहार होने के कारण उक्त पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए अन्य माह की भांति कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक व्यय का सामना करना पड़ता है। यह पर्व नवंबर माह के मध्य सप्ताह में होने के कारण कर्मचारियों एवं पेशनरों को दिवाली के पूर्व वेतन के अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी, ताकि वे अपने इस राष्ट्रीय त्यौहार को उल्लास पूर्वक मना सकें। दीपावली महापर्व के पूर्व प्रदेश के कर्मचारी अधिकारियों एवं पेंशनरों को केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति शेष 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता राजस्थान सरकार की भांति निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर देने की मांग की गई है। मुख्य सचिव से चर्चा के दौरान सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त भी निर्वाचन आयोग से अतिशीघ्र अनुमति लेकर भुगतान करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में अनिल शुक्ला,महेंद्र सिंह राजपूत, तीरथ राम सेन,संजय बापट शामिल थे।

### रायपुर ग्रामीण कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा के पास रिवाल्वर, पत्नी के पास डेढ़ किलो सोना

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा के बेटे पंकज शर्मा के पास एक रिवालवर के साथ-साथ 20 कारतूस भी मौजूद है।वहीं पंकज शर्मा के पास 206 ग्राम सोना मौजूद है। उनके पास कुल चल संपत्ति 1 करोड़ 68 लाख 33 हजार 399 रूपए की है।

## निधन

### रामानंद गुप्ता

**पिथौरा,** 31 अक्टूबर। आरंग के बालाजी पुरम कालोनी निवासी 88 वर्षीय रामानन्द गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता और संजय गुप्ता के पिता व सौरभ गुप्ता के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार 1 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे स्थानीय नया तालाब मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### उषा देवी पाण्डेय

**रायपुर,** 31 अक्टूबर। बैरन बाजार निवासी श्रीमती उषा देवी पाण्डेय का निधन मंगलवार 31 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 1 नवबंर को दोपहर 1 बजे निज निवास राम मंदिर के पास बैरन बाजार से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकलेगी। वे डॉक्टर प्रांजल पाण्डेय,भास्कर पाण्डेय व रश्मि दुबे की माता थी।



# विधानसभा निर्वाचन के लिए छग पहुंचे ईसीआई के 139 प्रेक्षक

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में स्वतंत्र, निष्पक्ष, बाधारहित और पारदर्शी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 139 प्रेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें 63 सामान्य प्रेक्षक, 33 पुलिस प्रेक्षक और 43 व्यय प्रेक्षक शामिल हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा इन प्रेक्षकों के मोबाइल नम्बर जारी किए गए हैं। प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन व्यय संबंधी शिकायतें कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में पहले चरण के मतदान वाले कोंडागांव जिले के केशकाल विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री एस.डी. मंधारे (मोबाइल नम्बर - 7587016521) और कोंडागांव विधानसक्षा क्षेत्र के लिए श्री बालाजी दिगम्बर (मोबाइल नम्बर - 7587016522) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कोंडागांव जिले के लिए श्री वाई.एस. रमेश (मोबाइल नम्बर - 7587016523) को पुलिस प्रेक्षक और श्री दिनेश कुमार जांगिड़ (मोबाइल नम्बर - 7587016524) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग ने कबीरधाम जिले के लिए श्री अजय कुमार गुप्ता (मोबाइल नम्बर - 7587016529) को सामान्य प्रेक्षक, श्री राजेश खुराना (मोबाइल नम्बर - 7587016530) को पुलिस प्रेक्षक और श्री वेंकन्ना तेजवत (मोबाइल नम्बर - 7587016481) को व्यय प्रेक्षक बनाया है। ये तीनों प्रेक्षक कबीरधाम जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया और कवर्धा की निगरानी करेंगे।

बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री आर.एच. ठाकरे (मोबाइल नम्बर - 7587016494), जगदलपुर के लिए डॉ. सुब्रत गुप्ता (मोबाइल नम्बर - 7587016495) और चित्रकोट के लिए श्री सुरेश कुमार मोख्ता (मोबाइल नम्बर - 7587016496) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। बस्तर जिले के लिए श्री क्लाय खोंगसई (मोबाइल नम्बर - 7587016497) को पुलिस प्रेक्षक और श्री प्रवीण रंजन (मोबाइल नम्बर - 7587016498) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री शकील अहमद (मोबाइल नम्बर - 7587016482) को सामान्य प्रेक्षक, श्री बिनोद कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016483) को पुलिस प्रेक्षक और श्री विग्नेश शक्तिवेल (मोबाइल नम्बर - 7587016484) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। कांकेर जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री एच.जे. देसाई (मोबाइल नम्बर - 7587016525) तथा भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्रों के लिए श्री अशोक कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016526) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कांकेर जिले के लिए श्री नेल्ली कुमार सुब्रमण्यम (मोबाइल नम्बर - 7587016527) पुलिस प्रेक्षक और श्री सुशांत कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016528) व्यय प्रेक्षक होंगे। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ और राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्रों के लिए श्री मुडावंतु एम. नायक (मोबाइल नम्बर - 7587016539) को सामान्य प्रेक्षक तथा मुग्धा किरण सरदेशपाण्डेय (मोबाइल नम्बर - 7587016542) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। डोंगरगांव और खुज्जी के लिए श्री मुकेश कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016540) सामान्य प्रेक्षक तथा ललिता कुमारी (मोबाइल नम्बर - 7587016544) व्यय प्रेक्षक होंगी। राजनांदगांव जिले के लिए श्री नीलाभ किशोर (मोबाइल नम्बर - 7587016541) को पुलिस प्रेक्षक बनाया गया है। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री संजीव कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016485) को सामान्य प्रेक्षक, श्री चंदन कुमार झा (मोबाइल नम्बर - 7587016486) को पुलिस प्रेक्षक और श्री राजीव रंजन कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016487) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री नर्मदेश्वर लाल (मोबाइल नम्बर - 7587016488) को सामान्य प्रेक्षक, श्री विजय कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016489) को पुलिस प्रेक्षक एवं सोभन सूत्रधार (मोबाइल नम्बर - 7587016490) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है।

आयोग ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री निरंजन कुमार सुधांशु (मोबाइल नम्बर - 7587016532) को सामान्य प्रेक्षक, डॉ. जे. हिमेन्द्रनाथ (मोबाइल नम्बर - 7587016533) को पुलिस प्रेक्षक और सुवेन दास गुप्ता (मोबाइल नम्बर - 7587016521) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री अनुराग पटेल (मोबाइल नम्बर - 7587016536) को सामान्य प्रेक्षक, डॉ. राघवेन्द्र कुमार (मोबाइल नम्बर - 7587016537) को पुलिस प्रेक्षक और श्री रविराज शाहूराज खोगरे (मोबाइल नम्बर - 7587016538) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री बी. जॉन त्लंग्तिन्खुमा (मोबाइल नम्बर - 7587016641) सामान्य प्रेक्षक, श्री रति रंजन देबनाथ (मोबाइल नम्बर - 7587016642) पुलिस प्रेक्षक और श्री मनेन्दर (मोबाइल नम्बर - 7587016643) व्यय प्रेक्षक होंगे।

- 63 सामान्य प्रेक्षक, 33 पुलिस प्रेक्षक और 43 व्यय प्रेक्षक शामिल
- प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर कर सकते हैं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन व्यय संबंधी शिकायतें

भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के मतदान वाले सरगुजा जिले के लुंड्रा विधानसभा के लिए डॉ. बी.सी. सतीश (मोबाइल नम्बर - 7587016680), अंबिकापुर के लिए श्री रूपवंत सिंह (मोबाइल नम्बर - 7587016681) और सीतापुर के लिए श्री पी. कोटेश्वर राव (मोबाइल नम्बर - 7587016682) को सामान्य प्रेक्षक बनाया है। श्री अमित बारदार (मोबाइल नम्बर - 7587016683)) को सरगुजा जिले के लिए पुलिस प्रेक्षक बनाया गया है। लुंड्रा और अंबिकापुर के लिए श्री विजय बहादुर वर्मा (मोबाइल नम्बर - 7587016492) तथा सीतापुर के लिए श्री मंजूनाथ ए.एन. (मोबाइल नम्बर - 7587016493) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों प्रेमनगर, भटगांव और प्रतापपुर के लिए श्री राकेश शंकर (मोबाइल नम्बर - 7587016674) को सामान्य प्रेक्षक, डॉ. विष्णुकांत (मोबाइल नम्बर - 7587016675) को पुलिस प्रेक्षक एवं श्री श्रीजू एस.एस. (मोबाइल नम्बर - 7587016679) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री तई काये (मोबाइल नम्बर - 7587016562) और सामरी विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री जय कृशन अभीर (मोबाइल नम्बर - 7587016563) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के लिए श्री ओमपति जामवाल (मोबाइल नम्बर - 7587016564) को पुलिस प्रेक्षक और श्री सुनील नायर (मोबाइल नम्बर - 7587016568) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री नारायण चंद्र सरकार (मोबाइल नम्बर - 7587016587) को सामान्य प्रेक्षक, श्री मोहम्मद अख्तर रिजवी (मोबाइल नम्बर - 7587016588) को पुलिस प्रेक्षक एवं श्री प्रदीप एन. (मोबाइल नम्बर - 7587016589) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जशपुर जिले के जशपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री राजीव प्रशर (मोबाइल नम्बर - 7587016649) को सामान्य प्रेक्षक।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने किया लाइफटाइम शून्य शेष-बॉब लाइट बचत खाता का शुभारंभ

**रायपुर,** 31 अक्टूबर। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने अपने बॉब के संग त्यौ हार की उमंग त्यौकहारी अभियान में बॉब लाइट बचत खाते की पेशकश की है, जो लाइफटाइम शून्या शेष वाला बचत खाता है। बॉब लाइट ग्राहकों को अपने खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की जरूरत के बिना, बाधा-रहित बैंकिंग सुविधाओं का अनुभव प्रदान करता है। त्यौहहारी मौसम के दौरान बॉब लाइट बचत खाते में ऑफ़र की भरमार है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वर्तमान में जारी अपने त्यौरहारी अभियान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ट्रैवल, फूड, फैशन, मनोरंजन, लाइफस्टाइल, किराना और स्वास्थ्य-सेवा जैसी अलग-अलग श्रेणियों के बड़े उपभोक्ता ब्रांडों के साथ साझेदारी की है और इस तरह बैंक ऑफ़ बड़ौदा के डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड पर कई आकर्षक ऑफ़र और छूट की पेशकश की जा रही है। यह त्यौसहारी अभियान 31 दिसंबर, 2023 तक जारी रहेगा और इस दौरान कार्डधारक रिलायंस डिजिटल, क्रोमा, मेकमाईट्रिप, अमेजन, बुकमायशो, मिंत्रा, स्विगी, ज़ोमैटो सहित कई ब्रांडों के विशेष ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर रवींद्र सिंह नेगी, मुख्य महाप्रबंधक - रिटेल देयताएं एवं एनआरआई व्यवसाय, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हमें बेहद कम शुल्क वाले खाते के ज़रिये बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने और त्यौ हारों के इस मौसम में अपने ग्राहकों को और अधिक खुशियाँ देने के दोहरे उद्देश्य के साथ बॉब लाइट सेविंग्स अकाउंट की पेशकश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

फार्मेट सी - 1

# आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

**( अभ्यर्थियों के लिए सामाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु )**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) से 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार )

अभ्यर्थी का नाम एवं पता विकास उपाध्याय, श्री अनिरूद्ध उपाध्याय, पता रायपुर, छ.ग. पिनकोड - 4920991 - बी. 301 शुक्ला भवन, झंडा चौक, टाटीबंध,

राजनैतिक दल का नाम - इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय(लिखे)

निर्वाचन का नाम - छत्तीसगढ़ विधानसभा।

निर्वाचन क्षेत्र का नाम - 49, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर।

मैं विकास उपाध्याय (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ।

| क्रं. सं. | (A) लंबित आपराधिक मामले | | | | (B) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनिमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त | न्यायालय का नाम एवं आदेश की तारीख | कार्यालय (यो) और लगायी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
| 1. | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रायपुर (छ.ग.) | केस नं.- 4861/18 | प्रकरण लंबित है | धारा-147,149, 341, 427, 506 भा.द.वि. | निरंक | निरंक | निरंक |
| 2. | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रायपुर (छ.ग.) | केस नं.- 4863/18 | प्रकरण लंबित है | धारा-147,341, भा.द.वि. | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**टिप्पणी:-**

(i) अलग-अलग पंक्तियों में प्रत्येक मामले के लिए अलग-अलग विवरण दें।

(i) सामाचार-पत्रों में विषय वस्तु कम से कम 12 के फोन्ट आकार में प्रकाशित की जानी चाहिए।

# करवा चौथ पर आज सुहागिनें करेंगी पति के दीर्घायु की कामना

## पूजन और श्रृंगार सामग्री का सजा बाजार, सरगी खाकर रखेंगी निर्जला व्रत





**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ त्योहार मनाया जाता है। इस साल 2023 में करवा चौथ पर चार योगों का संयोग बन रहा है। लगभग एक सदी के पश्चात मंगल और बुध ग्रह एक साथ विराजमान हो रहे हैं। दोनों के एक साथ होने से बुधादित्य योग का संयोग बन रहा है। साथ ही इस दिन शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी है। इन संयोगों में पूजन करने से पति.पत्नी का रिश्ता प्रगाढ़ होगा और मनवांछित फ्ल की प्राप्ति होगी। करवा चौथ की तैयारियां घर.घर में जोर.शोर से की जा रही हैं। बाजार में पूजन सामग्री और मिट्टी का करवा खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है।

### रात 10 .42 बजे से प्रारंभ होगी चतुर्थी

ज्योतिषाचार्य डाण्दत्तात्रेय होस्केरे के अनुसार 31 अक्टूबर की रात्रि 10.42 बजे चतुर्थी तिथि प्रारंभ होगी। एक नवंबर की रात्रि 9.19 बजे तक चतुर्थी तिथि रहेगी। सूर्योदय के समय अर्थात उदया तिथि में पड़ने वाली तिथि को महत्व दिए जाने से एक नवंबर को करवा चौथ मनाई जाएगी। सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र और सुख समृद्धि के लिए दिनभर व्रत रखकर शाम को पूजन करके चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारणा करेंगी। 31 अक्टूबर को सरगी की रस्म निभाएंगी।

### सामूहिक पूजा करने जुटेंगी 250 से ज्यादा महिलाएं

राजधानी के जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में करवा चौथ के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यहां एक साथ 250 से ज्यादा सुहागिनें सामूहिक रूप से पूजा करेंगी। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के प्रवक्ता जवाहर खन्ना ने बताया कि सभा के अध्यक्ष सुनील डोगर के मार्गदर्शन में भव्य आयोजन किया जा रहा है। सनातन महिला मंडल एवं यूथ महिला विंग के नेतृत्व में जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में 250 से ज्यादा सुहागिनें सामूहिक रूप से पूजा करेंगी। सुहागिनों के मनोरंजन के लिए विविध तरह के खेलों का आयोजन किया जाएगा। पूजा पश्चात् चीन आफ्करवा चौथए दिवा आफइरा ;50 वां करवा चौथ आदि केटेगरी में सोने और चांदी का सिक्का पुरस्कार में दिया जाएगा।

### सरगी खाने की रस्म निभाएंगी सुहागिनें

हाथों में मेहंदी लगाने के बाद रात्रि में सुहागिनें सरगी खाने की रस्म निभाएंगी। सरगी खाने के पश्चात संकल्प लेकर चौथ का व्रत रखेंगी। एक नवंबर को दिनभर व्रत रखकर शाम को पूजन करके चंद्रमा को अर्घ्य देने के पश्चात पति के हाथों जल पीकर व्रत का पारणा करेंगी।

### हाथों पर मेहंदी रचाएंगी सुहागिन महिलाएं

करवा चौथ की पूर्व संध्या पर सुहागिनें अपने हाथों पर मेहंदी रचाएंगी। मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ता हैए इसलिए महिलाओं ने मेहंदी पार्लरों में पहले से ही बुकिंग करवा ली है। बैजनाथपारा इलाके में मेहंदी लगाने की विशेष व्यवस्था की गई है।

# राजधानी के कारोबारी से ढाई करोड़ की ठगी

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा थाना क्षेत्र के कारोबारी को स्टार्टअप में निवेश करने पर चार गुना कमाई होने का लालच दिखाकर ढाई करोड़ की ठगी हो गई। इसकी शिकायत पर पुलिस ने हरियाणा के ठग के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अब तक आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**हरियाणा के ठग ने चार गुना कमाई होने का झांसा देकर ऐंठ लिए रुपए**

विधानसभा थाने में तेलीबांधा निवासी कारोबारी बसंत दौलतानी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी को उसके एक दोस्त के जरिए उसकी मुलाकात विधानसभा इलाके के एक होटल में मार्च 2022 में गुड़गांव के दीप सिहाग से हुई। दीप ने बताया कि उसकी गुड़गांव में एआइटीएमसी के नाम से स्टार्टअप कंपनी है। कोविड के दौरान कई तरह की सप्लाई काम से काफी मुनाफा मिला था। इस कंपनी में निवेश करने से काफी फायदा कमा सकते हो। निवेश का चार गुना रिटर्न मिलेगा। बसंत उसकी बातों में आ गया। फिर उसके बताए अनुसार निवेश करने को तैयार हो गया। इसके बाद दीप ने एक एग्रीमेंट भी बनाया। इसमें दावा किया गया था कि पांच साल तक बसंत जितना निवेश करेगाए उसका रिटर्न मिलेगा। इसके बाद कारोबारी ने उसकी कंपनी में पांच करोड़ रुपये निवेश किया। चेक के माध्यम से दो किस्तों में पूरी राशि दिया। इस दौरान दीप ने एक नया बिजनेस सेंटर खोलने का भी दावा किया था। रकम लेने के बाद बिजनेस सेंटर नहीं खोला और न ही कारोबारी को मुनाफा मिला। इसके बाद कारोबारी ने दीप पर रकम वापस करने का दबाव बनायाए तो दीप ने ढाई करोड़ रुपये वापस कर दिए। बाकी ढाई करोड़ रुपये अब तक नहीं दिया है। इसकी शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपित के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध कायम कर लिया है।

# त्यौहार व चुनावी भीड़ को देखते हुए सराफा बाजार में गश्त बढ़ाया जाना जरूरी : हरख मालू

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्तमान त्योहारी सीजन एवं चुनावी वातावरण के मद्देनजर सभी बाजारों में सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर आम नागरिकों एवं व्यापारियों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने जिलाधीश को पत्र लिखा है। पत्र में श्री मालू ने लिखा है कि त्यौहारी सीजन प्रारंभ हो चुका है एवं विधानसभा चुनाव की सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है इससे सभी बाजारों में भीड़ भी बढ़ती जा रही है भीड़ के कारण बाजारों में असुरक्षा का वातावरण रहता है विशेष तौर पर सराफा बाजार में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था तथा दिन रात की गश्त बढ़ाया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। साथ ही प्रशासन द्वारा चुनाव के मद्देनजर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस संदर्भ में हमारा अनुरोध है कि व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर या पुख्ता जानकारी उपलब्ध कराने की स्थिति में अनावश्यक परेशान न किया जाए।

**जिलाधीश को लिखा पत्र**

# पूजा के लिए मिट्टी और सजावट के लिए इलेक्ट्रानिक दीये बने लोगों की पहली पसंद



**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा उत्सव के बाद अब करवा चौथ और दीवाली के लिए बाजार सज चुके हैं। दोनों त्योहारों में सबसे ज्यादा जो चीज जरूरी होता है वो है दीपक। शहरभर में स्टालों और दुकान या शापिंग सेंटर में विभिन्न प्रकार के दिए बिक रहे हैं। पारंपरागत आकृतिकयों के साथ मार्डर्न लुक और विभिन्न रंगों में दीपक लोग पसंद कर रहे हैं। साथ ही मार्डर्न और डेकोरेटिव दिये जैसे इलेक्टिक दिया भी लोग पसंद कर रहे हैं। साधारण दिये की कीमत 5 रुपए से शुरू है जो 100 रूपए से अधिक की कीमत की दिये है।

**इलेक्ट्रानिक दीयों का बढ़ा क्रेज:** पिछले कुछ वर्षों में लोगों में इलेक्ट्रानिक दीयों को लेकर क्रेज काफी बढ़ा है। खासकर दो वर्षों में लोगों में पानी वाले इलेक्ट्रॉनिक दीयों की मांग ज्यादा है। गोल बाजार में फैंसी आयटम के विक्रेता योगेश अग्रवाल ने ने बताया कि इलेक्ट्रानिक दीये में अलग.अलग तरह के दीए उपलब्ध हैं। इन दीयों से करंट लगने का खतरा भी नहीं होता है। पानी वाले दीए दो तरह के हैं। इनमें से एक पानी डालने से जलता है और एक पानी के ऊपर रखने से जलता है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक दीए भी उपलब्ध हैं।

**फैंसी पूजा थाली भी खास :** बाजार में इलेक्ट्रानिक फैंसी दीपकों के साथ फैंसी पूजा थाली की मी मांग रहती है। शास्त्री बाजार के एक फैंसी आयटम के दुकान संचालक ने अशोक रस्तोगी ने बताया कि दिवाली में जौ दीयों वाली थाली की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इनमें एक साथ नौ दीर होते हैं। इसमें भी सबसे ज्यादा स्वास्तिक और मोर डिजाइन वाली कैसी थालियों की मांग है। स्टोनए लेसए मिरर के वर्क से सजी थालियों में लक्ष्मी.गणेश और स्वास्तिक बने होते है। इनकी कीमत 150 से शुरू है।

# चुनाव के मद्देनजर अलर्ट मोड पर रायपुर पुलिस

## 3 करोड़ 26 लाख का सोना जब्त 1 करोड़ 95 लाख कैश बरामद

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में आचार संहिता प्रभावी है जिसके चलते पूरे छत्तीसगढ़ में पुलिस प्रशासन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई रहा है राजधानी रायपुर में भी पुलिस अलर्ट मोड पर हैए पूरे जिले में अलग.अलग स्थानों पर चेक पॉइंट बनाकर लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही ह जिसमें सिर्फरायपुर जिले से अब तक सोना.चांदी और कैश मिलाकर कुल 5 करोड़ 21 लाख की जब्ती की कार्रवाई की है पुलिस के मुताबिक रायपुर जिले में पिछले 2 माह की कार्रवाई में 5 करोड़ 21 लाख रुपये जब्त किए है जिसमें 3 करोड़ 26 लाख रूपये का सोना.चांदी के अलावा बहुमूल्य धातु और करीब 1 करोड़ 95 लाख नगद शामिल हैण् जिला प्रशासन की ओर से गठित विशेष टीम की ओर से यह कार्रवाई की जा रही हैण् चुनाव आयोग के निर्देश पर टीम राष्ट्रीय राजमार्गों और शहर के बाहरी क्षेत्रों में निगरानी रख रही है जिसके कारण लगातार नकद रुपये बरामद हो रहे है पिछले 2 माह में आबकारी अधिनियम के तहत 852 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नारकोटिक्स के 40 प्रकरण दर्ज किए गये



जिसमे 350 किलोग्राम गाँजा सहित अन्य नशीले पदार्थ जप्त किए गए। आर्म्स एक्ट के के तहत 226 प्रकरण दर्ज कर 230 लोगों को जेल भेजा गया तथा 233 चाकू गुप्ती तलवार जप्त किए गये। 2 देसी कट्टे भी बरामद किए गये। रायपुर ज़िला में निवासरत शस्त्र लाइसेंसेदारानों के 1570 शस्त्र थानो में जमा कराये गये हैं अपराधियो पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी संख्या में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 151 के तहत 1347 लोगों को गिरफ्तार किया गया। धारा 109 के तहत 72 धारा 110 के तहत 348 एवं धारा 107,116 के तहत 4713 लोगों पर कार्यवाही कर बाउंड ओवर कराया गया। आदतन बदमाशों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए कुल 33 ज़िलाबदर के प्रकरण प्रस्तुत किए गये हैं तथा 3 आदतन अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण प्रस्तुत किए गये हैं। रायपुर पुलिस ने गिरफ़्तारी एवं स्थायी वारंटियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाते हुए पिछले 2 माह में कुल 2310 वारंट तामील करने में सफलता हासिल की है जिसमें से कुछ 5 वर्षों से पूर्व से भी फ़रार थे। संपूर्ण ज़िले में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी प्वाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पिछले 2 माह में क़रीब तीन करोड़ छब्बीस लाख रुपये का सोना.चाँदी जैसे बहुमूल्य धातु एवं क़रीब 1 करोड़ 95 लाख नगद पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। नगद और सोना.चाँदी मिलाकर 5 करोड़ 21 लाख की जप्ती हुई है।पुलिस का अपराध रोकथाम एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए चलाया जा रहा अभियान अभी जारी है। पिछले 2 माह में गणेश झांकी जैसे बड़े आयोजन को भी शांतिपूर्वक बिना किसी घटना के संपन्न कराया गया। डीजेए धूमालए लाउडस्पीकर प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध हो रही शिकायतों को देखते हुए इन पर भी कड़ी कार्यवाही करते हुए 70 से अधिक डीजेध्धूमाल जप्त किए गये। डट ऐक्ट एसई संबंधित चेकिंग के दौरान नंबर प्लेट को ढकते हुए पदनाम पट्टिकाएँ भी हटवायी गयीं। चुनाव क़ानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के मद्देनज़र कार्यवाहियाँ लगातार ज़ारी रहेंगी।

**पिछले दो माह में पकड़े गए 852 आरोपी**

# शहर में चोरों का आंतक

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में लगातार चोर सूने मकानों को अपना निशाना बना रहे हैं। दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। कबीर नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पीड़िता रिंकी साहू के मुताबिक वे कबीर नगर की रहने वाली हैं। वर्तमान में रूंगटा इंजीनियरिंग कालेज भिलाई में स्टूडेंट वेलफेयर डिपार्टमेंट में काम करती है। रविवार की दोपहर तीन बजे के करीब अपनी बेटी के साथ दीपावली की शापिंग करने बाजार गई थी। उनके पति भी घर में मौजूद नहीं थे। जब वे शाम साढ़े आठ बजे घर लौटीं तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था। जानकारी के मुताबिक पीड़िता के घर पर चोर छत के रास्ते से आया। घर की छत पर दरवाजे में अंदर से कुंडी बंद थी। चोरों ने लकड़ी के दरवाजे को ही बीच से पूरा तोड़ दिया फिर उसने घर की तलाशी ली। पूरा सामान बिखेर दिया। कमरों में रखे आलमारी का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये नकद समेत सोने और चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित महिला के घर से एक सोने का हार सोने की अंगूठिया झुमका कान की चेन समेत चांदी के कोई अन्य सामान पर चोरों ने हाथ साफकिया है। पुलिस ने इन गहनों की कीमत पुराने गहने के आधार पर 40 हजार रुपये आंकी है।



**सूने मकान से जेवर, नकदी पार दो दिन में हुई चोरी की दो वारदात**

### कालोनी वाले ने की शिकायत

कबीर नगर के मकान नंबर केबीटी.12,46 में बीते दो दिन में चोरी की वारदात हुई। स्थानीय लोगों ने चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेने के साथ.साथ पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग कीए जिससे चोरी की घटनाएं रुक सकें। थाने से उन्हें एक्शन लेने के आश्वासन के साथ.साथ पावती भी मिली और कुछ ही घंटे में फिर मकान नंबर केबीटी.27 में चोरी हो गई।

# अवैध रूप से शराब का परिवहन करते युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा तेलघानी नाका की ओर से खालबाड़ा गुढ़ियारी तरफ आ रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी के नेतृत्व में थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा खालबाड़ा गुढ़ियारी पास मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विजय बघेल गुढ़ियारी का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन मे शराब रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी विजय बघेल से शराब रखने परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी विजय बघेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 33 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 4,000 रूपये तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त दोपहिया वाहन एक्टिवा क्रमांक सी जी 07 एल टी 9499 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 34;2 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।



# वोटिंग सेंटर तक गाड़ी से पहुंचेंगे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने.जाने की जिम्मेदारी निर्वाचन कार्यालय की होगी। केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्णय के बाद प्रदेशभर में निर्वाचन कार्यालय की टीम तैनात रहेगी। दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान के लिए सोमवार को राजधानी के रेडक्राम भवन में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि चुनाव में दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। इस वर्ग के मतदाताओं को घर बैठे ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प दिया गया है।



**मतदान केंद्र में मिलेगी यह सुविधा:** मतदान के दिन दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएस एनसीसी स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतदान केंद्र पर मतदान के लिए आने वाले दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं को कतार में खड़े न रहना पड़े इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग पहले करने के लिए प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ईवीएम मशीन पर प्रत्याशियों का नाम ब्रेल लिपि में भी मुद्रित कराया जा रहा है। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ ;वीएबीद्ध की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने के लिए संकेतक चस्पा किए जा रहे हैं।

# वाहन में प्रेशर हॉर्न लगाकर चलाने वाले वाहनों चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। यातायात थाना रायपुर के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सभी थाना क्षेत्र में विगत दो दिवस से विशेष चेकिंग पॉइंट लगाकर प्रेशर हॉर्न का उपयोग कर वाहन चलाने वाले 157 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए प्रत्येक वाहन चालकों को 2000 का चालान काटते हुए 3,14,000 समन शुल्क परिसमन किया गया ज्यादातर बसों पर प्रेशर हॉर्न की शिकायतें प्राप्त हो रही थी सभी बसों को चेक किया गया एवं प्रेशर हॉर्न मिलने पर कार्यवाही की गई साथ ही कार्यवाही किए गए वाहनों में लगा गए प्रेशर हार्न को रायपुर पुलिस द्वारा निकलवाकर जप्त किया गया एवं भविष्य में प्रेशर हॉर्न नहीं लगाने के संबंध में हिदायत भी दी गई कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



## रविन्द्र बघेल को पीएचडी



रायपुर, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविन्द्र बघेल निवासी कबीर नगर रायपुर को मैटस विश्वविद्यालय ने वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपधि प्रदान की हैं। इनका शोध का विषय कम्परेटिव स्टडी ऑफ कस्टमर्स परसेप्शन टूवर्डस इन्टरनेट बैंकिंग वीथ स्पेशल रिर्फ्रेन्स टू रायपुर एण्ड दुर्ग डिस्ट्रीक्ट था। इन्होंनें अपना शोद्य कार्य डॉ उमेश गुप्ता के मार्गदर्शन में पुरा किया हैं।



# गर्भवती महिला ने एम्बुलेंस में दिया जुड़वां बच्चों को जन्म

**रायपुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी से अनोखा मामला सामने आया है प्रदेश में संचालित 108 एंबुलेंस में एक गर्भवती महिला ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। 108 के कर्मचारियों की सूझबूझ से ही मां और दो बच्चे सभी स्वस्थ हैं। इसके बाद मां और दोनों बच्चों को कालीबाड़ी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरडीए कालोनी बोरिया खुर्द निवासी लता यादव को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार की दोपहर 12.30 बजे स्वजन ने डायल 108 के माध्यम से सूचना दी। ईएमटी मलेश्वरी पटेल और पायलट ढलेश्वर साहू सूचनास्थल पर पहुंचे। महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट कर हास्पिटल के लिए रवाना हुए। पचपेड़ी नाका पहुंचते ही लता यादव की प्रसव पीड़ा अत्याधिक बढ़ गई। इस दौरान बच्चे का सिर भी बाहर आने लगा था। पायलट ढलेश्वर ने गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा किया।

**ईएमटी ने सुरक्षित कराया प्रसव**– इसके पश्चात ईएमटी मलेश्वरी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ईआरसीपी के माध्यम से डाक्टर से संपर्क किया। डाक्टर की सलाह के अनुसार प्रसव प्रक्रिया स्वजन की सहमति से शुरू की। कुछ ही क्षणों पश्चात लता ने दो शिशुओं को जन्म दिया। बच्चों की किलकारी गूंजते ही स्वजन ने भी राहत की सांस ली। सुरक्षित प्रसव पश्चात मां और दोनों बच्चों को जिला अस्पताल कालीबाड़ी में भर्ती कराया गया जहां पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू अपने दोस्त को ज्ञान बांट रहा था कि अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो... आंखें बंद करो, गहरी सांस लो, और जोर से कहो- ये विषय बहुत मजेदार है इसलिए अगले साल फिर से पढ़ेंगे।

## संपादकीय

### चुनावी साये में धान खरीदी की शुरुआत

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव के साये में बुधवार से प्रदेश भर में धान खरीदी शुरु हो रही है। प्रदेश में 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में राज्य के चुनाव निर्धारित हुए हैं। बस्तर व उससे जुड़े कुछ क्षेत्रों के साथ गिनी-चुनी 20 सीटों पर पहले और शेष सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा। इसके लिये प्रचार एवं नामांकन आदि की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में पूरे छग में पूर्व घोषणा के अनुसार धान खरीदी का जो कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, उसके अंतर्गत 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जायेगा। उम्मीद है कि 26 लाख किसान अपना धान बेचेंगे जिसके लिये राज्य सरकार ने पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलाकर प्रति क्विंटल 2650 रुपये की घोषणा की है जो कि देश भर में सर्वाधिक है।*

*वैसे तो धान खरीदी कोई पहली बार नहीं हो रही है परन्तु इस मौके पर देश के ज्यादातर राज्य एवं कांग्रेस इस कार्य का भरपूर उल्लेख कर रही है। किसानों के लिये चिंता एवं उनकी तरक्की को छग की मौजूदा सरकार ने पहले दिन से ही अपनी वरीयता का विषय बना रखा है। किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत उन्हें दी जाने वाली नकद राशि, कर्ज माफी एवं कृषि व ग्राम आधारित योजनाओं के चलते लोगों का झुकाव खेती की ओर बढ़ा है। जब इस सरकार ने कामकाज सम्भाला था, पंजीकृत किसानों की संख्या करीब 17 लाख थी जो आज बढ़कर तकरीबन 26 लाख हो गई है।*

*यह धान खरीदी इसलिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि छत्तीसगढ़ का जीवन इसी पर निर्भर है। राज्य की मुख्य फसल धान को होने का कारण यह है कि किसानों की पहली पसंद यही है। सभी फसलों के मुकाबले वे इसी को वरीयता देते हैं। दूसरे, यह मानसून की बारिश पर निर्भर फसल है जिसमें अपेक्षाकृत कम मेहनत लगती है। प्रदेश में अच्छी बरसात और अच्छी धूप पड़ती है। इस बार भी कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाये तो पूरे राज्य में सामान्य से भी अधिक उत्पादन होने की आशा है। इसके चलते उन्हें अच्छी आय होने की पूरी उम्मीद है। फिर, राज्य के किसानों की अच्छी आय का सीधा सम्बन्ध प्रदेश की समृद्धि से है। किसानों की जेब में पैसे होने का मतलब है बाजार में अच्छी खरीदी का होना। यह राजकोष को भी भरता है। पिछले पांच वर्षों में न केवल पंजीकृत किसानों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है वरन उत्पादन में भी वृद्धि हुई है जिससे सरकार द्वारा दान खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ता चला गया है। मौजूदा सरकार का यह अंतिम धान खरीदी कार्यक्रम है जिसकी पूरे राज्य में तैयारियां कर ली गई हैं। आशा है कि इस वर्ष भी अपना धान को बेचकर किसान समृद्ध होंगे।*

# आज नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी

## 115 प्रत्याशियों में से 12 नामांकन निरस्त, बीफार्म प्रस्तुत न करने से निरस्त हुए अधिकतर नामांकन




**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में आज नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की गई। कुल 115 प्रत्याशियों ने जिले की 6 विधानसभा सीटों के लिये अपने नामांकन पत्र भरें थे जिनमें से 12 नामांकन पत्र निरस्त हो जाने के कारण कुल 103 प्रत्याशी मैदान में है। आज उन प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किये गये जिन्होंने किसी न किसी दल से नामांकन पत्र भरे थे किंतु संबंधित दल द्वारा बी फार्मा जारी न किये जाने से उनके नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गये। कुछ नामांकन पत्र तकनीकी त्रुटियों के कारण निरस्त किये गये। सर्वाधिक 5 नामांकन पत्र अहिवारा क्षेत्र से खारिज किये गये। प्रत्याशियों की वास्तविक स्थिति 3 नवंबर को नाम वापसी के बाद स्पष्ट होगी।

आज जिन ऐसे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये जिन्होंने किसी न किसी राजनीतिक दल से टिकिट के दावेदार थे। उन्हें पार्टी द्वारा बी.फार्म जारी न करने के कारण आवेदन पत्र निरस्त किये गये।

पाटन विधानसभा क्षेत्र से कुल 19 नामांकन पत्र दाखिल किये गये यहां से आम आदमी पार्टी से नामांकन भरने वाले अजय चंद्राकर का नामांकन पत्र दो आवेदन होने से निरस्त किया गया। अब यहां 18 प्रत्याशी मैदान में रह गये है। भिलाई नगर से कुल 14 नामांकन पत्र दाखिल हुए जिसमें से एक हरिचंद का नामांकन निरस्त किया गया। यहां से अब 13 प्रत्याशी ही रह गये है। दुर्ग शहर से कुल 29 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे थे जिनमें से सुरेन्द्र कुमार वर्मा का हस्ताक्षर व शपथ पत्र न होने से नामांकन निरस्त कर दिया गया। एक अन्य प्रत्याशी जसमीत सिंह का प्रस्ताव न होने के कारण नामांकन निरस्त हो गया। अब यहां 27 प्रत्याशी ही मैदान में रह गये है। दुर्ग ग्रामीण से 16 नामांकन भरे गये इनमें से एक नामांकन आम आदमी पार्टी से भरने वाली लक्ष्मी वर्मा का था। आम आदमी पार्टी द्वारा लक्ष्मी वर्मा के नाम का बी, फार्म प्रस्तुत न करने के कारण नामांकन निरस्त कर दिया गया।

वैशाली नगर से कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किये गये। इनमें से 2 नामांकन निरस्त किये गये। यहां से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से करीम अली खान ने नामांकन भरा था। इसी प्रकार गणेश कुमार हिमांशु ने भारतीय जनता पार्टी से भरा था। इन दोनों के ही नामांकन निरस्त कर दिये गये। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 5 नामांकन निरस्त किये गये इनमें रिशि टंजन जनता कांग्रेस, ओनी कुमार महिलांग भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राजन कुठैल कांग्रेस, संतोष कुमार बंजारे बसपा एवं अमर दास नारंगे शिवसेना से नामांकन भरा था। इन सभी ने अपने नामांकन के साथ पार्टी का बी.फार्म जमा नहीं किया इसलिए नामांकन निरस्त कर दिये गये।

# जिले के लिए नियुक्त आब्जर्वरों ने निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा



**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र मीणा एवं भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दुर्ग जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगण की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारियों से विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आब्जर्वर ने सभी नोडल अधिकारियों से चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। इस पर चुनाव कार्य में जुड़े नोडल अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन संबंधी तैयारियों से अवगत कराया।

आब्जर्वर ने मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, प्रेक्षक कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं वेबकास्टिंग की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने दीवार लेखन तथा मतदान केन्द्रों की पहचान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों तक सुव्यस्थित आवागमन कराने को कहा।

एसपी श्री रामगोपाल गर्ग ने चुनावी गतिविधियों पर सतत निगरानी के लिए जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों और फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में पूरी जानकारी दी। इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया एवं प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट के मूवमेंट के दौरान जिले के मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों की जानकारी एवं सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम के की जानकारी दी।

आब्जर्वर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु चलाए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अश्वनी देवांगन ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु कैम्पस एम्बेसेडर एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारियो की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्ग दूत स्वयंसेवकों द्वारा जिले में जागरूकता कार्य किया जा रहा है।

बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दुर्ग जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगण नितिन सिंग भादूरिया, आर ललवेना, दीपक कुमार मीना, डॉ.राज कृष्ण पृथी, सुवेन्दू कंनयूंगो, सुकुमार सरकार, तारीक महबूद, डॉ. बी नवीन कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने पकड़ी बगैर दस्तावेज के परिवहन की जा रही 8 किलो चांदी

■ बाद में व्यापारी ने पेश किया बिल

**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के कारण निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की जा रही है। सभी जिलों में पुलिस, एसएसटी व एफएसटी जांच कर रही है। इसी कड़ी में दुर्ग में विधानसभा क्षेत्र के एसएसटी क्रमां क 49 की टीम ने लाखों की चांदी जब्त की है। एक्टिवा से शख्स 8 किलो चांदी के जेवर लेकर जा रहा था। जब्त चांदी की कीमत 4 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार एसएसटी प्रभारी अधिकारी शकील अहमद खान ;बीएसपी, उप निरीक्षक रंजित कुमार पाठक, महिला आरक्षक चन्द्रकला देशमुख एवं विडियो ग्राफर लोकेश बंजारे की आज चेकिंग ड्यूटी लगी थी। जांच के दौरान दिन करीब मंगलवार की सुबह 10.30 बजे ग्रीन चौक दुर्ग के पास ओव्हर ब्रिज धमधा रोड दुर्ग की ओर से आ रहीं एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 केडी 2330 को रोककर जांच की गई। एक्टिवा को लक्ष्मी मार्केट सुपेला निवासी रमेशचंद्र मौर्य (40) चला रहा था। जां च के दौरान थैले एवं डिग्गी में चांदी के जेवरात 8 किलोग्राम वजनी कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपए जब्त किया गया। चांदी के जेवरात के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि लक्ष्मी मार्केट सुपेला में उसकी खुद की ज्वेलरी दुकान है। उक्त जेवरात को श्री ज्वेलर्स गंजपारा सत्ती चौरा दुर्ग से खरीद कर लाना बताया। मौके पर चांदी के जेवरात का कोई दस्तावेज, रसीद एवं संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर एसएसटी व पुलिस ने उक्त चांदी को जब्त किया है। इस संबंध में मोहन नगर टीआई से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित व्यापारी द्वारा उक्त माल का बिल पेश कर दिया गया है। अब आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसकी चांदी लौटा दी जायेगी।

# निर्वाचक प्रेक्षकों से मिलने का समय प्रातः 10 से 11 बजे तक और शाम 4 से 5 बजे तक

**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत दुर्ग जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। प्रेक्षकगणों का जिले में आगमन हो गया है। भिलाई निवास में प्रेक्षकगणों का जनसामान्य से मिलने का समय निर्धारित कर दिया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन के लिए प्रेक्षक नितिन सिंह भदौरिया (आईएएस) को निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्ति किया गया है, इनका मो. 7587016628 है। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 64 दुर्ग शहर के लिए प्रेक्षक आर. लालवेना (आईएएस) होंगे, इनका मो. 7587016629 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 भिलाई नगर के लिए प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा (आईएएस) होंगे, इनका मो. 7587016630, विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर के लिए प्रेक्षक डॉ. राज कृष्ण प्रुथी (आईएएस), ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# मतदाता जागरूकता अभियान में लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प





**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जे.आर.डी.स्कूल मैदान में मतदान करने का संकल्प एवं रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 2 सौ महिलाओं ने विधानसभा चुनाव में स्वयं मतदान करने की शपथ लेकर संकल्प पत्र भरा। इसके अलावा समाज में शत प्रतिशत लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करने का भी संकल्प लिया।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। उपायुक्त मोहेन्द्र साहू ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित करते हुए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में नगर निगम दुर्ग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ अन्य लोग भी शामिल हुए।

## प्रेक्षकगणों की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आज

**दुर्ग।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु प्रेक्षकगणों की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक 1 नवम्बर को सुबह 11 बजे से जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

# जिला अस्पताल में होने लगे अब जटिल ऑपरेशन

■ पेट की आंत में छेद के दो ऑपरेशन



**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय जिला अस्पताल में अब जटिल ऑपरेशन भी सफलता पूर्वक किये जा रहे है। हाल ही में पेट की आंत में छेद हो जाने से पेट दर्ज बुखार से पीड़ित दो मरीजों की सफल ऑपरेशन किया गया। दोनों मरीज अब स्वस्थ्य है। इससे पूर्व भी एक मरीज की दुर्ग जिला अस्पताल में सफल ब्रेन सर्जरी एवं सेरेजल टान्सिल एंड मैनिंजेज हेनिंएशन से बचाने के लिये एक मरीज की सफल न्यूरो सर्जरी डॉ. कुलदीप न्यूरो सर्जन द्वारा की जा चुकी है।

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार पंचशील नगर निवासी चैनलाल साहू (70) 15 दिनों से पेट दर्द एवं बुखार से पीड़ित था। उसे 20 अक्टूबर को जिला अस्पताल लाया गया। जांच में पता चला कि पेट की आंत में छेद है। स्थिति को अत्यंत गंभीर व जान के लिये खतरा देख डाक्टर ने मरीज को आपरेशन की सलाह दी। इसके तुरंत बाद मरीज की सर्जरी लगभग 3 घंटे तक की गई। साथ ही मरीज को 2 दिनों तक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती रखा गया। मरीज की स्थिति में काफी सुधार है। वह पूर्णतया स्वस्थ्य है।

इसी तरह बेमेतरा जिला के अंतर्गत ग्राम गोतवानी निवासी मनोज बंजारे (23) के भी पेट में आंत में छेद था। वह काफी समय से परेशान था। साजा अस्पताल में उसका इलाज कराया जा रहा था। उसे डाक्टरों ने दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। दुर्ग जिला अस्पताल में 23 अक्टूबर सफल सर्जरी की गई। मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है। ये दोनों जटिल सर्जरी डॉ. सरिता मिंज, डॉ. कामेन्द्र ठाकुर (सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. बसंत चौरासिया निश्चेतना विशेषज्ञ एवं टीम द्वारा की गई।

# पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांगरूम, मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर दिए ज़रूरी दिशा-निर्देश**



**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभिशेक कृष्णा एवं पुलिस प्रेक्षक नारायण टी. ने जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कराने के उद्देश्य से आज कृषि उपज मंडी परिसर पहुँच कर संचालित निर्वाचन की सभी गतिविधियों जैसे-ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, निर्वाचन कार्यालय, मतगणना स्थल आदि के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पेयजल, शौचालय, बिजली, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विधानसभा निर्वाचन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य इसी से संचालित होंगी, इसलिए आवश्यक सभी महत्वपूर्ण तैयारी शीघ्रता से पूरा करे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दल सामग्री का वितरण, मतदान दल की रवानगी, तीनो विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांगरूम, मतगणना रूम, एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त आब्जर्वर का मॉनिटरिंग कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी का मॉनिटरिंग कक्ष, सीसीटीवी रूम, सुरक्षा अधिकारियों का कक्ष, पार्किंग। व्यवस्था के साथ कानून तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा जवानों के ठहरने की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पी.एस.एल्मा, नए की गयी तैयारियों, अधिकारियों कर्मचारियों और निर्वाचन सामग्री वितरण और वापसी के वाहनों के साथ ब्रेकेटिंग आदि की जानकारी दी पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने स्थल पर सुरक्षाबल की तैनाती की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल वाजपेयी, सी.एल.मार्कण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार पर अतिथि व्याख्यान



**सहसपुर लोहारा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में भ्रष्टाचार की समस्या पर वाणिज्य विभाग के द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था सामाजिक जीवन में भ्रष्टाचार इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक अंजु महोबिया उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन काजल साहू द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की सहायक प्राध्यापक श्रीमती के एस परिहार, मोना बर्मन, दीपक पटेल मोहम्मद आरिफ, विवेक चौहान तथा समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में 6 नामांकन पत्र अस्वीकृत, 50 स्वीकृत

**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गयी। इसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा में अंतिम तारीख 30 अक्टूबर तक 16 अभ्यर्थियों के द्वारा 24 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये थे। इसमें आज की गयी संवीक्षा में एक अभ्यर्थी श्री दीपक कुमार रात्रे, का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। वही 15 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा से 21 अभ्यर्थियों ने 30 नाम निर्देशन पत्र जमा किये। उनमें से तीन प्रत्याशियों सर्वश्री विरेन्द्र कमार बंजारे, दरवन सिंग वर्मा और मनमोहन ठाकुर के नामांकन अस्वीकृत हुए। शेष 18 प्रत्याशियों के नामांकन स्वीकृत किये गये।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ से 19 प्रत्याशियों ने 27 नामांकन पत्र जमा किये। इसमें से दो अभ्यार्थियों सर्वश्री सनत कुमार मारखंडे और अविनाश धृतलहरे का नामांकन अस्वीकृत किया किया गया। शेष 17 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए। इस प्रकार जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 50 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये। नाम वापस लेने की अन्तिम तारीख 2 नवंबर 2023 है।

# निर्वाचन कार्य मे शिकायत पर कार्रवाई दो अधिकारी-कर्मचारी को जिला कार्यालय में किया गया संलग्न

**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामान्य विधानसभा निर्वाचन 2023 मे निर्वाचन संबंधी शिकायत आने पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन डा.अनिल वाजपेयी द्वारा लोकनाथ बांधे, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ एवं राजकुमार बंजारे, शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, बदनारा वर्तमान मे प्रभारी अधीक्षक, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, नांदघाट विकास सह नवागढ़ को विधानसभा निर्वाचन कार्य समाप्ति तक जिला निर्वाचन कार्यालय संयुक्त जिला कार्यालय, बेमेतरा तत्काल प्रभाव से संलग्न किया गया।

# विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस







**दुर्ग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शहर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। विभिन्न शिक्षा संस्थाओं में राष्ट्रीय एकता पर आधारित कार्यक्रम किये गये।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग के 370 बच्चों ने एकता दौड़ लगाई। इस अवसर पर विद्यालय के पुरूषोत्तम साहू, सतीश धीवर, एवं नीता दास सौ शिक्षकों एवं 19 सौ विद्यार्थियों ने एकता की शपथ ली। इसी अवसर पर आशुतोष ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य उमा शंकर मिश्र एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अजय आर्य ने अपना उद्बोधन किया। एकता दौड़ का निर्देशन एस.के.भदौरिया, के.सांई, लीला, एस.के.भारद्वाज, राहत तसनीम, उषा शर्मा, जी.पी.पाण्डेय, कमल सोनी ने किया।

गर्ल्स कॉलेज : इसी तरह शासकीय पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किये गये। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, वंदना बंजारे के साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं कु. पूजा चेलक, कु. लक्ष्मी साहू, कु. ढालेश्वरी विशेष तौर पर सक्रिय रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

# कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण



## आप भी जानिए कार्यक्रम के तहत

**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कर्मठ कार्मिकों के योगदान की बदौलत उत्पादन एवं उत्पादकता के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कार्मिक विभाग कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते के निर्माण की दिशा में तथा उन्हें संयंत्र से परिचय कराने हेतु समय समय पर आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी कड़ी में पी.बी.एस. तथा पी.ई.एम. विभाग के कार्मिकों के पत्नियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यक्षेत्रों से रूबरू कराने के उद्देश्य से आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: मानव संसाधन विभाग में किया गया। जिसमें पी.बी.एस. तथा पी.ई.एम. विभाग के 20 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासनद्ध श्री पवन कुमार ने की। उक्त कार्यक्रम में पी.बी.एस.तथा पी.ई.एम. विभाग के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे, महाप्रबंधक पावर प्लांट-1, संजय निखार महाप्रबंधक पावर प्लांट-1, अभय कुमार विभागीय सुरक्षा अधिकारी टी के दत्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुरए महाप्रबंधक कार्मिक वर्क्स शीजा पी. मैथ्यू, महाप्रबंधक कार्मिक एच शेखर, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक आर के महाराणा एवं कार्मिक शक्ति व विद्युत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। इसके अंतर्गत ब्लास्ट फर्नेस 8 महामाया एसएमएस-3, यूनिवर्सल रेल मिल, रेल मिल, पीबीएस-1 एवं पीबीएस-2 विभाग में इस्पात निर्माण की विभिन्न चरणों से अवगत कराया गया। भ्रमण पश्चात पीण्बीण्एसण् तथा पी.ई.एम. विभाग के मुख्य महाप्रबंधक पावर फेसिलिटीस राजीव पांडे द्वारा विभाग के सभागार में उनका स्वागत तथा सम्मान करके उनके अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही कार्मिकों और उनके परिवार जनों के साथ अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ता कायम करने की दिशा में भिलाई इस्पात संयंत्र का कार्मिक विभाग सतत प्रयासरत रहता है। संयंत्र के कार्मिक अपने कार्यस्थल को कार्यस्थल ही नहीं वरन पूजास्थल और मंदिर भी मानते हैं। कार्मिक अपने कार्यक्षेत्र में कैसे काम करते हैं तथा संयंत्र के विभिन्न इकाईयों में किस प्रकार उत्पादन होता है इसे जानने की प्रबल इच्छा कर्मचारियों के परिवारजनों के हृदय में सदैव रहती है। उत्पादन एवं लाभ में कार्मिकों के साथ ही साथ एक अहम भूमिका कार्मिक के परिवार की भी होती है जो कि प्राय: संयंत्र की कई जानकारियों से अनजान एवं अनभिज्ञ होते हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग शक्ति एवं विद्युत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक विभाग के सहायक प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़ारिया द्वारा किया गया।

# सफाई कर्मियों द्वारा चुनाव प्रचार पर कार्रवाई

## निगम आयुक्त ने जांच की रिपोर्ट पर दो कर्मियों व सुपरवाईजर सेवा से किया पृथक

**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन हेतु प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के दौरान भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 25 हाउसिंग बोर्ड जवाहर नगर में सफाई ठेका के श्रमिक द्वारा राष्ट्रीय पार्टी के पक्ष में किये जा रहे प्रचार प्रसार की शिकायत पर दो श्रमिक एवं सुपरवाईजर को सेवा से पृथक किया गया है। विधानसभा 65 के रिटर्निंग आफिसर व निगम आयुक्त रोहित व्यास को सोशल मिडिया पर शिकायत प्राप्त हुआ कि वार्ड 25 में निगम के सफाई कर्मचारी द्वारा एक राष्ट्रीय पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आयुक्त ने तत्काल जॉच कर कर्यवाही के निर्देश जोन आयुक्त को दिये। जोन आयुक्त ने जांच में शिकायत को सही पाया और सफाई ठेका प्राप्त कंपनी अर्बन इन्वायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड को पत्र प्रेषित कर निगम भिलाई के सफाई कार्य में संलग्न श्रमिक विनय कुमार देशलहरे, एन बाबू वेंकटराव एवं वार्ड सुपरवाईजर मनीष काला तथा स्वीकृत दास प्लेसमेंट कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने से तत्काल प्रभाव से कार्य से पृथक करते हुए उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी प्रदान करने पत्र प्रेषित किये। जिस पर कंपनी द्वारा उक्त कर्मचारियों को कार्य से निष्कासित कर सूचना पत्र स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित किये है। आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के परीधि में रह कर सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में निर्वाचन नियमों को शक्ति से पालन कराने के निर्देश दिये है जिसके तहत अधिकारी कर्मचारी अपने जोन क्षेत्र का लगातार निगरानी कर रहे है। सोमवार व मंगलवार को निगम के निगरानी टीम ने जॉच कर निजी मकान में बिना अनुमति के लगाये गये झण्डे तथा बेनर को जप्त किये है।



### मेहंदी रचाकर महिलाओं ने कहा करें मतदान

**भिलाईनगर।** हाथों में मेहंदी लगाकर महिलाओं और युवतियों ने 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए। शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को श्रीराम चौक खुर्सीपार स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निर्वाचन विषयों पर हाथों में मेहंदी उकेरी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवती शामिल हुई जिन्होंने मतदान हमारा अधिकार है, देश के विकास में मतदान जरूरी है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे मेहंदी से उकेरे तो किसी ने मतदान बूथ, वोटिंग मशीन, चुनाव का सिंबाल, वोट फॉर फ्यूचर की आकृति मेहंदी रचाकर हर एक वोट के महत्व को बताते हुए 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए।

# अपनी मातृ भाषा का उपयोग करें : देवकी नंदन

**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री मद भागवत कथा का चौथा दिन कथा का शुभारंभ करते हुए महाराज ने बताया की भरत जी महाराज ने राज्य सौंपने के बाद वन को प्रस्थान हो गए। जहां वानप्रस्थ आश्रम में दीनचर्या बिताने लगे, महाराज जी ने नर बलि के बारे में भी बताया की जो समाज में अंधविश्ववास फैलाकर जीव हत्या को बढ़ावा दे रहे है, उसे देव हराधना में विश्वास रखना चाहिए। इसी कड़ी में मातृ भाषा का उल्लेख कर महाराज जी ने कहा कि जो अपनी मातृ भाषा का उपयोग करते है और जो इंग्लिस का उपयोग करते है उससे अच्छा मातृ भाषा है और उससे भी अच्छा संस्कृत है। अगर इंग्लिश बोलना अच्छा होता तो अमेरिका, इंग्लैंड विश्व गुरु होता इसलिए मातृ भाषा हिंदी अच्छा है, तभी भारत विश्व गुरु कहलाता है। महाराज जी ने बताया की मास, मदिरा का सेवन करने वालो को 84 लाख नरक की यातना को भोगना पड़ता है, मांस का सेवन करने वालो को तीन व्यक्ति को पाप लगता है, पहला जो मारता है, दूसरा जो पकाता है और तीसरा जो खाता है। इन तीनो को ही नरक में खोलते तेल की कड़ाही में डाला जाता है इस हेतु मनुष्य को मांस मदिरा के सेवन से बचना चाहिए। कथा में समुद्र मंथन के बारे में महाराज जी ने आगे बताया की दैत्यो ने गुरु कृपा से अमृत पाकर देवताओं पर विजय पा लिया और इस प्रकार इंद्र को हराकर इंद्रासन पर कब्जा कर लिया तब सभी देवताओं ने भगवान श्री नारायण से प्रार्थना किया कि मेरी सहायता कीजिए तब भगवान ने वामन रूप अवतार लिया और राजा बलि के पास पहुंच गए और राजा बलि से बोले मैं तुम्हारे पास कुछ मांगने आया हूं तब राजा बलि ने कहा कि भगवान आपको क्या चाहिए भगवान वामन ने कहा कि मुझे तीन पग जमीन चाहिए। राजा बलि ने कहा प्रभु इन छोटे नन्हे पैरो से तीन पग जमीन लेकर आप क्या करेंगे तब भगवान वामन ने कहा मुझे तो सिर्फतीन पग जमीन ही चाहिए, तब राजा बलि ने स्वीकार कर तीन पग जमीन देने को तैयार हो गए तभी राजा बलि के गुरु शुक्राचार्य आकर राजा बलि को बताया की यह साक्षात भगवान है जो तुम्हारे सब कुछ जीत लेंगे फिर भी राजा बलि ने संकल्प कर देने को तैयार हो गये तब भगवान ने दो पग में ही सारा ब्रह्माण्ड को नाप लिया फिर वामन भगवान ने कहा अब मैं तीसरा पैर कहां रखूं तब राजा बलि ने तीसरा पैर अपने सिर पर रखने कहा इस प्रकार भगवान वामन ने राजा बलि के पूरा समराज्य ले लिया। भगवान ने प्रश्न होकर राजा बलि को वरदान दिया की अभी आप पाताल लोक में निवास कीजिए महाराज जी श्रीमद भागवत कथा में वासुदेव जी महाराज के सातवे संतान के रूप में बलराम जी का जन्म की कथा बताया, एवम माता देवकी के आठवें संतान के रूप में भगवान श्री कृष्ण का अवतरण हुआ पूरा पंडाल जन्म उत्सव में झूम उठे।



### छग सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता 3 तक

**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रायगढ़ जिला बास्केटबॉल संघ के द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संयंत्र के पुरुष एवं महिला टीमों की घोषणा तुषार टिकरिया उप महाप्रबंधक के द्वारा किया गया। पुरुष टीम सलीम अली कैप्टन, विशाल सिंह, प्रणय तिवारी, मिथुन आयुष्मान, शिवम दुबे, फैजान खान, अंकित, आदर्श कुमार, राहुल कोरी, निखलेश कोलते, मेहुल टीम के प्रशिक्षक आर एस गौर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रबंधक अंजनी दिवेदी हैं महिला टीम निशा नेम कप्तान, नेहा कारवां, खुशबू असोडिया, श्वेता सेन, अंशिका साहू, अंकु अंबिलकर, डी अश्विनी, कलश झा, हर्षिता खन्ना, मनिष्ठा यादव, जिज्ञासा सोनी, मंजीत कौर, प्रशिक्षक सरजीत चक्रवर्ती है।

# कलार समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश का किया सम्मान



**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज की बैठक डड़सेना सामुदायिक भवन कोहका में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भगवान शहस्त्रबाहू की पूजा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सिन्हा व अध्यक्षत जीवन सिन्हा मंडलेश्वर ने किया। विशेष तिथि रिखीराम सिन्हा, तोरण सिन्हा, बिसहत सिन्हा, प्रेमलाल सिन्हा उपस्थित हे। सुरेश सिन्ह ने युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक जागरूकता लाने व न्याय प्रणाली पर समाज के लोगों को जोडने पर बल दिया। इस इस दौरान ग्राम प्रमुख महिला प्रमुखों को शपथ दिलाया गया। लादूराम सिन्हा, बलराम सिन्हा, घनश्याम सिन्हा को श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक में आनंदराम सिन्हा, कमलेश सिन्हा, भरत सिन्हा, दुश्यंत गजेंद्र, राजकुमार, मेघनाथ, नोबल सिन्हा, किशोर नशीने, मुकेश सिन्हा, गैंदलाल सिन्हा, गुलाब, संजय, ममता जायसवाल, सुलोचना सिन्हा, ईश्वरी गजेन्द्र, उषा सिन्हा, सुनीता, सरस्वती, गोदावरी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम क संचालन वीरेन्द्र सिन्हा व आभार प्रदर्शन गिरधारी सिन्हा के द्वारा किया गया।

# वाल्मीकि जयंती-शरद पूर्णिमा पर साहित्यिक समारोह



**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। साहित्य सृजन परिषद भिलाई ने आदि कवि वाल्मीकि जयन्ती और शरद पूर्णिमा के प्रसंग पर दो सत्रों में साहित्यिक समारोह का आयोजन बैकुण्ठधाम शिव मन्दिर मड़ोदा जलाशय नेवई, भिलाई के साहित्यिक मंच पर किया। पहले सत्र में लेखक एवं पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन की भिलाई के इतिहास पर लिखित पुस्तक श्वोल्गा से शिवनाथ तक पर परिचर्चा हुई। स्वागत उद्बोधन में साहित्य सृजन परिषद के अध्यक्ष एन.एल. मौर्य प्रीतम ने आयोजन के उद्देश्य पर रोशनी डाली। लेखक का परिचय परिषद की कोषाध्यक्ष माला सिंह ने दिया। प्रमुख वक्ता के तौर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि भिलाई पर समग्र रूप में हिंदी में यह पहली पुस्तक है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया जहान को जरूर जानें लेकिन हम जहां रहते हैं उसके आसपास के इतिहास और महत्व को भी जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि भिलाई की स्थापना के शुरुआत का संघर्ष का वह दौर सभी को जानना चाहिए। उन्होंने लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन को अपना प्रिय छात्र बताते हुए भिलाई विद्यालय सेक्टर.2 के कई प्रमुख छात्रों का विशेष रूप से उल्लेख भी किया। संजीव तिवारी ने कहा कि बीएसपी के निर्माण की पृष्ठभूमि पर आधारित किताब श्वोल्गा से शिवनाथ तक ऐतिहासिक घटनाओं, इंजीनियरिंग चमत्कारों और मानवीय भावना के अदम्य संकल्प का सम्मोहक मिश्रण है। अध्यक्षता कर रहे संस्कृतिविद् आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि लेखक न सिर्फ इतिहास को पढ़ और लिख रहा बल्कि जी भी रहा है। जिनके कारण भिलाई का नाम हुआ उनके बारे में लिखना भूमि के ऋण से मुक्त होने का लेखक का विनम्र प्रयास है। मुहम्मद जाकिर हुसैन ने अपनी किताब की रचना प्रक्रिया से उपस्थित लोगों को अवगत कराया तथा आयोजन के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। सत्र का संचालन श्रीमती नीता कम्बोज ने किया। द्वितीय सत्र में आदिकवि वाल्मीकि एवं शरद पूर्णिमा पर केन्द्रित सरस काव्य गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार पांडे, सुरेश बंछोर, बिसौहा वर्मा, कामेश्वर साहू, दीपक कुमार शारदा, शिवेंद्र केशव दुबे, ओमवीर करण, डॉ रमाशंकर सोनी, नीलम जायसवाल, यशोदा जायसवाल, राम मोहन कश्यप, डॉ. नीलकंठ देवांगन, रियाज खान, इस्माइल आजाद, चंद्र बर्मन, डॉ नौशाद अहमद सिद्दीकी, सब्रष, छगनलाल सोनी ने अपनी रचनाएं सुनाकर वाहवाही बटोरी।

# देश की आजादी में गांधी परिवार का योगदान : कुरैशी

**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी के शहदत दिवस के अवसर पर अपने बंगला नं-6 में तैल्यचित्र पर माल्यअर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रीमति इंदिरा गांधी के आज शहदत दिवस को याद करते हुए गांधी परिवार को कुछ देश के विरोधी दल के लोगों द्वारा परिवारवाद के नाम से बदनाम करते है, जबकि श्रीमति इंदिरा गांधी का सम्पूर्ण परिवार देश की आजादी में बहुत बडा योगदान दिया जबकि इंदिरा गांधी ने बचपन में ही देश की आजादी के लिए मनकी नामक बिग्रेड बनाकर बच्चों को आंदोलन के लिए प्रेरित करती थी। बाल्यअवस्था में ही जेल गई 1964 में राज्यसभा की सदस्य बनी देश के प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री के अकास्कि निधन के बाद देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में चुनी गई। सन् 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध हुआ और बंगला देश निमार्ण हुआ और भारत की जीत हुई इसी प्रकार अपने जीवनकाल में महत्वपूर्ण कदम उठाया और देश को आतंकवाद विघटनकारी तत्वों से बचाते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी लेकिन देश को विघटनकारी तत्वों से बचाया। कार्यक्रम में समयलाल साहू, ईश्वर बडडानी, फारूख, बलदेव साहू, कुलेश्वर साहू, जोगाराव, गिरवर साहू, निलाम्बर, एमके अंसारी, जमील अहमद, इस्माइल खान, गुडडू खान, दीपक, भूपेन्द्र सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।



# पुलिस की सघन वाहन चेंकिग नगदी जप्त



**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मामले का विवरण इस प्रकार हैए कि 30 अक्टूबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जिला दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत राम साहू एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर के मार्ग दर्शन पर आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 दौरान मतदाताओं को लुभाने हेतु वितरण किये जाने वाले अवैध वस्तु, नगदी रकमों के परिवहन को रोकने हेतु पाटन विधानसभा क्षेत्र 62 अंतर्गत् एसएसटी बैरियर महादेव घाट अमलेश्वर में तैनात एसएसटी टीम प्रभारी थानेश्वर वर्मा सब इंजीनियर कृषि विस्तार अधिकारी अक्षय कश्यप, प्रधान आरक्षक मनीष तिवारी एवं विडियो ग्राफर मनीष देवांगन के साथ वाहन चेकिंग के दौरान करीबन 12.15 बजे वाहन क्रमांक सीजी 04 पी.डी. 6482 कार चालक सुधांशु सिंह 30 वर्ष साकिन अमलीडीह रायपुर कब्जे से 500-500 रूपये के 3 बंडल जुमला 1,50,000 रूपये के मिलने पर सुधांशु सिंह से मौके पर उक्त रकम के संबंध में पूछताछ किया। जिनके द्वारा कार में मिले रकम के संबंध में कोई वैध दस्तावेज, रसीद एवं संतोषप्रद जवाब नहीं देने से मौके पर एसएसटी टीम प्रभारी थानेश्वर वर्मा द्वारा पंचनामा तैयार कर अमलेश्वर पुलिस को सुपुर्द करने पर निरीक्षक अनिल पटेल थाना प्रभारी अमलेश्वर के द्वारा संज्ञेय अपराध से संबंधित होने की आशंका से उक्त रकम को धारा 102 के प्रावधानों के तहत् जप्त किया। इसके अलावा 29 अक्टूबर को शाम 5.20 बजे थाना अंडा चेकिंग तिराहा पॉइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान जिला बालोद, के वाहन क्रमांक सीजी 12 आर 5429 शिफ्ट कार में 2,33,000 लेकर जा रहे थे जिसे एसएसटी टीम के द्वारा जप्त कोई दस्तावेज नहीं होने से थाना में सूचना दिया गया है। जिस पर जप्ती कार्यवाही की गई।

# सेमी क्लासिकल डांस में फियोना को मिला प्रथम स्थान



**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नृत्य, संगीत और वाद्य यंत्र की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के तहत सेमी क्लासिकल शैली के नृत्य में इस्पात नगरी भिलाई की उभरती हुई नृत्यांगना फियोना एस रिनू ने प्रथम स्थान हासिल किया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा समर्थित ऑल इंडिया डांसर एसोसिएशन द्वारा अयप्पा मंदिर सेक्टर-2 के सभागार में आयोजित इस प्रतियोगिता में उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। फेओना दिल्ली पब्लिक स्कूल, रिसाली, भिलाई में कक्षा 6 वीं की छात्रा है। नृत्य के प्रति अपने जुनून को ध्यान में रखते हुए, फेओना अपनी नृत्य गुरु टीएस सुनयना के कुशल मार्गदर्शन में शिव शक्ति नृत्य अकादमी से नृत्य सीख रही हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल करने वालों में अवंतिका, एग्नेस, हर्षिका, आदित्य, देवप्रिया, सृष्टिए समीक्षा, शेरिन, शान्या, पद्मा और पार्वती भी शामिल हैं। फियोना की इस उपलब्धि पर माता-पिता, रिश्तेदारों, शिक्षकों, दोस्तों और शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

# फेरो स्क्रैप में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**भिलाईनगर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम निगमन कार्यालय भिलाई में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है । इस वर्ष की थीम "भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे" है। एफएसएनएल के उप-महाप्रबंधक संचालन एवं अनुरक्षण एस.के. पोलु के मुख्य आतिथ्य एवं बी.पी.अनंत, उप-महाप्रबंधक परियोजना एवं व्यापार विकास, प्रभाकर सिंह ठाकुर उप-महाप्रबंधक सतर्कता की उपस्थिति में एफएसएनएल के 'मिनी ऑडिटोरियम में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस. केपोलू, ने किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस.के.पोलु न सभी विभाग प्रमुखो अनुभाग प्रमुखो ं को सत्यनिष्ठा एव ईमानदारी की शपथ दिलाई तथा ई-पत्रिका सतर्क' का विमोचन किया। इस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं पारिवारिक सदस्यों के लिए निबंध लेखन, भाषण, क्विज, नारा लेखन, ड्राइगं , कार्टून आदि प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं ग्राम सभा का भी आयोजन किया जायेगा जिससे सतर्कता जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो। कार्यक्रम के संयोजक प्रभाकर सिंह ठाकुर, उप-महाप्रबंधक सतर्कता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस वर्ष के मुख्य थीम भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति सतर्क रहे सतर्कता जागरूकता के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं इस वर्ष आयोजित किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि एस.के.पोलु ने इस अवसर पर बताया कि-व्यक्ति को संविधान की मूल भावना के तहत् प्रदत्त अधिकारो एव ं कर्तव्यों का बखूबी पालन करते हुए अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन भली भांति कर तनाव और चिंताओं से मुक्त रहा जा सकता है। सतर्कता के प्रति हमें सदैव मंथन एवं चिंतन करना चाहिए और पूर्ण ईमानदारी से कार्य करते हुए पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षतापूर्वक सदव्यवहार को जीवन में हमेशा उतारना चाहिए। बी.पी.अनंत ने कहा कि-भ्रष्टाचार हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में बाधा है। सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के प्रति वचनबद्ध होकर भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना हर व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। सुमित कुमार राय, सुब्रत मुखर्जी, के. गिरीश कुमार ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी श्री छगन लाल नागवंशी ने किया।



# पंचशील पंजाबी एसो. ने ली शत-प्रतिशत मतदान की शपथ



**भिलाई।** पंचशील पंजाबी समाज की महत्वपूर्ण बैठक पंजाबी पैलेस सेक्टर 5 में हुई। जिसमें कार्यकारिणी समिति व सदस्यों ने आगामी विधानसभा चुनाव में 17 नवम्बर को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। समाज की ओर से डायरेक्टर अजय भसीन ने दिलाई। इस दौरान भसीन ने कहा कि हमें ना सिर्फ स्वयं मतदान करना है बल्कि अपने घर परिवार और आस पास जो भी पहचान के लोग है उन्हे भी शत.प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस शपथ ग्रहण समारोह में समाज के अध्यक्ष नरेश खोसला, राकेश ढोडी, अरुण हांडा, अरुण ग्रोवर, डॉ नवीन कौरा, हेमंत अरोरा, हरीश शर्मा, पंकज सेठी, राजीव भसीन, बलबीर सहगल, जगदीश आहूजा, राकेश मल्होत्रा, संजय भाटिया, आर सी ओबेरॉय, राम ओबेरॉय, जितेंद्र उप्पल, अनुपम कथुरिया, सुरेश वोहरा, गौरव कथुरिया, एम के खंडूजा तथा भारी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने शपथ ली।

## कल 3 बजे तक कर सकते हैं नाम वापसी

**बिलाईगढ़** 31 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 अंतर्गत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ और 43-बिलाईगढ़ के लिए नामांकन जमा कर चुके अभ्यर्थी नामांकन/नाम वापसी गुरूवार 02 नवंबर 2023 के अपरान्ह 3 बजे तक कर सकते हैं।

# जनसेवा के संकल्प व विकास के लक्ष्य के साथ हम समृद्ध पंडरिया की नई नींव रखेंगे : भावना बोहरा

**कवर्धा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज पंडरिया स्थित शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित विजय संकल्प महारैली को संबोधित कर पंडरिया विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी भावना बोहरा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों ने पूरे जोश व उत्साह से उनका भव्य स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहा कि आज मैनें चार सभाएं की और इन चारों सभाओं में आप सभी ने जो अपार समर्थन दिया और भाजपा की विकास नीति पर विश्वास जताते हुए अपना आशीर्वाद दिया वह छत्तीसगढ़ में आपके परिवर्तन के संकल्प को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए जिते हैं लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता अपनी सेवा के लिए जिते हैं। हम आपकी सेवा करना चाहते हैं और कांग्रेस जनता को धोखा देकर मेवा खाना चाहते हैं। हम अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आपके बीच आते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों को लेकर आपके बीच आते हैं लेकिन कांग्रेस केवल झूठे वादे और आश्वासन लेकर आपके बीच आते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने आपको आवास दिया, विकास की नई सौगात दी, उज्ज्वला योजना से बहनों को धुएं से मुक्ति दी, किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख रुपए का मुफ्त ईलाज दिया, राशन दिया यह है भाजपा के विकास का रिपोर्ट कार्ड लेकिन



कांग्रेस सरकार ने आपके आवास को रोका, पंडरिया के विकास को रोका, जर्जर सड़कें दी, ध्वस्त कानून व्यवस्था दी और शराब घोटाला, गोठान घोटाला, कोयला घोटाला, पीएससी घोटाला जैसे भ्रष्टाचार किये भूपेश बघेल ने प्रदेश के 12 लाख आवास को रोका है और अब पंडरिया की जनता 7 नवम्बर को कांग्रेस सरकार को रोकेगी और छत्तीसगढ़ में परिवर्तन लाएगी। इस बार पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा को अपना सहयोग व समर्थन देकर उन्हें प्रचंड मतों से विजयी बनाएं और जो सेवा करने वाले हैं उन्हें पंडरिया विधानसभा के विकास और आपकी आकाँक्षाओं को पूरा करने का अवसर प्रदान करें। आप सभी भावना बहन को वोट दीजिये और पंडरिया विधानसभा का हम सभी मिलकर विकास करेंगे।

पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे जनता की सेवा और उनकी आकाँक्षाओं को पूरा करना आता है राजनीति नहीं। राजनीति मेरे संकल्पों को पूरा करना, समृद्ध पंडरिया का जो हमने मिलकर एक सपना देखा है उसे पूरा करना और आपके हर सुख-दुःख में साथ रहने का एक मार्ग है और मुझे पूरा विश्वास है कि इस मार्ग पर हम मिलकर आगे बढ़ेंगे और आपकी आकाँक्षाओं के अनुरूप पंडरिया का विकास करेंगे। जिला पंचायत सदस्य के रूप में मैनें जो भी कार्य अपने क्षेत्र में किये हैं चाहे वो बेटियों की शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, महिला सशक्तिकरण के प्रयास हो, किसानों का सम्मान हो या सुविधाओं का विस्तार हो उन सभी कार्यों को पूरे पंडरिया विधानसभा में आप सभी को समर्पित करना यही मेरे उद्देश्य है और लक्ष्य है। हमने पंडरिया विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए जो रुपरेखा तय की है उसे आप सभी के समक्ष जल्द ही प्रस्तुत करेंगे। जनसेवा के संकल्प और विकास के लक्ष्य के साथ हम समृद्ध पंडरिया की नई नींव रखेंगे।

# राजा खड़गराज सिंह का गांव-गांव जनसंपर्क

**सहसपुर लोहारा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़ग राज सिंह लगातार अपने क्षेत्र के जनता के पास पहुंच कर अपने लिए जनसमर्थन जुटा रहे है। अपने जनसम्पर्क अभियान में उन्होंने पिपरिया क्षेत्र के नवघटा, खैरवार, नेवरीगुड़ा, लखनपुर, लालपुर, रबेली, सुरजपुरा, रामहेपुर, सिघनपुरी, सूखाताल, कोडवा, चारभाटा, दौजरी के लोगो से उनके गली, मोहल्लों और घर घर पहुंचकर आम आदमी पार्टी के झाड़ू छाप में वोट देने की अपील की साथ ही उन्होंने गांवो में मोहल्ला सभा भी लिया जहाँ महिला, पुरुष एवं युवाओं की भारी उपस्थिति के बीच अपनी बात रखी इस अवसर पर राजा खड़गराज सिंह ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की आपका और



हमारा कई पीढ़ियों से नाता रहा है। सहसपुर लोहारा राज परिवार और कवर्धा राज परिवार ने आप सबको अपना शुभचिंतक, भला चाहने वाला और अपने परिवार के एक सदस्य के रूप में ही माना है। आप सबने हमें हमारे सुख और दुख में साथ खडे होकर सदैव हमें ताकत दी है और आप सबके इसी प्रेम, सम्मान, लगाव ने मुझे चुनाव मैदान में उतरने को मजबूर किया है। राजा खड़गराज सिंह ने लोगो से आगे कहा की भाजपा कांग्रेस की राजनीति में आप सब सिर्फ एक वोट हो सकते है लेकिन मेरे लिए आप मेरा परिवार है । भाजपा कांग्रेस पार्टी ने आपसे तरह तरह के वादे कर, लालच देकर, धर्म और जाति के नाम पर बरगला कर आपका वोट लिया है इन्हे सत्ता पाना होता है। अगर आजादी के इतने सालो बाद भी अगर आपके गांव में सडके नहीं बन पाई, आपके बच्चो को उच्च कोटि की शिक्षा नहीं मिल पाई, आपको अच्छी चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाई, आपके बच्चो को रोजगार नहीं मिल पाया, आपके खेतो में पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई तों मानकर चलिए की आज तक अपने गलत पार्टी और गलत लोगो को वोट दिया है। पर आज देश में आम आदमी पार्टी के रूप में एक ऐसा राजनितिक दल आया है जो ईमानदार लोगो को साथ लेकर पंजाब और दिल्ली जैसे पढ़े लिखें राज्य की तस्वीर बदल रही है। और यही काम हमें यहां करना है जहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधा को उच्च कोटि का कर हमें हमारे क्षेत्र, हमारे राज्य और हमारे देश के भविष्य को सुरक्षित कर सबको बराबरी का अवसर विकास के लिए प्रदान करना है। आम आदमी पार्टी की इसी सोच की वजह से मै इस पार्टी में शामिल होकर चुनाव मैदान में उतरा हूँ अत: आप सब अपने और अपने बच्चो के भविष्य के लिए एक मौका झाड़ू छाप को अवश्य देवे। जनसम्पर्क अभियान में हर गांव में राजा खड़गराज सिंह का बहुत आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत ग्रामीणों ने किया इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डॉ. रमन के लिए पूर्व विधायक भारती ने मांगा वोट



**डोंगरगढ़,** 31 अक्टूबर। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह को जिताने के लिए रामजी भारती पूर्व विधायक डोंगरगढ़, मलिखम कोसरे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मनहरण लहरें, हेमेश्वरी जांगड़े सरपंच ककरेल, गोविन्द देवांगन सरपंच देवादा, चंदन कश्यप बुथ अध्यक्ष फरहद, गंगाराम बांधे, सरपंच योगेश निर्मलकर, सरपंच बैगाटोला, हरिशंकर देशमुख पूर्व सरपंच फुलझर ,सागर खुटेल, रामकिसुन साहू आदि लोगों ने ग्राम सोमनी, परमालकसा, फुलझर, बैगाटोला, देवादा में चुनाव प्रचार के दौरान में डोर टू डोर जनसंपर्क किया और मतदाताओं को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देकर भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह के लिए वोट मांगा।

## शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गंडई पंडरिया,** 3ॅ1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव नजदीक आ रही है। इस दौरान क्षेत्र का माहौल खराब न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए गंडई पुलिस और 43वीं वाहिनी पीएसी एटा टीम के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने का संदेश दिया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में गंडई पुलिस एवं शासकीय हाई स्कूल ठंडार में ठहरे हुए 43वीं वाहिनी पीएसी एटा के जवानों ने मंगलवार को गंडई थाना क्षेत्र के ग्राम ठंडार, रैमडवा और जगमडवा में संयुक्त रूप से फ्लेग मार्च किया गया। बता दें कि यह फ्लेग मार्च 7 नवंबर को होने जा रहे मतदान को शातिपूर्ण ढंग से कराने हेतु किया गया। साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील भी की गई है।

## गैस सिलेंडर फटने से ग्रामीणों में दहशत



**डोंगरगढ़,** 31 अक्टूबर। पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौथना में अनुसूया बाई के मकान में एक बड़ा हादसा हो गया, जहा चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई जिससे वह फट गया,हालांकि इस दौरान कोई जन हानि नहीं हुई लेकिन सिलेंडर फटने तथा आग लगने से घर का सामान जलकर खाक हो गया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चौथना निवासी अनुसूया बाई आज सुबह अपने घर में गैस चूल्हे में चाय बना रही थी, चाय चढ़ाकर वह घर के पास स्थित किराना दुकान सामान लेने गई थी ,इस दौरान घर से धुआं उठने लगा, पड़ोसियों ने घर में आग लगने की आशंका तथा धुआं उठते देख तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी ,थोड़े देर बाद सिलेंडर ब्लास्ट की आवाज आई, आग लगने तथा सिलेंडर ब्लास्ट होने से घर पूरा का सामान जलकर खाक हो गया है मकान मालिक अनुसूया बाई ने बताया कि इस घटना मे घर मे रखे लाखो का सामान का नुकसान हो गया है उसने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## विजय शर्मा ने गुरुद्वारा जाकर माथा टेका

**कवर्धा,** 31 अक्टूबर। गुरु श्री रामदास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर स्थानी गुरुद्वारा में आयोजित अरदास,संकीर्तन में पहुँचकर भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने माथा टेका । गुरू रामदास साहेब जी सिख्ख पँथ के चौथे गुरु है , अमृतसर शहर को बसाने का श्रेय इन्ही को जाता है । प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर विजय शर्मा ने साध संगत सहित सिख्ख भाइयों को प्रकाश पर्व की बधाई दी और अरदास में शामिल हुए । इस अवसर पर समाज की ओर से विधान सभा चुनाव में सफलता के लिए अरदास भी किया गया । विजय शर्मा ने कहा सिख्ख पँथ के गुरुओं के बलिदान को सकल हिन्दू समाज कभी नही भूल सकता । सभी गुरुओ के त्याग,तप और बलिदान से ही भारत फल फूल रहा है । हम सबको उन्होंने अपने जीवन से देश धर्म के प्रति कर्तब्य का बोध कराया है । इस अवसर पर सामाजिक बंधु सामाजिक बंधु सुरेंद्र सिंह पाहुजा, महेंद्र सिंह खनूजा , हरजीत सिंह खुराना, नरेंद्र सिंह सलूजा, जसविंदर सिंह बग्गा, वनीत सिंह सलूजा, राजेंद्र सिंह सलूजा, सतपाल सिंह पाहुजा सहित सामाजिक बंधु माताएं उपस्थित रहे।

# मैं निर्दलीय नहीं बल्कि सर्व समाज की प्रत्याशी हूं : मीना सत्येंद्र साहू

**गुरुर,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए अंतिम दिन 28 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किया। कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लेने वाली जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू भी अपने समर्थकों के साथ पहुंची।

भाजपा और कांग्रेस से जो टिकट की आस लगाए बैठे थे वह भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मीना साहू के समर्थन रैली में उतर आए।



निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू ने कहा कि मैं निर्दलीय प्रत्याशी नहीं हूं, मैं सर्व समाज की प्रत्याशी हूं। सभी समाज के लोगों ने मुझे कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ लड़ने अपना समर्थन दिया है। मैंने जीवन भर पार्टी की सेवा की है, लेकिन जब टिकट की बारी आती है तो एक परिवार विशेष को टिकट दे दी जाती है। पार्टी की कई लोगों ने भी टिकट बदलने की मांग की थी, लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

निर्दलीय प्रत्याशी मीना सत्येंद्र साहू के नामांकन रैली में हजारों की संख्या में समर्थक स्व स्फुर्त होकर पहुंचे थे। इसके पूर्व मां गंगा मैया मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी माथा टेककर मीना सत्येंद्र साहू ने कामना की।

नामांकन रैली के दौरान मीना साहू ने कहा कि आज भले ही मुझे कांग्रेस से टिकट नहीं मिला लेकिन रैली में शामिल भीड़ ने आज साबित कर दिया कि जनता ने ही मुझे टिकट दिया है। आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सर्व समाज का मुझे आशीर्वाद मिला है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

**आज फिर से इतिहास बदलने की बारी है**

रैली में शामिल वरिष्ठ नेता हलधर साहू ने कहा कि आज फिर से इतिहास बदलने की बारी है। आज ऐसे लोगों के मन में नई उम्मीद नजर आ रही है। सभी लोग आज मीना के समर्थन में आए हैं। मैं आप सभी से निवेदन करना चाहूंगा, कि यहां उपस्थित हर आदमी 10 घर में भी प्रचार करेंगे तो मीना साहू का पक्ष मजबूत हो जायेगा, उन्होंने हाथ उठाकर सभी से समर्थन मांगा तथा कहा कि मीना साहू के नामांकन भरने के बाद अब कुछ लोग बरगलाने एवं भड़काने के लिए आएंगे, लेकिन किसी की बातों पर ध्यान नहीं देना है।

# 17 लाख गरीब परिवारों को आवास देगी कांग्रेस सरकार : नीलकंठ चंद्रवंशी

**कवर्धा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडरिया विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी प्रचार में लगे हुए हैं। चुनाव को महज कुछ दिन शेष रह गए हैं। इन बचे हुए दिनों में नीलकंठ चंद्रवंशी पंडरिया क्षेत्र के जन-जन तक पहुंच रहे हैं। उन्हें जनसमर्थन मिलता दिख रहा है। नीलकंठ चंद्रवंशी आज जनसंपर्क के दौरान पंडरिया के ग्राम रौहा, देवपुरा व मंझोली पहुंचे, जहां उन्होंने बीजेपी को आड़े हाथों लिया और झूठ की पोल खोलकर रख दिये।

17.05 लाख गरीब परिवारों का 3 साल से आवास केंद्र की मोदी सरकार ने रोका। इस वजह से गरीब परिवारों को क्या कुछ नहीं भुगतना पड़ा, लेकिन भूपेश बघेल ने केंद्र से कुछ नहीं मिलने के बावजूद लोगों को आवास दिलाने का वादा किया है। आधा काम हो चुका है और जो बचा हुआ आवास है वह कांग्रेस सरकार बनते ही मिल जाएगा।

**कांग्रेस की अब तक की घोषणा -**

1. पूर्व की तरह इस बार भी होगा किसानों का कर्ज माफ, जातिगत सर्वे कराया जाएगा।
2. 20 क्विंटल/एकड़ धान खरीदेंगे।
3. 17.5 लाख गरीब परिवार को हम आवास देंगे।
4. तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को 4000 रु बोनस के रूप में प्रतिवर्ष।
5. लघु वनोपजों की रुस्कपर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रुपए।
6. सभी सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में चत्र से लेकर क्क्न तक शानदार मुफ्त शिक्षा।
7. राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मज़दूर न्याय योजना में मिलने वाली राशि को 7000 रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रतिवर्ष किया जाएगा।
8. डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को अब 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक का मुफ्त इलाज, अन्य लोगों को 50 हजार से बढ़ाकर अब 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

इस मौके पर ग्राम रौहा में रमेशर चंद्रवंशी, संजय साहू, आदित्य चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी व ग्राम देवपुरा मे गनी साहू, विक्रम यादव, सताज खान, जुबैर खाना, वनित खान और ग्राम मंझोली में मुहम्मद समीर, अकबर खान, लाज़िन खान, नाज़िम खान उपस्थित रहें।

## निधन

### रामानंद गुप्ता

**पिथौरा,** 31 अक्टूबर। आरंग के बालाजी पुरम कालोनी निवासी 88 वर्षीय रामानन्द गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता और संजय गुप्ता के पिता व सौरभ गुप्ता के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार 1 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे स्थानीय नया तालाब मुक्तिधाम में किया जाएगा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### निर्वाचक प्रेक्षकों से मिलने का समय ...

इनका मो. 7587016631 तथा विधानसभा क्षेत्र 67 अहिवारा के लिए प्रेक्षक सुवेन्दु कानुनगो (आईएएस) को नियुक्त किया गया है, इनका मो. 7587016632 है। इन प्रेक्षकगणों से जनसामान्य प्रतिदिन भिलाई निवास मिनी हॉल रिसेप्शन के बाजू में प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक मिल सकते हैं।

इसी प्रकार व्यय प्रेक्षक 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 64 दुर्ग शहर के लिए सुकुमार सरकार (आईआरएस) मोबाईल नंबर 7587016635 और विधानसभा क्षेत्र क्र. 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा के लिए तारिक मबूद (आईआरएस) व्यय प्रेक्षक होंगे, इनका मोबाईल नं. 7587016636 है। इन प्रेक्षकों से जनसामान्य भिलाई निवास मिनी हॉल रिसेप्शन के बाजू में प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 5 बजे तक मुलाकात कर सकते हैं।

# 51 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से 40 लाख क्विंटल होगी धान खरीदी

**खैरागढ़- गंडई,** 31 अक्टूबर। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने एक नवम्बर 2023 से समितियों में किसानों से धान उपार्जन की तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। जिले में इस वर्ष 4899 किसानों के पंजीयन में वृद्धि के साथ 68123 किसान समितियों में धान बेचेंगे।

**किसानों को टोकन और धान बिक्री में कोई असुविधा न होने पाए : कलेक्टर**

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को टोकन, बारदाना और धान बिक्री में कोई असुविधा न होने पाए। आगे कहा कि जिले के समितियों में धान खरीदी हेतु पूरी तैयारी सुनिश्चित कर लें। जिले में 1 नवम्बर (बुधवार) से 51 धान उपार्जन केंद्र किसानों से गुलजार होंगे। किसानों से 20चि.प्रति एकड़ धान की खरीदी की जायेगी। कलेक्टर ने सभाकक्ष में उपार्जन स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक ली। सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने कहा । किसानों को कोई परेशानी, असुविधा ना हो इसका ख्याल रखने कहा। उपार्जन केंद्रों में छाया-पानी की व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से सुगम धान खरीदी के लिए सतर्क रहकर सौपे गये दायित्वों का पालन करने की बात कही। ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश दिए।

**केसीजी जिले के 6 नए केंद्रों में इस वर्ष होगी धान खरीदी**

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों में जानकारी दी कि 01 नवम्बर 2023 को धान खरीदी करने हेतु अभी तक 35 उपार्जन केन्द्रों का 11हजार चिंटल का 232 टोकन समिति एवं टोकन एप्प द्वारा जारी किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में कुल 39 समिति 51 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में 6 नवीन उपार्जन केन्द्र अमलीडीह, काशीटोला, मोहगांव,



सुखरी, ठेलकाडीह एवं महरूमकला खोला गया। जिले के समस्त 51 उपार्जन केन्द्रों में नया पुराना बारदाना भेजा जा चूका है। आज दिनांक की स्थिति में 2090 गठान नया बारदाना भेजा गया है, जिसमे से 1970 गठान नया बारदाना उपार्जन केन्द्रों में प्राप्त हो गया है एव 3172 गठान पुराना बारदाना भेजा गया है, जिसमे से 1363 गठान पुराना बारदाना उपार्जन केन्द्रों में प्राप्त हो गया। सभी धान उपार्जन केन्द्रों का व्यवस्था निरीक्षण किया गया। इसके लिए नोडल नियुक्त किया गया है।

**जिले में इस वर्ष 12 लाख क्विंटल अधिक होगी धान की खरीदी**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा धान एवं मक्का का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान की खरीदी विगत खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में संचालित और नवीन बनाए गए खरीदी केन्द्रों में की जाएगी। जिले में खरीफ सीजन 2023-24 में जिले में अब तक 158529 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया हैं। पिछले साल 1 लाख 53 हजार किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था। जिनका रकबा 1 लाख 83 हजार 242 हेक्टेयर था। जो बड़ कर इस साल 1 लाख 85 हजार 928 हेक्टेयर हो गया है। जो किसान अभी तक पंजीयन नहीं कराए है वह आज 31 अक्टूबर तक करा सकते है। इस साल धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 80 लाख मैट्रिक टन है। पिछले साल अनुमानित लक्ष्य 68 लाख मैट्रिक टन था। 5 चिंटल प्रति एकड़ में वृद्धि के साथ 20 चिंटल प्रति एकड़ खरीदा जायेगा। इस प्रकार जिले में इस वर्ष 12 लाख क्विंटल अधिक धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

**कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

बैठक में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक सहकारी समिति रघुराज सिंह, सीसीबी नोडल आलोक शर्मा, जिला प्रबंधक नान नीलिमा ठक्कर, मंडी सचिव पवन मेश्राम, जिला विपणन अधिकारी चंद्रपाल दीवान, डॉ मकसूद, खाद्य निरीक्षक मनीष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा रेंगाखार मंडल के महामंत्री ठाकुर राम मेरावी का कांग्रेस प्रवेश झूठी खबर : मेरावी



**कवर्धा,** 31 अक्टूबर। कांग्रेस पार्टी के ओर से विभिन्न मीडिया में खबर प्रकाशित कराया जा रहा है कि रेंगाखार मंडल के भाजपा महामंत्री ठाकुर राम मेरावी ने कांग्रेस प्रवेश किया । मंत्री मो अकबर ने गमछा पहनाकर प्रवेश कराया। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद महामंत्री ठाकुर राम मेरावी ने भाजपा कार्यालय आकर इसका खण्डन किया । उन्होंने कहा मैं रेंगाखार मंडल का कार्यकर्ता हूँ मेरी मुलाकात पिपरिया के आस पास अपना चुनाव प्रचार कर रहे मो अकबर से हुई । किसी ने मेरा परिचय कराया तो उन्होंने अपने कार्यकर्ता से गमछा मंगाकर मुझे पहना दिया । और फोटो वायरल कर खबर प्रकाशित करा दिया कि मैं काँग्रेस प्रवेश कर रहा हूँ । मंत्री ने बहुत छोटी और निंदनीय राजनीति की है । मैं 20 वर्षो से भाजपा का निष्ठावान कार्यकर्ता हूँ कोई किसी मंत्री और काँग्रेस जैसी झूठी पार्टी में जाने का सवाल ही नही उठता। जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा पिछले 5 वर्षो में जितने लोगो ने काँग्रेस ज्वाइन किया उनका यही दर्द है जिसने भी काम के संदर्भ में मंत्री से मूलाकात की उन सबको काँग्रेस प्रवेश का झूठा प्रचार कर दिया गया । कोई भी व्यक्ति न अकबर से प्रभावित है न ही काँग्रेस से झूठ के दम पर सत्ता हासिल करने वाले अब लोगो का झूठा प्रवेश कराने से बाज नही आ रहे है ।

# राह आसान नहीं रमन की, धीमी रफ्तार ही सही, आगे बढ़ते दिख रहे गिरीश

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 की सबसे अहम सीट माने जाने वाली राजनंदगांव विधानसभा प्रदेश के लिए हमेशा राजनीतिक हल्कों पर अपनी अहमियत बनाकर रखती है। सबसे बड़ी बात यह है कि हमेशा से राजनांदगांव विधानसभा सीट को वीवीआईपी दर्जा प्राप्त है। कभी यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा भी चुनाव लड़ कर जीत एवम हार चुके है। राजनांदगांव विधानसभा के बूते भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर रमन सिंह अपने राजनीतिक किस्मत के बूते तीन बार मुख्यमंत्री का ताज पहन चुके हैं, चौथी बार की स्थिति में भाजपा उन्हीं के नेतृत्व में लड़ी, औंधे मुंह गिरी, जिसका अंदाजा देश के दिग्गज राजनेताओं को भी शोध करने मजबूर कर रखा है, यही कारण है कि डॉ रमन सिंह तीन बार के मुख्यमंत्री रहे हुए अब शायद पुनः मुख्यमंत्री बनने की आस में जद्दोजहद करते नजर आ रहे है । कही भारतीय जनता पार्टी को अगर प्रदेश में बहुमत मिला तो फिर से उन्हें मुख्यमंत्री का ताज पहनने का अवसर लगेगा। यह कड़वी सच्चाई है जिसकी आस में कई युवा दावेदारों के भविष्य को अंधेरे में धकेलते हुए डॉ रमन सिंह राजनांदगांव विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार आखिरकार बन गए और आज वह चुनाव मैदान में जीत और हार के संघर्ष में लगे हुए नजर आ रहे हैं। राजनांदगांव विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के युवा दावेदार और



वरिष्ठ नेता भी टिकट की आस में रहे पर रमन सिंह के कद के सामने भाजपा के सारे नेता राजनीतिक कद के हिसाब से बौने हीं साबित हुए। डॉ रमन के लगातार चार बार चुनाव लडने से दो पीढ़ी के नेता को नहीं मिला मौका, जोकि अंदर ही अंदर आक्रोश के रूप मे भी दिख सकता है! मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चेहरा माने जाने वाले राजनांदगांव विधानसभा में गिरीश देवांगन को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाकर राजनांदगांव विधानसभा की सीट की महत्ता को और बढ़ा दिया। कल तक कांग्रेसी एक दूसरे को पीठ दिखाने वाले आज गिरीश देवांगन के लिए कंधे से कंधा मिलाते नजर आ रहे हैं, यही एक कूटनीतिक कारण रहा होगा कि कांग्रेस की दावेदारों की अनेकता को देखते हुए आलाकमान ने गिरीश देवांगन को राजनांदगांव से सबसे तगड़ा उम्मीदवार माना है। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को इस बात से अवगत तो जरूर कर दिया गया होगा कि गिरीश देवांगन के पीछे भूपेश बघेल ही है। इतना समझना कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और दावेदारों के लिए संजीवनी से कम नहीं जिस लिहाज से राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को शुरुआती दौर में पीछे देखा जा रहा था वैसा परिदृश्य अब नजर नहीं आता। अब तो प्रचार में कांग्रेसियों की भीड़ और हुजूम होती है, जैसा परिदृश्य पुराने कांग्रेसियों के बताएं अनुसार इंदिरा कांग्रेस और राजीव कांग्रेस के समय हुआ करती थी। धीरे-धीरे ही सही गिरीश देवांगन धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। गिरीश देवांगन को ठीक है स्थानीय नही मान रहे लोग, किंतु सीएम भूपेश बघेल के करीबी का फायदा मिल रहा, खास कर गांवों में, स्थानीय नेताओं को भी मनाने में कामयाब हो रहे गिरीश देवांगन , जिसका फायदा भी शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस को मिलेगा। वहीं रमन को घेरे रहने वाले ब्लैक कमांडों से आम आदमी का मिलना मुश्किल भी वोटों के कम होने की वजह बन सकता है। डॉक्टर रमन सिंह के पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और ग्रामीण क्षेत्रों मे मधुसूदन के अलावा अन्य बड़े नेता जमीन पर नजर नहीं आ रहे है। राजनांदगांव के कांग्रेस और बीजेपी के उम्मीदवारों को अगर कहीं नुकसान देगा वह अति आत्मविश्वास ही होगा।

# भावना बोहरा ने की मितानिन एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण की घोषणा

**कवर्धा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 7 नवम्बर को प्रथम चरण में मतदान होने हैं, ऐसे में सभी प्रत्याशी भी लगातार जनता से जनसंपर्क कर उनके बीच पहुँच रहें हैं. आज भारतीय जनता पार्टी से पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी भावना बोहरा ने पंडरिया मंडल में जनसंपर्क कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुईं और पंडरिया के विकास को लेकर अपनी बातें जनता के समक्ष रखी. पंडरिया की जनता ने भी उनका भव्य स्वागत कर अपना समर्थन दिया तथा आगामी चुनाव में प्रचंड विजय का आशीर्वाद दिया.



इस दौरान भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण करने की घोषणा की जिसका सभी ने स्वागत करते हुए इसे सराहनीय पहल बताई. भावना बोहरा ने कहा की हमारी मितानिन बहनें और स्वसहायता समूह की बहनें हमेशा सेवा में तत्पर रहती हैं, ऐसे में उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखना भी हमारी प्राथमिकता है. आने वाले समय में मितानिन बहनों की सुविधा हेतु लोहारा व पंडरिया ब्लॉक में सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण और स्वयं सहायता बहनों की सुविधा हेतु जोन स्तर पर सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण किया जाएगा। जिससे हमारी मितानिन बहनों और स्वयं सहायता समूह की बहनों को ट्रेनिंग और अपने अन्य कार्यों से संबंधित आयोजनों को करने के लिए किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पंडरिया में जनसंपर्क के दौरान भावना बोहरा ने ग्राम मैनपुरा, रेहुटा, बमहलदाई, बांधापारा, झिरिया कला, झिरियाखुर्द, बुची पारा, सोमनापुर, करपी, दलपी, पाढ़ी, गांगपुर, भगतपुर, रामहेपुर, पंडरीपथरा, बिरकोना एवं केसलीगोडान में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा में आप सभी के प्रेम और स्नेह के प्रति मैं आभारी हूँ. एक बेटी और बहन के रूप में आप सभी ने जो स्नेह दिया है वह मुझे अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए उर्जा प्रदान करता है. आगामी चुनाव में आप सभी की सेवा एवं पंडरिया के विकास के लिए मैंने जो अपना कर्तव्यपथ चुना है वह सेवा संकल्प पत्र के माध्यम से 1 अक्टूबर को आप सभी को समर्पित करने जा रही हूँ. जिला पंचायत सदस्य के रूप में मैंने अब तक जनसेवा हो या जनसुविधा जितने भी प्रयास किये हैं वो पूरे पंडरिया विधानसभा में संचालित किया जाएगा.

भावना बोहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में उन्होंने जो सेवा कार्य एवं सुविधाओं जैसे एम्बुलेंस, हेल्थ पैथ लैब, बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा व अन्य जनहित के कार्यों का लाभ पूरे पंडरिया विधानसभा विधानसभा की जनता को दिलाना ही उनका लक्ष्य है.

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गई

**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का शपथ लिए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं डीएसपी राजेश कुमार झा ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि ''ज्मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं. जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल, की उनकी दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका । मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं''।



इस दौरान उप निरीक्षक बल्लूराम सोरी, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, सउनि (अ) संतोष सोनवानी, सउनि (अ) दीपक गर्जेवाल, सउनि (अ) लुमेश देवांगन, सउनि (अ) प्रवीण लोहले, सउनि (अ) महेन्द्र भुआर्य, सउनि विष्णु सप्रे, सउनि दिलीप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नवागढ़ के हजारों विद्यार्थियों ने सीखा याददाश्त बढ़ाने का फार्मूला

**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर, मेगा मेमोरी ट्रेनर डॉ. अवधेश पटेल सर के द्वारा आज दिनांक 31 अक्टूबर को मेगा मेमोरी सेमिनार का आयोजन महामाया मंदिर प्रांगण नवागढ़ में रखा गया। जिसमें नवागढ़ के निजी विद्यालय स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर,इंडियन पब्लिक स्कूल,गुरुकुल विद्यालय,ललित विद्यालय के लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस सेमिनार के आयोजन में शामिल हुए। जिसमें छात्र छात्राओं को बेहतर तरीके से अध्ययन करने तथा याददाश्त बढ़ाने के फॉर्मूला के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए चेतन और अवचेतन मन की शक्ति को जानने का फॉर्मूला दिए। इस नि:शुल्क सेमिनार में ट्रेनर अवधेश पटेल ने स्मरण शक्ति का प्रदर्शन भी किया जिसे देखकर सभी को आश्चर्य चकित हुए। इस सेमिनार में स्मरणशक्ति बढ़ाने के 5 फार्मूलों की चर्चा किए जिसमें एकाग्रता, रुचि,



अवलोकन, कल्पनाशीलता और इच्छाशक्ति के साथ साथ रात्रि को सोने के पहले और सुबह उठने के बाद ब्रेन में चलने वाले अल्फा तरंगों का संकल्प पूर्वक लाभ लेने का तरीका बताए। डॉ. अवधेश पटेल का 15 से अधिक राज्यों में मेगा मेमोरी सेमिनार और कार्यशाला आयोजित हो चुका है। इसी क्रम में नवागढ़ में पहली बार 4 और 5 नवंबर को 2 दिवसीय फुल डे मेगा मेमोरी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी, टीचर, अभिभावक, बिजनेस, प्रोफेसनल, प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं।

# कलेक्टर ने शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**बेमेतरा** 31 अक्तूबर (देशबन्धु)। देश एवं प्रदेश के साथ ही जिले में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज 31 अक्टूबर मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। जिले के शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों व संस्थाओं में एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी.कर्मचारियो को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कलेक्टर द्वारा दिलाई गई शपथ को अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोहराया।



इस मौके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ अनिल बाजपेयी, श्री सी एल मार्कण्डेय, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर साजा श्री विश्वास राव मस्के डिप्टी कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे, डिप्टी कलेक्टर श्री धनंजय मरकाम, सुश्री पिंकी राजस्व, कलेक्टोरेट, जनसंपर्क, खाद्य, कृषिए,शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

# विजय बघेल ने किया सघन जनसंपर्क जीत के लिए मांगा वोट

**कुम्हारी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पाटन विधान सभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल मंगलवार को कुम्हारी नगर पालिका अन्तर्गत विभिन्न वार्डों का दौरा किया जिनमे रामपुर (चोरहा), कुगदा आदर्श नगर, वार्ड क्रमांक 18 तालाबपार, वार्ड 12 डंगनिया तालाबपार, परसदा, अटल विहार एवं वार्ड क्रमांक 01 में सघन जनसंपर्क करते हुए वार्ड वासियों की समस्याओं को सुना तथा सरकार बनने पर सारी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देकर अपना बहुमूल्य मतदान भाजपा के पक्ष में करने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान विजय बघेल ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर खुलकर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिखर गई है उन्होंने कहा कि जगह जगह नशे और शराब का व्यवसाय फल फूल रहा है, चोरी लूट के घटनाओं की तो जैसे बाढ़ सी आ गई है साथ ही गोबर घोटाला, शराब घोटाला, युवाओं के साथ पीएससी में छलावा जैसे मुद्दों को सरकार बेहतर समझती है। ज्ञातव्य हो कि इसके पूर्व विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी विजय बघेल ने कुम्हारी में मातृशक्ति से आशीर्वाद लेकर प्रचार कार्य का किया, दो दिवसीय चुनाव प्रचार कार्यक्रम शुभारम्भ के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में सघन जनसंपर्क कर प्रत्याशी विजय बघेल को विजयी बनाने के लिए मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा मंडल के समस्त मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण, महिला मोर्चा तथा युवा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग प्रचार में जुटे रहे।



# धान उपार्जन संबंधी प्रशिक्षण में अनुपस्थित एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर 42 नोडल अधिकारियों को नोटिस

**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में सूचना के बावजूद निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने और प्रशिक्षण से अनुपस्थिम 42 धान उपर्जान केन्द्र के नोडल अधिकारियों कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता पर कारण बताओं नोटिस जारी किया ।



मालूम हो कि पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में भी धान खरीदी कल 1 नवम्बर बुधवार से शुरू हो रही है। इसी को लेकर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11ः45 बजे धान उपर्जान केन्द्र के नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित था । इस प्रशिक्षण में कई नोडल अधिकारी अनुपस्थित और कुछ निर्धारित प्रशिक्षण समय के बाद आये । इस पर कलेक्टर श्री एल्मा ने नाराजगी जतायी ।

उन्होंने ने कहा कि धान खरीदी कार्य महात्वपूर्ण है और आपका इसके प्रति उदासीनता लापरवाही का द्योतक है । कलेक्टर प्रशिक्षण में कहा कि ने कहा कि धान खरीदी संबंधी आयोजित सभी बैठक और प्रशिक्षण में समय का पालन करें । धान खरीदी में किसी प्रकार की ढिलाई या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी ।

# राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाये रखने जिला न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा लिया गया शपथ

**बेमेतरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार बेमेतरा जिला न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिटियर्स द्वारा शपथ लिया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। उक्त राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देश की एकता की भावना से सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों को आत्मसात करने की शपथ लिया जाता है। यह भी शपथ लिया जाता है कि प्रत्येक नागरिक अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने सत्यनिष्ठ रहेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया जाता है।



उक्त शपथ समारोह में श्रीमती मधु तिवारी अपर जिला सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो). श्री उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तनुश्री गवेल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक व्य. न्या. वर्ग- 1 / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमती अनिता कोशिमा रावटे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा एवं जिला न्यायालयीन कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

# जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक ने ली रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसरों की बैठक

**बेमेतरा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में शाम को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) श्री अभिषेक कृष्णा (आई.ए.एस.) व्यय प्रेक्षक श्री ब्रजेश कुमार सिंह (आई. आर.एस.) और पुलिस प्रेक्षक श्री नारायण टी (आई. पी. एस.) ने रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा भी मौजूद थे।।

**■ एसएसटी टीम वाहनों की चेकिंग के दौरान ख़ास ध्यान रखें की आम व्यक्ति को परेशानी ना हो सामान्य प्रेक्षक श्री कृष्णा**

सामान्य प्रेक्षक श्री अभिशेक कृष्णा ने बैठक में कहा कि एसएसटी वाहनों की चेकिंग के दौरान ख़ास ध्यान रखें की आम व्यक्ति को परेशानी ना हो, दूसरा निर्वाचन संबंधी सभी जानकारी निर्धारित फार्म में मुझे समय पर प्रदाय की जाए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न कराने में की बात कही। प्रेक्षक श्री अभिशेक कृष्णा ने कहा कि निर्वाचन का कार्य पूरी गंभीरता के साथ समय पर पूरा करें है। उन्होंने निर्वाचन के कार्य को सुचारु रुप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। मतदान केंद्रों का परीक्षण कर जहां ज़रूरी हो वहां माइक्रो ऑब्जर्वर लगाये। शुरुआत में तीनों प्रेक्षकों ने अपना परिचय दिया। सभी अधिकारियों बारी-बारी से अपना परिचय के साथ सौंपे गये निर्वाचन संबंधी दायित्व की जानकारी दी।

बैठक में निर्वाचन की तैयारी संबंधी जानकारी देते हुए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पदुम सिंह एल्मा ने अब तक की निर्वाचन संबंधी तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि थी। अब तक तीनों विधानसभा के लिए 56 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए। आज नामांकन पत्र संवीक्षा में जिले की तीनों विधानसभा में 6 नामांकन स्वीकृत हुए।

नाम वापसी की अन्तिम तारीख 02 नवम्बर 2023 (गुरुवार) तक है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे ने पॉवर प्रेजेंटेशन के जरिए जिले की भौगोलिक स्थिति सहित तीनों विधानसभा की जानकारी दी। बताया कि जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन मतदान केन्द्र 870 मतदान केंद्र है।सभी में मूलभूत सुविधाएँ है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र, 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। इसी प्रकार एक-एक युवा मतदान और दिव्यांग मतदान केन्द्र भी बनाये गये है।

पुलिस अधीक्षक श्री भावना गुप्ता ने भी पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से पुलिस प्रशासन की और से की गई तैयारियों की जानकारी दी। निर्वाचन के दौरान पुलिस द्वारा जप्त की गयी सामग्री अवैध मदिरा आदि की जानकारी दी मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल से अवगत कराया। बैठक में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर सहित सीईओ श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर दुय डॉ अनिल बाजपेयी, श्री सी.एल बंजारे सहित डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थे।

# आशादेवी संचेती के उपधान तपस्या के पूर्णाहुति में सम्मान समारोह का आयोजन

**दल्लीराजहरा,** 31 अक्टुवर (देशबन्धु)। नगर में जैन समाज के धर्मनिष्ठ संचेती परिवार के मोहनलाल सचेती की धर्म सहायिका आशा देवी संचेती के उपधान तपस्या की पूर्णाहुति पर बहुमान के साथ आज अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया। वे विनय विजय,आशीष और अंकित संचेती की माता भी है। जिनकी 51 दिन उपधान तपस्या की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैन समुदाय में उपधान तप का बहुत बड़ा महत्व है। उपधान तप यानी 51 दिनों की इस तपस्या में तपस्वी को पूरे समय के लिए संपूर्ण रूप से साधु व्रती का पालन करना होता है। एक दिन उपवास और एक दिन आयम्बिल करते हुए साधु का जीवन व्यतीत करना होता है। पूज्य गुरुदेव के तीर्थ पालीताना में वर्तमान आचार्य के सान्निध्य में बहुआयम लोगों ने उपधान तप की तपस्या पूर्ण की है। आशा देवी संचेती की तपस्या पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में मंगलवार को संचेती परिवार की और से नगर में तपस्वी का अभिनंदन व सम्मान समारोह रखा गया । 65 वर्ष की आयु में उपधान तप पूर्ण कर आशा देवी संचेती ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। श्री मूर्तिपूजक संघ की ओर से संघ अध्यक्ष ने तपस्वी की अनुमोदना की व महिला मंडल द्वारा बहुमान किया गया। इसके अलावा स्थानकवासी समुदाय, जैन युवा मंडल, नगर पालिका आदि की ओर से भी बहुमान किया गया। अभिनंदन अनुमोदना कार्यक्रम में समाज प्रमुख मोहन लाल छाजेड,संजय बांठिया,चंद्रेश नाहटा, शैलेष लोढ़ा,रमेश गुणधर,राजू गुणधर के अलावा परिवार जनों में लाल चंद संचेती,संतोष संचेती, बहुओ में रीना संचेती,गोल्डी संचेती सारिका संचेती,पिंकी संचेती द्वारा भी अपनी सासू की तपस्या की अनुमोदना करते बहुमान किया।



**■ तपस्वी का महिला मंडल,संघ अध्यक्ष व संचेती समाज ने किया बहुमान**

# मौसम में परिवर्तन के चलते स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ने लगी है मरीजों की संख्या

**गुरुर,** 31 अक्टूबर (देशबंधु)। तहसील क्षेत्र में लगातार हो रहे मौसम परिवर्तन के कारण क्षेत्र में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

मंगलवार को भी स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी काउंटर से लेकर डॉक्टरों का कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, महिला पुरुष वार्ड में भी मरीजों की भीड़ रही।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर बीएमओ डॉ जीआर रावटे ने कहा कि यहां प्रतिदिन लगभग 150 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे थे, लेकिन वर्तमान में मौसम खराब होने के कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बच्चों से लेकर बड़े वर्ग अभी ग्रसित हो रहा है, अस्पताल में सबसे ज्यादा उल्टी, दस्त, बुखार, टाइफाइड के मरीज पहुंच रहे हैं। सभी मरीजों का उचित इलाज के बाद मरीजों के अलावा परिजनों को भी खानपान में एवं रहन-सहन में विशेष रुप से सावधानी बरतनी के लिए सलाह दी जा रही है।

# विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का ढांचा खड़ा किया डॉ रमन ने: गिरीश देवांगन



**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन शहर में अपने धुआंधार जनसंपर्क कर जन समर्थन जुटा रहे हैं आज वार्ड 43 के मां फिरंतीन मंदिर से पूजा अर्चना कर जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत होगी जो वार्ड भ्रमण करते हुए राजीव नगर वार्ड 42 एवं वार्ड 46 बसंतपुर का भ्रमण करते हुए महामाया चौक में जनसंपर्क यात्रा का समापन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर चल रहे हैं लगातार शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए गिरीश देवांगन ने कहा 15 वर्षीय मुख्यमंत्री जिस क्षेत्र का नेतृत्व करें वहां विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार व कमीशन का ढांचा नजर आए तो विकास नहीं विनाश का पर्याय है और शहर को दो भागों बांटने वाला फ्लाई ओवर उस पर एक करोड़ 13 लाख की लागत का फुट ओवर ब्रिज जो पावर ग्रिड कंपनी द्वारा अपने जनहित के उद्देश्य से राशि प्रदान की थी उसकी भी दुर्गति डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ प्यारेलाल स्कूल चौक में भूमिपूजन कर नए बस स्टैंड में बिना एनएचएआई से एनओसी लिए निर्माण कराया गया जिसका ढांचा आज शहर को बदनुमा किए हुए हैं महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की गुणवत्ताहीन बिल्डिंग हो या भदोरिया चौक से लेकर अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तक के विकास के नाम पर आम जनता के घरों पर विध्वंसक कार्यवाही की सड़क चौड़ीकरण पेंड्री से सीआईडी कॉलेज तक गलत कनेक्टिविटी का बाईपास सड़क सहित मातृ शिशु अस्पताल का भी श्रेय के चलते दो बार लोकार्पण करने का काम डॉ रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में किया एक अदूरदर्शी सोच वाले नेतृत्व के कारण विकास के नाम पर सिर्फ कमीशन भ्रष्टाचार की जो इमारत खड़ी है वह सीधे सीधे राशि का दुरुपयोग है जिसके विकास से आम जनता को कोई फायदा नहीं हुआ और सिर्फ जनता परेशान है ऐसे नेतृत्व को बदलने का समय आ गया है डॉ रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र की जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है जो इनकी निष्क्रियता का जीता जागता उदाहरण है भारत देश में पहले ऐसे मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र है जहां विकास की कोरी कल्पना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर विकास के खंडहर रूपी स्मारक के रूप में स्थापित है।

कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से मन्ना यादव, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, सूर्यकांत जैन, हरिनारायण धकेता, राजेश गुप्ता, चंपू, ऋषि शास्त्री, हेमू सोनी, राजा यादव, मानव देशमुख, रीना पटेल, जगत चिन्टू शर्मा, सुरेन्द्र देवांगन,संजय साहू, राजकुमार जायसवाल, गंगाबाई साहू, शीला देवांगन, सूरज देवांगन, सोहागा श्रीरंगे, मीराबाई, संगीता साहू, दुरपत साहू, रत्ना साहू, राजकुमार, तुलसी देवदास, पप्पु देवांगन, गिरजा साहू, बीना साहू, संध्या, रोहिणी राजपूत, सुगबती, दुलीचंद साहू, सुकालू निषाद, देवीलाल, देवेन्द्र शर्मा, कुमार निषाद, छोटू, मेमबाई, सुखिया बाई यादव, झुनिया बाई देवांगन, रमेश यादव, डाली सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**1 नवंबर को यहां करेंगे जनसंपर्क**

पेन्ड्री वार्ड 21 के जैतखांभ में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत होगी जो वार्ड का भ्रमण करते हुए अटल आवास वार्ड 20 में भ्रमण करेंगे। इसी तरह शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड रेवाडीह 22 में बूढ़ादेव मंदिर में पूजा कर वार्ड भ्रमण करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी श्री देवांगन आमजन मानस से कांग्रेस के पक्ष में जनसमर्थन मांगगे। इसी तरह दोपहर बाद ग्राम बेलटिकरी, कुम्हालोरी, सुरगी, बुचीभरदा व आरला में जनसंपर्क करेंगे!

# शत प्रतिशत मतदान के लिए अधिकारी-कर्मचारियों ने निकाली वॉक द सिटी पैदल रैली

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र को मजबूत करने तथा विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों ने वॉक द सिटी पैदल रैली निकाली। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज शाम वॉक द सिटी पैदल रैली कार्यक्रम आयोजित कर कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखु लाईन राजनांदगांव शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री अमित कुमार के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में स्वीप अंतर्गत हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार नेतृत्व में जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी व छात्रावास के विद्यार्थी ने कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखु लाईन से जीई रोड होते हुए वापस कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन तक पैदल रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करेगा राजनांदगांव का संदेश दिया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे वाक द सिटी में सभी उत्साह एवं उमंग के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को 7 नवम्बर को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करें। इस दौरान कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन में सभी ने मैं मतदान अवश्य करूंगा/करूंगी क्योंकि.... बोर्ड में हस्ताक्षर कर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश सिंह, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित थे।



# कांग्रेस के झंडा बैनर निकाल भाजपा कर रही आचार संहिता का उल्लंघन

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनांदगांव शहरी क्षेत्र में जहां कांग्रेस अपने प्रचार प्रसार में आगे नजर आ रही है जिसके बौखलाहट में भाजपाई कांग्रेस के झंडा बैनर पोस्टर को निकलवाने का काम कर रही है जिसकी शिकायत प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक फडनवीश, अल्प संख्यक के जिला अध्यक्ष शकील रिज़वी, प्रभारी फारूक खान, आफताब खान ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की है।



■ निर्वाचन में हुई शिकायत

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि शासकीय बिल्डिंगों, बिजली खम्बो और अन्य स्थानों पर भाजपा के लोग झंडा लगवाकर आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर रहे हैं कांग्रेस के झंडे बैनर पोस्टर निकालने से जहां भाजपा अशांति का वातावरण उत्पन्न कराने की एक सोची समझी साजिश कर रही है जो लोकतंत्र के लिए घातक है छ ग में कांग्रेस सरकार की विकासशील योजनाओं से आम जनता को जो लाभ मिला है इसका फायदा कांग्रेस पार्टी को मिलता देख भाजपाई हताश एवं परेशान होकर इस प्रकार की हरकतों पर आमादा हो गए हैं जिसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई है और कार्यवाही की मांग की गई है निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है

# शांतिपूर्ण चुनाव कराने पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने एवं आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिये जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, चाकूबाजों, गुण्डा बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने व निगाह रखने तथा अपने अपने क्षेत्रों में नशीले पदार्थ गांजा, ड्रग्स/नारकोटिक्स एवं अवैध शराब के मामलों पर कानूनी कार्यवाही करने हेतु आदेश दिया गया था।*

लघु आधिनियम के तहत कार्यवाही:- * आर्म्स एक्ट के 12 प्रकरण में 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 11 नग धारदार हथियार एवं 01 नग देशी पिस्टल जप्त। आबकारी एक्ट के 106 प्रकरण में 118 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई जिनके कब्जे से 658.365 मिलीलीटर कीमती 296850/- रूपये जप्त। धारा 145 के 01 प्रकरण 04 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कोलाहल अधिनियम के 03 प्रकरण 03 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। एनडीपीएस एक्ट गांजा के 03 प्रकरण 08 आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 72,134 किलोग्राम गांजा कीमती 584112/-रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त चार पहिया वाहन किमती 60 लाख रूपये जप्त। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 3541 प्रकरण में 3541 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। 13 जुआ एक्ट के 04 प्रकरण में 16 आरोपी के कब्जे से कीमती 9320/-रूपये जप्त की गई। सट्टा एक्ट के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के कब्जे से 16320/- रूपये जप्त की गई।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही =-* धारा 102 जा. फौ. के तहत 09 प्रकरण में 09 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। धारा 151 जा.फौ. के के तहत 89 प्रकरण में 99 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। धारा 107,116 जा.फौ. के तहत 668 प्रकरण में 689 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। धारा 110 के 39 प्रकरण में 39 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# विकल्प तिवारी का चयन इंडिया अंडर-19 (डी ) में

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों बीसीसीआई द्वारा आयोजित वीनू मांकड़ ट्रॉफी अंडर 19 में छत्तीसगढ़ क्रिकेट अंडर-19 टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन (तीन लगातार शतक) के चलते नगर के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी विकल्प तिवारी का चयन इंडिया अंडर-19 (डी ) में हुआ। जोकि चैलेंजर ट्रॉफी में हिस्सा लेगी। इस प्रतियोगिता से श्रीलंका में जनवरी माह में आईसीसी वर्ल्ड कप अंडर-19 प्रतियोगिता आयोजित होने वाली में हिस्सा लेने हेतु इंडियन क्रिकेट टीम अंडर-19 का चयन होगा।

राजनांदगांव निवासी विकल्प तिवारी क्रिकेट कोच मनोज तिवारी के सुपुत्र है, वे अपने बचपन से ही क्रिकेट का बल्ला हाथ में ले पिता के साथ मैदान में पहुंच जाते थे। यही क्रिकेट की दिवानगी आज उन्हें राजनांदगांव जैसे छोटे से शहर से निकल भारत देश की अंडर 19 (डी) टीम का हिस्सा बनाई। विकल्प स्कूल, शहर, जिला और छग की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। सभी मैचों में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण ये मौका मिला है।

विकल्प तिवारी के इंडिया अंडर-19(डी ) में चयन होने पर राजनंदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, चयनकर्ता घनश्याम लाल, भारत कथरानी, सी एस मोरवी व दुर्गेश शुक्ला तथा कोषाध्यक्ष दिनेश जैन एवं एशोसियेशन के कोच विकास अग्रवाल, सुजीत द्विवेदी तथा सभी सम्मानित सदस्यों ने बधाई दी वह उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# अमरीका के राष्ट्रपति की तरह यहां भी सिर्फ दो बार चुनाव लड़ने का मौका होना चाहिए




**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पिछड़ा समाज पार्टी की ओर से संयुक्त प्रत्याशी के रूप में नांदगांव विधान सभा चुनाव मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशी प्रयाग साहू ?के लिए पार्टी द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया ने कहा कि भारत में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की तरह चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी को सिर्फ दो बार ही मौका मिलना चाहिए। ताकि कोई राजनेता दो बार से अधिक प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति ने बन सके।

उन्होंने पिछड़ा वर्ग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आर के सुखदेवे ,आर पी आई के अनिल साखरे, हमर समाज पार्टी के व्यक्ति सहित पिछड़ा समाज पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी प्रयास साहू की उपस्थिति में प्रेस वार्ता लेते हुए कहा कि जो चुनाव में निर्दलीय लड़ते हैं उनका भी एक उद्देश्य रहता है। पार्टी प्रत्याशी प्रयास साहू को किन्हीं कारणों से चुनाव में निर्दलीय करार दिया गया है। यह सब ग़लत हो रहा है। इस देश में पूंजीपतियों के सहारे सरकार चल ? रही है। कांग्रेस गलत करती है तो भाजपा कोई कार्रवाई नहीं करती । इसी तरह भाजपा की ग़लती पर कांग्रेस की सरकार कुछ नहीं करती । यदि मीडिल क्लास के व्यक्ति पर ? कोई आरोप लग जाए तो पुलिस उसे तत्काल उठा कर ले जाती है। और यहां कांग्रेस भाजपा के घोटाले को पकड़ नहीं रही। उन्होंने बताया कि नांदगांव जिले में पार्टी के ढाई हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसलिए पार्टी ने नांदगांव विधान सभा चुनाव के लिए प्रयास साहू को संयुक्त प्रत्याशी के रूप में उतारा है।

# जनता अब चुनावी जुमलों में नहीं फंसने वाली: डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस अब जनता के बीच अपना भरोसा खो चुकी है। पिछले चुनाव में किए गए खोखले वादे और झूठी कसमें लोगों को आज भी अच्छी तरह याद है। यही वजह है कि जनता तय कर चुकी है कि उसे अब कांग्रेस के चुनावी जुमलों में नहीं फंसना है। भूपेश बघेल लोगों का भरोसा खो चुके हैं। उनकी बातों पर अब जनता विश्वास नहीं करती। इसके चलते कांग्रेस दिल्ली के नेताओ से चुनावी वादे करा रही है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। कांग्रेस के नेता चाहे अपनी सरकार का जितना भी महिमा मंडन करें लेकिन सच यह है कि ग्राउंड पर कांग्रेस और भूपेश बघेल की सच्चाई खुलकर सामने आ गई है। जमीनी स्तर पर लोग यही चाहते हैं कि बीजेपी की सरकार बने। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी वापस आ रही है। श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मौजूद सरकार में 15 हजार करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। रमन सिंह ने कहा कि सिर्फ गिल्ली डंडा खेलने से विकास नहीं होता है। इसके लिए सड़कें बनानी पड़ती हैं, लोगों को रोजगार देना पड़ता है, और ये सब काम भूपेश बघेल ने नहीं किया है। छत्तीसगढ़ के लोगों को आगे बढ़ाने की बात सामने आती है तो वे पीछे हट जाते हैं। उन्होंने राज्यसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि दूसरे राज्यों के लोगों को भेज दिया गया।

## नयीं पैकिंग में पुराना सामान

कांग्रेस की ओर से की जा रही चुनावी घोषणा नई पैकिंग में पुराने समान के जैसे है। जो वायदे कांग्रेस की ओर से किये जा रहे हैं, वो पिछले चुनाव में कसम खा कर किये गए थे। जो बाद में खोखले साबित हुए। इस बार फिर से उन्हीं बातों को घुमा फिराकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन अब छत्तीसगढ़ की जनता गुमराह नहीं होने वाली है आने वाले तीन दिसम्बर को प्रदेश में विकास का कमल खिलने वाला है।

## तीन मुद्दों पर लड़ रही बीजेपी

डॉ रमन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार तीन मुद्दों को लेकर चुनाव में उतरने वाली है। पहला मुद्दा जनघोषणा पत्र के अधूरे वादे जिसमें महिलाओं का मामला और शराबबंदी शामिल है। वहीं दूसरे मुद्दे के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार ने पांच साल में वो सारे विकास कार्य ठप कर दिए जो पिछली सरकार में 15 साल से हो रहे थे। तीसरे मुद्दे के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार ने 15 हजार करोड़ का घोटाला किया है। और उस खजाने का उपयोग कांग्रेस पार्टी के लिए हुआ है।

# गंज लाइन का युवक लापता

**राजनांदगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के एक युवक अंश खंडेलवाल का दिनांक 28 अक्टूबर शनिवार की शाम से लापता होने के समाचार है। गंज लाइन स्थित बालाजी इलेक्ट्रॉनिक के अंश खंडेलवाल पिता राजेश (राजु) खंडेलवाल ?के लापता होने के लोकेशन फरहद ?चौक के आसपास की बताई जाती है। गंज लाइन के जागरूक युवक सूर्यकांत जैन व लापता युवक के परिजनों ने लोगों से अपील कर उक्त लापता युवक के संबंध में किसी प्रकार जानकारी मिलने पर उन्हें मोबाइल नंबर 9303893173 व 8319861563 पर सूचना देने का आग्रह किया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा, बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/12 वर्ष 2022-2023
वाद भूमि ग्राम दामाखेडा प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम दामाखेड़ा प.ह.नं. 11 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शकुन्तला बैद बेवा श्री रमनलाल बैद जाति जैन निवासी दामाखेड़ा रा.नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के नाम शामिल खाता में ग्राम दामाखेड़ा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. दामाखेड़ा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पटवारी अभिलेख में खसरा नंबर क्रमशः 1631/4 रकबा 0.2830 हे. की भूमि श्रीमती शकुन्तला बैद बेवा श्री रमनलाल बैद समित कुमार बैद शालू गोलछा दिप्ती सिंघवी पिता रमनलाल जाति जैन दर्ज है को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 ( 1 ) के तहत सूचनार्थ एवं धारा 59 ( 2 ) के तहत पुर्न निर्धारण व्यावसायिक प्रयोजन हेतु आवेदन पत्र मय बी-1 खसरा, नक्शा, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 03.11.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
सिमगा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग )**

**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 18.10.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम चंदियापथरा प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक उत्तम पिता अमरनाथ जाति निवासी ग्राम चंदियापथरा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. ) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी दादा लुदूराम पिता जगत का मृत्यु दिनांक 20.12.2019 को ग्राम चंदियापथरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 06.11.2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दंडाधिकारी
सिमगा


# कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने दलेश्वर साहू के पक्ष में किया प्रचार

**डोंगरगांव,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव, छ.ग. के सह प्रभारी व स्टार प्रचारक डॉ. चंदन यादव जी का नगर आगमन हुआ ।अपने दौरे के दौरान वे स्थानीय चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लिए साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 व 14 मटिया में पहुंचकर वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार की उपलब्धि गिनाई साथ ही पुन: सरकार बनने पर कांग्रेस की घोषणाएं 200 यूनिट बिजली बिल माफ,कर्ज माफ,भूमिहीन को मिलने वाली राशि 7000 से बढ़कर 10000 ,भारत में पहली बार द्वद्द वन से श्वद्द तक इंजीनियरिंग हो या डॉक्टर सारी पढ़ाई मुफ्त,स्वास्थ्य लाभ 5 लाख से बढ़कर 10 लाख व अन्य घोषणाओं की विस्तृत जानकारी दी साथ ही उन्होंने जनता से अपील की आप अपने क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू भारी मतों से जिताकर पुन: विधानसभा भेजे जिससे यह सारे लाभ आपको मिल सके। कार्यकर्ताओ की बैठक और सभा को शाहिद भाई,मेहुल मारू,विधायक दलेश्वर साहू की धर्म पत्नी श्रीमति जयश्री साहू ,चेतन साहू,ने भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं की ऊर्जा बढ़ाई उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन अय्यर,हीरा निषाद,ललित लोढ़ा सुयश नाहटा,संध्या साहु,श्रुति शुक्ला,मिलन मंडावी,कौशल साहू,लक्ष्मी साहू दिबिका साहू,महेंद्र वैष्णव,रूखमणी साहू,शांति साहू,डॉ.नरेंद्र साहू,शिरोमणि पगारे,संजय संचेती,कमल वैष्णव,मोहनीश साहू,संदीप रत्नाकर,रोशन यदु,प्रियंक जैन,कमलेश साहू, राकेश साहू,दिलेश्वर साहू,नूतन साहू,सहित अन्य कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित थे।


**न्यायालयः- न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्रोसेस क्रमांक 473
सरंक्षक/प्रतिपाल्य प्रकरण क्रमांक 16/2023
पेशी तारीख 07.11.2023
श्रीमती दयामति टण्डन वगैरह ( वादिनीगण )
बनाम आम जनता ( प्रतिवादीगण )
प्रति,
आम जनता जिनका संबंध इस प्रकरण से हो

वादिनी श्रीमती दयामति टण्डन (नाबालिग की दादी) पति श्री मोहन टण्डन उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम सोनाडीह तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने इस न्यायालय के समक्ष एक वाद पत्र अंतर्गत धारा 7 (1) (क) संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिकारी वास्ते नाबालिग वादिनी क्रमांक 02 नाबा. निशा टण्डन पिता स्व. श्री भारत टण्डन उम्र 11 वर्ष निवासी ग्राम सोनाडीह तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के पिता स्व. श्री भारत टण्डन की मृत्यु दिनांक 03.11.2019 एवं माता स्व. आशा टण्डन की दिनांक 07.08.2018 को निधन हो जाने से उपरोक्त नाबालिग के शरीर व संपत्ति का संरक्षक नियुक्त किये जाने की घोषणा बाबत प्रस्तुत किया गया है। अत: आम जनता जिनका इस प्रकरण से संबंध हो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 07.11.2023 को दिन 11 बजे वाद के उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है कि आप इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और आप उक्त दिवस में सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में शक्ति में है पेश करें जिस पर आपके प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेजों का लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। अत: आम जनता का जिसका इस प्रकरण में संबंध हो को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त वर्णित की गयी पेशी दिनांक 07.11.2023 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होते तो वाद की सुनवाई और उसका निराकरण आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीप:-यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 07.11.2023 को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारण से कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 13.10.2023 को को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर लगाकर जारी किया गया।

सील ( श्रीमती सुमन एक्का )
न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय
बलौदाबाजार छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़ )**

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. 202310211900009
ब / 121 वर्ष 2023-2024
ग्राम का नाम मेण्डरा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक होरीलाल निषाद पिता श्री गोवर्धन निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम मेण्डरा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम मेण्डरा प0ह0नं0 45 रा0नि0मं0 निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 412 / 2 रकबा 0.0530 हे0 भूमि के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका ( किसान - किताब ) गुम होने के कारण द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब ) प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में तथा दिनांक 06/11/23 को सुनवाई हेतु नियत है ।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 06/11/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/10/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील तहसीलदार
निपनिया

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)**

**उद्‌घोषणा**

क्रमांक/ /प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 17/10/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण कोसागोंदी प.ह.नं. 01 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमेंदी राम आ. चैतूराम जाति केंवट निवासी कोसागोंदी तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता छितकी बाई पति स्व. चैतूराम की मृत्यु दिनांक 22/12/2013 को ग्राम कोसागोंदी में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10/11/2023 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील तहसीलदार
गुरूर, जिला बालोद ( छ.ग. )

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं 42, तहसील व जिला महासमुंद छग स्थित भूमि खसरा नंबर 1030/9 रकबा 0.030 हे. भूमि जिस पर एक पक्का मकान बना है को भूमिस्वामी चंदन साहू पिता रामूलाल साहू ने मेरे पक्षकार श्रीमती चंद्रप्रभा देवांगन पिता बीरसिंग देवांगन के पास 5,05,000 रुपए में विक्रय करने का पक्का सौदा कर दिनांक 03/10/2022 तक 5,00,000 रुपए बयाने के रूप में प्राप्त कर लिया है तथा 5,000 रुपए रजिस्ट्री के समय अदा किया जाना शेष है। उपरोक्त संपत्ति को दिनांक 15/12/2022 को चंदन साहू को श्रीमती चन्द्रप्रभा देवांगन के पक्ष में शेष प्रतिफल लेकर विक्रय कर पंजीयन कराना था, किंतु चंदन साहू के द्वारा टाल-मटोल कर उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन नही कराया गया। श्रीमती चन्द्रप्रभा देवांगन द्वारा ग्राम महासमुंद प.ह.नं 42, तहसील व जिला महासमुंद छग स्थित भूमि खसरा नंबर 1030/9 रकबा 0.030 हे. भूमि का पंजीयन उसके पक्ष में नही कराने पर सौदापूर्ति हेतु व्यवहार वाद श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महासमुंद के न्यायालय में संस्थित किया गया है। जिसका व्यवहार वाद क्रमांक ए-31/2023 है, जो कि वर्तमान में लंबित है। चंदन साहू छल-कपटपूर्वक उक्त भू-खंड को अंतरित करने का प्रयास कर रहा है तथा विभिन्न बैंकों में उक्त भू-खंड को बंधक/गिरवी रख रकम लेने का प्रयास किया जा रहा है।

अत: इस सूचना के जरिए अवगत कराया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भू-खंड को कोई भी व्यक्ति या संस्था क्रय बंधक गिरवी न करे। इस सूचना के प्रकाशन के उपरांत कोई भी व्यक्ति या संस्था द्वारा भू-खंड को क्रय किया जाता है तो उसके समस्त परिणामों के लिए क्रेता दायित्वाधीन होगा।

जितेन्द्र इदीकर
अधिवक्ता
वार्ड नं. 26 क्लबपारा महासमुंद
जिला महासमुंद छग

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं उत्सव ध्रुव पिता श्री किरण कुमार ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) मेरे पिताजी पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे पिताजी के सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब अपने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

उत्सव ध्रुव ( Utsav Dhruw )
वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर
महासमुन्द, तहसील व जिला
महासमुन्द ( छ.ग. )

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती रेखा ध्रुव पति श्री किरण कुमार ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) मेरे पति पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे पति के सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब अपने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

श्रीमती रेखा ध्रुव
( Smt Rekha Dhruw )
वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर
महासमुन्द, तहसील व जिला
महासमुन्द ( छ.ग. )

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एन मार्क ध्रुव पिता श्री किरण कुमार ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) मेरे पिताजी पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे पिताजी के सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब अपने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

एन मार्क ध्रुव ( N Mark Dhruw )
वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर
महासमुन्द, तहसील व जिला
महासमुन्द ( छ.ग. )

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किरण कुमार ध्रुव पिता श्री कंवल सिंह ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत था। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब मैने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

किरण ध्रुव ( Kiran Dhruw )
वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर
महासमुन्द, तहसील व जिला
महासमुन्द ( छ.ग. )

संपादकीय

## चुनावी साये में धान खरीदी की शुरुआत

छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव के साये में बुधवार से प्रदेश भर में धान खरीदी शुरू हो रही है। प्रदेश में 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में राज्य के चुनाव निर्धारित हुए हैं। बस्तर व उससे जुड़े कुछ क्षेत्रों के साथ गिनी-चुनी 20 सीटों पर पहले और शेष सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा। इसके लिये प्रचार एवं नामांकन आदि की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में पूरे छग में पूर्व घोषणा के अनुसार धान खरीदी का जो कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, उसके अंतर्गत 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जायेगा। उम्मीद है कि 26 लाख किसान अपना धान बेचेंगे जिसके लिये राज्य सरकार ने पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलाकर प्रति क्विंटल 2650 रुपये की घोषणा की है जो कि देश भर में सर्वाधिक है।

वैसे तो धान खरीदी कोई पहली बार नहीं हो रही है परन्तु इस मौके पर देश के ज्यादातर राज्य एवं कांग्रेस इस कार्य का भरपूर उल्लेख कर रही है। किसानों के लिये चिंता एवं उनकी तरक्की को छग की मौजूदा सरकार ने पहले दिन से ही अपनी वरीयता का विषय बना रखा है। किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत उन्हें दी जाने वाली नकद राशि, कर्ज माफी एवं कृषि व ग्राम आधारित योजनाओं के चलते लोगों का झुकाव खेती की ओर बढ़ा है। जब इस सरकार ने कामकाज सम्भाला था, पंजीकृत किसानों की संख्या करीब 17 लाख थी जो आज बढ़कर तकरीबन 26 लाख हो गई है।

यह धान खरीदी इसलिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि छत्तीसगढ़ का जीवन इसी पर निर्भर है। राज्य की मुख्य फसल धान को होने का कारण यह है कि किसानों की पहली पसंद यही है। सभी फसलों के मुकाबले वे इसी को वरीयता देते हैं। दूसरे, यह मानसून की बारिश पर निर्भर फसल है जिसमें अपेक्षाकृत कम मेहनत लगती है। प्रदेश में अच्छी बरसात और अच्छी धूप पड़ती है। इस बार भी कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाये तो पूरे राज्य में सामान्य से भी अधिक उत्पादन होने की आशा है। इसके चलते उन्हें अच्छी आय होने की पूरी उम्मीद है। फिर, राज्य के किसानों की अच्छी आय का सीधा सम्बन्ध प्रदेश की समृद्धि से है। किसानों की जेब में पैसे होने का मतलब है बाजार में अच्छी खरीदी का होना। यह राजकोष को भी भरता है। पिछले पांच वर्षों में न केवल पंजीकृत किसानों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है वरन उत्पादन में भी वृद्धि हुई है जिससे सरकार द्वारा दान खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ता चला गया है। मौजूदा सरकार का यह अंतिम धान खरीदी कार्यक्रम है जिसकी पूरे राज्य में तैयारियां कर ली गई हैं। आशा है कि इस वर्ष भी अपना धान को बेचकर किसान समृद्ध होंगे।

उल्टा पुल्टा

गुरु जी- बस इरादे बुलंद होने चाहिये, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
लड़का- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं!
गुरु जी- कैसे...?
लड़का- हैंडपंप से...!!!

## शैलेश त्रिवेदी ने ग्रामीण क्षेत्र में किया सघन जनसम्पर्क



**बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने चुनावी अभियान के तहत् 31 अक्टूबर को बलौदाबाजार ब्लॉक के अनेको ग्रामो में सघन जनसम्पर्क किया। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बलौदाबाजार ब्लॉक के ग्राम मोहतरा, रसेड़ा, सोनाड़ीह, रसेढ़ी, मेड़, खपरी में वृहद जनसम्पर्क कर लोगों से छत्तीसगढ़ प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने एवं आने वाले 17 नवबंर को होने मतदान में अपने लिये मतदान करने की अपील किया।

उन्होनें भूपेश बघेल सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं चुनाव पश्चात् किसानों की कर्जमाफी घरेलू गैस सिलेंडर में 500 रुपये की छूट प्राप्त करने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं त्यौहारों की छत्तीसगढिया अस्मिता की रक्षा के लिये एक बार फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने की अपील की। उन्होनें अपने जनसंम्पर्क के दौरान बघेल सरकार की गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, धनवंतरी मेडिकल स्टोर, बेरोजगारी भत्ता मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, रांजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, निशुल्क गणवेश एवं साइकिल वितरण जैसी सफलतम योजनाओ की जानकारी भी दी। आज के जनसम्पर्क के दौरान प्रमुख रूप से ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विक्रम गिरी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, धीरज बाजपेयी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, दीपक साहू, फुलेश्वर साहू, कृपाल सिंह साहू, बृजलाल साहू, सुरेंद्र साहू भरत निषाद, दुलचंद साहू, आशीष पांडेय, श्रवण ध्रुव, महेंद्र साहू, राजेश चंदेल, छेदी लाल चंदेल, मनोज पाल, मनीष मांडले, अघनु निषाद सहित अनेको गांवों के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गावों के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

विश्व स्ट्रोक दिवस

## 38 फीसदी मरीजों की मौत समय से लक्षण नहीं पहचान पाने के कारण



**हर चार मिनट में एक की जान ले रहा स्ट्रोक**

**नवापारा** राजिम, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्रेन स्ट्रोक या लकवा भारत में होने वाली मौतों की सबसे बड़ी वजह है। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति स्ट्रोक से जान गंवा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य नवापारा के प्रभारी डॉ तेजेंद्र साहू का कहना है कि समय पर स्ट्रोक के लक्षण पहचान कर मरीज को चिकित्सा उपलब्ध कराने से लोगों की जान बचाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया है कि ब्रेन स्ट्रोक और दिल का दौरा पड़ने से जान गंवाने वाले लगभग 90 फीसदी मरीज ऐसे थे जो सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाए। 38 फीसदी मरीजों की मौत इसलिए हुई कि उनके परिजन समय से उनके लक्षण नहीं समझ पाए। या फिर मामले की गंभीरता को कम आंका और सही समय पर सही अस्पताल नहीं पहुंच सके।

### पहचानें लक्षण

अचानक शरीर के एक हिस्से, चेहरे, हाथ या पैर में सुन्नपन या कमजोरी भ्रमित हो जाना, चक्कर आना बोलने, देखने में दिक्कत शारीरिक संतुलन खो जाना चलने में दिक्कत आना अकारण तेज और गंभीर सिरदर्द अचानक निगलने में कठिनाई चेहरे की मासपेशियां गिरना, रक्तचाप नियंत्रित न होना, जंकफूड, खराब तेल, दिल की बीमारियों के मुख्य कारण हैं।

## नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद तीन अभ्यर्थियों के नामांकन हुए अस्वीकृत, 54 प्रत्याशियों के नामांकन विधिमान्य

**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत जिले में कुल 57 अभ्यर्थियों ने रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए थे। आज नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात 54 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य स्वीकृत हुए और 03 अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत सभी 20 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य स्वीकृत पाए गए। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 16 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं। जबकि बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 12 अभ्यर्थियों में से 02 अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत हुआ है। जिसमें सुमीत अग्रवाल एवं नित्यानंद प्रधान शामिल है। इसी तरह सरायपाली विधानसभा अंतर्गत कुल 09 अभ्यर्थियों में से 01 अभ्यर्थी रूकमणी बंछोर का नामांकन पत्र अस्वीकृत हुआ है।

## करवा चौथ को लेकर पूजन सामग्री का सजा बाजार

**नवापारा-राजिम,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। करवा चौथ के अवसर पर पूजा सामग्री का बाजार सज गया हैं। इन बाजारों में सजी रंग बिरंगी चुकिया सदर रोड पर चलने वाले हर व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। खास कर उपवास करने वाली महिलाएं इसे लेने के लिए तत्पर दिखाई दे रहे हैं। करवाचौथ का उपवास



केवल सुहागिन महिलाएं ही रखती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस उपवास को विधि विधान से संपन्न करने पर पति की लंबी आयु एवं अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है। करवा चौथ कार्तिक महीने के चतुर्थी के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रहती है। चांद के दर्शन होने पर अपने पति के हाथों से पानी पीकर उपवास कर रही सुहागिन महिलाएं उपवास तोड़ती है।

## 6 नाम निर्देशन पत्र निरस्त

**बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 से निर्दलीय रामनारायण निषाद का नाम निदेशन पत्र निरस्त किया गया। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 से कुशल राम वर्मा, राजा दुलरवा का नाम निदेशन पत्र निरस्त किया गया। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 से रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया से गोपाल प्रसाद साहू, भारतीय बहुजन कांग्रेस शत्रुहन प्रसाद साहू एवं खेमराज साहू का नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया गया है। अब विधिमान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या -कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 से 22 अभ्यर्थी, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 से 13 अभ्यर्थी एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 से 23 अभ्यर्थी पात्र है।

## जिले की तीनों विधानसभाओं में 38 नामांकन विधिमान्य



**नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सम्पन्न**

**धमतरी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आज जिले की तीनों विधानसभा 56-सिहावा, 57-कुरूद और 58-धमतरी के अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। इसके तहत जिले में 38 .नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये। इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा के 7, विधानसभा क्षेत्र कुरूद के 16 और विधानसभा क्षेत्र धमतरी के 15 नाम निर्देशन पत्र शामिल हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी से श्री ओंकार साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, घनाराम साहू बहुजन समाज पार्टी, फिरोज खान अपना जनता कांग्रेस (जे), श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू भारतीय जनता पार्टी, गीता सारथी सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट), निखिलेश देवान साहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, निरंजन पटेल भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बलराम मंडावी हमर राज पार्टी, सादिक हुसैन बाबा भाई राष्ट्रीय हिन्द एकता दल का नामांकन पत्र विधिमान्य पाया गया। इसी तरह अन्य अभ्यर्थियों में निर्दलीय प्रत्याशी अमन कुमार कोसरिया, गोपाल लहरे, रोहित कुमार, श्रीमती लुकेश्वरी सुरेन्द्र साहू, श्रीमती श्यामा साहू और सलज केदारनाथ अग्रवाल का नामांकन विधिमान्य पाया गया।

विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद से अजय चंद्राकर भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती तारणी नीलम चंद्राकर इंडियन नेशनल कांग्रेस, तेजेश्वर कुमार कुर्रे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), लालचंद पटेल बहुजन समाज पार्टी के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य किया गया। इसी तरह खिलावन साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, प्रेमसिंह ध्रुव हमर राज पार्टी और बसंत कुमार साहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के नामांकन विधिमान्य पाए गए। निर्दलीय अभ्यर्थियों में चंदूलाल निषाद, चंद्रहास साहू, जयंत साहू, तोमेश कुमार, नीलमणि निषाद, परमेश्वर जांगड़े, भुवनेश्वर साहू बेलौदी, मोहन साहू बगौद और संजय चंद्राकर के नामांकन विधिमान्य पाए गए।

विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा से श्रीमती अंबिका मरकाम इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्रवण मरकाम भारतीय जनता पार्टी, जीवराखन मरई हमर राज पार्टी, डोमार सिंह नेताम (भूतपूर्व सैनिक) भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, देवचन्द उइके गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, रामलाल मण्डावी आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया तथा निर्दलीय अभ्यर्थी डॉ.मनमोहन सिंह बिसेन के नामांकन विधिमान्य पाए गए।

## पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। 30 अक्टूबर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय



परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे की उपस्थिति में पालिका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य अधिकारी तरूण कुमार ठाकुर ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। अधिकारी कर्मचारियों ने शपथ ली कि मैंए राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगा कि मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूंए जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैंए अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने सरदार वल्लभभाई पटेल को एकता में जोड़ने वाले लोह पुरुष बताया। इस दौरान नगर पालिका के अनीष ठाकुर, अन्नपूर्णा पाल, सिताराम तेलक, दिलीप चन्द्राकर, गुमान सिंह ध्रुव, ललित चन्द्राकर, नौशाद बक्श, रानू वर्मा, अभिनव ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

## 1 नवंबर को होने जा रहा धान खरीदी, तैयारियों का जायजा लेने दलबल सहित पहुचे नायब तहसीलदार वसुमित्र दीवान

**नवापारा-राजिम,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज अर्थात 1 नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुभारंभ होने जा रहा है। खरीदी को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नवापारा राजिम शाखा के अन्तर्गत कठिया,तोरला ,तामासिवनी, सुंदरकेरा, नवागांव, चंपारण आदि केंद्रो मे तैयारियो का जायजा लेने नायब तहसीलदार वशु मित्र दीवान, आर आई रोहित वर्मा एवं पटवारी स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे नयापारा राजिम उपार्जन केंद्र सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन आने वाले उपार्जन केन्द्रो में



बोरा सुतली तिरपाल आदि की व्यवस्था देखी गई जहां उक्त चीज नहीं है वहां पहुंचने की व्यवस्था की जा रही है, इन चीजों के अतिरिक्त लाइट तराजू, पीने का पानी एवं साफ सफाई आदि की व्यवस्था देखी गई. इलेक्ट्रॉनिक कांटों का सत्यापन हुआ या नहीं इसका भी पता लगाया गया । कर्मचारियों की माने तो अभी फसल कटाई का प्रारंभिक चरण है धान खरीदी के लिए बहुत ही कम संख्या में किसानों के आने की सम्भावना है जिन किसानों का पंजीयन हुआ है उनका टोकन भी काटा जा रहा है।

## 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध की गई वैधानिक कार्रवाई

**धमतरी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा जिले में जुआ,सट्टा,अवैध शराब पर कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिये गये हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी.मुख्या.सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में कोतवाली,रूद्री एवं अर्जुनी पुलिस टीम द्वारा 52 पत्ती जुआ ताश खेलने वाले 13 आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही की गई।

31 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली को अनिल रंगोली भंडार के पास मुखबिर से सूचना मिली कि मराठापारा मंगलभवन के पीछे धमतरी में कुछ व्यक्तियों के द्वारा 52 पत्ते ताश जुआ खेलने की सूचना पर



मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये तो 13 01. कमल धीवर पिता रामकुमार धीवन उम्र 34 वर्ष सा0 विध्यवासिनी वार्ड धमतरी, 02. संदीप जैन पिता उमेश चंद जैन उम्र 35 वर्ष सा0 पारा धमतरी, 03, अजय राव पिता लखन राव उम्र 54 वर्ष सा0 बांसपारा धमतरी, 04. अशोक कुमार पिता मधु यादव उम्र 42 वर्ष साकिन बासपारा धमतरी, 05 प्रितोष राव पिता बलराम राव उम्र 53 वर्ष साकिन मराठापारा धमतरी, 06. भावेश गंगवानी पिता इंद्रलाल गंगवानी उम्र 30 वर्ष साकिन सिहावा रोड धमतरी, 07. गुलशन नेताम पिता देवसिंग नेताम उम्र 28 वर्ष साकिन मराठा पारा धमतरी, 08. भावेश जैन पिता नेमीचंद जैन उम्र 38 वर्ष साकिन शांति कालोनी धमतरी, 09. सौरभ कुमार पिता जयेन्द्र कुमार उम्र 40 वर्ष साकिन मराठापारा धमतरी, 10. कैलाश सिन्हा पिता श्यामलाल सिन्हा उम्र 41 वर्ष साकिनबांसपारा धमतरी 11. मोहम्मद इकबाल खान पिता जफर खान उम्र 37 वर्ष नयापारा वार्ड धमतरी, 12. पियुष पवार पिता सुधीर पवार उम्र 26 वर्ष मराठा पारा धमतरी, 13. रितेश पवार पिता प्रकाश राव पवार उम्र 42 वर्ष साकिन मराठापारा धमतरी, जुआडियान को पुलिस आरोपियों को मौके पर जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

**आरोपियों से नगद 63500 रुपए एवं 52 पत्ती ताश पत्ती किया गया जप्त**

## आज से पांच दिवसीय लुतरा शरीफ में उर्स प्रारंभ

**कटगी/बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहंशाहे छत्तीसगढ़ के नाम से मशहूर सूफी-संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह के लुतरा शरीफ स्थित दरगाह के लिए छ.ग. राज्य वक्फबोर्ड रायपुर द्वारा गठित उर्स प्रबंधन समिति के सदस्यो ने बताया कि हर साल की तरह इस बार हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के 5 दिवसीय 65वां सालाना उर्स पाक आगामी 1 नवम्बर से 5 नवम्बर 2023 तक बड़े ही अकीदत और शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। उर्स प्रबंधन कमेटी ने सालाना उर्स की तैयारियां तेज कर दी हैं। उर्स में तमाम तरह के धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक के अलावा अन्य संदेशपरक कार्यक्रम शामिल किए गए हैं।

मोहम्मद जुबैर ने बताया कि सालाना उर्स का आगाज एक नवंबर की सुबह 11 बजे परचम कुशाई के साथ किया जाएगा। पहले दिन रात 9 बजे लुतरा शरीफमदरसा के प्रिंसिपल मौलाना रिजवान रजा की तकरीर होगी। लुतरा शरीफके नूरानी शाही



मस्जिद के इमाम हाफिज हसन अशरफी कलाम पाक की तिलावत के साथ प्रोग्राम की शुरुआत करेंगे। इसके पहले दोपहर 3 बजे दरगाह से शाही संदल चादर निकाली जाएगी जिसे दादी अम्मा की दरगाह खम्हारिया में चढ़ाई जाएगी। शाही संदल में नागपुर के रेहान मटका पार्टी अपना प्रोग्राम देंगे।

उर्स के दूसरे दिन 2 नवंबर को दोपहर 12:40 बजे मजार ए पाक का गुस्ल, सलातो सलाम व शिजरा खानी होगी। शाम 5रू00 बजे पुराने दरबार में संदल चादर व महफिले समा के साथ ही दरबारी कव्वाल यासीन शोला व उनके साथी सूफियाना कलाम पेश करेंगे। रात 9 बजे तकरीर का अजीमुशशान जलसा रखा गया है जिसमें उ.प्र.सुल्तानपुर के जामे अरबिया मदरसा के प्राचार्य मोहम्मद अहमद वारसी तकरीर (प्रवचन) करेंगे। तीसरे दिन 3 नवंबर को रात 9 बजे ऑल इंडिया नातिया मुशायरा प्रोग्राम का आयोजन होगा। जिसमें देश के नामी गिरामी शायर जीशान मथुरावी, मुमताज रजा टांडा,साहिर रजा कलकत्त्वी, जमजम व कौशर कलकत्तवी तथा जैनुल आबेदीन कानपुरी अपने-अपने अंदाज में खूबसूरत शायरी प्रस्तुत करेंगे। मुशायरे का संचालन अमजद रजा बनारसी करेंगे। 4 नवंबर की रात 9 बजे से हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल जुनैद सुल्तानी बदायूं उप्र और अनीस नवाब अहमदाबाद गुजरात के द्वारा शानदार कव्वाली की प्रस्तुति दी जाएगी। उर्स के 5 वें व अंतिम दिन 5 नवंबर को बाद नमाजे फज्र कुरान ख्वानी नात व मनकबत होगी। 11 बजे रंग की महफिल व कुल की फातिहा होगी जिसमें मुस्लिम समाज के धर्म गुरु हजरत अल्लामा व मौलाना सैय्यद राशिद मक्की मियां साहब किछौछा शरीफके द्वारा प्रदेश के अमन चौन की दुआ मांगी जाएगी।

उर्स समिति ने बताया कि उर्स प्रबंधन समिति ने इस बार यह निर्णय लिया है की चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण और हाईकोर्ट के दिशा निर्देशों का ध्यान में रखते हुए संदल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

## राष्ट्रीय एकता की ली शपथ

**महासमुंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उमावि बिरकोनी में आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया और राष्ट्रीय एकता, अखंडता




बनाये रखने, आंतरिक सुरक्षा बनाये रखने हेतु शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम व्याख्याता परस राम सिन्हा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू, व्याख्याता गण अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू,रागिनी चन्द्राकर, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, श्रवण सिन्हा, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक रेणुका चन्द्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेन्द्र सिंह बिसेन ,छात्रसंघ अध्यक्ष खुशी चन्द्राकर, उपाध्यक्ष इंद्राणी साहू, सचिव दुर्गा, सह सचिव भूमिका पटेल, धानकुमारी, लोकेश्वरी, मुस्कान परवीन, उर्मिला, खुशबू चन्द्राकर ,शेया टिकेदार ,मनीषा साहू, तारिणी, दामिनी, कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत, दुलारी, सुरेखा मिश्रा सहित छात्राएं उपस्थित थी।

## कल 3 बजे तक कर सकते हैं नाम वापसी

**बिलाईगढ़** 31 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 अंतर्गत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ और 43-बिलाईगढ़ के लिए नामांकन जमा कर चुके अभ्यर्थी नामांकन/नाम वापसी गुरूवार 02 नवंबर 2023 के अपरान्ह 3 बजे तक कर सकते हैं।



# आज जिले के 129 सहकारी समितियों के माध्यम से 166 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत कृषकों से होगी धान की खरीदी

**बलौदाबाजार,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीफविपणन वर्ष 2023-24 हेतु समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर से धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले के 129 सहकारी सेवा समितियों के माध्यम से 166 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत कृषकों से धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर चंदन कुमार ने धान खरीदी की पूरी व्यवस्था पर पर्यवेक्षण एवं निगरानी रखने एवं धान उपार्जन तथा उसका परिदान और बारदानों की समुचित उपलब्धता के संबंध में धान उपार्जन केंद्रो के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है।

जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र करमदा ब्रिजेश कुमार यादव, कोयदा पंकज चंद्रा, कोहरौद एवं धारासिव डोमेश्वरी साहू, खम्हरिया शिवकुमार वर्मा, खैरा तुलसीराम बर्मन, डमरू दत्तात्रेय ठाकरे, करदा दिनेश कुमार पैकरा, कोरदा एवं डोंगरीडीह जीवनदास मानिकपुरी, देवरी एवं सलौनी पिलेश्वसर पैकरा, दशरमा क्षितिज पटेल, बरदा एवं मुण्डा सेवाराम डहरिया, बलौदाबाजार अत्तर सिंह नरवरिया, बिटकुली डेनिश कुमार ध्रुव, भरसेला हरिश कुमार चतुर्वेदी, भालुकोना नरेन्द्र बोरसे, खैंदा ड एवं मोहतरा अत्तर सिंह कनेरिया, रसेड़ा नंदराम साहू, रिसदा दीपक कुमार देवांगन,लटुवा शिवकुमार साहू, लवन भूपेन्द्र कुमार टण्डन, गिंदोला एवं लाहोद विजय कुमार डहरिया, सकरी-बलौदाबाजार ईश्वर कुमार बघेल, सुढ़ेला अरूणा एक्का, सेम्हराडीह धनेश कुमार बंजारे, सरखोर सोमेश्वंर लहरे, मरदा विनोद कुमार नवरंग, सिरियाडीह सैययद आसिफअली, अहिल्दा शीतल देवांगन, अर्जुनी भपेन्द्र कुमार ध्रुव को नियुक्त किया गया है। इसी तरह भाटापारा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र करही बाजार प्रकाश निर्मलकर, केशला युग राजेश्वर, खैरा( निपनिया) एंव पाटन राजेन्द्र साहू, बिटकुली कलेश्वर बंजारे, खैरी क प्रियंका योगी, खोखली रिध्दि सुमन यदु, टिकुलिया जितेन्द्र ध्रुव, गुर्रा चन्द्रमौली शर्मा, गोढी-टी विरेन्द्र कुमार साहू, टेहका कुमार ऐश्वर्य सिंह, देवरी भाटापारा राहुल भगत, धनेली मनेश कुमार प्रभाकर, धुर्राबंधा एवं खैरी अययूब खान, कोनी महेन्द्र कुमार,

**धान उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी हुए नियुक्त**

निपनिया विनोद कुमार कुर्रे, तरेंगा ठाकुरराम ध्रुव, मल्दी सुमित कुमार लदेर, मिरगी नीलमणि राजपूत, मोपका नरेन्द्र कुमार घृतलहरे, कोटमी सहदेव कुमार साहू, लेवई भुनेश्वर साहू, सिंगारपुर हरिकिशन महिलॉग इसी तरह कसडोल विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र कुसगढ़ राजीव रंजन पालेश्वर, खैरा महेन्द्र ध्रुव, सोनपुर चन्द्रप्रकाश पैकरा, गिरौद ओ पी भारद्वाज, गोलाझर अरविंद प्रधान, चांदन लिलेश्वर पटेल, चिखली फणी भूषण बांधे, छेछर राजेश ठाकुर,मल्दा मनोज कुमार ध्रुव, मडकड़ा आशीष श्रीवास्तव, छरछेद अश्वनी सिदार, टुण्डरा संजय जांगडे, थरगांव सुनील घृतलहरे, देवरी नगेडी लिलेश डउसेना, नरधा कु. कीर्ति साहू, सुकली रितेश तंवर, छांछी सुरेंद्र सिंह, पिसीद राकेश ताम्रकार, बया श्रीमती पुष्पा ठाकुर, बार शशिकांत ध्रुव, मोहदा दिग्विजय पैकरा, बिलारी महेन्द्र कुमार ध्रुव, बोरसी सम्मन सिंह पैकरा, मटिया कृष्ण कुमार मिरी, अमोदी संजीव कुमार साहू, कटगी गौतम डाहिरे, सर्वा देवेश देवांगन, कुम्हारी चौतन्य द्विवेदी, कसडोल वेदव्यास साहू, मोहतरा पूर्णिमा साहू, कुसुमसरा नवीन मेश्राम, बल्दाकछार सुखदेव ध्रुव, मुढीपार रविन्द्र सिंह,रिकोकला अजय मलिक, सेल सत्यवान पाठक, सोनाखान हेमन्त डउसेना, हटौद गंगाप्रसाद बांधे,खर्री नोहर लाल साहू,हसुवा पुष्पेन्द्र पटेल को नियुक्त किया गया है। इसी तरह पलारी विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र कोसमंदा अश्वनी कुमार साहू, कोसमंदी रमेश कुमार ध्रुव, गाडाभाठा कुलदीप सिंह ध्रुव, गिधपुरी संतोष यादव, गिर्रा राजू कुमार टाण्डे, चरौदा तरुण कुमार वर्मा, छेरकापुर जितेन्द्र कुमार वर्मा, जर्वे श्रीमती करुणा टिकरिहा, सुन्द्रावन सत्येन्द्र बन्दे, जारा उमाशंकर ध्रुव, तेलासी खम्भन कुमार मांझी, ओडान प्रकाश बंजारे, दतान प गिरवर पुरेना, देवसुन्द्रा उत्सव जयसवाल, पलारी दीनबंधु दीनानाथ बघेल, बलौदी एवं टिपावन योगेन्द्र कुमार शर्मा,बोहारडीह राघवेन्द्र यादव,भवानीपुर सत्यभुवन सिंह, रेंगाडीह टिकेश्वर प्रसाद साहू,रोहांसी गौरीशंकर वर्मा, लच्छनपुर सुशील कुमार ध्रुव, वटगन उदयवीर ठाकुर,गुमा हिमाशिखा श्रेय चुचरूगपुर त्रिवेणी कोसले, सलौनी सुश्री सीमा पैकरा, साराडीह कुलदीप सिंह ध्रुव, सिसदेवरी बलराम कुमार राठौर,सीतापार भुवन कुमार मंडावी, अमेरा प्रभात कुमार वर्मा, कुसमी गिरवर पुरेना, ससहा सुरेन्द्र कुमार साहू, कोनारी महेंद्र कुमार सोरी, खरतोरा दुजराम ध्रुव, सैहा अंजना रात्रे का नियुक्त किया गया हैं।

# थम रहे पहिए, हाथ ठेला के ...



**भाटापारा**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। ई-कैरियर और बाइक ठेला के साथ चल रहे मुकाबले में हाथ ठेला की पराजय तय हो चुकी है। इसलिए हाथ ठेला के गैरेज बंद होने लगे हैं। ऐसे में यह क्षेत्र कारोबार समेटने की तैयारी में है।

दीपावली याने हर तरह के कारोबार के दिन। कारोबार को गति देते रहें हैं हाथ ठेले। बहुत पुराना है हाथ ठेले का इतिहास लेकिन तकनीक के दौर में हाथ ठेला तेजी से हाशिए पर किया जा रहा है। यह तेजी इतनी है कि हाथ ठेला गैरेजों के सामने दो वक्त की रोटी के लाले पड़ने लगे हैं। लिहाजा यह काम छोड़ने की योजना है।

**नियम विरुद्ध फिर भी**

बाइक ठेला। नियम के विरुद्ध है मोटरसाइकिल का उपयोग माल परिवहन के लिए लेकिन खूब चल रहे हैं। हाथ ठेला गैरेज संचालक रोष जताते हुए कहते हैं कि आखिर संबंधित विभाग ने मौन क्यों साध रखा है ? दोष ना दिखाई देता, ना सुनाई, ना शिकायतों की सुनवाई होती। इसलिए थक हारकर गैरेजों ने काम समेटने की तैयारी कर ली है।

**मुकाबला बेहद कड़ा**

अब ई-कैरियर आने लगे हैं। वित्तीय सहायता ने ना केवल चलन बढ़ा दिया है, बल्कि हाथ ठेला चलाने वाले हमालों की संख्या भी कम कर दी है। ले-देकर थोड़ा बहुत काम, फल और सब्जी बेचने वालों की वजह से चल रहा है लेकिन इनकी भी संख्या घटते क्रम पर है। ऐसे में प्रतिकूल स्थितियों का सामना करने की हिम्मत नहीं बची।

**करेंगे बंद, लेकिन**

लगभग पराजित हो चुके हाथ ठेला गैरेज संचालकों के सामने नई मुसीबत यह है कि जिन ठेलों की खरीदी 12000 से 15000 रुपए में की गई थी, उनके खरीददार अब नहीं है। पूछ-परख तो हो रही है लेकिन कीमत 1500 से 2500 रुपए से आगे बढ़ नहीं रही है। ऐसे में किस से मदद मांगे ? सवाल के जवाब नहीं मिल रहे।

# लवन में कांग्रेस का चुनाव कार्यालय खुला



**लवन,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में विधानसभा का चुनाव 17 नवंबर को मतदान होना है आज स्कूटनी के बाद प्रत्याशियों का चहल-पहल देखने को मिला सर्वप्रथम लवन नगर में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी संदीप साहू का चुनाव कार्यालय पहला खुला आज 31 अक्टूबर को शाम 5.00 बजे नगर के बस स्टैंड स्थित नवनिर्मित पांडे भवन में वरिष्ठ कांग्रेसी रामेश्वर पांडे परमेश्वर यदु हितेंद्र ठाकुर प्रमोद शर्मा सहित कांग्रेसियों की उपस्थिति में चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कर खोल गया इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी ने उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में आप सभी का साथ आवश्यक है प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस के पक्ष में एक जुटता से कार्य करने हेतु निवेदन किया इस अवसर पर लवन क्षेत्र के 75 ग्रामों से लगभग 3000 कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही जानकारी के अनुसार आज देर शाम कांग्रेस प्रत्याशी ने लवन नगर में प्रमुख चौक चौराहे गलियों से होते हुए जनसंपर्क किया।

# जोगी कांग्रेस की उमा सहित अन्य ने किया कांग्रेस प्रवेश



**खरोरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलदारसिवनी निवासी जोगी कांग्रेस की गुलाबी गैंग की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष श्रीमती उमा पुरैना सहित हजारों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया।

सभी को धरसीवा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश करवाया। उनके साथ पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा, छेत्र के कुछ अन्य जनप्रतिनिधियो सहित हजारों लोगों ने आज कांग्रेस प्रवेश किया। खासकर हजारों की संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा है। कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा से हजारों की संख्या में यूके नवप्रवेशी कांग्रेसियों को मिलजुलकर व गीले शिकवे दूर कर कांग्रेस के मजबूती के लिए काम करने आव्हान किया, उन्होंने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा किए जा रहे जनहिताइशी कार्यों को घर घर बताकर कांग्रेस के हाथ को और अधिक मजबूत बनाने कहा।उन्होंने कहा की कांग्रेस में सभी लोगो का सम्मान किया जायेगा। खरोरा में कार्यक्रम आयोजित कर सभी को कांग्रेस प्रवेश दिलाया गया। साथ ही उमा पूरैना ने कहा की राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनकी कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, प्रभारी नारायण कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मनवा कुर्मी छत्रीय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, अरविंद देवांगन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी व नागरिक उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर लम्बर में शपथ व संकल्प



**सरायपाली,** 31 अक्टूबर। राज्य शासन छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं शासकीय हाई स्कूल लंबर में राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने हेतु शपथ लिया गया गया था। जिसमें कक्षा 1 ली से लेकर 10 वीं तक के समस्त बच्चों एवं स्कूल में सभी पदस्त शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। भारत के लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा किये गए कार्यों को स्मरण करते हुए समन्वयक संतलाल पटेल जी ने सभी राष्ट्रीय एकता बनाए रखने हेतु भरसक प्रयास करते रहने की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित किया। लंबर के स्काउट मास्टर सहायक लीडर ट्रेनर गिरीश कुमार पाढ़ी ने सभी शिक्षकों व बच्चों को राष्ट्रीय एकता को हमेशा बनाये रखने हेतू यथाशक्ति अपनी अपनी योगदान देते रहने के लिये शपथ दिलाया। इस दौरान प्राचार्य नवीन पटेल, व्याख्याता प्रमोद भोई, प्रधन पाठक समारुलाल चौहान, शिक्षक शिवशोभन ठाकुर, निलेश चौरसिया, कुमारी प्रिया थवाईत अतिथि शिक्षक अजय चंद्रा आदि शिक्षक उपस्तिथ थे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया



**पिथौरा,** 31 अक्टूबर। ईराष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज रेल डाक सेवा आर पी संभाग एवम पी, एस, डी रायपुर द्वारा एकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमे निदेशक डाक सेवायें छ:ग ्परिमंडल उपस्थित रहे। संभाग द्वारा देश की आंतरिक सुरक्षा बनाये रखने का संकल्प लिया गया। इसके पूर्व एक्ता रैली का भी आयोजन डाक कर्मियों द्वारा किया गया।

# बेहतरीन रील्स बनाने चिराग को मिला इनाम



**खरोरा,** 31 अक्टूबर। क्रिकेट स्टार ग्रुप की ओर से व प्रयास युवा मंच खरोरा मे विशाल दशहरा का आयोजन किया जाता है। वहीं सोशल । मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए एक प्रतियोगिता शुरू की थी जिसमे दशहरे का रील (वीडियो) बनाकर अपलोड करना था, जिसमे सैकड़ो लोगो ने भाग लिया। वहीं पहला पुरस्कार चिराग पांडेय व दूसरा ईनाम लोमेश वर्मा को दिया गया। इस अवसर पर क्रिकेट स्टार ग्रुप व प्रयास युवा मंच के लोग उपस्थित रहे।

# आरएसएस ने विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन व पथ संचलन

**बागबाहरा,** 31 अक्टूबर (देशबंधु)। विजयादशमी शक्ति उपासना एवं शस्त्र पूजन के रूप में समाज मे सज्जन शक्ति का मनोबल बढ़े एवं दुष्ट दुर्जन ताकतों का मान मर्दन हो। इस संदेश को लेकर आरएसएस ने नगर में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन किया। भव्य पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा विद्यालय परिसर से बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर होते हुए पुन: विद्यालय परिसर में पंहुचा । संचलन में सभी स्वयंसेवक निर्धारित गणवेश में वाद्य यंत्रों की धुन पर चले । कार्यक्रम स्थल पर मंच में मुख्य वक्ता के रूप में धनेश्वर साहू (सह जिला कार्यवाह महासमुंद) साथ में कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप मे रामनारायण साहू (खंड कार्यवाह बागबाहरा) उपस्थित थे। मंच को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि भारत को हजारों वर्षों के संघर्ष के बाद स्वाधीनता मिली है। इस स्वतंत्रता का उद्देश्य चिर-पुरातन राष्ट्र को पुन: वैभवशाली बनाना है। पूरे भारतवर्ष को एक समाज के रूप में प्रतिष्ठित करना संघ की सोच है। संघ इसी के लिए नित्य साधना कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज, राष्ट्र और जन समूह को अपना इतिहास ठीक प्रकार से समझना चाहिए। जो समाज या राष्ट्र अपने इतिहास की गलतियों से सीख नहीं लेता, उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति में हनुमान जी जैसी शक्ति होती है बस उस शक्ति का बोध करना है और उस शक्ति को समाज कल्याण यानी राष्ट्र जागरण मे लगाना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार ने इतिहास की गलतियां दोबारा न हों, राष्ट्र सुगठित सामर्थ्यवान बलशाली बने इसके लिए विजयादशमी के दिन ही संघ की स्थापना की थी । अंत मे कोरोना जैसे संकट काल मे संघ द्वारा किए गए कार्यों को सराहते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि स्वयसेवकों को देखकर संतुष्टि मिलती है। साथ ही प्रेरणा की समाज का हर कार्य निस्वार्थ भाव से करते है । इसी प्रकार देश आगे बढ़ता रहे। भारत माता की जयघोष कर अपनी वाणी को विराम दिया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी से रिंकू बैरागी (जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख ) , वीरेंद्र साहू (जिला सेवा प्रमुख) एवं बागबाहरा खंड के सभी स्वयंसेवक बंधु उपस्थित थे।



# मांग पूरी नहीं तो होगा चुनाव का बहिष्कार



**भाटापारा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। हम समस्त ग्रामवासी राजादार आलेसुर, खपराडीह, गोगिया, बिजाभात द्वारा सुविधा युक्त स्थान राजादार बायपास एवं बलौदा बाज़ार भाटापारा मार्ग में स्थित ग्राम राजादार के शासकीय भूमि को चयन किया गया एवं उक्त स्थान के लिए विभागीय प्रस्ताव भी विभाग को प्रेषित किया गया है किन्तु दुर्भाग्यवस बिना प्रस्ताव के ग्राम खैरी में नवीन धान उपार्जन केंद्र प्रारंभ करने का आदेश जारी किया गया है जबकि ग्राम खैरी के शासकीय भूमि को चिन्हाकित किया गया है वह स्थान अभी भी गिला और नम है तथा मुख्य मार्ग से आने जाने का उचित रास्ता भी नहीं है कुछ लोगो के द्वारा ग्राम खैरी के निजी भूमि पर नवीन धान उपार्जन केंद्र के लिए तैयारी की जा रही है उक्त सम्बन्ध में समस्त ग्राम वाशियों द्वारा पूर्व में संबधित अधिकारियो का ध्यान आकर्षित कराया गया है किन्तु उनके द्वारा व्यक्ति विशेष के प्रभाव में आकर निजी भूमि पर अवैधानिक रूप से धान उपार्जन केंद्र स्थापित करने की तैयारी की जा रही है जो की पांच गाव के कृषको के सुविधा के दृष्टी कोण से उचित नहीं है अतएव महोदय से निवेदन है की नवीन धान उपार्जन केंद्र राजदार में किया जावे पूर्व वत धान उपार्जन केंद्र राजादार किया जाए यदि राजादार में धान खरीदी केंद्र नहीं खोला जाता है तो उसे पूर्व वत गुर्रा केंद्र में ही रखा जावे हम समस्त ग्राम वासी अपना धान ग्राम खैरी केंद्र नहीं बेचेंगे हमारी सुविधा के अनुकूल कार्य नहीं होने पर हम समस्त ग्राम वासी विधान सभा चुनाव का बहिस्कार करेंगे उसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो ग्रामीणों के द्वारा आने वाले समस्त चुनाव का बहिस्कार किया जावेगा।

## निधन

### रामानंद गुप्ता



**पिथौरा,** 31 अक्टूबर। आरंग के बालाजी पुरम कालोनी निवासी 88 वर्षीय रामानन्द गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता और संजय गुप्ता के पिता व सौरभ गुप्ता के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार 1 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे स्थानीय नया तालाब मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने...

दुबे, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, ललित साहू, जयकिशन सोनी, शुभम सोना, जितेन्द्र मोहंती,गजेन्द्र यादव,मुरारी साहू, अरुण चन्द्राकरए सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर...

आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश, 63500/- रूपये नगदी, रूपये को जप्त कर थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्रमांक 442/23 धारा 3(2) जुआ एक्ट छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में डीएसपी. मुख्या. सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व थाना प्रभारी कोतवाली निरी.बृजेश तिवारी,थाना प्रभारी रुद्री निरी. सन्नी दुबे, थाना अर्जुनी से सउनि. राजेंद्र सोरी, सउनि. रमेश साहू एवं धमतरी पुलिस टीम कि विशेष भूमिका रही।

### आज से पांच दिवसीय...

चादर लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को डीजे साउंड और धुमाल बजाए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सालाना उर्स को सफल बनाने के लिए उर्स प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वक्फ बोर्ड के सदस्य सैय्यद फैसल रिजवी (रायपुर) के दिशा निर्देश पर सदस्य इरशाद अली,हाजी मोहम्मद इकबाल हक, मोहम्मद सिराज, मोहहमद जुबेर महमूद, रियाज अशरफी, हाजी अब्दुल करीम बेग, रोशन खान, इशाक खान, महबूब खान, अब्दुल रहीम एवं मोहम्मद कुद्दूस के अलावा दरगाह लूतरा शरीफ से जुड़े तमाम खिदमतगार तैयारी में जुटे हुए हैं।

# जिले में आज से शुरू होगी धान खरीदी, धान उपार्जन केन्द्रों में सभी तैयारियां पूर्ण

## पहले दिन के लिए 787 टोकन जारी, 24612 क्विंटल धान की होगी खरीदी

**गरियाबंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। समूचे प्रदेश सहित जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में आज से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। जिले के 67 समितियां के अंतर्गत 90 उपार्जन केंद्रों में साफ सफाई के अलावा धान खरीदी के लिए बारदाने और अन्य जरूरी चीजों की व्यवस्था कर ली गई है। धान खरीदी करने हेतु विभाग ने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है। जिला विपणन संघ गरियाबंद, जिला सहकारी बैंक गरियाबंद, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएंगरियाबंद एवं खाद्य विभाग गरियाबंद ने अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।



धान खरीदी की शुरुआत के पहले दिन के लिए 787 टोकन जारी किए गए हैं। इसके माध्यम से जिले के किसानों से 24612 चिंटल धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को धान उपार्जन केंद्रों के अलावा मोबाइल के माध्यम से भी टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप से टोकन प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। धान कॉमन मोटा का 2183 रुपए एवं धान ग्रेड ए पतला का 2203 रुपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान उपार्जन के इस महाअभियान में संलग्न रहने वाले सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है।

जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकर ने बताया कि जिले के 67 समितियों को गत वर्ष की कमीशन राशि 9 करोड़ 98 लाख रूपये अंतरित कर दिए गए है। साथ ही खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु सभी 67 समितियों के 90 उपार्जन केन्द्रों को 1 करोड़ 14 लाख रूपये भण्डारण एवं सुरक्षा व्यय पृथक से प्रदान कर दिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए जिले में 04 नए उपार्जन केन्द्र पोलकर्रा, पीपरछेड़ी, कदलीमुड़ा एवं गुरजीभाठा (अ) खोले गए है, जिसके प्रारंभिक तैयारियों के लिए 01-01 लाख रूपये प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक से राशि जारी किया गया है। गरियाबंद जिले के सभी 90 उपार्जन केन्द्रों में नए-पुराने बारदाने पहुंचा दिए गए है। जिला खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरू ने बताया कि जिले के सभी 90 धान उपार्जन केन्द्रों में विंडो 10 ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ कम्प्यूटर अपग्रेड कर दिया गया है। साथ ही 90 उपार्जन केन्द्रों में सफलता पूर्वक ट्रायल रन में भाग लेकर आगामी खरीदी की तैयारी को पुख्ता किया जा चुका है। सतत् निगरानी के लिए जिले सभी 90 उपार्जन केन्द्रों के लिए खाद्य विभाग ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। सीमावर्ती क्षेत्रों की मॉनिटरिंग के लिए छुरा में 04, मैनपुर में 11 एवं देवभोग में 15 इस प्रकार जिले में कुल 30 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बनाये गये है, जिसमें अधिकारीएवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिससे कि अवैध धान के अन्य राज्य से आवक को रोका जा सके।

# आज राजिम विस केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय का होगा शुभारंभ

**नवापारा राजिम,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ल के द्वारा पवन खाद भंडार के बाजू बस स्टैंड पंडित सुंदर लाल शर्मा चौक राजिम में दोपहर 12 बजे राजिम केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें जिला ब्लॉक ,जोन , सेक्टर ,युवा कांग्रेस बूथ कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल ,राजीव युवा मितान क्लब गोठान समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी सहकारी समिति के समस्त पदाधिकारी गण एवं अमितेश शुक्ल के सभी साथी उपस्थित रहेंगे यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजिम फिंगेश्वर के अध्यक्ष रूपेश साहू ने दी।

# सामान्य प्रेक्षक तापस राय व पवन कुमार से कर सकते हैं मुलाकात

**बिलाईगढ़** 31 अक्टूबर(देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ के लिए आईएएस तापस राय (मो.नं.75870-16590) को और विधानसभा क्षेत्र 43-बिलाईगढ़ के लिए आईएएस पवन कुमार (मो.नं.75870-16591) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। दोनों सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय और श्री पवन कुमार से विश्राम गृह सारंगढ़ में मिलने के लिए आरक्षित समय दोपहर 3 से शाम 4 बजे तक राजनीतिक दल, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम जनता मुलाकात कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सभी प्रेक्षक गण का जिले में 29 अक्टूबर को आगमन हो चुका है।

# जिले में दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण

## स्कुटनी के बाद चार अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त, जल्द आबंटित होगा चुनाव चिन्ह



**जिले के तीन मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन, सात मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन**

**गरियाबंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण के मतदान हेतु नामांकन प्रकिया संपन्न होने के बाद मंगलवार को कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने संयुक्त कार्यालयम में प्रेस कांफ्रेंस की। कांफ्रेंस में कलेक्टर ने जिले में नामांकन प्रक्रिया के बाद अभ्यार्थी के स्थिति और परिवर्तित मतदान केन्द्रो की जानकारी साझा की। कलेक्टर ने बताया कि जिले ने दो विधानसभा में कुल 21 अभ्यार्थी ने नामांकन भरा था। जिसमें स्कुटनी के बाद 4 अभ्यार्थी के नामांकन निरस्त किए गए है। नाम वापसी के निर्धारित तिथि के बाद 3 नवंबर को अभ्यार्थियो को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। हाल में ही निर्वाचन आयोग से स्वीकृती के बाद जिले के तीन मतदान केंद्रों के स्थल तथा सात मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किया गया है। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, दो विस क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर धनंजय नेताम और अर्पिता पाठक तथा राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

**इन चार अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त:** कांफ्रेंस में कलेक्टर आकाश छिकारा ने बताया कि जिले में दोनो विधानसभा से कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें राजिम विधानसभा से 13 तथा बिंद्रानवागढ़ विधानसभा से 8 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। जिसमे स्कुंटनी के बाद 4 चार प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिया गया है। इसमें बिंद्रानवागढ़ से एक तथा राजिम से तीन नाम शामिल है। बताया कि बिंद्रानवागढ़ से सदाराम मरकाम (आप) तथा राजिम से लोकेश कुमार साहू (आप), आशिया बेगम (गोगप) तथा गणेश सोनी (शिव सेना) का नामांकन निरस्त हुआ है।

**इन तीन मतदान केंद्रों के स्थल परिवर्तन:** कलेक्टर ने बताया कि जिले के तीन मतदान केन्द्रो के स्थल में परिवर्तन किया गया है। तीनो ही बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र हे। जिसमें प्राथमिक शाला भवन कुहीमाल का स्थल परिवर्तन कर प्राथमिक शाला भवन कुहीमाल (नया), प्राथमिक शाला भवन खरीपथरा के बदले शासकीय प्राथमिक शाला पोहेलपारा एवं प्राथमिक शाला दबनई का स्थल परिवर्तन कर शासकीय उच्च. प्रा. विद्यालय दबनई किया गया है। राजिम विधानसभा क्षेत्र में एक भी मतदान केन्द्र का स्थल परिवर्तन नही हुआ है।

**सात मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन**

कान्फ्रेस में बताया गया कि जिले में कुल सात मतदान केंद्र के स्थलों में परिवर्तन किया गया है। जिसमे राजिम में चार तथा बिंद्रानवागढ़ में तीन मतदान केंद्र के नाम परिवर्तन किया गया है। राजिम विधानसभा में मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला भवन पथर्री को प्राथमिक शाला भवन पथर्री कटेलपारा, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भवन फिंगेश्वर भाग ब को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल फिंगेश्वर, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुरा को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा, प्राथमिक शाला छुईहा को अतिरिक्त कमरा शासकीय प्राथमिक शाला भवन छुईहा का नाम परिवर्तन किया गया है।

इसी प्रकार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेगोबरा को आदिवासी बालक आश्रम शाला बड़ेगोबरा, शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भवन नाऊमुड़ा को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नाऊमुड़ा मैनपुर और मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला खोखमा का नाम परिवर्तन कर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धुरवागुड़ी किया गया है।

# अभनपुर भाजपा प्रत्याशी के नामांकन पर कांग्रेस विधायक के वकील ने कराई आपत्ति दर्ज



**रिटर्निंग ऑफिसर ने सुनवाई कर आपत्ति को किया खारिज**

**नवापारा राजिम,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। अभपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर गत कांग्रेस प्रत्याशी धनेन्द्र साहू के वकील ने भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के नामांकन पत्र पर नो आपत्ति दर्ज कराई। हालांकि इस मामले को लेकर रिटर्निंग अधिकारी जगन्नाथ वर्मा ने सुनवाई करते हुए आपत्ति को खारिज कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार धनेन्द्र साहू के वकील द्वारा भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू पर संपत्ति और शिक्षा की गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए उसका नामांकन रद्द करने की मांग की है।

**9 बिन्दुओं पर दर्ज की गई थी आपत्ति:** बताया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू द्वारा नामांकन में शपथ पत्र दिया गया है। उस शपथ पत्र में कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू के वकील द्वारा आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि इंद्र कुमार साहू ने अपने शपथ पत्र में संयुक्त परिवार में हिंदू फैमिली में मेम्बर होना नहीं दर्शाया गया, वहीं बेटी के आश्रित होने का विवरण नहीं दिया, अपनी गैर कृषि भूमि का जो विवरण दिया है उस खसरा नंबर को सरकारी भूमि बताया है जबकि वह सरकारी भूमि नहीं है, इसी तरह कुल 9 बिन्दुओं पर आपत्ति दर्ज की गई थी।

वहीं इस मामले को लेकर निर्वाचन अधिकारी जगन्नाथ वर्मा ने सभी आपत्ति को खारिज कर दिया है। अधिकारी श्री वर्मा का कहना है कि शपथ पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर किसी भी प्रत्याशी का नामांकन रद्द नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों को सुना और जांच उपरांत पाया कि प्रत्याशी द्वारा नामांकन में दिए गए शपथ पत्र के आधार पर कोई त्रुटि पूर्ण या गलत जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए आपत्ति को खारिज किया गया।

**भाजपा को मिला क्लीन चिट**

भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू ने इस मामले मे कहा कि परेशान करने यह आपत्ति दर्ज की गई है, लेकिन सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा हमें क्लीन चिट दे दी गई है और सभी आपत्तियो को खारिज कर दिया है।

# कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**बिलाईगढ़,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश एवं प्रदेश के साथ ही जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी - कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

# डॉ. डहरिया ने मंदिरहसौद, कोसरंगी और भैसा में किया कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ

**आरंग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा से नामांकन दाखिल करने के बाद मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया चुनावी मोड पर आ गए है।सोमवार को कार्यकर्ताओ की गर्मजोशी के बीच नामांकन दाखिल करने के बाद डॉ. डहरिया जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे है। विधानसभा चुनाव में पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए मंगलवार को डॉ. डहरिया ने सैकड़ो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में मंदिरहसौद, कोसरंगी और भैसा जोन में कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ किया।इस दौरान कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए डॉ. डहरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता च्च्सोने से भी खरा हैज्ज। जब कांग्रेस 15 साल तक विपक्ष में रही तब कार्यकर्ताओ के संघर्ष और



त्याग से ही जनता के हक के लिए लड़ाई लड़ी।भाजपा के 15 सालों के कार्यकाल में कई कार्यकर्ताओ के ऊपर अत्याचार हुए उन्हें जेल में डाला गया।इन सबके बाद भी हमारे कांग्रेस के सिपाही डटे रहे और जनता की हक के लिए लड़ते रहे।कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से ही 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी।अब आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करना होगा।जनता को कांग्रेस सरकार की 05 साल उपलब्धियो के बारे में बताना होगा।17 नवम्बर को आरंग विधानसभा के सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी भी हमारे कार्यकर्ताओ को लेनी होगी जिससे मतदाता लोकतंत्र के इस त्यौहार में हिस्सा ले सके।

# खपरी भ के उपसरपंच सहित 40 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

**पलारी,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के काग्रेस प्रत्यासी संदीप साहू के सामने विकास खण्ड पलारी के ग्राम पंचायत खपरी भ के उपसरपंच व पूर्व बैंक उपाध्यक्ष भवानीपुर मुकेश झा सहित 40लोगो ने काग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी प्रवेश किया जिसे संदीप साहू और सुनील कुर्रे ने काग्रेस का गमझा पहना कर पार्टी प्रवेश कराया और कसडोल विधानसभा चुनाव में काग्रेस को जीतने का संकल्प लिया। श्री झा लगातार दो बार निर्विरोध उपसरपंच रहे हैं बैंक भवानीपुर उपाध्यक्ष का पद पर रहे उनका बैंक क्षेत्र 12 गांव में अच्छा जनसंपर्क है। वहीं गांव में आम सभा आयोजित किया गया था जिसमे गांव के सभी लोग मौजूद थे वही संदीप साहू जब गांव पहुंचे तो ग्रामीणों



ने प्रत्याशी का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। जहां ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत संदीप साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की आप सबके स्नेह और प्यार का में पूरा जीवन ऋणी रहूंगा आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आप सबके छोटे भाई बेटा और दोस्त बनकर आप सबके बीच में हमेशा रहूंगा जिस भरोसे से मुझ पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और काग्रेस पार्टी ने विश्वास जता कर मुझे आप सबके बीच प्रत्याशी बनाकर भेजा है।उसके लिए में काग्रेस पार्टी और आप सबका आभारी रहूंगा।

सभा को शेखर वर्मा विशेष आमंत्रित सदस्य ब्लाक काग्रेस, रोहित साहू तेलघानी बोर्ड सदस्य, राहुल तेली युवा ग्रामीण अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे ने संबोधित किया।काग्रेस कार्यक्रम में मनीष चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष, राकेश साहू, गज्जू वर्मा ब्लाक काग्रेस महामंत्री, रसूल बैग, इंद्र वर्मा सरपंच सोनू साहू दाउलाल ध्रुव मोहन बंजारे शिवकुमार मारकंडे जेठू साहू, दूजराम निषाद, मोतीलाल, बलराम निषाद, दीपक कनौजे, चमन, ध्रुव संतोष ध्रुव, नेमन कोसरीया, छेदी निषाद, पुसरु निषाद, रायसिंह ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव आशाराम बेदी, दानाराम, शत्रोहन साहू कपिल लहरे संदीप कुमार नकुल सेन अरुण सेन सहित काग्रेस के कार्यकर्ता और ग्रामीण सरपंच भारी संख्या में मौजूद रहे इस दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जबकि संदीप साहू ने सभी बड़े बुजुर्ग महिला पुरुषो का पैर पड़कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालक छेदी निषाद ने किया।

# कनकबीरा के छिचपानी जंगल में आबकारी विभाग का छापा, महुआ मदिरा जप्त



**बिलाईगढ़,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश और आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील के बाद आबकारी विभाग द्वारा प्रतिदिन लगातार अवैध मदिरा भंडारण और बिक्री पर कार्यवाही किया जा रहा है। आबकारी उप निरीक्षक जितेश नायक और विकास साण्डे के नेतृत्व में बाजार मूल्य 1 लाख 10 हजार 250 रुपए का मदिरा और लहान जप्त हुआ है।

आबकारी टीम को सारंगढ़ विकासखंड के कनकबीरा जंगल क्षेत्र के ग्राम छिचपानी में छापा के दौरान 15-15 लीटर क्षमता वाले 4 प्लास्टिक जरिकेन में कुल 60 लीटर महुआ मदिरा, चार प्लास्टिक पालीथीन में भरा कुल 160 लीटर महुआ मदिरा, एक प्लास्टिक पालीथीन में भरा 100 लीटर महुआ मदिरा, 37 प्लास्टिक बोरी में भरा हुआ 25-25 द्मद्द 925 किलोग्राम महुआ लाहन का बाजार मूल्य 46 हजार 250, इस प्रकार कुल 320 लीटर मदिरा जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 64 हजार है। छापामार टीम में आबकारी मुख्य आरक्षक राधे गोविन्द पाण्डे, लाल सिंह कँवर और राजकुमार कश्यप शामिल थे।

# साहू सदन में सम्मान समारोह आयोजित



**पिथौरा,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय साहू सदन में माँ कर्मा महिला समूह एवं नगर साहू समाज पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में इंजीनियर केवेन्द्र सोन के एस डी ओ (पी डब्ल्यू डी) के पद पर पदोन्नत होने एवं खिलावन प्रसाद साहू शिक्षक तथा डी आर साहू ए डी ओ के अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

साहू सदन टिकरापारा पिथौरा में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ कर्मा मईया की आरती पूजन से हुआ। तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू की अध्यक्षता में क्रमश: मुख्यअतिथि केवेन्द्र प्रेमलता सोन का पदोन्नति के लिए व विशिष्ट अतिथि के रूप में के पी साहू किशनपुर उच्च वर्ग शिक्षक नन्दनी साहू और डी आर साहू ए डी ओ भानुमति साहू का शॉल, श्रीफल, मोमेंटो, तथा भेंट प्रदान कर सम्मान किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू ने कहा कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी का विदाई व सम्मान करना उनके सेवाकालीन कार्यों का प्रतिसाद है जो उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से उनकी अर्जित पूंजी है। अपने व्यवहार से लोगों के मन में जो घर बनाया है उनके फलस्वरूप आज हम उनका सम्मान कर रहे हैं। कार्यकारी अध्यक्ष डिगम साहू ने दोनों अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केवेंद्र सोन व केपी साहू ने इस गरिमा मय कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा को कौड़िया अध्यक्ष श्याम कुमार साहू, संतोष साहू, तहसील उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में श्यामकुमार साहू अध्यक्ष कौड़िया क्र-1, डुलीकेशन साहू प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, डिगमलाल साहू तहसील कार्यकारी अध्यक्ष, संतराम साहू संगठन सचिव, दिनेश कुमार साहू नगर अध्यक्ष, अलगराम साहू संरक्षक नगर साहू समाज, रामखिलावन साहू सलाहकार, परसराम साहू, संतोषकुमार साहू संरक्षक, कौशलकिशोर साहू सह संयोजक, नितेश साहू आदि उपस्थित थे। नारी शक्तियों में श्रीमती केशर साहू, हुमन साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू, श्रीमती फलेश्वरी साहू, श्रीमती प्रतिभा साहू, श्रीमती जितेश्वरी साहू, श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती योगिता साहू, श्रीमती रेखा साहू, श्रीमती पवन साहू, श्रीमती भुनेश्वरी साहू, श्रीमती जानकी साहू, श्रीमती रूपेश्वरी साहू, श्रीमती शैलेन्द्री साहू ने इस महतीकार्यक्रम में अपना योगदान दिए। कार्यक्रम का संचालन डोलामणि साहू प्रदेश सह संयोजक कर्मचारी/अधिकारी प्रकोष्ठ ने किया। उपस्थित अतिथिजनों व सामाजिक जनों का आभार प्रदर्शन कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक लेखराम साहू ने किया।

# आरंग जनपद पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई विदाई

**आरंग,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को जनपद पंचायत आरंग मीटिंग हाल में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चंद्र वर्मा को अधिवार्षकी आयु पूर्ण कर लेने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह लहरे के नेतृत्व में भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो की एडिशनल सीईओ वर्मा ने सन 1983 में अपनी सेवा प्रारंभ की थी और 2019 में उनका मैनपुर से आरंग स्थानांतरण हुआ तथा 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत हुए, इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया गया एवं सीईओ कुमार सिंह लहरें ने इस अवसर पर केक काटते हुए उनका मुंह मीठा कराया तथा



कहा की विदाई का क्षण पावन होता है और वह अब उनकी अगली पारी के लिए उत्साह के साथ केक काटकर उन्हें विदा कर रहे हैं। इस अवसर पर अन्य सहभागी कर्मचारियों ने भी उनकी इस लंबी सेवा अवधि को बेदाग एवं निष्ठावान बताया तथा स्वीप प्रभारी शिक्षक महेंद्र पटेल एवं अरविंद वैष्णव ने स्वीप दोहों के साथ अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडिशनल सीईओ के के डहरिया, एसडीओ (क्रश्वस्) हरीश साहू, करारोपण, मनरेगा, ग्राम सचिव एवं एडीओ क्रमश: बाबूलाल ढिढ़ी, घनश्याम गिडोड़े, छत्रधारी सोनकर, तेजेश्वरी बघेल, योगेंद्र चंद्राकर, राज जोशी, भूपेंद्र जलक्षत्रि रोशनी तिवारी, नंदू नारंग, अशोक मिश्रा, राजकुमार श्रीवास, सत्यनारायण चंद्राकर, सेवानिवृत्ति अवध राम साहू, डीके महोबिया, रामाधार यादव, नरेश यादव धर्मेंद्र नायक, अनिल चंद्राकर, मोनिका यादव, रुचिका साहू, अंजू निषाद, मधु महोबिया, कुलेश्वर देवदास, शिवकुमार साहू, पूरन कोसले, भुनेश्वर साहू, उमेश साहू, शशि यादव, शांति ध्रुव, सरोज यादव, शंकर साहू की उपस्थिति रही।

# बुक डिपो संचालक के घर से साढ़े तीन लाख की चोरी

**नवापारा राजिम**, 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवापारा शहर मे चोरी की वारदात लगातार बढ़ती ही जा रही हैं, शातिर चोर अब नगर के व्यस्तम इलाकों को अपना निशाना बना रहे हैं. हॉल ही मे शनिवार रविवार की रात को नगर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के यहाँ से 3 लाख 50 हजार की चोरी कर अज्ञात चोर फरार हो गए. मिली जानकारी के अनुसार उक्त चोरी नगर के सदर रोड मे स्थित लालाजी बुक डिपो दुकान के संचालक आकाश जैन के यहाँ हुई हैं. दुकान संचालक शनिवार रविवार की रात्री जहाँ पीड़ित रात्रि करीबन 10. बजे सहपरिवार खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने चले गये थे, रविवार सुबह 8 बजे जब उनकी माता श्रीमती उषा जैन जब किसी निजी कार्य से भिलाई जाना चाह रही थी, जिसके लिये घर के कमरा के ताला को खोलकर अंदर रखे आलमारी को खोलकर देखे तो वहां पर रखे नकदी रकम 10 लाख रूपये रखे हुए स्थान पर नही था. बाद मे बगल पर रखे अन्य आलमारी के ताला को खोलकर देखने पर सोने का 01 नग हार सेट, 01 नग सोने की अंगुठी एवं पैतृक संपती सोने के जेवरात लगभग वजनी करीबन 300 ग्राम व सोने का 02 नग मंगलसूत्र, सोने का 01 नग हार सेट, सोने का 02 नग चैन, सोने का 09 नग अंगुठी, सोने का 04 नग कडा, सोने का 07 जोडी कान का जेवर, सोने का 05 ग्राम सिक्का, सोने का 02 नग बुंदी एवं चांदी 300 ग्राम सिक्का व डीब्बा जुमला 2,50,000 रूपये अलमारी में मौजूद नही था. रात्रि में कोई अज्ञात चोर दरवाजे का ताला तथा आलमारी का ताला खोलकर आलमारी में रखे नकदी रकम तथा सोने एवं चांदी का जेवर जुमला 3 लाख 50, हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चारी कर ले गया था। चोरी के पश्चात आसपास पता पलाश करने का प्रयास किया गया लेकिन अज्ञात चोर नही मिला। जिसके बाद पीड़ित ने नवापारा थाने मे चोरी की शिकायत दर्ज कराई. फिलहाल नवापारा पुलिस ने शिकायतकर्ता आकाश के शिकायत पर मामले मे अज्ञात चोर के खिलाफ भादवि की धारा 380 व 457 दर्ज कर पताशाजी तेज कर दी हैं. नवापारा थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत ने कहाकि वारदात वाली जगह की फूटेज निकाले जा रहे हैं, साथ ही पूछताछ भी जारी हैं. कोशिश हैं कि जल्द से जल्द इस मामले मे सफलता मिल सके और आरोपियों को पकड़ा जा सका.

# राष्ट्रीय एकता दिवस: कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

**गरियाबंद,** 31 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने देश की एकता एवं अखंडता बनाये रखने की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली। शासकीय सेवकों ने देश की एकता का संदेश देशवासियों के बीच पहुंचाने का प्रयत्न करने तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।